प्रणधरिकै । इतनेमें ते गिरे झगरिकै ॥ तब ब्याधा तिनकोगहि
लीन्हों । जो बिधि मनमान्यो सो कीन्हों ॥ ताते कहत सुबुधि
सबकोई । बन्धु बिरोध न नीको होई ॥ बन्धु बिरोध कहतसब
कोऊ । अरिबश परतानिबल ह्वै दोऊ ॥ ताते सुनो सुबुधि पटु
सोई । बन्धुनाहित करि राखैजोई ॥ सिंहसमान बन्धु बनराखै ।
तौ तिमि बिलसै जिमि अभिलाखै ॥ यहसुनि वृद्धभूप हित
गाहिकै । पांडुसुतनकी गरिमा कहिकै ॥ सुत हठगहि दुखगहो
अतोलो । आदर करि संजयसों बोलो ॥ केशव कहनकहोजब
तैसो । तदनु कह्यो पारथ भट कैसो ॥ सो सुनि कह्यो सूतसुत
ज्ञानी । भूपति सुनु अर्जुनकी बानी ॥ पारथधनु गाण्डीवहि
फेरत । कहतभयो केशव तन हेरत ॥ भीषम आदि वृद्ध कुरु
कुलके । और भूपजे सुमति अतुल के ॥ कहियो नृपसों तिनके
आगे । कुशल न राज्य लोभसों पागे ॥ दोहा ॥ गुणिमम धनु
धरता बिशद केशव को परभाव । धर्मनृपहि सनमानिकै सादर
करै बनाव ॥ नातरु धनु गांडीवगतबाण श्रवणपै राखि । सब
दल करि देहौं हवन युद्धयज्ञ अभिलाखि ॥ संजयके ऐसे बचन

सुनि न सको अनखाय। सभासदनते उठि गयो दुर्योधन क्षि
तिराय॥ तेहिक्षण गान्धारी कही दुर्योधनहि बुझाय। धर्मभु
तेहि देहु महि सब अनरथ मिटिजाय॥ तिहि अवसर आ
तहां व्यासदेव मुनिराय। तब फिरि संजयसों कहे भूपति शो
बढ़ाय॥ धृतराष्ट्रउवाच॥ पाण्डुपुत्र ममपुत्रको तुम देखे सहसैन
इनमें अधिक प्रभावको कहौ कौनमतिऐन॥ संजयउवाच॥ भू
ति सुनि बहुबार फिरि बूझत बारंबार। सुनौ तौन फिरि कह
हम कासुप्रभाव उदार॥ रोला॥ एक दिशिसबलोक माधवएक
दिशिगुणिलेहु। तऊइतनो भेदसोतुम समुझिउत्तर देहु॥ स
नहिंकरिभस्म कृष्णहिसकल जगजनकोपि। सकैंकरिसबजग
भस्मितकृष्ण अनरथचोपि॥ तौनकृष्णसहाय उनकेश्रेष्ठवैजा
जैन। बैरकीन्हेंतौसुतनकहँकुशलकबहूंहैन॥ बचनयहसुनिबो
पुत्रहि कहो वृद्धनरेश। सुवनसम्मत करौउनसों चाहि कुश
सुभेश॥ कृष्णउग्र प्रभाव प्रभु हैं जगतकृत अवदात। जा
ताके शरण सादर बचनहित गुणितात॥ दुर्योधनउवाच॥ कृष्ण
प्रभु भगवान हैं पैफाल्गुनके साथ। जाब नहिं हमशरण उन
के कहौमति क्षितिनाथ॥ भूपतब गान्धार जासों कहतभो अ
नखाय। मूढ़मानी निज सुतहितुम देहु सबिधि बुझाय॥ गांधा
र्युवाच॥ पुत्रहठतजि गुरुजननको बचमानिजहितजानि। लो
भति ऐश्वर्यकोतजि धर्मगति अनुमानि॥ करो रक्षण बंश
अरुदेहु अनरथ टारि। लहैं हमसुत शोकनहिं जेहिकरो तौ
बिचारि॥ कहे तब धृतराष्ट्र सुतसों व्यास करि अनुमान। का
जननी जनकको अब महत भयसों त्रान॥ गहौपन्था तौ
जाते मृत्यु निवसै दूरि। अन्धसुत तुमहोहुमति अतिअ
अमरषपूरि॥ व्यासके सुनिबचन नृपसुत रहतभो ह्वै मौन
भयो संजयसों कहत तब वृद्ध उरबीरौन॥ दोहा॥ अबउदा
प्रभु कृष्णको नामभेद परभाव। कहौतौन संजय कहे पूरि





अनुपम चाव॥ सुनि प्रभाव प्रभुकृष्णको वृद्धभूप मतिधाम।
शरणागत करि निज मनहिं कीन्हे शुभद प्रणाम॥
इतिश्रीउद्योगपर्वणिसंजयसम्बादसम्पूर्णोनामसप्तदशोऽध्यायः १७॥
दोहा॥ जब संजय हास्तिन नगर आये कहन सँदेश। तब
उत केशवसों कहे चिन्तित धर्मनरेश॥ जयकरी॥ मित्र मित्र
वत्सल तुम तात। आनँद दायक प्रभुअवदात॥ जेहिकुसमय
में रक्षत मित्र। प्राप्तभयो सोदिन अपवित्र॥ तुमसम आन
न मोहित और। मो उपकार करै यहि ठौर॥ यह सुनि बोले
रुक्मिणिरौन। जो तुम कहौ करैं हमतौन॥ सुनि बोलो पांडव
नृपमौर। सुनो वृद्ध भूपतिको डौर॥ दुर्योधनके मतिअनुसार।
करन चहतजो अनरथ चार॥ नहिं कुलधर्म न शास्त्र बिचार।
नहिं वृद्धनको बचन अचार॥ गुणत न करत लोभवशकर्म।
लोभी करत न कौन अधर्म॥ लोभी त्यागि लोककी लाज।
करत मोहबश अधरम काज॥ राज्य लोभबश सुमति गवांय।
वै कीन्हे बहुबिधि अनिआय॥ हम सो सबसहि तेरहबर्ष। रहे
बिपिन महँ त्यागि अमर्ष॥ तब जो कीन्हे रहे न बन्ध। अब
नहिं करत तौन मतिअन्ध॥ हम सब भांति लहो दुख पीन।
अब नहिं रहो जात ह्वै दीन॥ महापापको फल दुखदान। नहिं
दरिद्रते रौरव आन॥ अवशि परो अब करिबो युद्ध। दुष्टभो-
गते मरिबो शुद्ध॥ पै दुहुँदिशिते हितबध देखि। मोहिं होत
निरवेद बिशेखि॥ ताते इतो कहत सबिधान। राजापिता महा
मतिमान॥ ये सब भांति आदरन योग। यदपि करैं अनुचि-
त उपयोग॥ नृप पितृव्य वृद्ध मतिमान। पुत्र नेहबश भयो
अयान॥ अबकर्त्तव्य कौनउपचार। कहौतौन सरबज्ञउदार॥
यहसुनि कहे कृष्ण अवदात। कुशलहेत दुहुँदिशिके तात॥
हमहूं वृद्धभूपपहँजाय। नीति धर्म सब कहब बुझाय॥ मृत्यु
पाशते मोचन होय। सबसों कहब तौनबिधि जोय॥ सुनि नृप

धर्म कहे बिधि जोहिं । जाब आपु कहँ रुचत न मोहिं ॥ दु
धनहै महामलीन । नहिंमानी तौबचनअहीन ॥ तबफिरि
अधिक उत्पात । महा कुआगम मोहिं लखात ॥ यहसुनि
कृष्ण अनुमानि । उचित बुझाय कहब हितमानि ॥ जो
मनि है गहि हठरोष । तौहम जगमें होब अदोष ॥ सब
कहँ निन्दी सबकाल । तुम लहिहौ यश बिजय बिशाल ॥
सभामें अनुचित जौन । ताते उन्हें न निन्दत कौन ॥ तुम
न्तोष किये जो भूप । ताते पसरो सुयश अनूप ॥ निन्दि
जीवत मरो समान । मरेहु जियत सम यशी सुजान ॥ दोहा
कृष्णचन्द्रके बचनसुनि कहे युधिष्ठिरभूप । करौ जु मम कल्
णहित भावै मंत्र अनूप ॥ भीमसेन यह सुनि कहे कृष्ण
तिमि जाय । जेहिप्रकार कुरुबंशको नाशहेतु मिटि जाय ॥
न चेति सम्मत करी दुर्योधन मतिमन्द । गरबी दोषी पाप
कुलघालक निरद्वन्द ॥ जो हठगहि तौबचनको नहिं की
स्वीकार । तौ बधिहौं करि गदाको दारुण दुसहप्रहार ॥ चौपाई
इमिकहि निजबिक्रमकी गुरता । कह्यो भीमकरि गौरवपुरता
सो सुनि कृष्णमुदितकैसिधिसों । कीन्हींतासुप्रशंसा बिधिसों
कहे युद्धको भार अमाना । है तौ भुजन भीम बलवाना ॥
र्जुन नहिं रण करिबो चाहत । जऊअकिञ्चन दानव गाहत
यहसुनि कह्यो पार्थ अनुमानी । सत्यकह्यो तुम केशव ज्ञानी
ताको हेत कहत सो सुनिये । नहिं मरिबेमें कादर गुनिये
नहिं अरिबिक्रम कोभयआनै । नहिं निजसम औरहि अनु
नै ॥ अनरथ लखत युद्धके कीन्हें । नृपबंशन परबिपदाचीन्हे
अन्तबिषाद ग्लानिको करिबो । अरुबिषमाद सिन्धुमाधि
रिबो ॥ मोहिंपरत लखिप्रभु हम ताते । नहिंचाहत रण निज
अराते ॥ प्रथम फलोदय गुणिलखि लीजै । तबकारजको रम्
न कीजै ॥ जाकोअन्त जाहि नहिंसूझै । उचित ताहिसो बुद्





बूझै ॥ सुबुधि अरम्भैकारजसोई । जाकरअन्त सोहावनहोई ॥
प्रगट अनर्थ परतलखि जामें । कैसे तौन काजहमकामें ॥ है
अनित्य जगजानत सोऊ । निधनीधनी मरत सबकोऊ ॥ नाहिं
हित बन्धुन बधिबोचाहैं । कुलरक्षण को हेतु उमाहैं ॥ दोहा ॥ देव
चहतजो होत है पुरुष पराक्रम ब्यर्थ । मूढ़भावना करि मरत
हाथ न आवतस्वर्थ ॥ दुरमति दुर्योधन कियो जितने कुत्सित
कर्म । ते सब तीक्षण भल्लसम हैं बेधनमम मर्म ॥ ताहूपर अ-
नरथ समुझि चाहत सम ब्यवहार । रुचिहि आपुकहँ करबसो
तुम ममसुहित उदार ॥ चौपाई ॥ यहसुनि कह्यो कृष्णहितकारी ।
सांचकह्यो पारथरणचारी ॥ चाहत दैवहोतहैसोई । तदपिकहत
पंडितसबकोई ॥ सुयतनकरबपुरुषकहँचाहत । पटुकरिसुयतन
काम उमाहत ॥ निजकर अरथ न देत बिधाता । हैरम्भितका-
रजको त्राता ॥ सुयतन किये अरथनाहिं पावै । जबतबभारदै-
वपरलावै ॥ क्षत्रिहि उचित न गुणिबो एतो । क्षात्रधर्मकी पद्-
वीहेतो ॥ बर्णआश्रम धर्म सोहायो । करिबो उचित बड़ेनको
गायो ॥ तुमदुर्योधन कोमत जानत । नहिंवहराज्य देनअनुमा-
नत ॥ चाहतलेन धर्म क्षिति नायक । नहिं यह अनरथ बरिबे
लायक ॥ शकुनि दुशासन कर्णकुमंत्री । हैं अनरथ बिधिसाध-
कतंत्री ॥ इनहीं मंत्रजुवाकोकीन्हों । छलकरिकै सरबसहरिली-
न्हों ॥ जैसो मंत्री तैसो राजा । है सबबिधि अनरथकोसाजा ॥
नहिं येजियत सामबिधिधरि हैं । लरितौ बाणानलसों जरिहैं ॥
जानत इतो तदपि उनपाहीं । जाय बुझाइब अनुचित नाहीं ॥
अनरथमूल युद्धनाहिं होई । पारथमोहिं रुचत बिधि सोई ॥ पै
उनकी कुत्सित मतिजोहीं । सामहोब गुणिपरत न मोहीं ॥ नकु-
लउवाच ॥ दोहा ॥ धर्मभीमअरुफाल्गुनकहे सुनेसोबैन । देशकाल
अनुमानकरि उचितकरोमतिऐन ॥ तैसोमतकरतब्यगुणि जैसो
कारजलेश । काजकाजपरमंत्रहैतोषअतोषबिशेश ॥ श्रीमतनृप

धरमज्ञको गुणि सम्मत अनुमान। आपु कहब कुरुसभा मे
शांत बचनसुखदान॥ चौपाई॥ जो तो मत नाहिं निजहित गुनि
तौ गाण्डीव धनुष धुनि सुनिहैं ॥ जब अस आय रहेहमवन
तब जय लेबगुणत हे मनमें ॥ अब तोकृपा बसत ममगोह
भूप समूह सैन सहसोहन ॥ अबको असजो संमुख थिरि
सकै युद्धकरि बलसों भिरिकै ॥ यह सुनिकै सहदेव अमान
बोलोबीर बिदित बलवाना॥ मम मतसुनोवृष्णि कुलनाय
अबनहिं सम्मत करिबे लायक ॥ सम्मत करिबो चाहे ओ
तौ तुम करियो बातैं सोई ॥ जाते होय युद्ध मनभायो।
शोच जो हियमें छायो॥ उनकोनाश लखब नहिं जबलों।
दाहत क्रोधानल तबलों॥ द्रुपद सुतहि जोदेखो तैसे। यदु
मिटहि क्रोध अब कैसे ॥ यह सुनिकै सात्वकि रणचारी। बो
बचन बीररस भारी ॥ सत्य कहत सहदेव सुबीरा। बन
समुझि होत अतिपीरा॥ द्रुपदसुता के कचगहिबेको। गर
कटुबाणी कहिबेको ॥ बिनु दुर्योधनके बधदेखे। नाहिं पाण्ड
शांति ममलेखे ॥ बचन कह्यो माद्रीसुत जोई। सब सुभट
सम्मत सोई ॥ यह सुनिकै सबसुभट उछाहे। बहुप्रकार सा
किहि सराहे ॥ दोहा ॥ तहँ सराहिकै सात्यकिहि द्रुपदसुता
खधारि । कहत भई इमि कृष्णसों भरे बिलोचन बारि ॥
कीन्हीमम दुर्दशा सभामध्यगहि ल्याय। सोसब जानत कृ
तुम का अब कहौं बुझाय ॥ जो अबाच्य पाण्डवन कहँ
सुने तुम तौन। यथा निकासे जिमि निकासि लहे बिपिन दु
जौन ॥ सोसब जानत कृष्ण तुम अब मम बिनती मानि।
लि दुर्योधनपर कृपाकरो धर्म अनुमानि ॥ हठि अबध्यको ब
किये दोषहोत जिहि रीति । तथा बध्यकहँ बिनुबधे दोष हो
यह नीति ॥ चौपाई ॥ पांचगांव ये मांगत जोऊ। दुर्योधन न
देइहि सोऊ॥ ऐसे शठसों सम्मत करिबो। है कादरतापन अ





सरिबो॥ क्षत्रीबधत क्षत्रियहि रणमें । आपन तोषअक्षत्रीमन
में॥ उभयबंशमम भूमि बिलासी। ताकोकह्यो केशगहिदासी॥
मम भरतार दाससम कैकै। लखत रहे निज बिक्रम ग्वैकै ॥
ऐंचत चीर बिपुलता सुनिकै। नृपधृतराष्ट्र हिये में गुनिकै॥
बरमांगन भाष्यो संकोचन। तब हम कियो दासपन मोचन॥
करि निबन्ध तबगे बन माहीं। अजहुं तौन मत छूटत नाहीं॥
चषजल मोचति यहि बिधि कहिकै। बामपाणिसों शुचि कच
गहिकै॥ जाय कृष्णके निकटसयानी। कहतभई अति आरत
बानी॥ मरदित दुःशासनके करसों। ममकच कृष्ण लखोबध
बरसों॥ इन्हैं पेखि तब सम्मत कीबो । भूपहिकह्यो धर्म्म पथ
लीबो॥ भीम आरजुन सम्मत चाहैं। जोनाहिं करिबो युद्धउमा-
हैं॥ तौ ममपिता सहितसुतसेना। अरुमम पांचपुत्रजगजेना॥
अरु अभिमन्युबीरबर भिरिकै। लरिहैं क्षात्रधर्म्मपथ थिरिकै॥
लरि सुयोधनहिं बधिजयलेहैं। ममहिय दुख लोपित करिदैहैं॥
दोहा॥ दुःशासनको भुजकटो लखो बिना महिबीच। नहिंकल
पावत ममहियो कलपावत दुखनीच ॥ कहे भीमकहँ दुर्बचन
ममहिय बेधत तौन। गह्यो चहत अब धर्मपथ जौनभीमबल
भौन॥ इमि कहिकै गदगद गरेरुदति भई सोबाम। तबतासों
इमि कहत भे केशव आनँद धाम ॥ तजो शोचकछु दिवसमें
लखिहौ चाहति जौन। हे अमोघयह बचनमम बारिसकैलिहि
कौन॥ सिगरे सुत धृतराष्ट्रके महिपर परे अप्राण। लखिहौपरे
शृगालबश कौनसकैकरित्राण॥ सोरठा॥ मुदमंगलकेऐनकृष्णच-
न्द्रके बचनसुनि। द्रुपदसुता लहि चैन मौनरहीप्रभुध्यानधरि ॥

इतिश्रीउद्योगपर्वणिभगवद्दूतगमननामाष्टादशोऽध्यायः १८ ॥

बैशम्पायन उवाच ॥ दोहा ॥ द्रुपदसुता अरुकृष्णके सुनिकै बचन
सनेम। कृष्णचन्द्रसों कहतभे अर्जुन चाहत क्षेम ॥ कुरुपांडव
दुहुँनके तुम सम्बन्धी तात। अरु सब नृपके सहिततुम आ-

नँद दायक ख्यात ॥ शांति बचनबिधिवत कहेहु जगतकृ
के हेत । प्रीतिनीति जातेगहै दुर्योधन करिचेत ॥ जयकरी ॥
करि सुनि केशव अनुमान । कहेकहब हम उचित बिधान ॥
ते होइहि सम्मत अक्ष । सोई कहब करब परतक्ष ॥ जो
कहो न करिहैं कान । तौजानो भावी बलवान ॥ इमिकहिकृ
करत परभात । करिकै प्रातकृत्य अवदात ॥ पूजि भूसुरन
स्वस्त्यैन । सात्वकिसों इमिकहे सुबैन ॥ शंखचक्र अरुगदा
दण्ड । असितूणीर कठिनकोदण्ड ॥ सुयतन धरोसुरथपरल
य । शत्रुहि साधुनजानब न्याय ॥ निज अरिमित्र शत्रुजोहो
तहां निरायुध जात न कोय ॥ यह सुनिकै सात्वकि मतिमा
सायुधकिये सुरथ सुखदान ॥ मणिकंचनसों रचित अनूप
रु शिखरसम अनुपम रूप ॥ परम सोहावन खगपति के
मानहुँ नभसागरको सेतु ॥ शैब्यबलाहक अतिअभिराम
घपुष्प सुग्रीव सुनाम ॥ बाहकजासु तुरँग ये चारि । तेहि
चढ़े कृष्ण मुदधारि ॥ सात्वकि सहित सुआनँद पूरि । चले
सारत परमाभूरि ॥ धर्म भूपसब नृपन समेत । चले पठावन
नँद लेत ॥ प्रभुहि प्रशंसिधर्म्म क्षितिपाल । यहि बिधि क
भये तेहिकाल ॥ सकल धर्म्म ज्ञातातुम ताल । परमसुहित
हौ बिख्यात ॥ तुमसों कहौं सिखापन कौन । कहेहु कुशल
भावै जौन ॥ सब वृद्धन सों सुवचन साम । कहि कहियो
बिनय प्रणाम ॥ पुत्रदरश बिनुदुखी अपार । मम मातहि
हु करि प्यार ॥ मम दिशिते करिबन्दन चाहि । प्रभुकरियो
श्वासिततााहि ॥ यहि प्रकार कहि धर्म्म नरेश । फिरे कृष्ण
पाइ निदेश ॥ नृप तेहिक्षण अर्जुन रणधीर । कहे कृष्ण सों
चन गँभीर ॥ प्रभु उनसों कहियो समुझाय । मोह लोभ
गर्व बिहाय ॥ कुशल बिचारि देहिं अब तौन । आधो राज
भारी जौन ॥ नहिं देहैं तबकी बिधि भन्त । करिहौं सब क्षत्रि





को अन्त ॥ यह सुनि मोदि भीमबलवान । गरबी गरजो मेघ
समान ॥ करि केशवहि प्रदक्षिण सर्ब । फिरि आवतभे पूरित
गर्ब ॥ दशहजार पैदर रणधीर । दशहजारहय सादीबीर ॥ शं-
तसारथी अनगिने चार । संगगये मुदभरे उदार ॥ सुनतलख-
त शुचिसगुण समेव । चले कृष्ण देवनके देव ॥ नारद मरुत
शुक्र सुखदाय । भृगुबशिष्ठ क्रथकुशिक सचाय ॥ बामदेव बा-
ल्मीक सुक्षेम । प्रभुहि प्रदक्षिण किये सप्रेम ॥ परशुरामबिप्रन
सह आय । मिले कृष्ण सों आनँद छाय ॥ दोहा ॥ पूजितिन्हैं
करि वारता रथचढ़ि बरचस धाम । चले कृष्ण निरखतसुखद
बन गिरि सरिता ग्राम ॥ दिनबिताइ सन्ध्या निरखिजायवृक-
स्थलग्राम । कृष्णचन्द्र सेनासहित करत भये बिश्राम ॥ स-
न्ध्याबन्दन आदितहँ करि करतब्य समस्त । सबिधि आहार
बिहार करि बितई निशा प्रशस्त ॥ चौपाई ॥ उत धृतराष्ट्र भू-
पमन भावत । सुने चारमुख केशव आवत ॥ भीषमद्रोणआदि
सब जनसों । यहिबिधि कहतभयेगुणिमनसों ॥ सुनिअतिकृष्ण
नीति मगचारी । आवतपाण्डव हित निधिधारी ॥ केशवहमहिं
मान्य सब बिधिसों । पूजनयोग सदा सब रिधिसों ॥ आनँद
दानि कृष्णको पूजन । दुखदायक नहिं पूजब कूजन ॥ ताते
बिधिवत पूजन करिकै । सादर आनहु आनँद धरिकै ॥ यह
सुनि दुर्योधन क्षितिनायक । पिता वचन गुणि करिबे लायक ॥
देश देशमें हुकुम पठाये । थरथर बसनबास बनवाये ॥ यथा
उचित सब सौंज धराये । इस्त्री दासी दास सोहाये ॥ अतर
गुलाब सुमन मनमाने । शय्या बसन सुसौरभ साने ॥ सुखद
स्वाद सबबिधिके भोजन । योजितकीन्हे योजनयोजन ॥ यहि
बिधि सब थरनिरमित सुनिकै । नृप धृतराष्ट्र कहतभो गुनिकै ॥
केशव तीनिलोकके स्वामी । प्रभु न्यामक नागान्तकगामी ॥
इत आवत पूजन हित ताके । पुरमें निरमित करो पताके ॥ पुर

बीथिनकी रचना कीजै । प्रतिद्वारन तोरण रचि दीजै ॥ तरु
यूथ कुम्भ भरि भरिकै । रहैं बिचित्रबसन धरि धरिकै ॥ दोहा
बिनु दुर्योधन पुत्र सब अरु पउत्र मम सर्ब । आगे बढ़िकै कृ
ष्णकहँ ल्यावहिं जानि सुपर्ब ॥ चारिचारि तुरँगन सहित र
हेम अरु अक्ष । देहु सुरथषोड़श द्विरद बसुसह अनुचरदक्ष
आबिक दीजै परबतो सहस अठारह ताहि । सहसबाह दी
समुद चीन देश भवचाहि ॥ रत्नन भूषित दीजिये शतदा
शतदास । दुःशासनके गेहमें देहु कृष्णकहँ बास ॥ हय ग
अरु सब पुरुषप्रति अठगुण भोजन देहु । मणि भूषण दै प
कमल सेवहु सहितसनेहु ॥ रोला ॥ बचनयह सुनि बिदुर बो
भूप तुम मतिमान । उचित जो करतब्यसो बिधि कहत सा
त बिधान ॥ जानि तौ वृत्तांत अबहम कहतहैं यहटेरि । कृ
नहिंतौ सुबश ह्वैहैं दान सेवाहेरि ॥ प्राण सम प्रिय पार्थ उनव
हैं तथा पांडवसर्ब । त्यागिनिजहित मिलतऔरहि छली पा
खर्ब ॥ जानि महिमा कृष्णकी अरु उचित बिधि अनुमाति
कहैं केशव जौन सोई करौनिजहित जानि ॥ नगर भूषितकि
आगे गये दीन्हैं रत्न । त्यागिहैं नहिं पाण्डवनको संग कृ
सयत्न ॥ दुर्योधनउवाच ॥ भूप भाषत बिदुर जो सो सांच मिथ
एक । जौन उनको कहो करिबो कहत तजिकै टेक ॥ पूज्यजग
कृष्ण सतिपै बसत अरिके संग । पूजि गजरथ रत्नदीबो न्य
यको नहिं अंग ॥ भीष्मउवाच ॥ करौ अति सत्कारकै मति का
कछु सत्कार । नेकु अनुचित मानिहैं नहिं कृष्ण सुबुधि उदार
पांडवनसों तौ सुतनसां चाहि सम्मत रीति । कृष्ण आव
कहन जगकी कुशल कारक नीति ॥ कृष्णप्रभु धर्मात्माको क
हो करिबेयोग । बंशरक्षण हेतुनृपयह परम सुहित प्रयोग
दुर्योधनउवाच ॥ पितामह जो कहतसो नहिं भूपतिन को धर्म
कहत हमलहि समयऐसो नृपनको जो कर्म ॥ पकरि कृष्ण





बांधि कारागेहमें करिदेहु । सुनत पांडव भागिजैहैं बिजय स-
हजहि लेहु ॥ धृतराष्ट्रउवाच ॥ पुत्र ऐसो कहो मति नहिं उचित
ऐसो तात । कृष्ण सम्बन्धी तदपि ह्वै दूत आवत ख्यात ॥ भी-
ष्मउवाच ॥ भूप तौ सुत महा दुरमति कहत कुत्सित बैन । कहो
बांधै कृष्णकहँ अस कौन है जगजैन ॥ दुसह याके बचननहिं
सहिसकत हैं ममकान । भाषिइमि उठिगये भीषम जीवसम
मतिमान ॥ उतै रजनि बिताइ प्रभुकरि प्रातकृत्य सनेम । नौ-
मि बिप्रनसुनत आशिष सुरथचढ़िगुणिक्षेम ॥ चलेसेवित वृक-
स्थलपति नृपतिसों सहसैन । इतैकौरव चलेआगे जानिप्रभुता
ऐन ॥ बिनादुर्योधन नृपनके सुतनके समुदाय । द्रोणकृप बाल्हीक
भीषम आदि आनँदछाय ॥ जायपथमें कृष्णसों मिलि किये
नगरप्रवेश । परमशोभित भयो तेहिक्षण नगरबीथी देश ॥
नारिनर सब उमँगि ठाढ़े भये परमापूरि । देखिलोचनसफल
करिकरि लहत आनँदभूरि ॥ युवति कितनी लखतिठाढ़ीं जा-
लरन्ध्रन लागि । लगि गवाक्षन रहीं कितिक मृगाक्षिणी मुद
पागि ॥ लखतपुरछबि देत आनँद राज गृहमधि जाय । जाय
तिसरे चौक उतरे सुरथते सुखदाय ॥ वृद्धनृप बढ़िजायआगे
कियो पूजन पर्म । यथा वय प्रभु मिले सबसों भाषि सुबचन
मर्म ॥ पूजि कृष्णहिं सबिधि भूपति सभा गृहमधि ल्याय । हेम
मणिमय रचित आसन तासुपर बैठाय ॥ किये मधुपरकादिको
सतकार चाहत जौन । कुशल परशन भये बूझत कहे रुक्मि-
णिरौन ॥ कछू क्षण रहि तहां नृपसों बिदा ह्वै यदुराय । बिदुर
के गृहजाय निवसत भये सुख सरसाय ॥ भरे आनँद बिदुर
बिधिवत पूजि प्रभुके पाय । भये बूझत पांडवनको कुशल प्री-
ति बढ़ाय ॥ कृष्ण चेष्टा पांडवनकी सबिधि तासों भाषि । रहे
कछुदिन पृथाकेढिगगयेअति अभिलाषि ॥ देखिकृष्णहिं मिली
कुन्ती करतरोदनभूरि । कृष्णउवासितकिये कहिकैबचनऋजुता

पूरि॥ भरेचषहिय गरोकुन्तीभई बूभतआसु। रहेसेवत तुमहि
तुमहौ करत पालन जासु॥ गयेकाढ़ि राज्यतेतरुदत मोकहँत्या
गि। जायनिरजन बिपिन मधिकिमि रहेअतिदुखपागि॥ भौ
शंख मृदंग धुनिसुनि बन्दिजनकेबैन। रहेजागत सुनेजम्बु
नादते बलऐन॥ दोहा ॥ बहुप्रकार दुखसहिरहे द्वादशबर्ष अ
चैन। बर्षएक अज्ञातबसि भयेप्रगट जगजैन॥ जे जेता सु
असुरके प्रगट पराक्रम जासु। बरुण शक्रयम रुद्रसम करत
संगरआसु॥ केशव तेसब सुवन मम हैं कैसे यहिकाल।अ
का करिबो चहतहैं जेठोसुत क्षितिपाल॥ चौपाई ॥ अयुतना
बल भीम अमाना। अबका कियो चहत बलवाना॥ तिमि
धनुधर जिमि बिदित पिनाकी। सुरपति लहत न समताजा
की॥ सोअर्जुनचाहतकाकीबो। गुणतनगुणत भूमिकोलीबो
माद्रीसुत दुर्मद भटनायक। सकल जगतके जीतन लायक
हैंकैसे किमि दिवस बितावत। बिनुदेखे दुखमोहिं सतावत
पुत्रनते मोहिं अधिक पियारी।कहो कुशलहै द्रुपद दुलारी
नहिंधन हरिबेको दुखमोहीं। नहिंबनगमन सुतनको जोहीं
जितनो दुख कटुबचन कहनको। द्रुपदसुताके केशगहनको
युवतिधर्मयुत बैठीजोहीं। धारे एक बसन अति सोहीं॥ क
गहि तासु सभामधि ल्यायो। सोदुख तात न दुरत दुरायो
पराधीन परि हम दिन खोवति। निजपूरब अघफल गु
रोवति॥ तुमसेजासु हितू प्रभुत्राता। तिहिऐसे दुखदेतबिधा
ता॥ जेहिप्रकार यहिदुखसों मोचन। होयकरौसो राजिवलो
चन॥ केशवजाय मौनमति रहियो। भीमार्जुनसों इमि स
कहियो॥ क्षत्री जेहिहित प्रगटत जगमें। प्राप्तभयो अब स
दिन अगमें॥ अतिविक्रम करि महिधर लीन्हों। बुधनतज
तेहि बिनुश्रम कीन्हों॥ दोहा ॥ कुन्तीके येबचनसुनि कहेकृ
भगवान। कोतुमसी सीमन्तिनी भाग्यवान मतिमान॥ अ





उत्तम कुलजाततुम उत्तम कुलमेंप्राप्त। उत्तम पुत्रनकी जननि जेमत अतिप्रियआप्त॥ अतिसम्पति अरुअतिबिपतिलहत महत जनजौन। घटतबढ़त निशिनाथहैं नहिंतारागणतौन॥ अतिसुख अतिदुख सहतहैं जेतुम सरिस महान। नहिं लघु-जन गहिसकतहैं सुख दुखभोगबिधान॥ धनलहिकरतप्रमाद लघु दुख लहि हाहाकार। साधुरहत जिमि बहतवृष गुरुखा-रीकोभार॥ चौपाई ॥ दुर्योधनकी छलमतिरजनी। तामधिसोय पाण्डुसुत परनी॥ बहुदिन कुत्सित सपनसमाना। भोगकिये दुखदुसह अमाना॥ अबतौ पाइसुदिन दिनजागे। मिलि सु-हितन सो आनँदपागे॥ रणमहिसभा सदनमधि धसिकै। अतिबिक्रम पटुलाकरि लसिकै॥ बिजयगुणी गुणगरिमालहि कै। लेहैंराज्य सुखहि मुदगहिकै॥ तजौशोच अबधीरज ध-रिकै। लखिहौ सुतनमोदसोंभरिकै॥ द्रुपदसुताअरु सुवनति-हारे। कहेप्रणाम सुबिनय बिहारे॥ सुनिकुन्ती बोलीलहि आ-नँद। हौतुमकृष्णअभयवरदानद॥ धर्मपाहि सबसुखकेदायक। ममपुत्रनके परम सहायक॥ हौतुम केशव करिहौ रोचित। करौशीघ्र जोगुणो यथोचित॥ सुनिकै बिदाकृष्ण छबिछाये। दुर्योधन नृपके घरआये॥ हयगजरथ सुभटनसों राजित। छरीदार गणसों छाबिछाजित॥ दोयकक्ष चलिपरम सुखारी। गेप्रसादचढ़ि गिरिवर धारी॥ भरोओज जहँबाहर अन्दर। तहँदुर्योधन यथा पुरन्दर॥ सिंहासन परबैठो राजा। बैठे अ-गणित भूपसमाजा॥ शकुनि दुशासन करण यशीले। भूपति के ढिगलसे लसीले॥ दोहा ॥ दुर्योधन कृष्णहिं निरखि उठि चलि नृपनसमेत। पूजिल्याय पर्य्यंकपर बैठायोमुदलेत॥ बिप्र सविधि मधुपर्कसो अर्पण कियेसप्रेम। भोजनार्थ फिरि कहत भे हियेचाहिनिजक्षेम॥ सोनहिंमान्यो कृष्णप्रभु तबदुर्योधन भूप। हियेकपट ऋजुता प्रगट बोलो बचन अनूप॥ चौपाई ॥

जिमि तुमपांडव के अनुबन्धी । तेहिप्रकार हौमम सम्बन्धी
हौदोउनके हिताहित करता । सबबिधि ज्ञातासतपथचरता
नहिंमम अन्न गहतकेहिकारण । सोकहि करिये शोच निव
रण ॥ कृष्णकहे तुम भेदनपाये । हमगहि दूतभाव इतआये
दूतजात जाको हितचालन । सुधरम तासुअर्थ प्रतिपालन
दूतहि उचित अरथ सिधिकरिबो । नहिंभरिउदर मोदहि
भरिबो ॥ यहसुनिबोलो कुरुकुलनायक । ऐसोतुम्हैं न कहि
लायक ॥ तुमचाहो आवोतेहि भावन । हौदोउनके हित म
भावन ॥ अर्थ सिद्धकीन्हें बिनुकीन्हें । भोजनकरव उचितवि
चीहें ॥ हमहिं तुमहिं हैबैरनकबहूं । भयोनहीं कछुबिग्रहअबहूं
यथाउचित हमतुमकहँपूजे । सम्बन्धीगुणि सुबचनकूजे ॥ तु
कहँउचितनइबिधि जुदाई । एकहि मानब प्रीति बड़ाई ॥ य
सुनि सब नृप तिनतन देखी । बोलेकेशव बिधि अवरेखी ॥ बै
लोभ ईर्षाबशह्वैकै । नहिं हम तजत धर्म हित ज्वैकै ॥ पाण्ड
सबादिनते ममसंगी । तिनसों हमसोंप्रीति अभंगी ॥ तासुअहि
तमम अहित यथारथ । तासुहितू ममहित जिमिपारथ ॥ दोहा
है सबपाण्डव धर्मरत अधर मरत तोचाल । गोतबंश पाल
करै सो धर्मी सबकाल ॥ अधर्मताको अन्नहमग्रहणकरत नहिं
तात । जायबिदुरघर खाबअब शुचिसुअन्न अवदात ॥ इ
कहिकै उठि कृष्ण प्रभुगये बिदुर केगेह । द्रोण भीष्म बाह्ली
कृत गये तहां गहिनेह ॥ कृष्ण तिन्हैं कीन्हेंबिदातब छत्तासु
पाय । भोजन करवाये प्रभुहि प्रेमभक्ति अधिकाय ॥ सोरठा
बिप्रन अरचि सनेम भोजन कीन्हें कृष्णप्रभु । भक्तिभावअ
प्रेमके गाहक करुणा यतन ॥

इति उद्योगपर्बणिभगवतोदूतरूपहस्तिनापुरागमनोनामोनबिंशोऽध्यायः

दोहा ॥ कृष्णचन्द्र कहँ स्वस्थलखि निशिलहि बिदुर प्रवी
न । बिनय पूर्बक कहतभो बचन यथार्थ अहीन ॥ जयकरी





तो आगमन बिश्व भरतार । मोहिंपरत गुणि अनुचित चार ॥
मानी मान हरण अतिमूढ़ । है दुर्योधन गर्बारूढ़ ॥ कपटी क-
ठिन हियो अकृतज्ञ । आत्मसुखी कामात्मा अज्ञ ॥ वृद्धनको
मत लम्बनहार । धर्मशास्त्र परडारत छार ॥ यहिबिधि पूरित
अगनित दोष । नहिंमानो तासुबचन अदोष ॥ भीष्मद्रोण कृप
द्रोणकुमार । कर्णपराक्रम सिन्धुअपार ॥ ताकोगहे गरब अ-
भिमान । चाहतकियो युद्धनहिं आन ॥ जानत भीष्म कर्णसों
नेक । नहिंलरिसकिहैं पांडव एक ॥ सकल पांडवन जीतन
अर्थ । एककर्ण कहँ गुणत समर्थ ॥ यहिबिधि पूरित कुमति
अबुद्ध । कियो चहतनहिं सम्मत शुद्ध ॥ तेहि शठढिग तोब-
चन प्रमान । होइहियथाबधिर ढिगगान ॥ तुमतासों मतिक-
हो सुतंत्र । द्विज चांडालहि देत न मंत्र ॥ तासुसभा मधि
जाबतुम्हार । मोहिंनरुचत जानिब्यवहार ॥ महाबाहुतुमयद्यपि
अमान । तदपि प्रेमबश कहत बिधान ॥ सहसाकर्मी कुटिल
कठोर । हैदुर्योधन छली अथोर ॥ समुझि न मोमन गहत
उछाह । प्रभुमति तासुभटन मधिजाह ॥ दोहा ॥ यह सुनिकै
केशव कह्यो सांचकहत तुमतौन । शुचि सुधर्म रतममहितू
तुमसम दूजोकौन ॥ दुष्टदुरात्मादुर्मती दुराचारमेंदक्ष । दारुण
दुर्योधन छली हमजानत परतक्ष ॥ पैजब कुरु पांडवनको ह्वैहै
युद्ध अमान । तब सब क्षत्री बंशको ह्वैहै नाशमहान ॥ ताको
जो बारणकरै तौ न लहैअतिधर्म । यह गुणिहमबारण चहत
द्रोणयुद्ध हठकर्म ॥ सोरठा ॥ सबबिधि कहब बुझाय हितगुणि
है तौ अतिभलो । नातरु नीति सुनाय होबअदोषी जगतमें ॥
यहिबिधि कहत सुबैन निशि निशीथ बेलानिरखि । केशवकी-
न्हों शैन क्षीरसिंधु समशेयमधि ॥ चौपाई ॥ निशि बिताय बा-
रिज दुँदुभि धुनि । बंदीजनसों स्तुतिपदसुनि ॥ जागिशैनतजि
आनँदपागे । प्रात सुकृत्य करन प्रभुलागे ॥ तेहिक्षण भीष्म

द्रोण मनभाये ।दुर्योधन आदिकतहँआये ॥ करिसबकोसत
सुभावन । बैठाये माधव मनभावन ॥ प्रात कृत्यकरि आनँ
लीन्हे । बिधिवत दान द्विजन कहँदीन्हे ॥ सुबसनधारि सु
परचढ़िकै । चलेसकल दिशिसुखमा मढ़िकै ॥ सहित कौरव
कौरवनायक । यदुबंशिन सहसात्वकि चायक ॥ रथचढ़ि
सकल दिशिरहिकै । कृष्णाहि निरखतआनँदगहिकै ॥ गजा
पैदर भटहय सादी । अगणित चले कृष्ण गुणगादी ॥ अ
णित छीरदार छबिधारत । चले यथोचित बचन उचारत
दुन्दुभि शंख सुखदधुनि बाजे । अगणितचारु पताके राजे
भूपनिरखि तेहि क्षणकी शोभा । भयो सुरेशहुके मनक्षोभा
धुरिधारा सबदिशिमें छाई । हयहींसनि रथकी धुनिधाई ॥
नारीतजि काज उमहिकै । लखतभये अतिआनँद लहिकै
सौधन बालबदनइमिराजे । मनुनभअगणित विधुछबिछाजे
अगणितरंग बसनलखिजाने । मनुतनुतन घनभुकेलोभाने
दोहा ॥ जायसभागृहद्वारपर रथतजि लखिभटकोद । करगहि
सात्वकिबीरको चलतभयेसहमोद ॥ सहभीषम द्रोणादिद्वि
प्रभुसँगचले सहर्ष । कृतबर्मादिकवृष्णिसब पीछेचलेअधर्ष
प्रभुआगम लखि वृद्धनृप उठिसबनृपन समेत । चलि आ
लैकै सबहि बैठाये करिहेत ॥ रोला ॥ हेममणिमय चारुआस
कृष्ण तापैराजि । नारदादिक मुनिन नभपर लखे सुख
साजि ॥ भीष्मसों इमिकहे आवत सुमुनिनारदआदि । बिर
आसन अगरिआनौ बिनय सुबचन नादि ॥ भीष्म आज्ञा
भृत्यन बिरचि आसन वेष । द्वारलों चलिपूजि ल्याये जा
मंगल वेष ॥ नौमिबिधिवत मुनिन करिकै आसनस्थअमन्द
सहित नृपगण भये बैठत कृष्ण यदुकुल चन्द ॥ बैठि सि
मौन रहि तहँ रहे कृष्णाहि देखि । कृष्ण तब इमि वृद्धनृप
कहतभेअवरेखि ॥ होइजेहिकुरुपांडवनको सुखदसम्मतअ





करो सोहम इतोयाचन इतै आयेदक्ष ॥ नाशबीरनको भयेबि-
नु करोसम्मत तात । नहीं हमकछु और मांगत कहत इतनी
बात ॥ परम उत्तम अति प्रशंसित बिदितजो कुरुबंश । भाग्य-
धाम प्रसिद्धताके भूप तुम अवतंश ॥ तुम्हैं सम शुचिपिताजि-
नके तौन सबतौ पुत्र । धर्मपीछे डारि बिचरत राखि अधरम
सुत्र ॥ लोभबश हतचेत ह्वै मर्यादत्यागि अशिष्ट । परमसुहृद
सुबन्धु सों अरिभावकीन्हें इष्ट ॥ बिना बूझे होनचाहत महा
अनरथ व्यर्थ । तासुकरिबो शमनतुमकहँ उचित आपुसमर्थ ॥
इतै तो आधीन सम्मत उतै मम आधीन । सुतनदेहु बुझाय
तुम हम पांडवनकहँ देन ॥ भयेसम्मत दुहूंदिशिको होत हित
सहसैन । नतरु निरमित होत जगको नाशबिधि सतिबैन ॥
भटनसह अतिप्रबलतो सुततथा पाण्डव सर्ब । जीति दुर्लभ
उभयदिशिहै नाशगति अतिखर्ब ॥ मानि कै ममबचननृपकर-
वाइसम्मतवेष । बन्धुसुताहित पौत्रगणको लखो सुखशुभभेष ॥
भ्रात सुत अरुसुतनसों जितवाइ अरिन सरीति । लेहुमहिध-
न करोपालन नृपनकी यह नीति ॥ दोहा ॥ निज धनहित युग
बन्धुलरि मरे लाभ तहँ कौन । जीतेहु हारेहुं हानि जेहि समित
करो बिधितौन ॥ रणकांक्षी तो सुवनसब तिमि पाण्डवभटमौर ।
अमरषबशदोऊगहे बंशनाशको डौर ॥ नृपयह गुणिवारनकरो
अनरथकठिन कराल । कुशलजाहिं निजनिज थलनसदलसक-
लक्षितिपाल ॥ सोरठा ॥ शिशुपन ते पितुहीन पालेजिनकहँ पुत्र
सम । सुनु क्षितिपाल प्रवीन तिनको नितपालब उचित ॥ चौ-
पाई ॥ शिशुपनमें निज सुतसम पालब । पुष्टबिलोकि दुवनग-
ति चालब ॥ है बायस शठ जनकी करणी । ऐसो करत न सु-
बुधि सुपरणी ॥ धर्म भूप सम्मत अभिलाषे । करिप्रणाम इमि
भाषणभाषे ॥ हमतो शासनलहि मनकरिकै । बहुदुख सहेबिपि-
नमें बसिकै ॥ द्वादशबरष रहे बनचारी । रहे बरषदिन गुप्तदुखा-

री ॥ तब निबन्ध तुम जो करि दीन्हों । सोकरि अब महिचाह
त लीन्हों ॥ तुम मम पितागुरू प्रतिपालक । हमतो सेवकशि
ष्य सुबालक ॥ करिये सुबचन सुधरमपालन । तुमकहँ उचि
करबमम लालन ॥ नृप प्रमादि जो सुधरम त्यागत । तौ सब
जन ताही मग लागत ॥ बढ़े सरितजिमि तटतरु गिरिकै । क
हत धारपरि रहत न थिरिकै ॥ तुम सरवज्ञ सुबुधिकुलनायक
बूझि करो जो करिबे लायक ॥ यहि बिधिकह्यो युधिष्ठिर हमसों
सोहम बिधिवत भाष्यो तुमसों ॥ नृप ममबचन सुहित गुणि
लेहू । उचितअंश सो उनकहँ देहू ॥ इन्द्रप्रस्थ तुम दीन्होंउ
को । तहँवैबार्द्धित कियेअपुनको ॥तौसुत छलकरिसोसबहरिकै
द्रुपद सुतहि ल्याये कचधरिकै ॥ और कहे कटु कुबचन जेते
सुधरम समुझि सहे वै तेते ॥ दोहा ॥ तो आज्ञा लहि बनगये
सहो दीनसमपीर । धर्म जानि नहिं निबल हैं पाण्डव बिदित
सुबीर ॥ रहिबनमें द्वादश बरष बरष गुप्त रहि आय । लोहिंभू
मि यह कौलही करो तौन गुणिन्याय ॥ मृत्युपाशते भटनकी
रक्षणकरो नरेश । सुतहित सम्बन्धी बिना रहिका करिहौदेश ॥
सोरठा ॥ हम सम्बन्ध बिचारि दुहुँदिशिको चाहतभलो । तातें
कहत पुकारि बैरत्यागि सम्मतकरो ॥ केशवके ये बैन धर्मनीति
हित बिधिभरे। सुनिपाये अति चैन सकलभूप सब सभासद॥
चौपाई ॥ तेहि थरजामदग्नि मुनिबोले । कृष्णकहे तुमबचनअ
तोले ॥ यह तो बचनसुहित गुणिगहिकै । तौरहि कुशलसम्प
दा लहिकै ॥ सुनोएक इतिहास अनूपा । होदंभोद्भव नामकभू
पा ॥ सार्ब भौमसो नृप अभिमानी । बोले द्विज क्षत्रिन सों
बानी ॥ मम समान दूजो रणचारी । हैकोऊ भटआयुधधारी॥
यहि बिधि नितिबूझै पणधरिकै । भोगै भूमि नीतिपथ चरिकै॥
द्वमि, बूझत तेहि सगरबजाने । तब सब ब्राह्मण अमरषआने॥
नृपसों कहो उभयभट भारी । हौतिन सरिस न तुम रणचारी॥





सोसुनि भूपकह्यो तेकोहैं । काहै नाम कहा बसिसोहैं ॥ सोसुनि
कहे विप्र मनभाये । नरनारायण तापस गाये ॥ सुने गन्धमादन
गिरिपाहीं । हैं तपकर तृतीय तसनाहीं ॥ यह सुनिकै भूपति
जगजेना । चलोसाजि चतुरंगीसेना ॥ क्रमसों कछु दिनचलि
कै भूपर । गयोगन्धमादन गिरिऊपर ॥ देखिभूपकहँ तापसदो-
ऊ । जानिमहानपुरुषहैकोऊ ॥ आसनबारिमूलफलदीन्हे । शुचि
सत्कारउचित गुणिकीन्हे ॥ फिरिकीन्होंनृपसोंसम्भाषन । चाहो
तौनकरोअनुशासन ॥ दोहा ॥ यहसुनिदम्भोद्भवकह्यो हमजीत्यो
सहलोक । अब तुमकहँ जीतन चहत लरो जानि बलओक ॥
मुनितें बोले रणकरो लहि क्षत्री बलवान । हम तपरत नहिं
रण चहत मम ढिग धनुष न बान ॥ चौपाई ॥ सुनि बोलो भूपति
धनुधारी । को मम सम क्षत्री रणचारी ॥ जोनलरै मम सन्मुख
थिरिकै । तुम भयत्यागि करौ रण भिरिकै ॥ फिरि तेहि बरजो
नरनारायण । नहिंमान्यो रणरस पारायण ॥ तबनर भूपहि ग-
र्वित चीन्हें । सींक एक मूठीभरि लीन्हें ॥ कहे भूपसों आयुध
लीजै । सुभटन सहित पराक्रम कीजै ॥ इतो इषीक डारि तौ
ऊपर । रणश्रद्धा बिनु करिहौं भूपर ॥ यहसुनि दम्भोद्भव क्षिति
नायक । तिनपर बरषनलागो शायक ॥ तब इषीक शर मंत्रित
करिकरि । नर प्रभुतजे बीरगति धरिधरि ॥ नृपके श्रवण नयन
मुखनाशा । शस्त्रनभरे छायसब आशा ॥ तबदम्भोद्भव मोहित
ह्वैकै । चरणगह्यो अद्भुतगति ज्वैकै ॥ तबनरईश क्रोधपरि हरि-
कै । कहतभये अनुकम्पा करिकै ॥ होहु सुधरमी शुचिमति ल-
हिकै । इमिमति कीन्हेहुलघुगति गहिकै ॥ निबल सबलके तुल
न होई । जो अपराध करै नहिं सोई ॥ हठि सगरबकै तासों
लरिबो । है अति अधरम अनुचित करिबो ॥ दान्त शान्त
दुसौम्य सुभावन । पालतप्रजा निपुण नृपचावन ॥ बूझि ब-
नावत करै अखेदा । साम दाम अरुदण्ड बिभेदा ॥ दोहा ॥

सुबचन भाषै हितुनसों मानै सुबचन अक्ष। जीतिधर्म आ
लहै सोक्षितिपालक दक्ष ॥ यह सुनि नरनारायणहिं ब
बिदाकैभूप। निजपुर आयोसैनसह आनँदगहे अनूप॥ सो
नरके ऐसेकर्म्म नारायणकी कृपाते। सो अर्जुन यह मर्म्म
भ्रिउचित सम्मतकरब॥ चौपाई ॥ परशुरामकी सुनि यहबा
बोलत भये कण्वमुनि ज्ञानी ॥ दुर्योधननृप सुधरम धा
राम कहतसो सुखद बिचारो॥ अर्जुनकी गरिमा सब जान
सम्मत करब उचित अनुमानत॥ उतपति प्रलय नाशके
रता। जासु सारथी हरि जगभरता ॥ कपिहैं नरनारायणसं
सिगरे लोकप जिनके अंगी॥ तासोंलरो न शठमति अतिसै
सम्मत करोधर्म नरपतिसों ॥ कुरु पांडवसम बसुधा लहि
भोगकरो सम्मतकरि रहिकै ॥ बलगुणि बली रहतहैं ऐ
नहिं बलरहत बलिन मधिपैठे॥ देव पराक्रम पांडव सिगरे
धरणीपर प्रबल अदिगरे ॥ है इतिहास पुरातन भावत। सु
तौन हमतुम्हैं सुनावत॥ मातलिकी दुहिता अभिरामा। र
एक गुणकेशीनामा ॥ मातलिसुर गन्धर्बन पेखे। तासु स
बरनहिं अवरेखें ॥ तब अनुमानि नागपुर डगरे। तहां
नारद गुणअगरे॥ बूझे कहां जातहौ धाये। निज कार
शक्र पठाये॥ सो सुनि मातलि आनँद छाये। नारदसों व
त सुनाये॥ सुनि नारदमुनि आनँद राखे। प्रेम सहित मात
सों भाखे ॥ दोहा ॥ चलो बरुणके पासतुम लखो तासु प
वार। निज दुहिताके सरिसवर देखिकरो ब्यवहार ॥ तब
तलि मुनिसँग चलि गयेवरुणके पास। पूजितह्वै नारदस
पाये सकल सुपास॥ सोरठा ॥ बरुणहि अर्थसुनाय अनुशा
लहिमुनि सहित। देखनलगे सचाय हेतहँ पुरुष प्रधानजे
तोमर ॥ तहँ देवमुनि तपधाम। कहिकहि सोबिक्रम नाम॥
लिलेशके सुतपर्म। अरुपौत्रजे अतिधर्म ॥ चलिचलि ल





त ताहि। तहँ अग्निअनुपम चाहि॥ इमि कहे लघुमतिमान।
शिखि बिष्णुचक्र समान ॥ नितिरहत रक्षत देश। इतभीति
को नाहिं लेश ॥ फिरि अगारि आनँद भेखि। गांडीव धन्वहिं
लखि॥ इमि कह्योदेखहुतात। गांडीवधनु अवदात ॥ यहकृत्य
समें पूर्ब। भो बिशद निरमित गूर्ब ॥ यह बज्रसार अभेद।
असुर नाशन भेद॥ यह पाइकाज उदोत। अति अधिक
बलप्रदहोत ॥ इमिभाषि चलि अन्यत्र। दरशाइ दीन्हें क्षत्र ॥
सलिलेशको अभिराम। बरधाम ताकोधाम ॥ जो अग्नि भ-
रत बांरि। दरशायसो मुदधारि ॥ इमिकह्यो यहसो देश। तहँ
अमरसह अमरेश ॥ करिअमृतपान अमन्द। राख्यो सुधारि
आनन्द॥ शशि घटत बढ़तइतैहि। तिहिको न रहतचितैहि॥
तदनु अति हरषाय। दिग द्विरद सब दरशाय ॥ सब कहे
गरिमा गौर। बिधितनय मुनि शिरमौर ॥ जेहिगुणौसुगुण नि-
केत। तेहिबरौ तनयाहेत॥ नहिंहोत अति मनमान। तौचलो
अनत सुजान ॥ दोहा ॥ तब मातलि मुनिसोंकहो अनतचलो
मुनिराज। तब हिरण्यपुर जातभे मुनिमातलि गुणिकाज॥
इतिश्रीउद्योगपर्वणिभगवद्दूतेमातलिबरान्वेषणोनामविंशोऽध्यायः २० ॥
दोहा ॥ श्रीनारद हरिगुण कथत चलि हिरण्यपुर जाय।
तहँ निवात कवची भटन दरशाये गुणगाय ॥ ये निवात कव-
चीप्रबल इन्हैं न जीतन शक्र। तुम सुसारथी युद्धमधि देखे
बिक्रम बक्र॥ जयकरी ॥ इनमें जोश्रीमन्तअमान। रुचैतुम्हैं तेहि
बरौ सुजान ॥ यहसुनि बोलो मातलि दक्ष। ये सुरपतिके शत्रु
प्रतक्ष॥ इनसबसों करिबो सम्बन्ध। उचित न हमकहँ जानि
निबन्ध॥ सो सुनिकै नारद मतिओक। गे मातलिसह खग-
पतिलोक॥ तहँजेखगपतिके षटबार। दरशाये तिनकेपरिवा-
र॥ तिन्हैं देखिमातलि मतिमान। नहिंरोचितकीन्हें मनमान॥
तब तेहिसह नारद अवदात। गये पतालमाहिं अतिभात॥

कहत भयेसो ताहि दिखात । यह सप्तम महितल विख्यात
इहांबसतिगो जननि सुछन्द । अमृतसम्भवा सुरभिअमन्द
एक समयमें बिधि भगवान । कीन्हों अमृत अधिक अ
पान ॥ गिरतो भयो अमृतको सार । मुखते अतिबर अ
सुढार ॥ ताते सुखमामय शुभरूप । भई गिरति उत्पन्न
नूप ॥ जाकी पयधारासों स्वक्ष । भयो महान क्षीरनिधि अ
पीवत तासु फेन मुनि जौन । महा तपस्वीते जगभौन ॥ ते
गरे मुनिफेनप नाम । तेहि ह्रदकूल बसत तपधाम ॥ ताकी
रिधेनु दिशिचारि । पालतसुनो नाम निरधारि ॥ बसतिसु
पूरुब आश । याम्यहांसिकाकरत प्रकाश ॥ तिमिहिं सुभद्रा
श्चिम देश । उत्तर कामदुधा शुभभेश ॥ दोहा ॥ यहिप्रका
वार्त्ता कहत मुनीश उदार । समुदजात भोगावती बोलसुव
चार ॥ मातलि यह भोगावती बासुकि पालत जाहि । ब
सिंहिकाके सुवननाग असंख्यन चाहि ॥ दश पचाशशतप
शत तृशत सहसमुख ब्याल । बासुकि तक्षक आदिहैं सब
हान छबिजाल ॥ चौपाई ॥ तहां सभा नागनकी देखी । सबवि
लखि मातलि अवरेखी ॥ ऐरावतकुल जात सोहावन । सुमु
नाम अहि अति मन भावन ॥ पुत्रचिकुरको चारुमहाना । म
त्रआरजक को बलवाना ॥ वामनको दुहिता सुतआरज । मु
सों कहे तासु गुणिकारज ॥ सो सुनिकै नारदसुखपाये । स
चार आरजहि सुनाये ॥ सुनि मुनिवचन नाग अनुमानी
सादर कहत भयो मृदुबानी ॥ सखाशक्रको सुबुधि सुधन्वी
मिलत भाग्यते अस सनबन्धी ॥ पैमम हिये एक दुखधाव
सुनो तौन हमतुम्हैं सुनावत ॥ ममसुत चिकुरगरुड़ तेहि
कै । खायोतदनुगयो इमिकाहिकै ॥ कछु दिनमें सुमुखहि गाहि
हौं । सो सुनिकै अतिदोचित मैंहौं ॥ अरजककी यहबाणीसु
कै । मातलिकहत भये इमि गुनिकै ॥ शक्र पासमम संगसु





त । सुमुख चलैं भयत्यागि सुचावन ॥ तहां जायहम कहिसुर-
पतिसों । अभय कराइब निजहित अतिसों ॥ मातलि नारद
सुमुखहिलैकै । शक्रपासगे निरभय कैकै ॥ सबवृत्तान्त सुनाइ
सुरेशाहि । कहे देहु अमृत अहि वेषहि ॥ हे तेहिठौर बिष्णु तेहि
मनमें । तासों कहे शक्रगुणि मनमें ॥ दोहा ॥ देहु अमी तुम
बिष्णुतब कहे कहत कतबंक । तुम सुरपति सबलोकपति देहु
अमी तजिशंक ॥ तब सुमुखहि बरदानदै अमरकिये सुरराज ।
तहि सुदारनिजपुर गये सुमुख सनाग समाज ॥ रोला ॥ गरुड़ यह
सुधि पाय रिसकरि शक्रके ढिगजाय । कहे कत तुम किये सुमु-
खहि अमरप्रीति बढ़ाय ॥ बिहित भोजन सर्पमम तुम किये
निरभय ताहि । गुणेनहिं मम बिशद बिक्रम बार अगणित
चाहि ॥ सुरराज्य ह्वैबे योग्य हमहैं बली जानतसर्ब । पिता
मम तौ एककाहे गुणत हमको खर्ब ॥ प्रबल प्रबलअनेक अ-
सुरन बधेहमकरि युद्ध । बिष्णुके हमभये बाहन तासु कारण
शुद्ध ॥ और दूजो रहो नहिंजो सहैताकोभार । एक हमतेहि
योग्य ताते कियो अंगीकार ॥ प्रबल सबआदित्य में हैं बिष्णु
अति बलवान । एक देश सुपक्षके तेहिबहत हममघवान ॥
महागरबित बचन यह सुनि कहतभे भगवान । गरुड़ आपु-
हि बहत हमनित तुम्हैं सहित बिधान ॥ नहीं तुम मम भार
सहिबे योग्यप्रबल अखर्ब । जानिकै बलवान आपुहि गहत
नाहक गर्ब ॥ सहो दक्षिण बाहु ममको भार तुम यहिकाल ।
सांचतौ हमकहैं जोतुम गहत गर्व बिशाल ॥ भाषिताके कांध
पर प्रभुधरी दक्षिणबाहु । भार नहिं सहिसको बलकरि गिरत
भो खगनाहु ॥ कांपिबिकल बिकलह्वै गतचेत क्षणमें चेत ।
गर्व तजिकै गहे प्रभुके चरण जीवनहेत ॥ बिनय सुनि तब
कृपाकरिकै कहे प्रभुहितजानि । फेरिकरियो गर्वमति परभाव
ममअनुमानि ॥ कण्वमुनिइतिहासयह कहिकहतभेसमुझाय ।

गरुड़कोनहिं गर्वराख्यो बिष्णुअमरषछाय ॥ गर्वगहि धृत
सुतमतिकरोरपादुखदाय । करोसम्मत पाण्डवनसों कृष्णज
सहाय ॥ कण्वमुनिके बचन सुनिकै कर्णकी दिशिहेरि । क
भो धृतराष्ट्र सुतनृप बचन सुगरब मेरि ॥ जौन ईश्वर किये
रमित गहत हमगति तौन । सुमुनि करत प्रलापनाहक ल
संशयकौन ॥ जनमेजयउबाच ॥ दोहा ॥ ऐसेकुहठी नृपतिकहँ
समुझायो कौन । सुनि बैशम्पायन कह्यो भूपति सुनियेतौ
तिहिक्षण नारदमुनिकह्यो सुनु दुर्योधनभूप । सुहित बचन
तव्य निति नहीं उलंघनरूप ॥ रोला ॥ शिष्य बिश्वामित्रमु
को रहो गालवनाम । कृपाकरि तेहि सुमुनिभाषो जाहु अ
धाम ॥ कहे गालव कहो सो गुरु दक्षिणा मुनिराय । देहु
कहँ बसैंहम घरसुमिरि पङ्कजपाय ॥ कहे कौशिक बहुत
मम कियो सेवाजौन । तौनलहि परसन्न हम अति दक्षिणा
तौन ॥ फेरिहठगहि कहे गालव दक्षिणाके काज । नहीं मा
कोपि तब इमि कहतभो ऋषिराज ॥ देनचाहत हमहिंजो
दक्षिणामनमान । आठशत श्रुति श्यामबाजी देहुतौ नहिंअ
न ॥ बचन यहसुनि चलोगालव महोदुखसों पूरि । भयेमिथ
बचन जगमें होत अपयशभूरि ॥ कहतमिथ्या बचनताको
राखतकौन । करत प्रतिउपकार नहिं जो वृथाजीवत तौन
करत इविधि बिषाद मनमें सुब्रत निरशनठानि । चलोगाल
बिप्र शोचित मरण निश्चय मानि ॥ जानिकामद बिष्णुकेदि
चलो द्विजअनुमानि । सखा ताको गरुड़ आये तहां प्रभुप्र
जानि ॥ बूझिसुनि वृत्तान्त निज पर द्विजहि गरुड़ चढ़ाय
प्रथम पूरुब उदय गिरिलौं गये आनँद छाय ॥ तहां उत्तमठौ
क्रमसों गालवहि दरशाय । गये दक्षिण ओर क्रमसों कह
थल समुदाय ॥ पितृ बिश्वेदेव यम यमराजको अस्थान । बि
शद वैतरणीनदी दरशायकै मतिमान ॥ सूर्य जहँलौं जात ज





प कियो रावण रक्ष । और थल दरशाय पश्चिम गयो दक्ष
पक्ष ॥ बरुण लोक लखाय सबफिरि जहांद्वितिको गर्ब । किये
ाडन शक्रजाते भये मारुत सर्ब ॥ आदि अस्ताचल सुथल
रशाय पश्चिमओर । चलो उत्तर ओर आनँद भरो खगस-
ोर ॥ जहां नारायण सुप्रभुनर तपततप अभिराम । बदरि-
ाश्रम तौन तहँ दरशाय आनँदधाम ॥ दोहा ॥ उमा शंभुजहँ
पततप सो दरशाय सप्रेम । मेरुहि दरशाये बहुरि सुरसरि
ायक क्षेम ॥ ऋषभ शैलके शृंगपर उतरे सद्विज द्विजेश । ज-
ा शाण्डिली ब्राह्मणी तपतरही तपवेश ॥ बन्दिताहि करिबा-
ा अन्नदयो सो खाय । सानँदकरि बिश्रामतहँ जागे निशा
िताय ॥ भोरगरुड़कहँ पक्षबिनु मांस पिण्डसम देखि । गालव
ह्यो गरुड़सों अति अचरज अवरेखि ॥ चौपाई ॥ प्रगटोकारण
ौन इहांते । पक्ष बिहीन भये तुम ताते ॥ सो सुनि गरुड़कहे
तेहि क्षनमें । हम निशिमें मन सो यह मनमें ॥ जहां बसतहर
हरिसुखदाई । तहां बसति यहमानवआई ॥ हमयहगुण्योतासु
परमावन । पक्ष बिहीन भये सुनुभावन ॥ करैंकृपा जब सुमुखि
भवानी । तब सुपक्ष हम होब सुज्ञानी ॥ इमिकहिकहो बिनय
अधिकाई । मम अपराध क्षमाकरुमाई ॥ यह सुनि कृपाकरी
सोदेवी । तब सपक्षभो खगहरिसेवी ॥ तब ब्राह्मणिहिं नौमिते
आरज । चलत भये चिन्तित निजकारज ॥ बिश्वामित्र मिलत
भे मगमें । कहे बिप्रसों दानी अगमें ॥ जेहि हितहम तुम सों
यह मांगो । आइ तौन अब कारज लागो ॥ शीघ्रदेहु सो द्विज
यह सुनिकै । अति चिन्तित भो मनमें गुनिकै ॥ खगपतिबिप्र-
हि चिन्तितदेखी । सादर कहतभये अवरेखी ॥ अनतनामिलिहैं
ऐसे घोरे । चलो ययाति भूपके धोरे ॥ इमि कहिकै खगपति
मनभायो । सद्विजययाति भूप पहँ आयो ॥ तिन्हैं भूप अति
बिधिवत पूजे । आगम हेत कहो इमिकूजे ॥ गरुड़ कहेये मम

हित आरज । कौशिक मुनिके शिष्य अचारज ॥ दोहा ॥
कौशिक सों हठिकहे गुरु दक्षिणाकेकाज । श्यामकरण हयआ
ठशत तब मांगे मुनिराज ॥ सो हयमांगत बिप्र यह नृप आ
तो पास । तुम कामदाक्षितिपाल मणि पूरणकीजैआस॥ चौपा
यह ययाति अवनीपति सुनिकै । खगपति सों इमि बोले गु
कै ॥ खगपति मोहिं कृतारथ कीन्हें । दरशन दे अति आनं
दीन्हें ॥ तपनिधि ऐसो अरथी आरज । मिलत भाग्यबलकि
सुकारज ॥ आजु देशममभो अतिपावन । आयो ऐसोअति
सुभावन ॥ पैहमकियो यज्ञसुगतियमें । अरथी करिबो बिमु
अनियमें ॥ नहिं करि सकत अरथ द्विजवरको । सकैं कहाकी
खाली घरको ॥ मंगन बिमुख होतहै जाको । सब करतव
निहफल ताको ॥ तासों और न पापी जगमें । तातेकहत पा
धरि पगमें ॥ हमजो कहैं तौन बिधिकरिकै । करो अरथ साध
ब्रत धरिकै ॥ सुता हमारि माधवीनामा । सब लक्षणयुत अ
अभिरामा ॥ सोहमदेत लेहुतुमताही । देहुजायबरभूपतिचाह
निक्रय तुरँगआठशत लीजो । कन्यारत्न ताहितुम दीजो ॥ म
दुहिताके उत्तम लक्षण । लखि हय देहै भूप बिचक्षण ॥ सु
द्विजभूपहि अकपट चीन्हे । ह्वैप्रसन्न सो दुहिता लीन्हे ॥ त
तिनसों ह्वै बिदा खगेशा । सानँद जातभये निजदेशा ॥ दोहा
गालव नृपसों ह्वै बिदा लैकन्या कुलदीप । गयो अयोध्या
गरमें जहँहरयश्व महीप ॥ दै आशिष हरयश्वकहँ कह्यो बि
तपधाम । यह मम दुहिता माधवी नामा अति अभिराम ॥
राम सुत उत्पत्तिकर लक्षण देखि सनेहु । निजपत्नी हित
नृप हम मांगैं सो देहु ॥ श्यामकरण हय आठशत हम चाह
हैं भूप । देहु हमें सो लेहु यह कन्या अनुपमरूप ॥ चौपाई ॥
सुनि भूप कन्यकहि देखी । सब उत्तम लक्षण अवरेखी
कहे बिप्र तुम अधिक न मांगे । हमैं आठशत हय लघु लागे





हैं ममगेह दोयशत घोरे । श्यामकरण नाहिं बसुशत मोरे ॥ करि अनुमान कहो तुम जैसो । सुतहित लागि करैं हमतैसो ॥ यह सुनि सो कन्या अनुमानी । गालवसों इमि कही सुबानी ॥ पूर्ब एक ब्राह्मण ब्रतधारी । मोहिं सुआशिष दियोबिचारी ॥ पति संयोग प्रसव दिन पैहै । तबहूं तो कन्यत्व न जैहै ॥ ताते हमैं नृपति कहँ देहू । हैं द्वै शत बाजी सो लेहू ॥ एक पुत्र उत्पति करिलैहैं । तब फिरि हमैं तुम्हें नृप देहैं ॥ फिरि मोहिं और भू-पतिहिदेकै । मोदेहु श्यामकरण हय लेकै ॥ गालव यह सतमत हिय राखे । इमि हरयश्व भूपसों भाखे ॥ एकपुत्र उत्पति करि लीजो । फिरि ममसुता हमैं नृप दीजो ॥ इमिकहि सुता भूप-तिहि दीन्हें । आपु निवास अनत कहुँ कीन्हें ॥ कछु दिनमें नृप सुत उपजाये । बसुमन सों सुनि गालव आये ॥ बिधिवत करि बातैं नरपतिसों । सुतालई सतिबकता अतिसों ॥ कहि भूपति हयराखो मितसों । हम लैजाब फिरब जबइतसों ॥ दोहा ॥ इमिकहि नृपके दोयशत बाजी नृपपहँ राखि । कन्यालै काशी-शपहँ गयो तुरग अभिलाखि ॥ दिवोदास काशीशसों गालव लहि सतकार । सबिधि सुनायो निजअरथ सो सुनिभूप उदार ॥ कहे पूर्ब हमसब सुने द्वैशत हय ममगेह । एक पुत्र उतपति कियो हम चाहत गहिनेह ॥ जयकरी ॥ सुनि गालव करि बातैं श्राम । कन्या देयगयो तपधाम ॥ तासों रमो कछूदिन भूप । प्रगटभयो तब पुत्र अनूप ॥ जाको भयो प्रतर्दन नाम । तब आये गालव गुणिकाम ॥ निज निबन्ध नरपतिसों भाखि । तु-रग दोयशत नृपपहँ राखि ॥ लैकन्या सुख सुखमा रास । गये उशीनर नृपके पास ॥ ओऊ द्वैशत बाजी देन । एकपुत्र उतप-ति करिलेन ॥ कहे तौन सुनि द्विज मतिमान । कन्या दे गो बन अस्थान ॥ तासों रमो भूप मनमान । तब प्रगटो शिविपुत्र अ-मान ॥ सो सुनिकै गालव तहँजाय । करिसुबारताप्रीतिबढ़ाय ॥

तुरग भूपपहँराखि सडौर । चले सुतालै तकि नृपऔर ॥ मगमें
आय मिले खगराज । कहजातकहँद्विज कोहिकाज ॥ सो सुनिकै
गालवमुनि दान्त । कहतभये सिगरोबिरतान्त ॥ सोसुनिकहेग
रुड़ अनुमानि । अबमम बचन करोहितजानि ॥ लैषटशतबाजी
श्रुतिश्याम । अरुयहकन्यासुखमाधाम ॥ कौशिकमुनिपहँचलिमु
द लेहु । षटशतहय यहतनया देहु ॥ कहोसकलबिरतांतसचार ।
मुनितनया करिहैं स्वीकार ॥ दोहा ॥ सो सुनि गालव मानिहित
षटशत तुरगमँगाय । सहित सुकन्या जातभे जहँकौशिकमुनि
राय ॥ बन्दि चरण मुनिराजके कहे सकल बिरतांत । सो सब
सुनि निज शिष्यसों भाषे कौशिकदांत ॥ प्रथमैं हमैं सुकन्यका
कत नाहिं दीन्हें आय । उत्रिण तुमकहँ करत हम चारिपुत्र उप
जाय ॥ इमिकहि मुनिगुणि राखिरमि नृप दुहिताके संग । एक
पुत्र उतपति किये अष्टकनाम सुअंग ॥ पुत्रभयो चैतन्य तब
निजपुर भेजे ताहि । नृपतनया दे गालवहि मुनि बनगे तप
चाँहि ॥ चौपाई ॥ गालव इमि गुरुदक्षिण दैकै । गे ययाति पहँ
तनया लैकै ॥ सब बिरतांत भूपसों कहिकै । तनयादे आये मुद
लहिकै ॥ नृप गुणि पुत्रनशासन दीन्हे । ते सुस्वयम्बर रम्भत
कीन्हें ॥ गहिजयमाल सुतासों फिरिकै । नाहिं बर रोचित कीन्हों
थिरिकै ॥ रथते उतरि त्यागि जनदेशा । तपाहितकीन्हे बिपिन
प्रवेशा ॥ तृणफल खाय बिशदव्रत गहिकै । बिचरतभई मृगि
न सँग रहिकै ॥ नृप ययाति तपकरि तन तजिकै । स्वर्ग गये
सुरगणसम सजिकै ॥ कछुदिन तहां भोगकरि राजा । गिरत
भयो तजि स्वर्गसमाजा ॥ सुर गन्धर्व ऋषिनके देखत । नृप
तौ निजकरणी अवरेखत ॥ नृप तेहि समय प्रतर्दन चायक ।
बसुमन शिवि अष्टक नरनायक ॥ बाजपेय मख अतिशय
पावन । नैमिषारमें सरस सुभावन ॥ करतरहे तहँ तिनकेआ
गे । गिरे ययाति करमगतिलागे ॥ महिगतभूप ययातिहि ज्वैकै





ते नृप बोले बिसमित ह्वैकै ॥ तुमगन्धर्वयक्ष सुरकोहौ । चाहत
कहा कहो कहि जोहौ ॥ ययातिरुवाच ॥ हम ययाति नृप तपफल
भोगी । देवलोकसों भये बियोगी ॥ काहू पुण्यनको फलपाये ।
जो यहि ठौर तुम्हैं मधिआये ॥ दोहा ॥ यहसुनि ते चारो नृप-
ति निज मातामह जानि । कहे ययाति महीपसों छोह मोहहिय
आनि ॥ दान यज्ञ तप धर्म व्रत जो हम सबको सर्व । तासुपु-
ण्य करि ग्रहण तुम सुरपुर जाहुअखर्व ॥ हमक्षत्री नहिं बिप्र
हैं यह नहिं मम ब्यवहार । औरनको तपधर्म फल किमिकरिये
स्वीकार ॥ सोरठा ॥ तेहिक्षण तेहि थल आय बरव्रत चारिणि
माधवी । कहो पिताहिसमुझाय ये तौ तनयाके सुवन ॥ चौपाई ॥
तनया सुतप्रद पिण्ड सुनेते । ग्रहण करत सब अंगज जेते ॥
तातें भ्रमतजि आनि उछाहू । तपमख फललै सुरपुर जाहू ॥
सो सुनि उचित जानि नृप माने । सुरपुर गमनहेतु उमदाने ॥
इतने महँ गालव तहँ आये । नृपहि अशीश दिये मन भाये ॥
फिरि यहि कहे सुनो अवनीसा । ममतप व्रतको अठवोंहीसा ॥
लहि फिरि जाहु शक्रपुर राजा । बिलसो जैसे सुमनसमाजा ॥
इतनेमें अभिषेकित मूरध । नृप महित्यागि गयोकछु ऊरध ॥
तबबसुमन आदिक नरनायक । क्रमसोंकहतभये गुणिलायक ॥
मम तपयज्ञ दानफल लहिकै । सुरपुर जायबसो मुद गहिकै ॥
तिनके उग्र पुण्य परभावन । लहे ययाति स्वर्ग मनभावन ॥
सेवित सुर अप्सर ऋषि गणसों । सानँद बिलसत भयेसुमन
सों ॥ तहां पितामह आये ताही । पूजि ययातिकहे हितचाही ॥
नाथ बहुत दिन हम महिभोगे । तप मख दानबहुत उपजोगे ॥
सो ब्यतीतभो थोरे दिनमें । ताको भेदकहो यहिक्षनमें ॥ सुनि
कमलासन कहे नृपति सों । तुम इतपूरे आनँद अतिसों ॥ शक्र
सरिस उत्तम पद पाये । सुरगणसों सेवित छबि छाये ॥ दोहा ॥
उत्तम सुर ऐश्वर्य्य लहि तुम कीन्हे अभिमान । तातें सुरपुरते

गिरे क्षीणमूल तरुमान ॥ कीन्हे अति अभिमानभो लोपित
गय ललाम । इबिधि बुझाय ययाति कहँ बेधागे निजधाम
बैशम्पायनउवाच ॥ नारद यह इतिहास कहि दुर्योधनहि बुझाय
कहे भूप अभिमान अति किये बिभूति नशाय ॥ पुण्यनश
अभिमानते हित अनहित ह्वैजात । ताते नृप अभिमानत
करो मंत्र अवदात ॥ सोरठा ॥ नृपति ययाति महान भ्रष्ट
अभिमानकरि । अभिमानहिदुखदान जानिकृष्णकोमतगहो
इतिउद्योगपर्बणिभगवतोदूतकर्मणिगालवचरित्रवर्णनोएकबिंशोऽध्याय

बैशम्पायनउवाच ॥ दोहा ॥ नारदमुनिके बचन सुनि कह्यो
क्षितिनाह । सांचकहो मुनिराज तुम यहमत मम मनमांह
इमि कहिकै धृतराष्ट्रनृप बहै केशवहिनौमि । तुमबुझाय दुर्यो
धनहि करोमूढ़मति सौमि ॥ हमगान्धारी बिदुर कृप संज
भीषम आदि । समुझाये मानतनहीं यहमतिमन्द प्रमादि
जयकरी ॥ वृद्धभूपके बचन अहीन । सुनिबोले यदुनाथप्रवीन
दुर्योधन तुम भूपमहान । उत्तमकुलनायक मतिमान ॥ हौल
भांति समर्थ प्रसिद्ध । करो तौन जो सिखवतवृद्ध ॥ हठ त
करौ सुकारज तौन । करत सधर्म नीतिरत जौन ॥ तात गह
मति अधरम चार । जो कुत्सित जनको ब्यवहार ॥ किये अ
मर्ष अयशको सोत । बाढ़त नाश लहत हितगोत ॥ कार
तौन करौ मतिइष्ट । जाते प्रगटै महा अनिष्ट ॥ माता पि
कहत भत वेश । तौन ब्यर्थ मतिकरोनरेश ॥ निदरबमातुपित
के बैन । अति दुखदायक नाशक चैन ॥ सताचार रत सुमति
अमेय । तिनको मंत्र सकल बिधिश्रेय ॥ भीषम आदिक जि
प्रबुद्ध । तेसब चाहत सम्मत शुद्ध ॥ सबको मत सुखदायक
जानि । सम्मत करो धर्म अनुमानि ॥ हठशठता गहि कीन्हे
युद्ध । सबको मृत्युकालहै उद्ध ॥ पाक करत जरिमरै बराक
कौन मोद कीन्हे वह पाक ॥ सताचार मंत्री सुखदेत । असत





पूरबदुख हरिलेत ॥ शक्रसमान सुबंधु सप्रीति । तिनकहँ शत्रु
करबनहीं नीति ॥ दोहा ॥ तुम बहुदिन पांडवन सों कीन्हेंअन-
रथ भूरि । वै अनरथ चाहैं नहीं सुधरम नीति बिसूरि ॥ बनमें
अतिदुख भोगकरि अब वै गहे अमर्ष । ताते चाहौ कुशल तौ
सम्मतकरो सहर्ष ॥ शकुनि दुशासन कर्णको मंत्र गुणोदुखदा-
नि । अंश देहु पांडवन कहँ वृद्धनको मतमानि ॥ पंकजबाटिका ॥
बैर बढ़ाइब भूपति नीकन । सम्मत आनँद सिन्धु अली-
कन ॥ लोभहियें गहिधर्म नशाइब । जानहु आपदको पद
आइब ॥ जाकर अंश सबै जग जानत । ताहि निरंशकियो
कृतमानत ॥ ज्यों तृणके बन पावक लागत । ज्यों परबित्त
हरे अघपागत ॥ दोहा ॥ बन्धु बर्गकहँ मित्रकरि शत्रुहि जी-
तब नीति । बन्धु अहितभो तब लगत बन कुठारकी रीति ॥
सब पांडव हैं प्रबलअति उनसों बैरन नीक । को सन्मुखथिर
लरिसकी धरी धनुषकी लीक ॥ कवित्त ॥ लाल करिलोयन बि-
शाल गोपीनाथ जब भीमसेन कालसों कराल ह्वैकै लसैगो ।
रथते उतरिबड़े गथकीगदालै रणपथ पै सबेगडाटि तोदलमें
धसैगो । दीरघउदण्ड दोरदण्डन चपलकरि मण्डन मही को
घनध्वनिकरि निकसैगो । थरथर धरा धराधर तबह्वै है घर
कौनको नशैगो अब कौनकोधौं बसैगो ॥ दोहा ॥ खाण्डव बन
जारो लखत ब्रह्माण्डपके जौन । ताण्डव निरतन हारसों ल-
र्यो सुपांडव तौन ॥ कपिध्वज सुरथ महान पर चढ़िकरि धनु
सन्धान । लरीआइतब कौनभट करी घोर घमसान ॥ कवित्त ॥
पारथधनुष गांडीव करषतजब ऐहै बरषतशर आयस बिशाल
के । होयगो दुसह दुरदिन तेहिक्षण निशिदिन गुणिसकि हैं न
जेऊ बड़ेभालके । गोपीनाथ कहैसाथ कौनको रहैगोतब जरैंगे
जवामे भट भूपनके नालके । मछनके छवासे सपक्षक्षितिपाल
परिबाणनके जालमें परैंगेगालकालके ॥ दोहा ॥ बिक्रम उनको

प्रगट है जानतसब क्षितिपाल । को अर्जुनसम जगतमें ध
धर सुभट बिशाल ॥ भीष्मद्रोण कृप कर्णको गरबगहो म
भूप । सब जगजेता बिदित है पारथ शक्रस्वरूप ॥ कवित्त ॥
धिकै गन्धर्वपति तुम्हैं लै चलो हो तब करणादिभट तहँ
कै नहींरहे । जब तुमचढ़िकै बिराटपुरगये तबभीष्मद्रोण आ
धनुगहे कै नहींगहे । हमतौ नहीं हे तहां दूरसों सुनेसो कहे
णित के धार भटबहे कै नहींबहे । बाणनसों छिन्नकरिगात
बहीको हेत गोधनके पारथ जय लहे कै नहींलहे ॥ दोहा ॥ त
अमोघन शरनसों करिअवरोधनरूप । गोधनलेगो आर्जु
तिमिलेहै महिभूप ॥ क्षात्रबंशको नाश गुणि मोहिं होतनिरखे
कहोमानि सम्मतकरो दूरिहोय सबखेद ॥ सोरठा ॥ कृष्णचन्द्र
बैनसुनि भीषमनृपसों कहो । कुशलचाहि मतिऐन कृष्णकहे
जोसो करो ॥ चौपाई ॥ धरमअरथआनँदप्रद बानी । कहतबुभा
कृष्णगुरुज्ञानी ॥ सुतहित सखाबन्धु सनबन्धी । युवावृद्धजीत
अनुबन्धी ॥ सबको जीवन सम्मत कीन्हें । नातरु मरणसुु
सबचीन्हें ॥ तातेबारबार समुझावत । अनरथ कारण दूरि
रावत ॥ सोहित जानि धरो हियमाहीं । बन्धु बिरोध मोदप्र
नाहीं ॥ द्रोणकहे तब अवसर पाई । तातजौं अमरष दु
दाई ॥ अर्थ धर्मसुख सम्पतिदायक । नीतिकहत भीषम य
नायक ॥ भूपअवशि सो करिबेलायक । अर्जुन केहैं कृष्ण
हायक ॥ अर्जुनएक जगतको जेता । तासँग केशव रथगा
नेता ॥ होइहि अवशि नाश सबजनको । तात देहुतजि ह
यहि प्रनको ॥ अबनहिं कहब कह्योहितयेतो । गयोधरमग
अवहूं चेतो ॥ यहसुनि कह्यो बिदुर नयचारी । तातजौं ह
दुखद बिचारी ॥ हमनहिं शोच तिहारो आनत । इन दम्प
को दुख अनमानत ॥ बिनुसुत बंधु सखाहित ह्वैकै । पक्षहि
पक्षी गतिग्वैकै ॥ अन्ध वृद्ध सुतशोकनदहिहैं । ह्वैअनाथ





आशागहिहैं ॥ कौनदशा लहिहैयहिप्रनमें । इतनोदख बर्द्धित
मम मनमें ॥ दोहा ॥ इनसबके येबचन सुनि वृद्धभूप गहिमोह।
दुर्योधनसों कहतभो पुत्रत्यागि हठकोह ॥ क्षात्रबंशको कुशल
कृत बचनमानि क्षितिनाथ । जाहु युधिष्ठिर भूपपहँ कृष्णचन्द्र
के साथ ॥ सोरठा ॥ दुहुँदिशिको कल्यान चाहिकृष्ण सुधरम
कहत । पुत्रकरोमतिआन जाहुधर्म क्षितिपालपहँ ॥ ऐसेबचन
अनूपसुनि नहिंकछु उत्तरदियो । जबदुर्योधन भूप तब फिरि
इमि भीषमकहो ॥ छप्पै ॥ जौलगि धर्म नरेश नरन हित सैन
सजावत । रथचढ़िसदल सबन्धु नहीं दुंदुभीबजावत ॥ भीम-
सेनगहि गदा न जौलगि ओजबढ़ावत । पारथकृष्णहि नौमि
न जौलगि धनुष चढ़ावत ॥ सहदेव नकुल सात्वकि सुभटजौ
लगि धनुष न गहत बनि । नृपमाणिकहो तौलगि चलौ जहां
धर्म क्षितिपालमनि ॥ अपरं ॥ जौलगि द्रुपद बिराट महीप न
दलसजि बलकत । धृष्टद्युम्न अभिमन्यु न जौलगि रणहित
ललकत ॥ धृष्टकेतुसहदेवयुधामणि आदिकनरपति । जौलगि
सदल सबन्धु चलैं नहिंठानत रणगति ॥ सजि द्रौपदेय हिड-
म्बसुत जौलगि चढ़त न रोषसनि । नृप माणिकहौ तौ लगि
चलोजहांधर्म क्षितिपालमनि ॥ अपरं ॥ धर्मधुरन्धर यशीसुहृद
गुरु बन्धु बिशारद । चलिसबन्धु ढिगतासु बचनकहिसविनय
शारद ॥ पदपङ्कजअरुपर्शकरोतजिअमरषदारुण । सम्मतकरो
सप्रेम क्षेमहित हिय करि कारुण ॥ कबिनाथ कहत क्षितिनाथ
सुनुजग अनित्यभोनित्य कब । इतनदी नावसंगम उतरि कि-
तवै तुम हम और सब ॥ दोहा ॥ धर्म महीपति युद्धको गहन न
पावै चाव । बीस बिसे चलिभूमि पद सादर करी बनाव ॥ भी-
षम केये बचनसुनि दुर्योधन क्षितिपाल । कृष्णचन्द्रसों कहत
भो सगरब बचन बिशाल ॥ दुर्योधनउवाच ॥ मनोरमा ॥ तुमकेशव
पाण्डवको कहिकै यस । हमको तुम नाहक निन्दत हौकस ॥

हम कौन अनीति कियो उनसों अब । निजहाथ जुवामधिहा
दये सब ॥ अब मांगत तौ, वह जातदयो किमि । उनको य
धर्म कहा करिबो इमि ॥ धन हारतसो नहिं लेत महाजन । स
छोड़त वै तजिनीति महापन ॥ दोहा ॥ आपुभीष्म द्रोणादि स
बहुत बुझावत मोहि । उन्हैं बुझावत डरतसब यहप्रतक्षबि
जोहि ॥ तुमसब निन्दत हमहिं नित करि उनको अवराध । ह
बिचार करि लखत तौ नेकु नमम अपराध ॥ चौपाई ॥ नाहकपा
एडव दुरमति धरिकै । मम शत्रुन सों सम्मत करिकै ॥ हमपै
लरो चहत बिनु कारज । हम न डरबनटवर सुनु आरज ॥
ह्वै बक्रशक्र चढ़ि आवै । तौ हमसों लरि नहिं जयपावै
सदल पाण्डवन हम लघु जानत । नहिं रणमें निज स
अनुमानत ॥ भीष्म द्रोणकृप अश्वत्थामा । कर्णशल्यश
अति बलधामा ॥ शकुनि जयद्रथ धनुधर नायक । तिं
कौनभट जीतन लायक ॥ कै हमउन्हैं बधब रणमाहीं । कैवेह
कहँ संशयनाहीं ॥ क्षत्रिनको यह धर्म कहावत । बधेगये बी
कीरति पावत ॥ जीते राज्य मरे सुर ग्रामा । उभय प्रकारमों
की सामा ॥ और प्रकार नमो मनआवत । नाहक सबबकब
द बढ़ावत ॥ भये अज्ञान मोहबश ह्वैकै । कैधौं ममबालाप
ज्वैकै ॥ उनकहँ इन्द्रप्रस्थ नृपदीन्हें । सोनाहिं राज नीति बि
कीन्हें ॥ हमसोंभूमि भाग्यबल जीते । पाण्डवसों फिरि ले
चीते ॥ सूई अग्रभूमि नहिंपैहैं । नाहक लरिमरि यमपुरजैहैं
कहो बुझाइ कुमति मतिधारें । जायबिपिन बसिजनमसुधारैं
हारिदयोधन मांगत कोऊ । पावत कौन सुनावहु सोऊ ॥ ध
छोड़ि मति अधरमसाधैं । काललोकपथ मतिअवराधैं ॥ दोहा
दुर्योधन क्षितिपालके ऐसे बचनअनीक । सुनि यदुनायकक
तभे आयो कालनजीक ॥ अमरषबश मानत नहीं वृद्धगुल
की बात । सूरसेनतौ करहुगे धूरिधूसरित गात ॥ सोरठा ॥ ह





कपासे डारिधन जीते नहिं धर्मगति । तबहूं धर्म बिचारिवैबि-
तये तेरहबरष ॥ चौपाई ॥ जान निबन्ध कियो तुमराजा । जानत
सो सब सैनसमाजा ॥ तौन बितायमही अबचाहे । देन न चा-
हत हौ तुम काहे ॥ जे अघ बीज बोय तुम आगे । तेफलफूल-
न पूरनलागे ॥ सीख न मानत हौ तुम जाते । देशअमानुष हौ
इहिताते ॥ दोहा ॥ महिषी पाण्डव नृपतिकी कियेदुर्दशातासु ।
गुणे सिखापन कौनको ऐसी दुर्मति जासु ॥ इतनेमें नृपसोंक-
ह्यो दुःशासन अनुमानि । भूपदशा यहिसभाकी तुम्हें परत
नहिं जानि ॥ भीष्मद्रोण कृप और सब पिताबुद्धि क्षितिनाथ ।
हमैं तुम्हें अरु कर्ण कहँ बांधि देत हरिहाथ ॥ निशिपालिका ॥ बैन
यह भूपसुनि शोचिगुणि कोपिकै । बन्धुसब सैनिकन संगउठि
ओपिकै ॥ जायनिज गेहभट वृन्दसह बैठिकै । तेज अति तेज
करि सिंहसम ऐंठि कै ॥ दोहा ॥ दरपभरो बलकन लगो गरबी
गरबित बैन । उतै कहे द्रोणादि सों केशव करुणाऐन ॥ चरणाकु-
लक ॥ सबके बचन सर सहित साने । दुर्योधन नहिं हित करि
जाने ॥ सब कहँनिदरि जातभो उठिकै । यहि अभिमान पसा-
यो सुठिकै ॥ हठगहि करि मंत्री दुरमगके । नाशन चहतसकल
जनजगके ॥ ताते तुम सब सम्मत करिकै । जगत बचावहु बि-
धि अनुसरिकै ॥ यहि बिधि कंसराज मद मातो । धर्म छोड़ि
अधरम रँगरातो ॥ ताको अधरम कर्म निरेखी । सब यदुबंशी
मत अवरेखी ॥ कीन्हे तासु त्याग गुणि मनसों । तबहमतासु
कियो बधप्रनसों ॥ तबतेभो यदुबंशसुखारी । जानतहौतुमसब
यचारी ॥ बलिबढ़ि भयो गरबबिधि ठानत । तेहि बांध्योहम
सब जगजानत ॥ बिनशै जगत एकके रोषन । तौ तेहिगहि
बांधब कछु दोषन ॥ कुलके हेतु एकतजिदीजै । नगर हेतुकुल
तजिमुद लीजै ॥ तजिये नगर देशके कारण । आतमहेतदेश
वारण ॥ कर्ण दुशासन शकुनि कुमंत्री । दुर्योधन कुलनाशक

तंत्री ॥ इन्हैं पकरि यह नीति बिचारी । सबिधि करो काराग
चारी ॥ यह कीन्हें सबजग जन बांचत । अनरथ मिटत सु
दमुद रांचत ॥ दोहा ॥ कृष्णचन्द्र के बचनसुनि वृद्धनृपति
गौर । कहे नृपति गान्धारजहि लेआवो यहिठौर ॥ बिदु
य गान्धारजहि भूपतिके ढिगल्याय । ब्रतधारिनको आग
भूपहि दयो सुनाय ॥

इतिश्रीमहाभारतदर्पणेभाषायांउद्योगपर्वणिभगवद्दूतेद्वाविंशोऽध्यायः

वैशम्पायनउवाच ॥ दोहा ॥ घरिकशोचि धृतराष्ट्रनृप फिरि लै
बिउसास । गान्धारी सों कहत मे सुबचन चाहि अनास
जयकरी ॥ परोमोहबश तोसुत मूढ़ । भयो पापरत गरबारू
मानतकहो न बचन उदार । सबसमुझायथके बहुबार ॥ ग
सभाते उठिकरिरोष । गहि अभिमान न जानतदोष ॥ कि
चहत अनरथ अतिमान । क्षत्रबंशकोनाशमहान ॥ तुमबोल
वाइ कहौ समुझाय । उचितकरब सम्मत सुखदाय ॥ यहसु
गान्धारी अनुमानि । कहतभई हियसंशयआनि ॥ दुर्योधन
तिमन्दअमान । सुहित सिखापन करत नकान ॥ होइहि
विधि निरमित जौन । कैसेहु मेटे मिटतन तौन ॥ इमिकहि
ही बिदुरसों बैन । तुम सबबिधि ज्ञाता मतिऐन ॥ जाहु सु
धन भूपतियत्र । ममशासन कहिल्यावहु अत्र ॥ यहसुनिबिदु
भूपपहँ जाय । लैआयेै विधिवतसमझाय ॥ क्रोधितपन्नगस
बलऐन । श्वासलेतकरि रातेनैन ॥ सभासदनमधि बैठोआय
बन्धुसखन सहओज बढ़ाय ॥ तबगान्धार सुतागहि प्रीति
सुतसों बोली बचनसुनीति ॥ दुर्योधनप्रिय पुत्रमहीप । हि
ममबचन मानुकुल दीप ॥ भीष्मद्रोण कृप बिदुर प्रवीन ।
हतकरो सो बचन अहीन ॥ दोहा ॥ बचनकहत तो जनक
नहीं उलंघन योग । बन्धुनसो सम्मत करब उचित कहत
लोग ॥ छन्द ॥ ईछे मिलतन राज्य रहतनाहिं बनत न पालत





पूर्वकर्म प्रारब्धतौन भावीगति चालत ॥ कामक्रोध मदलोभ
अहित करता दुखदायक । शमदम सुधरम नीति सुखद हित
करिबिलायक ॥ सुत काम क्रोध मदलोभतजि शमदम सुधरम
नीतिगहि । प्रभुकृष्ण कहत सो महतहित सम्मतकरु प्रिय
बचनकहि ॥ अपरं ॥ तीनिलोक पति भयेलोभ नहिंमिटतकहत
सब । लोभ मिटत गुणि धर्म हिये सन्तोष गहत जब ॥ बंधु
अंश को हरबकरब अधरम सबभाषत । प्रबलबंधुकोअंशच-
पत कहुहिय अभिलाषत ॥ सुतअसत पथिनको मंत्रसुनिहठ
ठानहु मतिकुपथ गहि । प्रभुकृष्णकहत सो महतहित करुस-
मतप्रिय बचनकहि ॥ अपरं ॥ तुरग अशीक्षित बली सूतनाहिं
जानत रथगति । कर्णधार भरअपटु नदीबर्द्धित बेगितअति ॥
गरबी भूप अमानहोत लघुमति मंत्रीतब । सुथर सुखद क-
ल्याण मिलतनाहिंभाषत बुधसब ॥ नृपमंत्रकरणकोसुहितगुणि
बुद्धकरो मतिअनयनहि । प्रभुकृष्ण कहत सो महत हित
करुसम्मत प्रियबचनकहि ॥ दोहा ॥ गान्धारीके बचनये अन-
रथ मेटनहार । सुनिचुपरहि फिरि उठिगयो गुरबभूभरतार ॥
शकुनि दुशासन कर्णसह बैठिकरतभो मंत्र । जानिपरत मम
गहनको केशव तानेतंत्र ॥ सोरठा ॥ ममगहिबेकोडौर जौलगिये
सिगरेकरैं । तौलगि हमकरि गौर बांधिलीजिये कृष्ण कहँ ॥
मुनिकै बन्धन तासु पांडव सब ह्वै हैं बिकल । तबजय पाइब
आसु जौलरिहैं तौ सदलबधि ॥ चौपाई ॥ यहकुमंत्र उनजोअ-
नुमाने । सोबुधिबलसों सात्वकि जाने ॥ कृतबर्मासों कहिकहि
दीन्हें । रहाभटन कहँ सुयतनकीन्हें ॥ इमिकहि आपुसभागृह
आयो । करिसुइशारा प्रभुहिजनायो ॥ इमिधृतराष्ट्र नृपतिसों
भाष्यो । तोसुत मूढ़ अनय अभिलाष्यो ॥ गहनचहतमाधव
कहँ तैसे । ज्वलित कृशानुहि बालकजैसे ॥ यहसुनिकहे बिदुर
ब्रतधारी । तोसुतमूरुख अधरमचारी ॥ कृष्णप्रभाव न हिये

विचारत । रबिपरशन कहहाथ पसारत ॥ इतनेमें केशव अ
मानी । वृद्धनृपतिसोंकहेसुबानी ॥ जौहम अनरथ आनैं म
में । तौतोसुतन बिनाशैं छनमें ॥ पैनहिं अधरम करिबोइक्ष
अरथ धरम सुखदायकशीक्षत ॥ दुर्योधनसो हिये न आनत
शठमति हठगहि अनरथ ठानत ॥ पकरिताहि कारागृहडा
क्षात्रबंश क्षयअनरथ टारो ॥ नहिंसिखवन मानी यह राजा
मरीयुद्धकरि सहितसमाजा ॥ यहसुनिकै धृतराष्ट्र महीपति
कहेबिदुरसों बाणी दीपति ॥ जाय अधरमी सुतहि बुझाये
मंत्रीबन्धु सखासहल्यायो ॥ यहसुनिगयेबिदुरमनभाये । दु
धनहिं बोलिलैआये ॥ धृतराष्ट्रउबाच ॥ दोहा ॥ कर्ण दुशासन
कुनिको सुनि कुमंत्र हितजानि । पापकर्म चाहतकियो अध
सुधरममानि ॥ देखिबलाबल करतनहिं साध्यअसाध्यबिचा
कुलपासन चाहतकियो जगजनको संहार ॥ सोरठा ॥ जो प्र
प्रभुताएेनजेतासबसुरअसुरके । केशवसबजगजैन गहनच
तेहिमन्दमति ॥ बिदुरउबाच ॥ पावकशम्भु कुमार बाणासुर अ
बरुणकहँ । जीत्योजौन उदार गहन चहततेहि मोहबश ॥ गो
बर्द्धनहिं उठायजेहिराख्यो निजपाणिपर । असुरनके समुदा
हन्योताहि चाहत गहन ॥ चामर ॥ कृष्ण भूपसों कहेंगहे म
अयानता । मोहिं एक जानिमानि नीतिकी सयानता ॥ बाँ
लेन डारिदेन बन्दिगह में गुने । भूलिमो प्रभाव तौन जौ
श्रौनसों सुने ॥ दोहा ॥ हमन एक ममसंग इतहैं प्रद्युम्न बलि
राम । सब पाण्डव यदुबंश सब सब आदित्य अछाम ॥ इ
कहि माधव मुदित ह्वै रूप बिराट अनूप । दरशाये दु
धनहि और रहे जे भूप ॥ सबपांडवआदित्यसब सबयादव
मुदाय । सब देखे सबबिधि सजे यदुनायकके काय ॥ चौपाई
लखि स्वरूप सो नृप सबडरिकै । मूंदिरहेचष बिस्मयधरिकै
संजय बिदुर द्रोण अरु भीषम । देखत रहे रूपवह बीषम





भूपति दिव्य चषनसों देखे । तब प्रत्यक्ष लखिबो अवरेखे ॥
कहेनाथ लहिचष अतिपावन । देखो चहतरूप मनभावन ॥
यह सुनि प्रभु अनुकम्पा कीन्हें । धृतराष्ट्रहि अनुपम चषदी-
न्हें ॥ सो लखि सुरगण बिसमित ह्वैकै । प्रभुहिप्रणाम किये
बिधिज्वैकै ॥ फिरिपूर्बवत भये यदुनायक । भयो पूर्बवत भूपति
नायक ॥ तब प्रभुसात्वकिको कर गहिकै । उठिकै चले मोद
मों नहिकै ॥ उठिसबभूप चलेपहुँचावन । सुरथचढ़े माधवछ-
बिछावन ॥ सुरथचढ़े सात्वकि कृतबरमा । और सुभटसब पू-
रित परमा ॥ तब धृतराष्ट्र भूप इमि भाखे । प्रभुहम पापबुद्धि
नहिं राखे ॥ तुम परतक्ष सुनी ममबानी । नाहिं मान्यो दुर्योधन
मानी ॥ यहसुनिकहे कृष्ण जगस्वामी । तोसुतभावी बिधि अ-
नुगामी ॥ बिनुमति फिरे गहे हठऐसे । भूपहोइ वहहोनीकैसे ॥
इमिकहि तुरित बिदा ह्वै सानँद । कुन्तीके ढिगगे प्रभुनानद ॥
बन्दि पृथाकेचरण सोहाये । बिधिवत सबवृत्तान्तसुनाये ॥ जे-
हि बिधि समुझाये सबकोई । नाहिं मान्यो दुर्योधन सोई ॥ इमि
कहिगहे शोच मतिगाहौं । कहौ सँदेश कहनजो चाहौं ॥ यह
सुनि कही पृथाअनुमानी । कहहु युधिष्ठिर सों प्रभुज्ञानी ॥
क्षात्र धर्म्मको त्यागन करिकै । लहे दुसह दुखअटवी चरिकै ॥
दोहा ॥ क्षात्रधर्म्म त्यागन करबनाहिं भूपनकोकर्म्म । नृपकेसाधे
सधत है बर्ण आश्रमधर्म्म ॥ पूर्बभूप मुचुकुन्द सों कहे वैश्रवण
दक्ष । राजाचारो युगनको कारण नीति प्रतक्ष ॥ दण्डनीति
बर्द्धित किये भूपति चरत सधर्म्म । तौ सतयुग बरतित रहत
जगत करतसतकर्म्म ॥ तेहिबिधि त्रेता द्वापरो कलियुगप्रगट
लखात । भूपति जेहि बिधि चरतहै धर्म्म कर्म्म गहितात ॥
चौपाई ॥ नृपक्षत्री निजगुण परिहरिकै । जीवन उचित बिप्रब्रत
धरिकै ॥ यज्ञ दानकै रणमाधिमारिकै । क्षत्री लहत स्वर्गब्रत च-
रिकै ॥ यहगुण बिप्र वृत्तिकरि त्यागन । लेहि स्वअंश भूमि

अनुरागन ॥ सामदण्ड दानादिक करिकै । लेहिभूप निजगु
अनुसरिकै ॥ बिनशत पुण्यपापफल आवत । तबबढ़ि दु
दरिद्र सतावत ॥ यहि दुखते लरिमरिबो नीको । सहिदरिद्र
जीवन फीको ॥ यह इतिहास पुरातन सुनिये । उचित होइ
करिबो गुनिये ॥ बिदुलागत बिभूति अभिलाषी । जोनिजसु
भूपति सों भाषी ॥ संजय नाम तासुसुत राजा । सिन्धुनाथ
लरो ससाजा ॥ कटे संगके सुभट प्रमाथी । अगणितमरे तुर
अरु हाथी ॥ तहँ भूपति बलबिक्रम ज्वैकै । परो मोहबश व्या
कुल ह्वैकै ॥ तब बिदुला भाषी निजसुतसों । कत तजियुद्ध
भययुतसों ॥ अरिन्दन कहँ आनँद दीन्हें । सुयश पिता
लोपितकीन्हें ॥ क्षत्रिहि लरिमरिपरे भलाई । इमिमोहितकै
कदराई ॥ कततजि धीरज संडसमाना । परममोहवश भयो
याना ॥ भयतजिउठि धीरज धरि मनमें । अरिहि नाशकै त
तजु रणमें ॥ दोहा ॥ बिनामरेमहिभोगको गहततोषतजिरो
यह न उचित नृप पुत्रकहँ यहप्रसिद्ध अतिदोष ॥ दानखड्ग
द्या सुगुण करि नहिं होत प्रसिद्ध । जनमि बिनाहक करत
जननी जनकहि वृद्ध ॥ अपटु अरीभ्रू अमोज अरुभीरुअ
अधीर । नृपपतनीऐसोसुवन वृथाजनैसहिपीर ॥ सेवकगण
उचित है क्षमातोष हे तात । शत्रुन सों करिबो क्षमातोष दो
अधिकात ॥ ताते तजि सन्तोष सुत अमरष गहिकरु युद्ध ।
जीवतकै मरबहै क्षत्रिहि दूनोंशुद्ध ॥ जयकरी ॥ तो बालापन
ममपास । आइकह्यो ब्राह्मण मतिरास ॥ यह कछु दिनमें
गति पाय । फिरि अति वृद्धि लही सुखदाय ॥ सोगुणि बू
शंकतजि तात । लेहु युद्धकरि बिजय बिभात ॥ यहि प्रकार
अगणित बैन । सुनि बोलो भूपति लहिचैन ॥ नहिं अब म
संग योधा उद्ध । किमि हम करें शत्रुसों युद्ध ॥ सुनि बिदु
बोली अनखाय । शूर न हेरत संगसहाय ॥ तेजवान भूपति





ग । लरत सुभट जुरिआनि उमंग ॥ ताते शोच त्यागिलहि
चेत । करि उद्योग लरोजय हेत ॥ शोचबढ़ाये काजनशात ।
धीरजकरत काजअवदात ॥ जौनअवशि करिबेकोयोग । तहां
न शोचब उचितप्रयोग ॥ तुमकहँ करबयुद्ध मतठीक । जीतेमरे
उभय दिशि नीक ॥ यह क्षत्रिनको धर्म अनूप । क्षमातोषमति
आनौ भूप ॥ क्षमातोष गहि तजियह भूमि । कौनदशा लहि-
हो दिशि घूमि ॥ यह सुनि संजय नृप रिसि छाय । लरेशत्रुसों
रिसहाय ॥ पाय बिजय लहि राज्य महान । किये पूर्ववतभो-
विधान ॥ हे यदुपति ममपुत्रन पास । बिधिवत कहियो यह
इतिहास ॥ दोहा ॥ यहइतिहास सुनाइ कै कहेहु कृष्ण मतिमा-
न । भूमि लेहिं जेहि बिधि मिलै इहैधर्म नहिं आन ॥ इतनेमें
तहि थरभई नभबाणी अति शुद्ध । पृथा शोच तजु तो सुवन
हिलैहैं करि युद्ध ॥ चंचला ॥ जासुसंग बासुदेव प्रीतिसों सदा
बिभात । बिश्वनाथ बिश्वपाल बिश्वरूप बिश्वगात ॥ यातुधान
क कोटिकोसु जो करै बिनासु । शक्रतीनिलोक ईश होत पाय
कृपाजासु ॥ दोहा ॥ भीम पार्थसम जगतमें को योधा रणधीर ।
कृष्णचन्द्रकी कृपाते लेहैं बिजय गँभीर ॥ नभबाणी सुनिमुदित
ह्वै पृथा कही समुझाय । भीमपार्थसों कहेहु इमि ममसँदेश
पदुराय ॥ सोरठा ॥ द्रुपदसुताके केशगहि ल्याये जो सभामधि ।
सो दुख मिटै अशेश करै तौन नृप नीतिगुनि ॥ सुनि कुन्ती के
बैन आश्वासित करिकै सबिधि । केशव राजिव नैन बिदाभये
मंगल अयन ॥

इतिउद्योगपर्वणिदूतकर्म्मणिकुन्तीकृष्णसंबादोनामत्रयोविंशोध्यायः २३ ॥

बैशम्पायनउवाच ॥ हरिकुन्ती सों ह्वै बिदा रथचढ़ि ओजबढ़ा-
य । तेहि निजरथ पर करण कहँ सादर लये चढ़ाय ॥ दारुकि
सों हँकवाइ रथ चलि पुरबाहर आय । थिरि सुमंत्र करिकरण
सों बिदा किये सुखपाय ॥ जयकरी ॥ करणहि करिकै बिदासप्रे-

म । कृष्ण चले समुझत निजनेम ॥ उतै द्रोण भीषम अनत
य । दुर्योधन सों कहै बुझाय ॥ तात करो सम्मत अवदात
नातरु होन चहत उतपात ॥ क्षात्रबंशपर प्रलयमहान । होइ
जानौ इतो निदान ॥ तौ बिक्रम रबि होइहि अस्त । पाण्ड
लहिहैं भूमि समस्त ॥ मो मनमें नहिं संशय और । इतो शो
सो कहत सठौर ॥ प्राणसरिस पाण्डव प्रिय मोहि । तिन
लरन परी बिधि जोहि ॥ ताते शतधा सिखवत नीति । सम्म
करो प्रगट करि प्रीति ॥ यह सुनिकै दुर्योधन भूप । नहिं दी
उत्तर अनुरूप ॥ तब धृतराष्ट्र नृपति मति ऐन । संजयसोंइ
कहे सुबैन ॥ कहु संजय करणहिं लैजाय । कहे कहा माधवम
लाय ॥ सुनिबोले संजयमतिभौन । महाराजमणिसुनियेतौन
कहे करणसों कृष्णसुजान । करण बिदित तू अति मतिमान
बिधिवत सुने वेद वेदान्त । धर्म शास्त्रहौ सुने सुदान्त ॥ पा
नृपति के पुत्र सहोढ़ । हो तुम जाहिर क्षत्री प्रौढ़ ॥ भोबिवा
ते पीछे जौन । अरु पूर्बहु जोभो बलभौन ॥ होतसहोढ़ सुत
नो तात । है यह शास्त्र माहिं बिख्यात ॥ मात बिवाह जासुसँ
होय । पूर्बजहूको पितुहैसोय ॥ पाण्डुनृपति तो पितुआधार
तुमहौ पाण्डव भूभरतार ॥ दोहा ॥ हौतुम धर्म महीपके सोद
अग्रजभाय । मानि बचन ममसंग तुम चलो मोद सरसाय
सबपाण्डवते अनुजसम मिलिहैं तुम्हैं सप्रीति । बिप्रन स
अभिषेक करिकरिहैं नृपति सनीति ॥ चौपाई ॥ धौम्यहि आ
बिप्रसबचायक । सबयदुबंशी यदुकुलनायक ॥ हमअरुपांड
सहित बिबेका । बिधिवत करब राज्य अभिषेका ॥ तोशास
लहिजानि सुकाजू । करब युधिष्ठिर कहँयुवराजू ॥ सबपाञ्चा
ल सकलयदुबंशी । सबपांडव सुत सुभटप्रशंशी ॥ सब पांड
करिहैं तोसेवन । महाराज कैलसो सुभेवन ॥ उडुगण सह नि
शिपति छबि छाजत । तिमिबंधुनसह होहुबिराजत ॥ कुन्तिहि





देहु मोद अतिभारी । होहुबिदित भूपति नयचारी ॥ यहसुनि
कर्ण कह्यो अनुमानी । सांचकहत तुम केशव ज्ञानी ॥ है मम
जननी कुन्तीमाई । पांडव हैं ममसोदर भाई ॥ रबिप्रथममोहिं
यहमोहिं सुनाये । फिरि जिमिराधा केघरआये ॥ कुन्ती करि
दीन्हों ममत्यागन । सूतकियो पालन अनुरागन ॥ राधा मुत्र
पुरीष उठाई । पालो सुतकरि प्रीति बढ़ाई ॥ जातककर्म सूत
ममकीन्हों । बिप्रन भूरिदक्षिणादीन्हों ॥ सूतजमोहिं जगतसब
भाषत । तासुनत्याग बनत अभिलाषत ॥ तिनकोपिण्डभाग
कोछेदन । उचित न मोहिं लागि यहि भेदन ॥ उनकेनेह दाम
सों बन्धित । ममपरिवार होत नहिं सन्धित ॥ दोहा ॥ ताहूसों
अतिकठिनहै दूजोकारणतात । दुर्योधनके मित्रहम सबनृप ग-
णमें ख्यात ॥ करिअभिषेक सुअंगपति भूप मोहिं करिभूप ।
दुःशासनसों अधिकप्रिय मानत निजअनुरूप ॥ औरसुनोइक
बात यह होइहिसब जगमाहिं । अर्जुनसों डरि कर्णगो भूप यु-
धिष्ठिर पाहिं ॥ रोला ॥ मोहिं भीषम द्रोण कृपसों अधिकयोधा
जानि । पाण्डवनसों बैर कीन्हें मंत्र ममहित मानि ॥ लहो
अति ऐश्वर्यको सुख जासुसंग अथोर । भीष्मकोमत निदरि
जोहित मंत्र मानत मोर ॥ युद्धकरि जय लहनको अति मोर
जाहि भरोस । तजब ऐसी समय ताहि बिश्वासघात कुदोस ॥
होत सब अपराध सों बिश्वासघात गरिष्ट । परमधर्मी बिदित
हम किमि करैं सो गति इष्ट ॥ प्रथम धर्म महीप राजाभयोजो-
रिसमाज । तौन पद हम ग्रहणकै किमि करैं तेहि युवराज ॥ जासु
जविहित आपुयहि बिधि करत भेदउपाय । तासु जयमें कौन
संशय आपुजासु सहाय ॥ भीम अर्जुननकुल सात्वकि द्रुपद
अरुसहदेव । धृष्टद्युम्नबिराटअरु अभिमन्यु शंखसुभेव ॥ धृष्ट-
केतु महीप उतमौजा घटोत्कचबीर । चेकितानहिं आदि जाके
संग भूपतिभीर ॥ तासुजयमें कौन संशय सुनहु यदुकुलचन्द ।

आपु ज्ञाता सकल बिधि जो युद्धयज्ञअमन्द ॥ पार्थ होताधनु
श्रुवाधृत्त बिषपद बिक्रमतासु । अस्त्रशस्त्र सुमंत्र स्वाहा शब्द
उच्चरनिआसु ॥ भीमअरु अभिमन्यु आदिकबीर ऋत्विजप
युद्धयज्ञ अनूप ताको करनहार सुकर्म ॥ कटे धनुध्वज अंगर
के पाणि पग शिर गात । सामिधरण महि कुण्ड शायकअगिनि
यत्र बिभात ॥ बिजय अद्भुत पुण्यलेहै बिदितधर्मनरेश । क
के ये बचनसुनिकै कहे कृष्ण सुभेश ॥ राज्य तुमकहँ देतहमनी
लेत तुमप्रण धारि । अवश्य पारथ बिजयलेहै शत्रुसेनामारि
कृष्णके सुनि बचनबोलो करणधीरधुरीन । कृष्णभाषतआपुजे
सो सांच सुबचनपीन ॥ लखत हम दुःस्वप्न अगणित अप
कुन अधिकार । महाभीषम युद्ध ह्वैकै भटनको संहार ॥ होतसू
चित पाण्डवनको बिजय परम अनूप । हारिइतकी प्रगटजानि
जात भीषम रूप ॥ दोहा ॥ पितावृद्ध गुरु पितामह अरु तोब
चन अमन्द । नहिं मान्यो यहहारिको लक्षणदायकदन्द ॥ अ
स्तिनिश्चय पर बैठिकै सुवरण भाजन राखि । पायस घृतभोज
न करत धर्म बिजय अभिलाखि ॥ भीमगदा गति शैलपरचढ़ि
गरजत जयहेत । शुभ्रसौधपरचढ़ि लसत भूपति धर्मनिकेत
श्वेत द्विरद आरूढ़ ह्वै तुमसहअर्जुनबीर । टङ्कारत गाण्डीव
धनुहरत भटनको धीर ॥ नकुल बीरसहदेव अरु सात्वकि दि
व्य स्वरूप । बरबाहनबर भटनसह बिरचत समुद अनूप ।
भीष्म द्रोण बाह्लीक हम ऊटन चढ़े अचाय । दक्षिण दिशि
कहँ जातहैं महामलिनता छाय ॥ सोरठा ॥ केशवयहि बिधि जो
हि सब निशिमें अगणित सपन । प्रगटपरत लखि मोहि हानि
सुयोधन नृपतिकी ॥ चौपाई ॥ पै यह जानि परतहै आरज । बि
धि निरमें कछु अनरथ कारज ॥ जाते हित उपदेश न भावत
यदपिवृद्ध बहुभांतिबुझावत ॥ हमैंभूपकेमनकीकरिकै । उत्रि
होब उचित रणचरिकै ॥ लखबमरब अति धरम सोहायो । 





क्षत्रिनके सब युगगायो ॥ भीष्मद्रोणको अरु मम मरिबो । जा-
नो महा प्रलय दिन परिबो ॥ करता कीन्हें निरमित जोई । मि-
टीन मेटे होइहि सोई ॥ इमि कहिकै ह्वै बिदा सचावन । रथचढ़ि
चलोकरण छबिछावन ॥ हमइतचले उतैप्रभुज्ञानी । बिदुरगये
जहँ कुन्तीरानी ॥ कुन्तीबचन बिदुरकेसुनिकै । शोचिकरणको
बिक्रमगुनिकै ॥ गईकरणकेढिगबरज्ञानी । करणबान्दिपगकह्यो
सुबानी ॥ आगमहेतु कहो ब्रतधारिणि । तबइमि कही पुत्रहित
चारिणि ॥ तुम मम सुत नहिं राधासुतहौ । सुत तुम यहवृत्तांत
अश्रुतहौ ॥ कुन्ति भोज भूपतिके घरमें । सुतसुनु ममकन्यापन
वरमें ॥ रबिसों भयो समागम मोसों । तबतुम भये कहत साँति
तोसों ॥ कुण्डल कवच धरे अभिरामा । प्रगटभये तुमबर बल
धामा ॥ धर्मभूप तुम सोदर भाई । प्रीति करोहठ बैर बिहाई ॥
दोहा ॥ तुमहौ जेठे नृपति ह्वै धर्महि करि युवराज । बन्धुनसों
सेवितलहौ अति आनँद सहसाज ॥ तुमअरुअर्जुन एकह्वैग-
हिहौभायसुप्रेम । तबकुरुपतिसम्मतिकरी तजिअधर्मकोनेम ॥
क्षत्रबंशको नाश बिधि लगोजाय मिटि तौन । पाण्डव होहुप्र-
सिद्ध तुम तजिसूतजपद जौन ॥ सुन्दरी ॥ सूरजके वरमण्डलते
तहँ । ई धुनि आनि परी सुनि हे जहँ ॥ हे सुत जो तुवमातुसि-
खावति । सोदुखदायक नीतिनशावति ॥ जानिभलो हमहूंयह
भाषत । सम्मतआनँददैदुखनाशत ॥ हैयहसीखमहासुखदायक ।
अवशि करो नहिं टारन लायक ॥ दोहा ॥ जनकजननिके बचन
सुनि कह्यो करण मतिधीर । सुनु जननी सुख राज्यहित धर्मन
तजतसुबीर ॥ मंत्री भाई भट सखा करि पाल्यो नृपमोहि । ता-
हित जब ऐसी समय परत महाअघजोहि ॥ मम बिक्रमबोहित
महा नृपताके आधार । पाण्डवसेनाउदधिके जानचहतहैंपार ॥
ताहितजेकीरति नशतहोत महाअपराध । तजिरणको प्रणमंत्र
यहहमनकरब अवराध ॥ पैतोहियगत शंकगुणिकहतइतोसति

बैन । चारिसुवनतोनाहिंबधब्रतजिअर्जुनबलऐन ॥ पारथभटके
बधनको हमप्रणकीन्हेपूर्ब । सोहमकहिकैतोहिंहमबधबयुद्धकी
गूर्ब ॥ तेरेपांचौ पुत्रते रहिहैंजानुयथार्थ । पार्थनहींतौ कर्णअरु
कर्णनहीं तौपार्थ ॥ महिखरी ॥ सुनिकरणकेयेबचन कुन्तीसमुझि
कछुक्षण चुपरही । रणसमय लहिमाति भूलिजायहु बचन यह
फिरि इमिकही ॥ गुणिप्रबल भावी मिटतनाहिं प्रियबचनकहि
निजघरगई । कुरुबंशकोगुणि नाशमनमें शोचि अतिचिन्तित
भई ॥ दोहा ॥ नीरद रुचि नीरज नयन राम कृष्ण कहँध्याय ।
धर्मभूपको धर्मगुणि रहीधीर सरसाय ॥

इतिश्रीमहाभारतदर्पणेउद्योगपर्बणिभगवद्दूतेचतुर्बिंशोऽध्यायः २४ ॥

बैशम्पायनउवाच ॥ दोहा ॥ हास्तिनपुरते कृष्णप्रभु आययुधिष्ठि
पास । यथायोग मिलि बैठि तहँ कीन्ही सभाप्रकास ॥ तहँकी
बिधिवत बार्त्ता कहि उतके बिरतांत । जातभये निजसदन प्रति
श्रीप्रभुयदुपतिदांत ॥ कछु क्षणमें बरखास्तकरि सभा युधिष्ठि
भूप । बन्धुनसह तहँजातभे जहँप्रभुकृष्णअनूप ॥ तहांयुधिष्ठि
भूप सौं कहे कृष्णप्रभु तौन । आपु सुयोधन नृपति सों कहीबा
र्त्ता जौन ॥ भीष्म द्रोण संजय बिदुर कृप गांधारी भूप । समु
झाये तिमि तौन सब कहे श्यामघनरूप ॥ फिरि प्रभु बिधिवत
कहे जो कुन्ती कही सँदेश । भई बार्त्ता करणसों सोनाहिं कर
बिशेश ॥ पृथक पृथक सब बार्त्ता कहि यदुनायक दक्ष । कौ
चले हम वहांते तब यह लखे प्रतक्ष ॥ दुर्योधन उठि सभा
अति राते करि नैन । कुरुक्षेत्रदल चलनको शासन दर्पसचैन
जयकरी ॥ बहुप्रकार समुझाय सनेम । जब सबथके चाहि त
क्षेम ॥ हम इमिकहे भूप हितलेहु । पांचग्राम इत उनकहँदेहु
आविस्थल सुवृकस्थल तौन । मार्कंदी है शुभथल जौन ॥ औ
र बारणावत अभिराम । और एक जो चहो ललाम ॥ एकए
भ्रातन प्रति एक । देहु ग्राम तुम सहित बिबेक ॥ बाकीऔ




भूमिको भोग । करो मेटिकै युद्धकुरोग ॥ सोऊ नाहिं मान्योमति-
मन्द । कहतभयो गाहि गरबअमन्द ॥ सुईअग्रभरिभूमिन देब ।
घोरयुद्ध करि बधि जयलेब ॥ यहसुनि गुणिभावी बलवान । हम
इतआये सुनो सुजान ॥ अब सबबन्धु समुझि यह तंत्र । करो
बिचारि उचित जोमंत्र ॥ यहसुनि धर्ममहीप बिचारि । बोले
बन्धुन ओर निहारि ॥ सुनोउतैको सबवृत्तांत । अब करतव्य
करो सोदान्त ॥ यहसुनिबोले बन्धु समस्त । ममदलके सब
सुभट प्रशस्त ॥ रणकरि लेब बिजय अवदात । संगर करब
मंत्र अवदात ॥ भीष्म द्रोण कृप करणसमान । ममदलमेंबहु
भट बलवान ॥ सेनापति करि सुभट उदण्ड । करौयुद्ध गहि
असिको दण्ड ॥ दोहा ॥ तब माधवसों कहतभो धर्ममहीपबि-
चारि । आपुकहोकेहि सैनपतिकरैंयुद्ध प्रणधारि ॥ श्रीकृष्णउवाच ॥
कृष्णकहैतो सैनके हैंसबभटजगजैन । रुचैताहि सेनाधिपति
करो शोच कछुहैन ॥ बिदित अयोनिज दिव्यभट धृष्टद्युम्न
क्षितिपाल । ताहिकरो सेनाधिपति मोहिं रुचत क्षितिपाल ॥
चौपाई ॥ कृष्णचन्द्रकेबचनसुहाये । सुनिसबपांडव अतिसुखपाये ॥
सबनृप सुभट मोद हियसाने । युद्धहेतु अतिशय उमदाने ॥
धर्मनृपति तब सेन सजनको । दियेनिदेश निशान बजनको ॥
द्रुपद बिराट आदि सबराजा । दलसाजे बजवाय सुबाजा ॥
सातअक्षौहिणि सेना सजिकै । धर्ममहीप शक्रसम रचिकै ॥
हयगज धेनु हेममणिपावन । बिप्रनपूजि दानदै चावन ॥ गु-
णतईश महिमा मनभावन । सुनतशुभद स्वस्त्ययन सुभावन ॥
कुरुक्षेत्र गे ओजबढ़ावत । धूरधार सब दिशिमें छावत ॥ बि-
षज औषधी बूटी लीन्हें । सहसन संगचले हित चीन्हें ॥ ज्यो-
तिष मंत्र तत्त्वकेज्ञाता । सहसनसंग लये महित्राता ॥ शकट
असंख्यन आयुधलादे । लये चले भटभृत्य प्रमादे ॥ चले
असंख्यन शिलपी चातुर । सौज समाजन सहित अनातुर ॥

यहिबिधिकुरुक्षेत्र मधिजाई । कियेनिवास सुथल ठहराई ॥ ज
नमेजय भूपति यह सुनिकै । ब्यास शिष्यसों बूझै गुनिकै ॥
जबप्रभु हास्तिनपुरसों आये । तब कुरुपति किमिसैनसजाये ॥
सोसुनि बैशम्पायन आरज । कहतभये कुरुपतिकेकारज ॥ दोहा
आये हास्तिन नगरते कृष्ण धर्म नृपपास । तब दुर्योधन भू
करि शिथिल जीतिकीआस ॥ करण दुशासनशकुनिसों कहत
भयो समुझाय । पाण्डवको कारजबिना किये गयो यदुराय ॥
रोला ॥ कृष्ण सोई मंत्रकरिहैं होइजाते युद्ध । युद्धकरि जयलेन
को हम गहें गौरव शुद्ध ॥ साजिसंगी सैन सादर दुन्दुभी
बजवाय । कुरुक्षेत्र सुक्षेत्रमधि चलि लरोओज बढ़ाय ॥ शस्त्र
शिलपी भिषज मंत्री गणिकके समुदाय । चलैं सेनासंग ब्राह्म
ण कुशल आनँद छाय ॥ नृपतिको सुनि सरस शासन नृपति
योधाभूरि । साजि निज निज सैन गरबित चले आनँद पूरि ॥
उदधिसम बढ़ि नांघि बेला मध्यमहिं कुरुसैन । भई निवसत
जाइकै कुरुक्षेत्र मध्य सचैन ॥ नृपनकी करि सभा दोउ भू
रैनि बिताय । भोर बिलसत भये बिधिवत सैनसौंज सचाय ।
एकदश अक्षौहिणी कुरुनाथ नृपके संग । धर्मनृपके साथसात
अक्षौहिणी सउमंग ॥ भूप दुर्योधनकियोतहँ पृथक् सेनाधीश
द्रोण करणहिं जयद्रथ अरु शल्यजो अवनीश ॥ द्रोण सुतहि
सुदक्षिणहि अरु भूरिश्रवहि बिचारि । शकुनि अरु बाह्लीक कृ
तवरमहि सुबीर निहारि ॥ पृथक् सेनाधीश करिकै सौंपि रा
को भार । बिनय पूर्वक भीष्मसों इमि कह्यो भूभरतार ॥ युद्ध
हित सब बरणमें हैं श्रेष्ठक्षत्री बीर । आपुक्षत्री मुकुटमणि हैं
जगतजित रणधीर ॥ तेज मतमें सूरजैसो बिहँगमें खगराज
धनद यक्षनमें यथा जिमि मेरुगिरि शिरताज ॥ तथातुम क्षत्रि
यन में हौ बिदित धीरधुरीन । सैनपति ह्वै युद्ध करिकै लेहु ज
यशपीन ॥ स्वामिकार्त्तिक सैनपति ह्वै बिजय शक्रहि देत । तथ





मम सैनेश ह्वै तुमलेहु जय यशहेत ॥ भूपके सुनि बचन भीषम
कहे बचन सनीति । यथातुममम तथापाण्डव उभयमाधि सम
प्रीति ॥ सबिधि तुमहिं बुझाय हारे नहीं मानेनेक । सैनपति ह्वै
गहब अबतौ बिजयहित रणटेक ॥ दोहा ॥ नाहिं मम सम पर-
सैनमें है कोऊ भट और । पारथमोसों अधिक है बिदित सुभट
शिरमौर ॥ एकप्रतिज्ञा करत हम सुनो तौन क्षितिपाल । दश
हजार भटरोज हम बधब बिरचि शरजाल ॥ सोरठा ॥ साफ क-
हत हेभूप बधि न सकब हम पाण्डवन । करिकै युद्ध अनूप
करण बधैकै और भट ॥ चौपाई ॥ ऐसे बचन भीष्मके सुनिकै ।
करणबीर इमिबोलो गुनिकै ॥ जीयत भीषम धनुधर जौलों ।
भूपति हम न करब रणतौलों ॥ भीषमके बधपर धनु गहिकै ।
लरब फाल्गुनसों थिरु कहिकै ॥ तदनन्तर दुर्योधन राजा ।
द्विजन सहितसह नृपति समाजा ॥ सेनानायकको अभिषेका ।
भीष्महिं कीन्हें सहित बिवेका ॥ सेनापति ह्वै भीषमराजे । अ-
गणित शंख दुन्दुभी बाजे ॥ तबजनमेजय भूपति भाषे । तब
नृपधर्म कहा अभिलाषे ॥ यह सुनि बोले बैशम्पायन । सुनि
अभिषेक धर्म नृपचायन ॥ कृष्णचन्द्रसों कही सुबानी । भीष्म-
हिं भूप कियो सेनानी ॥ अब निज दलकी रचनाकीजै । पृथक
सैन नेताकरि दीजै ॥ यहसुनि कृष्णकहे सति भाषत । करौ बि-
भाग यथा अभिलाषत ॥ धर्म भूप तब द्रुपद बिराटहि । धृष्ट-
द्युम्न सात्यकिभटठाटहि ॥ धृष्टकेतु क्षितिपाल सुभेवहि । जरा-
सन्धके सुत सहदेवहि ॥ सुभट शिखण्डी अरिदलजेता । कीन्हें
साथ पृथक् दलनेता ॥ धृष्टद्युम्न जोभट दृढ़घायक । कीन्हेंता-
हिसकल दलनायक ॥ सब नृपतिनको सम्मतलीन्हे । सबको
अधिप पारथहि कीन्हे ॥ दोहा ॥ कीन्हें अर्जुन सुभटको शीक्ष
करतनेतार । यदुनाथहि जो विदित प्रभु असुरसैन जेतार ॥
इतने में आये तहां सूत सहित बलराम । गयेप्रद्युम्न अक्रूर

अरु ऊधो आदि अक्षाम ॥ संयुता ॥ यदुनाथ रामहिं देखिकै
उठि मोदसों हियभेखिकै ॥ अतिनेह ऊपर खोलिकै ।सुखदान
बाणिहिं बोलिकै ॥ दोहा ॥ लपटि प्रेमसों मिले फिरि मिलधर्म
क्षितिपाल । सब पाण्डव सब नृपमिले मिलेद्रुपद पाञ्चाल ।
यथाउचित सबसोंमिले सबकोऊ करिप्रेम । नृपतियुधिष्ठिरपाणि
गहि बैठाये गुणिक्षेम ॥ चौपाई ॥ तब हलधर माधवसों भाष्यो
काल जगतको क्षय अभिलाष्यो ॥ ह्वै है घोरयुद्ध अतिभारी
मरि हैं सब क्षत्री धनुधारी ॥ तुम चाहत पाण्डवन जितावन
पाण्डवके हैं जय मनभावन ॥ अबहीं नाहिं चेतत मति बिगरे
लरि मरि हैं धृतराष्ट्रज सिगरे ॥ मम सम्बन्धी एऊ वोऊ । मो
कहँ समप्रिय भूपति दोऊ ॥ गदायुद्धके शिष्य हमारे । भीम
सुयोधन परम पियारे ॥ ताते इन रहि अनरथ ऐसो । हम न
लखब यह कर्म अनैसो ॥ तीर्थ यात्रा कहँ यहि कारन । आतु
जातहम और बिचारन ॥ इमि कहिकै ह्वैबिदा बिचक्षण । तीर्थ
करनगे राम सुलक्षण ॥ जब अभिराम राम प्रभु आरज । गये
बिदाह्वै तीरथकारज ॥ तबतहँ प्रबलसैन सहआयो । रुक्म
भूपको सुतभट गायो ॥ ताकहँ देखि युधिष्ठिरराजा । पूजियथा
बिधि सहित समाजा ॥ सादर यथा उचित बैठाये । कुशल प्र
श्नबूझे मनभाये ॥ कुशलप्रश्न कहि नृपबलवाना । कहत
भयो पूरित अभिमाना ॥ तुमपर भीर खबर हम पाये । करन
सहाय सैनसह आये ॥ नृपति मोहिं लहि सबल सहाई । युद्ध
करो सब शोच बिहाई ॥ दोहा ॥ यह सुनि अमरष सहित
ह्यो पारथ धीर धुरीन । हमैं शंकहै कौनकी शंकगहतहैं दीन
हम जार्‌यो खाण्डीवबन जीति सुरेशहि यत्र । गन्धर्नब जीत्यो
न हम चहो सहाई तत्र ॥ हम निवात कवचिन बध्यो साहि
सहस भटयत्र । लरिजीते सब कुरुननहिं चहे सहाई तत्र ।
सब जगजीतन योग्य हम चाहत नहीं सहाय । चहौ रहौयहि





औरकै उतै जाहु अनखाय ॥ यह सुनिकै सुत रुक्मको उठि
चलिसैन समेत । दुर्योधन क्षितिपाल पहँ गोबल गर्व निकेत ॥
चौपाई ॥ पूजिताहि दुर्योधनराजा । कियो निवासित सहितसमा-
जा । सुनि बोले जनमजय चायक । तबका कीन्हें कुरुकुल ना-
यक ॥ यहसुनि भाष मुनिवर आरज । तब कुरुपति जो कीन्हें
कारज ॥ शकुनि जयद्रथ करण दुशासन । सहितमंत्र करिनृप
कुलनाशन ॥ नामउलूक शकुनिकोभाई । तासों बोलो गर्वबढ़ा-
ई ॥ धर्म भूप सों कहो सँदेशो । युद्धकरै अब त्यागि अँदेशो ॥
कहेहु युधिष्ठिर सों समुझाई । अबमति डर आनै कदराई ॥ हारि
महीधन चाहत सोई । ऐसो अधरम करत न कोई ॥ ऊपर
अति सुधरम दरशावत । हिय अधरमको पुंजबसावत ॥ तथा
बिलार भगतबानि आछे । खायो मूसनको गणपाछे ॥ सो व्रत
तुम प्रथमहिसों लीन्हें । धर्मबचन कहिअधरम कीन्हें ॥ ताते
बढ़िमम संमुख लरिकै । पातकनाशौ रणमधि मरिकै ॥ ममबिक्रम
गुणिकै भयपागे । पांचग्राम केशव मुख मांगे ॥ बिनायुद्धसूची
मुख धरनी । देबन हम हम जाहिर परनी ॥ इमि जेठे पांडव
सों कहिकै । कहेहु भीमसों धीरजगहिकै ॥ बहुलखाब क्षत्रीगुण
नाहीं । नहिंअति गरबगहै मनमाहीं ॥ दोहा ॥ खायमोटाने मत्स्य
पति के घर पाक बनाय । करीप्रतिज्ञा तौन करि सकै करै तौ
आय ॥ कहेहु कृष्णसों करि सकै पांडवको हित जौन । समय
पाय निज शक्यभरि करै आय अब तौन ॥ इन्द्रजाल सिखि
बिबिध बिधि रूप लखावत जौन । तासों नहिं कारजसधत
हम न गुणत कछु तौन ॥ कहेहु नकुलसहदेवसे जो कछु बिक्रम
होय । समुझितरुणिको कचग्रहण आइकरैं अबसोय ॥ सात्व-
कि द्रुपद बिराट अरु धृष्टद्युम्न उतजौन । श्वेतशिखंडीसोंकहे-
हु तुम्हें गुणतभट कौन ॥ परहित लगि तन त्यागिबो भलो
मंत्र ठहराय । तुम आये तौ युद्धकरि शीघ्र मरो अब आय ॥

तोटक॥ इमि पारथ सों कहियो मनदै। शरलाघवमेंपणमें मनदै
नहिं शंकहमैं लखिकूरपता । तुम युद्धकरो गहिपूरपता ॥ अ
संडपनो अपनो तजिकै । अनुमानि गलानि गहो लजिकै
महि चाहत तौ चढ़िकै लरिकै । सहबन्धुन लेहु महीमरिकै
तोमर ॥ ममसैन सिन्धुअथाह। भटभीष्म जासुप्रवाह ॥ भटद्रो
बेगअमन्द । कृप मौर दायक दन्द ॥ नृपशल्य सूतजकूल
भगदत्त घोष अतूल ॥ कांबोज नृप बड़वागि । अरिबारिदाह
क लागि ॥ मम बंधुझष समुदाय । जेतजत नहिं अरिकाय
सब शकुनि आदिक भूप। अति ग्राह भीषमरूप॥ भटजयद्र
बरजोर । है दुसह मारुतघोर ॥ सकम्लेच्छ आदिक सर्ब।
लहरि पूरितगर्ब ॥ दोहा ॥वृहस्थलौ बड़वागिमुख सोमदत्तस
पुत्र । तिमिर तिमिङ्गल सरिसहैं गहे शत्रु बधसुत्र ॥ यहिम
सेना सिंधुमधि परिमति त्यागो प्रान । राज्य न मांगे मिलत
बिना भाग्य परमान ॥ संजयउवाच ॥ मानि निदेश उलूकगोज
नृप धर्म निकेत। भूपति आदर करि कहे कहो आगमन हेत
चौपाई ॥तबउलूक भट त्यागिअँदेशा। दुर्योधन कोकहो सँदेश
पृथक् पृथक् सब भाष्यो सबसों। बीरधीर चातुरता फबसों
सो सुनि भीम आर्जुन आदिक। उतके सिगरे सुभट प्रमादि
क॥ क्रोधानल सों भरि भरि इक्षन। भटउलूककहँ किये नि
क्षन॥ तब माधव उलूकसों भाषे। होइहिसो बिधि जो अभि
लाषे ॥ जाहु सुयोधनके ढिगसादर । करिहैं युद्धन इतको
कादर॥इतनेमें उठिभीम अमाना। गहिउलूकको करबलवाना
कहे कहो उनसों समुझाई। नहिं जानत ममबल प्रभुताई॥
उनके सेनामधि धासिकै। गदाप्रहारि रुद्रसम लसिकै॥ स
बन्धुन बधियमपुर देहौं। प्रणपूरण करि जययशलेहौं॥ मैंयो
जगमें बिदित बली हौं। बधिदुशासनहिं शोणितपीहौं॥ बी
बधि घने भटन बलओकन। शीघ्रपठैहौं ऊरधलोकन॥ दुर्यो





धन मूरुखसम बोलत। नहिं मम बलअरु निजबल तोलत॥
कृष्णउभय दिशिको हितगुनिकै। कहो न मान्योसो शठसुनिकै॥
लरिकै गिरि गुरु गदाके घातन। सुधि करिहै केशवके बातन॥
हम प्रण कियो सभामधिजेतो। रणकरि सांचकरब अबतेतो॥
दोहा ॥तब उलूकसों कहतभो बिदितबीर सहदेव। पापपुरुषको
बचनइमि कहत भूलिममभेव ॥ जो दुर्योधन होतनहिं धृत-
राष्ट्रकको पूत। तौ कुरुकुल में होतनहिं नाशकभेद अकूत ॥
मैं ताके परिवारको करिहौं नाशससैन। यहकहि कहे उलूक
सों पारथ बिक्रमऐन ॥ चौपाई ॥ मोह बातबशह्वै दुर्योधन।
बोलतकुत्सित बचन अबोधन॥ धनुगांडीव करषि बरभाको।
कालिहदेबहमउत्तर याको॥ यहसुनि कह्यो धर्म क्षितिपालक।
दुर्योधन शठभो कुलघालक ॥ क्रोध लोभबश अनरथ ठान-
त। वृद्धगुरुनको बचन न मानत ॥ कहेहु बुझाइ तजैकुटि-
लाई। परबलरारि करब लघुताई ॥ भीषम द्रोण आदि जे
आरज। मान्यहमैं करता हितकारज॥ तिनके बल रणकरिबो
चाहत। कुरुकुल सौध बिनाकै ढाहत॥ आपु दुसह बिक्रम
न रीतो। चहत सहाइनके बलजीतो ॥ बिनु भुजबल ज-
सपावतकोऊ । जानतभीष्म अचारय होऊ॥ जोकछु निज
भुजमें बलराखत। जासुभरोसे यहिबिधि भाखत॥ तौममभा-
य जिते धनुधारी। तिन्हैंबिना बढ़िलरैप्रचारी॥ तिनकोबचन
उलंघन करिकै। तिन्हैंबधावन चाहतलरिकै॥ हैयह कुत्सित
जनकी करणी। इमिहठगहत न सुबुधि सुवरणी ॥ यह सुनि
कहे कृष्णअनखाई। ममसँदेश इमिकहेहुबुझाई॥ तुमजानत
केशव नहिंलरिहैं। सारथि प्रणकरि काममकरिहैं॥ हमक्रोधा-
नल जालपसारब। तृणबन समतौ सेनाजारब॥ दोहा॥ जौन
करणको प्रणकियो पारथ भीमअमान। निजभुजबलसों तौन
सब करिहैं करिघमसान॥ अर्जुनफिरि इमिकहतभे गुणत सुयो-

धनयेह । नहिंमारैंगे भीष्महि पांडवमानिसुनेह ॥ सोहमपहि
भीष्मकहँमारिभूमि परडारि।तबकरणादिकभटनकहँ बधबजी
प्रणधारि ॥ भीष्मद्रोण करणादि अरु सबबन्धुनकोनाश।ल
सुयोधन मूढ़तब तजीजीतिकीआश ॥ जो रणकोउत्साह तौभी
सैन सजिआय।सजीसैन ममदेखिहै शीघ्रकहायहजाय॥ भीम
बाच ॥ कबित ॥ भीमसेन कहे धीममति दुर्योधनसों कहियोअधी
बाणी डौर मेरेप्रनको । भीष्म द्रोण करण औ शल्य भगद
आदि मत्तभट होहिंगे अहार गीधगनको ॥ कुमती कुधन्ध
मदान्ध सब तेरे बन्धु तिनको बधब मोहिं काम एक क्षनको
भूमिपै पछारि मारि फारि छाती शरदासी शोणित पिऔं
मैं दुशासनके तनको ॥ सोरठा ॥ मारिभूमिपर डारि पदधरि
तौ शीशपर । सो नृपधर्म निहारि सुखलहि मोहिं प्रशंसिहैं
कह्यो नकुल मतिमान जाय सुयोधनसों कहो । पारथ भी
अमान कहत तौन करिहैं अवशि ॥ छप्पै ॥ तब क्षितिनाथबि
राट शिखण्डी द्रुपद महीपति । धृष्टकेतु सहदेव सुभट साल
कि गहि भटगति ॥ धृष्टद्युम्न सैनेश प्रगट करि क्रोध दुस
अति । भरेबीररस बचन कहे याहीबिधि रणरति ॥ तबनृप
युधिष्ठिर इमि कहे हम कुलरक्षण हेतगुनि । प्रभु कृष्णहिंभे
सामहित मूढ़ न मान्यो तौनसुनि ॥ दोहा ॥ पांचग्राम मां
सबिधि सो नदयो मतिखर्ब । युद्धचहतहौ युद्धकरि हरब ता
बलगर्ब ॥ मछिखरी ॥ तुमजाय सादर कहोतासों जौन इतउत
सुने । वै जौन सम्मत चहत तौहममारि महिलीबो गुने ॥
सुनिउलूक महीपमणिसों बिदाह्वै नृपपहँगयो । इतसुनेउ
जौन बिधिवत तौन नृपसों कहिदयो ॥ दोहा ॥ दुर्योधन क्षिति
पाल मणि सुनि सँदेश उतकर्ष । सभामध्य राजत भयो पूरि
महा अमर्ष ॥

इतिमहाभारतदर्पणेउद्योगपर्बणिउलूकदूतगमनोनामपंचबिंशोऽध्यायः





बैशम्पायनउबाच ॥ दोहा ॥ यह उलूकके दूतपन की बार्त्ता सुनि
भूप। संजयसों धृतराष्ट्र नृप बोले बचन अनूप॥ सुनि भीमा-
दिक भटनकी दुसह प्रतिज्ञापीन । कहाकह्यो भीषम सुभट के-
हुसो बचन नवीन ॥ संजयउबाच ॥ जयकरी ॥ भीषम सेनापति बल
ऐन। तहँ भूपति सों कहे सुबैन ॥ कार्त्तिकेय के पद जलजात।
ध्याय कहत सुबचन अवदात ॥ सेना कर्म ब्यूहबिधि जौन।
सुरगुरु सम हम जानत तौन ॥ बिबिध भांतिके ब्यूह बनाय।
बिधिवत युद्धकरब शरछाय ॥ यथाशक्ति रक्षब तौ सैन। युद्ध
करौं कछु संशय हैन ॥ यह सुनिकै दुर्योधन भूप । कहत भयो
र बचन अनूप ॥ आपु सैनपति भये बिभात । मोहिं कौन
संशय अब तात ॥ अब हम सुनोचहतहैं तौन । रथी अतिर-
थी इतउत जौन ॥ यहसुनि भीषमकहे बिचारि । भूपति तौन
सुनो निरधारि ॥ कृतबरमा अरु शल्य नरेश । भूरिश्रवाजयद्र-
थ बेश ॥ सोमदत्त बाह्लीक उदार। कृपाचार्य्य अतिरथी
अपार ॥ द्रोण द्रोण सुत बिदित सुबीर । महारथी हैं अति
रणधीर ॥ असुर अलम्बुष अति बलवान। महारथीहै बिदित
अमान ॥ निजमुख निज बिक्रम को गौर । हम न सकतकहि
सुननृपमौर ॥ अबसुनुजे पूरित गुणसर्ब । हैं तौ दलमें रथीअ-
खर्ब॥ तुमसबसोदर रथीमहान । परदल जेतासहितबिधान ॥
दोहा ॥ नील सुदक्षिण बिन्दनृप अरु अनुबिन्द नरेश । पांचौ
बन्धु त्रिगर्त्त ये रथी भयानक भेश ॥ लक्ष्मण कुंवर उदार
अरु दुःशासनको पुत्र । दण्डधार नृप है रथी गहे जीतिको
सुत्र ॥ शकुनि वृहद्बलभूप अरु सत्यश्रवा नरनाह । अचल
वृषकजलसन्ध ये सुरथी तौ दलमाह ॥ इन्हैं आदि बहुसुभट
हैं रथी सुनो क्षितिपाल । वृषसेनौ भगदत्त ये हैं अतिरथी बि-
शाल ॥ मित्र तिहारो जासुतुम राखत महा भरोस । सोसूतज
है अधरथी लहे शाप अतिदोस ॥ रोला ॥ भीष्म के सुनिबचन

सूतज कह्यो रिस बिस्तारि । भीष्म नाहक मोहिं बेधत वच
अस्त्रन मारि ॥ सर्बथा हम चहतहैं कुरुनाथको हित पर्म । आ
पु ताते मोहिंनिन्दत जानि कुत्सित कर्म ॥ आपुको मत मा
हम नहिं करबनिज प्रणभंग । त्यागिकै दुर्योधनहि नहिंगह
उनको संग ॥ यथा तुम कुरुनाथ के घरखात सब परकार ।
हत हित पांडवनको यह महा अनुचित चार ॥ जराग्रस्तप्र
स्त भट नहिं होत जैसो आप । युद्धमें नहिं वृद्धजनको कर
कोऊ थाप ॥ बिक्रमी अरु तरुणक्षत्री बिप्र तपकृत श्रेष्ठ । वै
श्यजो धनमान सो बरशूद्र बयक्रम ज्येष्ठ ॥ भूप सेनाधीशतु
कहँकियो तौन कुमंत्र । चहत तुम जय पाण्डवनको प्रगट है
तंत्र ॥ युद्धकरि जय लहतभटयश लहतहैं सैनेश । युद्धकरिजि
लेब हम तुम सुयश लेहौ बेश ॥ सुनो तात जियत तुम्हे
करब नहिं हम युद्ध । मरोगे तुम तदनु लरि हम लेबजय श
शुद्ध ॥ भीष्म यह सुनि कहे तू निज योग्यबोलत बैन । चहत
कुरुबंश को क्षयमूढ़ तू अघऐन ॥ तोहिं असपरघमंड तौ
युद्धकरु मनमान । खरो रहि हम लखबतेरो युद्धबिक्रमठान
भीष्म के ये बचनसुनि धृतराष्ट्रको सुत भूप । कह्यो आपु
क्रोधकीजै आपु सुभट अनूप ॥ आपु सूतज एक मत है का
बिक्रम तौन । लहैं जाते बिजय हम मिटि जाय संशय जौन
कहो अब परसैन के जे रथी अतिरथबीर । भीष्म तब इमि
भूपति सुनो सो धरि धीर ॥ प्रथम सुनिये रथीजे परसैनमेंबल
वान । धर्म्म भूपति परमसुरथी शत्रु जीति अमान ॥ आठगु
थी सदृशहै भटभीमसेन उदण्ड । ताहि समनहिं उभय दल
ओर भट अति चण्ड ॥ दोहा ॥ माद्रीके सुत प्रबलभट हैं सु
थी बलऐन । अर्जुन सम तिहुंलोकमें भयो न योद्धा हैन ॥ ज
सुसहायक कृष्णप्रभु धनु गाण्डीव गँभीर । कवचअभेद्य अ
ध्यहै अनुपम अक्षय तुणीर ॥ सर्ब शत्रु शीक्षक प्रबल पा





धीर धुरीन । सबदल बधिबे योग्यहै एक धनुषधर पीन ॥ अ-
र्जुनसम अभिमन्यु भट अरि ऐनाको काल । जासु सदृश नाहिं
जगतमें दूजो बीर बिशाल ॥ सुवन द्रौपदीके सकलहैं अति-
रथी अमान । अज अरु भोज महीप हैं महारथी बलवान ॥
सहस एकादश धनुर्द्धरनसों जौन करतहैं युद्ध । शस्त्र शास्त्र में
जो प्रवीन अति तौन महारथ बुद्ध ॥ धृष्टद्युम्न सात्वकि द्रुपद
श्वेत घटोत्कचबीर । पांड्यभूप ये सकलहैं महारथी रणधीर ॥
भूप बिराटहि आदिहैं जितने नृप वहि ओर । ते सिगरेसुरथी
प्रबल करता संगर घोर ॥ धृष्टकेतु शिशुपाल सुत बार्धक्षेमि
नरनाह । चेकितान अरु सत्यधृत महारथी बरबाह ॥ चौपाई ॥
युधामन्यु उतमौजा राजा । सब केकयनृप सरस समाजा ॥ ज-
रासन्ध कोसुत सहदेवा । सूर्य्यदत्त अरु शंख सुमेवा ॥ चित्र-
सेन चित्रायुध नरपति । सेनाबिन्द सत्यजित रणमति ॥ ब्या-
घ्रदत्त उत्तर धनुधारी । हैं सारथि अनुपम रणचारी ॥ पुरजित
कुन्तिभोजनरनायक । हैंअतिरथीबिदित दृढ़घायक ॥ महारथी
अतिरथी सुबीरा । अरुजे सुरथी अरि रणधीरा ॥ तिन्हैंबधब
हमकरि अवरोधा । मोकहँ जीतन योग्य न योधा ॥ हे उतजौन
शिखण्डी सुरथी । तेहि न बधब हम हैजय अरथी ॥ दुर्योधन
भूपति यह सुनिकै । गंगासुत सों बूझो गुनिकै ॥ तात न तेहि
बधिहौ केहि कारण । सो कहि कीजै शोच निवारण ॥ भीषम
कहे भूपसों सुनिये । जाते हम न तासुबध गुनिये ॥ सत्यवति-
हि लखि मम पितु आरज । कह्यो सुआत्मस्वयम्बर कारज ॥
तहँ उन कह्यो होइतब ऐसो । हमजो कहैं करो तुम तैसो ॥ मम
दुहिताके सुतसुत बंशज । भूपतिहोइ न जेठोअंशज ॥ सोसुनि
कै हम पितु हितचीन्हों । हम न बिवाहकरबप्रण कीन्हों ॥ तब
बिवाहकरि नृपमुदपाये । प्रगटभये द्वैसुतछबिछाये ॥ दोहा ॥ चि-
त्राङ्गदजेठोसुवन भयो महाबलवान । फिरि बिचित्रबीरज भयो

कला कुशलमतिमान ॥ शान्त भये शान्तनु नृपतितब हम प्रा
अनुरूप। भूपकिये चित्रांगदहि करि अभिषेकअनूप ॥ सोरठा ॥
गन्धर्बनसों युद्धकरि चित्रांगद हतभयो । तबहमगुणि मतशुद्ध
नृप बिचित्रबीर्य्यहिकियो ॥ तासुबिवाहबिचार हममनमेंमनसत
रहे। तहांआइममचार करिप्रणाम भाषतभयो ॥ रोला ॥ काशिरा
ज महीपके हैं चारुदुहिता तीन। नाम अम्बा अम्बिका अम्बा
लिका परबीन ॥ नृप स्वयम्बर चाहितिनको बोलिनृपसमुदा
य। कियो चाहत शुचिस्वयम्बर सुनो सो सुखदाय ॥ बचनसो
सुनि एकरथ हम काशिपुर में जाय । जीति भूपन कन्यकनकहँ
सुरथपर बैठाय ॥ गहे आनँद आयनिजपुर सुनोभूपतिदान्त।
सौंपि सत्यवतीहि दीन्हें भाषि सब बिरतान्त॥ देखि चित्रांगद
नृपतिको ब्याहकाल प्रतक्ष । इबिधि मोसोंकही अम्बा सुनो
भीषम दक्ष ॥ पूर्ब मनमें बरोहै हम शाल्व नृपहि सप्रेम । धर्म
बिद तुम तुम्हैं उचित न भंगकीबो नेम ॥ बचनसो सुनि मंत्र
गुणि हम वृद्धब्राह्मण चाहि। वृद्ध दासीदास सँगदै बिदाकीन्हें
ताहि ॥ जाय शाल्व महीपके ढिग कहो अम्बा बैन । तुम्हैंपर
आसक्त ममभन बरो मोहिं सचैन ॥ कह्यो यह सुनि शाल्व
भूपति भीष्मलैगो तोहिं । और के ढिगगई तियनाहिं उचित
राखब मोहिं ॥ जाहु अब तुम भीष्मके ढिगमोहिं नाहिं स्वीका-
र । तदनु अम्बाकही इमि मतिकहो भूभरतार ॥ ब्रती भीषम
अनुजाहित लैगयो मोकहँ जीति । तहां तासों कही हमइमिगु-
णो भीषम नीति ॥ प्रीतिममहै शाल्वनृपपहँ देहुताढिगजान।
बचन यह सुनि बिदा कीन्हों भीष्मअति मतिमान ॥ सुनोभू-
पति भयोनाहिं सुकुमारपन ममभंग । तरुणिहमतो भक्त अब-
ला करोमम परसंग ॥ इबिधि बहुतबुझायनृपसों कहो आरत
बैन। नहीं मान्यो भूपतबसों तरुणि ह्वै गतचैन ॥ रुदति नृप
सों कही नृपमति करोमम परित्याग । एकगति तुम परम मम





हौकरो पूरणभाग ॥ नहींमान्यो भूप भाष्योगच्छ गच्छ सबार ।
रुदत तब नृपसुता तहँ सों फिरी करत बिचार ॥ मोहिं धिक्क
धिक भीष्महि यहि नृपति अति धिक्कार। पूर्बकर्म्महिं धिकबि-
धिहि धिक रच्यो यह उपचार ॥ भीष्ममम अपकारअतिशय
कियो नाहक ढूंढ़ि । बैर ताको लेउँकैसे कौनबिधि अबऊढ़ि ॥
गुणतऐसे जाइ आश्रम मुनिनके अनुमानि । नौमि बिधिवत
भई निवसत कठिन करतब ठानि ॥ दुखित अति अवलोकि
तापस भये बूझत ताहि। कहो तुम अति दुचित काहे हियेको-
नतिकाहि ॥ बचनयहसुनि रुदतिअम्बाकहो निज बिरतान्त।
समुझिसो बिरतान्त गुणिगुणिकहे मुनिवर दान्त ॥ जाहुतुम
निज पिताके गृह साधिहि सिगरो काज। पिताके आधीनकन्या
कहत सुबुधि समाज ॥ कही कन्या सकत नाहिं हम पिताकेघर
जाय। उग्रतप हमकरब जेहि परलोक अब न नशाय॥ बचन
यहसुनि सुमुनि ताकीकरि प्रशंसा बेश । करो तप यहपरम उ-
त्तम दये ताहि निदेश ॥ कछू दिनमें तासु मातामह नृपतिऋ-
षिजाय । ताहि अंकलगाइ यहि बिधि कहत भे समुझाय ॥
जाय तुम भृगुरामके ढिगकहो निजगति क्षाम । दूरिकरिहैं ब्य-
था सिगरी कृपाकरि श्रीराम ॥ राम मम प्रिय सखातपत महे-
न्द्रगिरि पै तत्र । चलो अब मम संग तुम मुनिनिकर बिलसत
तत्र ॥ होत्र बाहन राजऋषिके बचनसुनि हितजानि । कही
तासँग चलन अम्बा हिये आनँद आनि ॥ सुनोनृप तेहि स-
मय तेहिथर भयो आइ प्रतक्ष । रामको जो सखा अकृतब्रण
नामक दक्ष ॥ ताहि लखि सबसुमुनि उठि बैठाय बिधिवत
पूजि। राम प्रभुकहँ होत्रबाहन कहतसुबचन कूजि ॥ अकृत-
ब्रण तब कहो यहि थल राम ऐहैं प्रात । लखन तुमकहँ जानि
निजसखा अति अवदात ॥ दोहा ॥ कथा बारता करत तहँ
रजनी भई ब्यतीत। भोरहोत आये यहां परशुराम जगजीत॥

लखि मुनिगण उठिकै सबिधि पूजि महासुख पाय । कुशल
इनकरि रामसह बैठि लसे छबिछाय ॥ धनुष परशुतूणीर
बैठे श्रीभृगुराम । तब अम्बा पूजन कियो दैमधुपर्क ललाम
होत्र बाहु तबरामसों कहतभये मृदु बैन । यह ममदुहिता
सुता प्रभुहै महा अचैन ॥ प्रभुसुनिकै याकीब्यथा कृपाकरो
छोह । रामकहे तब निजब्यथा कहुकन्या तजि मोह ॥ जयकी
तब अम्बाकरि रुदन अवाय । दई सकल वृत्तान्त सुनाय
सोसुनि तासुरूप वयदेखि। रामकहेहियकरुणा भेखि ॥ कहुअ
तो मति चाहै जाहि । तोकहँ सौंपिदेहिं हम ताहि ॥ कै भीष
कै शाल्व बिचारि । मम अनुशासन सकतन टारि ॥ मम श
सन नहिं मानै जौन । मम शरघात मरैशठ तौन ॥ यहसुनि
अम्बा लहि चैन । कही ताततुम बल बुधिऐन ॥ युगमें जा
गुणो अपराध । तेहि जीतो करि क्रोध अगाध ॥ हम जा
यहि दुखको मूल । है भीषम दायक अतिशूल ॥ मम मत
तुम जीतौताहि । रुदति कहीपदपंकज चाहि ॥ यह सुनि
दया सों पूरि । मम जीतन को प्रणकरि भूरि ॥ कन्या सहि
बिप्र समुदाय । लैसँग चलेगर्व अतिकाय ॥ तीनि दिवस
मुनि सुखदाय । कुरुक्षेत्रमें निवसेआय ॥ हमसुनितत्र आग
तासु । द्विजनसमेत जायतहँ आसु ॥ मुनिनसमेत यथावि
पूजि । सम्मुखबैठे सुबचन कूजि ॥ तबभृगुराम मोहितनहे
कहेबचन अतिअमरष मेरि ॥ भीष्म कौनमति हिये बसा
बिनु दीन्हें नृपतनया ल्याय ॥ कियेबिसर्जित अनुचित तौ
याको ग्रहण करै अबकौन ॥ ताते अब ममशासन मानि
बिधि गहो तुम याकोपानि ॥ यह सुनिकै हमकहे सठौर
बिरतान्त सुनो मुनिमौर ॥ यहनृप तनया कहीसुनीति । है
शाल्वनृपति पहँप्रीति ॥ तबहम बिदाकरी बिधिजानि । स
कहत अनुचित अनुमानि ॥ गहिभय लोभ करत प्रणत्या





सुनो लगत तेहि कुत्सित दाग ॥ ताते हम न करबस्वीकार ।
अवमति कहो मुनीश उदार ॥ यहसुनिकै करिरातेनैन । बोले
परशुराम बलऐन ॥ दोहा ॥ जो न मानिहै बचनमम तौ सह
सखासमान । आजु मारिहौं तोहिं मैं बरषि असंख्यन बान ॥
पाणिजोरि तब हमकहे तुम ममगुरू उदार । क्रोध करो मति
शिष्यपहँ यह अति अनुचितचार ॥ यह सुनिकै भृगुपतिकहे
जो गुरुजानत मोहि । तौहमभाषत तौनकरु कुलरक्षण बिधि
जोहि ॥ चौपाई ॥ यहसुनि हम भृगुपति सों भाषे । नाहक तुम
अनरथ अभिलाषे ॥ मुनि न तजब हमप्रण भयगहिकै। आपु
हलुक होहु इमिकहिकै ॥ नारिन को अवगुण हम जानत ।
नहीं ग्रहण करिबो अनुमानत ॥ गाथा इक मारुतको गायो ।
सोहम सुने कहत मनभायो ॥ काज अकाज बिचारन हीना ।
अरु उनमत्त कुपथअवलीना ॥ ऐसेगुरुहूको पटुत्यागत । ताके
तजेदोष नहिंलागत ॥ क्षत्री पाणिजोरि ऋजुभाषत । बिप्र
तऊजो रणअभिलाषत ॥ आयुधगहि बधहेतु प्रचारत । ता-
हिवधे नहिंपातक चारत ॥ तुमद्विजकै क्षत्रीब्रतधारे । हम न
लव सुधरमसों न्यारे ॥ तुमसों करव युद्धप्रणधरिकै । कुरुक्षेत्र
बधि शरझरि करिकै ॥ कार्त्तबीर्य्य कहँबधि तुमपाछे । शोच
पिताको कीन्हें आछे ॥ तेहिथर चलो तुम्हें हमबधिकै । शोच
करब लहि बिजय बरधिकै ॥ जोतुम गहत गरब अतिनोखो ।
तबथर कहत बचन अतिचोखो ॥ हमबहुबार क्षत्रियनमारे ।
करिदिगबिजय प्रतापपसारे ॥ यहसुनि तजो गरबअघभारी ।
नाहिं तबरहो भीष्मधनुधारी ॥ नहिंमम समहो धनुधरकोऊ ।
मातरु तुम्हें बधत तबसोऊ ॥ दोहा ॥ मैंभीषम मोसोंपरो काम
तजो अबगर्ब । तुम्हें मारि क्षत्रियनको लेहौं बैरअखर्ब ॥ भीष्म-
उवाच ॥ सुनो भूप येबचन मम सुनि भृगुपति रणधीर । कहा
भयो बोलत इमिबिधि काल बिबशकै बीर ॥ जोरणशरधा तोहिं

तौ तो बधलखि यहिकाल । गंगहि रोवति लखहिंगे ऋषिपु
नि सुर सुरपाल ॥ तोमर ॥ मम संगरण उतसाह । गहि गह
जो जयचाह ॥ तौजाय हास्तिनग्राम । लैसंग भट बलधाम
फिरि करोसंगरआय । तब बसो सुरपुर जाय ॥ यहबचनसुनि
हम भूप । छुइ चरणतासु अनूप ॥ यह सत्यवतिहि सुनाय
आशीष तासोंपाय ॥ चढ़िसुरथ सैन सजाय । स्वस्त्ययन सु
नत सचाय ॥ अरुदेत बिधिवतदान । अरु सुनत अस्तुति
ध्यान ॥ अरुशंख दुन्दुभिभूरि । कीसुनत धुनि मुदपूरि ॥ ति
चले ओज बढ़ाय । तेहिसमय सुनु क्षितिराय ॥ मम जननि
शुचि तनधारि । मुनिपास जायबिचारि ॥ इमिकही मुनिहि
बुझाय । ऋषितजो मुनि सुखदाय ॥ ममपुत्र भीषम ताहि
मतिबधो हठिजय चाहि ॥ तब हरषि बोलेराम । निज सुतहि
बरजु अछाम ॥ ममकहो मानै तौन । तौबचै बिक्रम भौन
नृप बचन यहसुनि तासु । भिरि आइ ममढ़िगआसु ॥ इमि
कही गंगामाय । सुततजो हठदुखदाय ॥ दोहा ॥ राम धनुषध
रुद्रसम क्षत्रीकुलको काल । बिप्रगुरू शासन करत तौनको
हेलाल ॥ तब हमसब वृत्तांतकहि नौमिबिदा करताहि । भृगु
पति के सम्मुख भये बीसबिसे जयचाहि ॥ सोरठा ॥ तब भृगु
पति भटचण्ड धनुधर मण्डन बिदित भट । टंकारत कोदण्ड
मोहिं प्रचारो गरजितकि ॥ चौपाई ॥ तब हम कहो सुनो धनु
धारी । हमसुरथी तुमहौपदचारी ॥ तुमहूंचढ़ोसुरथपरआरज
तब हमकरब युद्ध जयकारज ॥ यहसुनि कहे रामभटनायक
ममरथभूमि बेद हयचायक ॥ इमिकहि राम धनुषरव करिकै
शायक बरषतभे प्रणधरिकै ॥ नृप तेहि क्षणहम रामहिं देखे
रथपर चढ़े कवचसों भेखे ॥ अकृतब्रण बर सारथि जीको
दिब्य प्रभाव मोदप्रदनीको ॥ बारबार भृगुराम पुकारत । टे
जो अनत वृथातन डारत ॥ तब हमधनुष बाण धरिरथपै





रथते उतरि शीघ्रचलि पथपै ॥ निकट जाइकै युग करजोरी ।
कहत भये करिबिनय अथोरी ॥ धर्मशील ममगुरु गोसाईं ।
होप्रभु तुम रक्षक सबठाईं ॥ तप प्रभाव मति प्रगटितकीजो ।
अनुकम्पा करिजय यशदीजो ॥ यहसुनि परशुराम मुदगाहिकै ।
कहेलरो सुधरमपररहिकै ॥ शापन देवभूरि भयत्यागो । युद्धकरो
मममनअनुरागो ॥ यहसुनि ताहिनौमि हमफिरिकै । शंखबजाये
रथपरथिरिकै ॥ तबफिरि रामबाण झरिकीन्हें । तिमिहम शर
छादित करिदीन्हें ॥ उभयओर बाणनके जालन । पूरितभयो म-
हाबिकरालन ॥ उभयसुभट बाणनके घातन । रुधिरभरे सुखमा
कहिजातन ॥ हम करि अतिबिक्रम तेहिदिनमें । ताहिलख मो-
हितकछुक्षनमें ॥ घोरयुद्धभो तेहि दिनराजा । लखि बिसमितभे
सुमुनि समाजा ॥ संध्या निरखियुद्धप्रण तजिकै । संध्याकर्मकिये
बिधि सजिकै ॥ दोहा ॥ प्रातकृत्य करि भोरफिरि कियेघोर रण
रंग । दोऊ अरि मदभंगको गहे सुटंग उमंग ॥ दिब्यअस्त्र प्र-
गटित किये परशुराम बलऐन । तेहिहम बारप्रगटकरि दिब्य
अस्त्रजगजैन ॥ जब हम छांड़े दिब्यशर तब भृगुपति भटच-
ण्ड । बारणकीन्हें प्रगटकरि दिब्य सुअस्त्र उदण्ड ॥ कइकबार
मोहितकिये मोहिरामभट दक्ष । हमरामहिं मोहित किये कइक
बार परतक्ष ॥ मछिखरी ॥ यहि भांति तेइस दिवस तेहिथल युद्ध
अति करकस भयो । भृगुराम तब ब्रह्मास्त्र दारुण तजेअति
बरचसमयो ॥ तब तजेहम ब्रह्मास्त्र दोऊ अस्त्र बाढ़ि मगमें
भिरे । अति दुसह आतप तेज तिनके पूरिमहि दिवमाधि थिरे ॥
सब देशप्रतपित भयो सिगरे लोक हाहाधुनि किये । जमदग्नि
ब्यास ऋचीक नारद आइतहँ करुणा लिये ॥ समुझाय बहु
बिधि हमहिं रामहि युद्धको बारण करे । तब रामअम्बासोंकहे
मम पितर यहिरण मधि परे ॥ नहिं भीष्म हमसों बध्य अरु
नहिं जेय अतिशय प्रबल है । तोहेतहम निजशक्ति बिक्रम । कि-

योसों वहि दवल है ॥ नाहिं सुयश मम तो अरथ अबहम
हत जसतुम तसकरो । चलिजाय भीषमके निकट कहिविन
वार्त्ता बशकरो ॥ यहबचन सुनिकै कहीअम्बा आपुममहि
आतिलरे । प्रभु जाहुतुम हम करबतप बसि जहां मुनि
ब्रतधरे ॥ करि उग्र तप निजपाणि भीष्महि बधब हम यह प्र
सही । इमिभाषि अम्बागई फिरितपकरन अति अमरषनही
दोहा ॥ मुनिन सहितभृगुराम तब गे महेन्द्र गिरि यत्र । हमर
चढ़ि अस्तुतिसुनत मोहितआयेअत्र ॥ रामकृष्णभगवानप्र
विश्वयोनि भगवान । तासुकृपाते जयलहे पालि सधर्ममहान

इतिश्रीउद्योगपर्वणिअम्बोपाख्यानेनामषड्विंशोऽध्यायः २६ ॥

भीष्मउवाच ॥ दोहा ॥ परशुरामसों ह्वै बिदा अम्बा बनमेंजाय
यमुनातट बसिउग्रतप करतभई मनलाय ॥ जयकरी ॥ बरषद्वि
करि बारि अहार । अरु षटमास बायु ब्रतचार ॥ एक बर
तरु कोदल एक । भोजन कीन्हों सहित बिबेक ॥ विधिसों चा
न्द्रायन कृच्छ्रादि । ब्रतकरि शङ्कर को गुणनादि ॥ प्रति मुनि
आश्रम तीर्थन जाय । दुस्तर तप कीन्हों मनलाय ॥ द्वादश
बरष पालि ब्रतधर्म । ब्रत कीन्हों करि दुस्तर कर्म ॥ यहि विधि
तपते देखिकै ताहि । गंगा प्रगटकही का चाहि ॥ यहि विधि
ब्रत चारित कहुतौन । तब बोली अम्बा मतिभौन ॥ भीषमके
बध करिबे हेत । हमतप करति नियम चितचेत ॥ सो सुनि
मम जननी अति क्रोधि । कहतभई तपफल अवरोधि ॥ सिद्धि
न जानि परत यहकाम । तू हो नदी बार्षकीनाम ॥ अम्बासुनि
यह शाप बिचारि । तव प्रभाव युगभाग सुधारि ॥ एक भाग
करि नदीनवीन । लगी तपन तप गहि ब्रत पीन ॥ देखि तासु
दुस्तर तपचार । प्रगट भयेतब शंभुउदार ॥ कह्यो मांगुबर
तब अनुमानि । अम्बा कही जोरि युगपानि ॥ हमकर निज
भीषमको नाश । कियो चहति सो देहु महाश ॥ यहसुनि बोले





गिरिजारौन । एवमस्तु तुमचाहति जौन ॥ दोहा ॥ सोसुनिकै
अम्बा कही किमि होई यहकाज । हम युवती वह पुरुष नाहिं
युद्ध समागम साज ॥ उमा नाथ यह सुनि कहो नाहिं मिथ्या
ममबैन । यहतनतजि तुम होहुगी द्रुपद सुतामतिऐन ॥ चौपाई ॥
कछु दिनमें तुमपूरुष ह्वैकै । ह्वैहौ महारथी मुद ग्वैकै ॥ तब
भीष्महिं बधिहौ प्रणगहिकै । शंकर गुप्तभये इमि कहिकै ॥ वैश-
म्पायनउवाच ॥ दुर्योधन भूपति यह सुनिकै । भीषमसों बूझतभो
गुनिकै ॥ प्रथमसुता ह्वै पुरुष उजागर । भयो शिखण्डी किमि
कहि नागर ॥ यह सुनि कहे भीष्म धनुधारी । सुनोतौन भूपति
रणचारी ॥ द्रुपद पुत्रहित करि ब्रत साधन । शूलपाणिको कि-
यो अराधन ॥ तब करि कृपा शम्भु बरदानद । कहेमांगु बर
भूपति मानद ॥ भूपति कहे देहुसुत स्वामी । भीषम बधै जौन
बलधामी ॥ सोसुनि शम्भुकहे सुनुमानी । होई प्रथमसुतासुख-
दानी ॥ फिरि ह्वै पुरुषसिंह बलधामा । रणकरि लही बिजययश
कामा ॥ इमि कहि गुप्त भये शिवयोगी । घरआयोनृप सुतउप-
योगी ॥ अर्थसिद्ध गुणि आनँदछाये । पटरानिहि वृत्तांतसुनाये ॥
कमसोंगरब धारिनृपपतनी । कन्याजनतिभईहितजतनी ॥ तब
नृपशंभुबचन सतचीन्हें । पुत्रभयोयह प्रगटितकीन्हें ॥ जातक
कर्मकिये सविधाना । तौन भेदकाहू नहिंजाना ॥ भूषण वसन
पुरुष समगहिकै । बर्द्धित भयो पुरुष समरहिकै ॥ बिप्रसुतन
के सँगलिपिलीखो । आचारयसों धनुबिधिसीखो ॥ शंभुबचन
गुणि त्यागि अँदेशा । पुत्रविचारत द्रुपदनरेशा ॥ सानँद नाम
शिखण्डी भाख्यो । सुतसमप्रेमसहित सँगराख्यो ॥ तेहि तरु-
णापन पूरतदेखि । द्रुपद सशोच भयेअवरेखि ॥ दोहा ॥ नृप
पतनी नृपसों कही भूप करत कत शोच । सुने न कबहूं शंभुको
बचन लहब गतिपोच ॥ अवशि पुरुष यह होगयो ब्याहु करो
करि यत्न । मत करिकाहू नृपति की ल्यायो कन्यारत्न ॥ रोला ॥

भूपभूपन बोलिकै तबपूरि परम उछाह । सुता ल्यायेदशा
पतिकी किये बिधिवत ब्याह ॥ कछू दिनमें लहि समागम
ता नृपकीतौन । पतिहियुवती जानि अतिशय दुखित ह्वै ग
गौन ॥ मायकेकी सखीवाहि बुझायकै यहभेद । भईभेजति
तापास सँदेशपूरित खेद ॥ सुनत तौन दशार्ण नाथ हिरा
बर्म नरेश । भयो भेजत द्रुपद के ढिग दूतभाषि सँदेश ॥ द्रुप
के ढिग जाइकै सो दूतलै एकन्त । कह्यो भाषण कह्यो मो
दशार्ण दिशिको कन्त ॥ कौनको दुरमंत्र सुनि ह्वै मोहबश
चेत । भये यांचत सुताभम निजसुता ब्याहन हेत ॥ भयो
सो नहीं अबलौंनहीं ह्वैहै और । कियोजैसो कर्म तुमयह शठ
को गहिडौर ॥ होहु अबसन्नद्ध तातेकह्यो नृपकरिक्रोध । सहि
त मंत्रिन मारि तुमको करी भूपति बोध ॥ भीष्मउवाच ॥ द्रुप
भूपति दूत को यह बचन सुनिश्रुति छोल । रहो औचक ग
तसकर सरिस घरिक अबोल ॥ आनि साहस कह्यो तुम
सुने मिथ्याबैन । पुरुष है ममपुत्र नृपसों कहेहु सुवती हैन
भाषिइमि कहि बहुत आदर बिदा कीन्हों ताहि । जायनृप
कह्यो सो जिमि गयो द्रुपदहि चाहि ॥ भूपसो सुनि फेरि
त्रिहि बूझिकरि अनुमान । चलो सेनासाजि द्रुपदहि बधन
अमान ॥ चारके मुख द्रुपद सो सुनिहिये अति दुख आनि
जाय तनया की जननि ढिग कहे भूरि खगानि ॥ भूप देश
शार्णपतिमम सुतहि तनयाजानि । मोहिं जीतन चढ़ो आव
छली दोषी मानि ॥ लाज बश हम सकबनहिं लरि सामने
झूठि । होइजो करतब्य अब सो कहो भामिनि ऊठि ॥ वच
यह सुनिकही महिषी पूजि देवी देव । भूप होहु अशोच शंक
बचन को गुणिभेव ॥ दोहा ॥ यहसुनि द्रुपद सुमंत्रकरि पूज
लागे देव । प्रिय सम्बन्धी सोंकलह होइ नहीं जेहि भेव ॥ सु
निकै यह वृत्तान्त सब शोच शिखण्डिनि रोय । गोपित घर





कढ़ि गईं बिपिन मध्य दुखभोय ॥ देहत्यागको प्रणगहे गहन
बिपिन मधिजाय । थूण करण शुभ यक्षको लखो गेह सुखदाय॥
चौपाई ॥ निरजन बनमधि घरमनभावन । देखि शिखण्डी प्रवि-
शो चावन ॥ देखि शिखण्डिहि यक्षमहाशय । बूझतभो ऐबेको
आशय ॥ मैं धनपतिको अनुचर आरय । जोतूकहै करोंसो
कारय ॥ सो मुनि नृपततनया दुखनाशी । निज वृत्तान्त यक्षसों
भाशी ॥ कहि बृत्तान्त कही ह्वै आरत । यह दुख तात हियो
मम जारत ॥ ममदुख मेटन कहे गोसाईं । तौ करिदेहु पुरुष
पहिठाईं ॥ यह सुनियक्ष घरिक अनुमानी । कही शिखण्डीसों
बरबानी ॥ निज पुंसत्व तुम्हें हमदैकै । रहबतोर इस्त्रीपन लै-
कै ॥ समुदजाय तुम निजरजधानी । पूरुषप्रण करुप्रगट सया-
नी ॥ पैयह बचन कहत हमतोसों । यहनिबन्ध इतकरिलै मो-
सों ॥ पुरुष प्रगट ह्वै कछुदिन रहिकै । फिरिममढिग आयो
मुद लहिकै ॥ तब फिरिमम पूरुष पन दीजो । निज इस्त्री पन
हमसों लीजो ॥ यहिनिबन्ध को करुअस्थापन । तौहम देब
पुरुष पन आपन ॥ यह निबन्ध अतिदृढ़ करिलीन्हों । तब ह्वै
युवति पुरुषपन दीन्हों ॥ पुरुष सिंह ह्वै आनँद गहिकै । नृप
सुत नगरगयो रिजुकहिकै ॥ द्रुपदहि सब वृत्तान्त सुनायो ।
सुनिभूपति अतिआनँद छायो ॥ दोहा ॥ उतदशार्ण पतिसद-
लचलि निकट आइअति क्रुद्ध । कहिपठवत भो दूतमुख कहो
करै अबयुद्ध ॥ सोसुनिकै पांचालनृप भेज्योबिप्र प्रवीन । सो
दशार्ण महीपसों बोलोबचन अहीन ॥ भूपकह्यो पांचालपति
ममसुत पुरुष अमान । तनया तुमसोंकह्यो सो झूठो अहितन-
दान ॥ चौपाई ॥ नृपहिरण्यबर्मायहसुनिकै । युवतिएकभेजतभो
गुनिकै ॥ सोनृपगेह आय मुदभरिकै । निशिमेंतासु परीक्षाक-
रिकै ॥ भोरजाय तहँभाषीसानँद । नृपसुतपुरुष सरसरति दा-
नद ॥ सोसुनिभूपमोदसोंपागो । मिलाद्रुपदसों हितमगलागो॥

हयगज रतन शिखण्डिहि दैकै । निजपुरगो अतिआँनँदलैकै
इतसोयक्ष युवतिपनधरिकै । बसतरहोनिज गश्रमधि चरिकै
तहांएकदिनधनपतिआयो । यक्षनकढ़ोलाजसोंछायो ॥ यक्षन
थललखिअनुचितजाने । यक्षनसोंबोलेरिसिसाने ॥ यूथकरणहि
यगरबबसायो । तातेमूढ़ न मम ढिगआयो ॥ देहौंयाहि दा
मन भाये । तब सुयक्षवृत्तान्त सुनाये ॥ तब धनेश बुलवा
ताही । कहत भये तेहि युवती चाही ॥ अरेमूढ़ तैं अनुचि
कीन्हों । पूरुषपन देतियपन लीन्हों ॥ तोमधिरहै युवति प
ऐसो । रहै पुरुषनृपसुतहैजैसो ॥ बिनयकिये तबयक्षबिचक्षण
कहो शाप मेटनको लक्षण ॥ सो सुनिकै धनपति सुखपाये
तेहि कुशापको अन्त बताये ॥ रणमें मरी शिखण्डी जबही
होईपुरुष यक्ष यह तबहीं ॥ दोहा ॥ इमिकहिकै धनपति गये
नो भूप मतिमान । भावी ऐसे होति है भावी अति बलवान
कछुदिनमें तेहि यक्षढिग आपु शिखण्डीजाय । कह्योतातअ
लेहुनिज पूरुषपन सुखदाय ॥ सोसुनि यक्षप्रशंसिकै नृपकुम
को धर्म । बिदा कियो कहि धनदके शापदाप कोमर्म ॥ सोरठा
सोसुनि अति सुखपाय गयो शिखण्डी निजसदन । माता
तहि सुनाय मोदित करि बिलसत भयो ॥ तोमर ॥ सो सुनत
पद नरेश । भोकरत मंगलबेश ॥ सबपूजि देवीदेव । अरु
जिबिप्र सुभेव ॥ हय हेम गज महिदान । भोदेतसहित बि
न ॥ तब द्रुपदसुत सुखदाय । द्विजद्रोण के ढिगजाय ॥ सि
धनुष बिधिअवदात । भोपरमसुरथीख्यात ॥ यहिभांतिभीष
दक्ष । वृत्तान्तकहिपरतक्ष ॥ फिरिकहतभोमतिमौन । यहिभां
युवतीतौन ॥ होपूर्वयुवतीताहि । हमवधबनहिं जयचाहि ॥ य
मानि सोक्षितिरौन । तहँ कछुकक्षण रहि मौन ॥ गुणिगोपिहि
कोखेद । फिरि भयो बूझत भेद ॥ सोकहो अबहै आर्य । क
युद्ध अद्भुत कार्य ॥ तुम द्रोण करणसुबीर । कृप द्रोण सुत





धीर ॥ अरि सैनमधि करिगौन । लरिकिते दिनमें कौन ॥ जय
लहै बधि अरिसैन । सोकहो बिक्रम ऐन ॥ सुनि कह्यो भीषम
ईन । दशसहस योद्धापीन ॥ अरुसहस रथसमुदाय । हमबध-
व रोजसचाय ॥ दोहा ॥ जोबिशेष बिक्रम करौंतौ करि संगरघो-
र । एक मासमें मैंकरों अरि सेनाको ओर ॥ तब इमि बूझेद्रो-
णसों सोसुनि कहेअचार्य । मासएक लरि शत्रुदल हमहूंमारब
आर्य ॥ दोय मासमें शत्रुदल बधन कहे कृपबीर । दशदिनमें
नाशन कहो द्रोण तनय रणधीर ॥ करण कहे लरिपांच दिनहम
मारब अरिसैन । सोसुनिकै हँसिकहत भो भीषम बिक्रम ऐन ॥
सोरठा ॥ जो लगि भिरत न पार्थ टङ्कारत गाण्डीव धनु । इमि
जलपन अयथार्थ तौलगि मन मानो करो ॥ बसुकला ॥ यहखब-
रिपाय । नृप धर्मराय ॥ भट बन्धुसर्ब । अरुनृप सगर्ब ॥ तिनसों
सहास । कीन्हें प्रकास ॥ सबसुने तौन । उतभयो जौन ॥ तुम
कहो पार्थ । बाणीयथार्थ ॥ जयहित सहोश । लरि कितेदोश ॥
बधिशत्रु सैन । बिलसौ सचैन ॥ सोकहोतात । बिक्रम बिभा-
त ॥ दोहा ॥ भूपतिकेयेबचनसुनिमाधवकीदिशिहेरि । गुडाकेश
बोलत भयो बचनबीर रसमेरि ॥ हम चाहैं तौ निमिष मेंजीतैं
तीनोंलोक । पशुपति अस्त्रप्रयोग करि दियो जौनतपओक ॥
सोरठा ॥ पैंनचहत हमयेहु बिजय चहत करिसबिधिरण । सुजय
असंशयलेहु तोसँगसबयोद्धाप्रबल ॥ महिखरी ॥ तबनृपसुयोधन
भारलहि निज सैन सजवावत भयो । बहुशंख दुन्दुभितूर आ-
दिक बाद्य बजवावतभयो ॥ सबभूप निज निज सैन साजिसजि
बीररण चाहतभये । चढ़िबाहननि बरबीर रसको सिन्धु अव-
गाहत भये ॥ बढ़ि जाय योजन कइक दुन्दुभिफेरि अति आ-
नंद भयो । सब नृपन लायक बासगृह रचवाइ तहँ निवसतभ-
यो ॥ नृप धर्म सुनियह खबरिसैनसजाइ दुन्दुभिफेरिकै । चलि
अगारि निवसतभयो दुन्दुभि शब्ददश दिशि भेरिकै ॥ दोहा ॥

मधिमें योजन पांचमहि राखिउभय क्षितिपाल । युद्ध हेत
बसत भये गहे अमर्ष बिशाल ॥

स्वस्तिश्रीकाशीराजमहाराजाधिराजश्रीउदितनारायणस्याज्ञाभिगामिनाश्रीबंदीजनकाशिबासिरघुनाथकवीश्वरात्मजेनगोकुलनाथेन कविनाविरचितेभाषायांमहाभारतदर्पणेउद्योगपर्वणि सप्तविंशोऽध्यायः २७ ॥

उद्योगपर्वसमाप्तः ॥

मुन्शी नवलकिशोर ( सी, आई, ई ) के छापेख़ानेमें छपी
फरवरी सन् १८९१ ई० ॥






# महाभारतदर्पणो ॥

## भीष्मपर्वदर्पणः ॥

दोहा ॥ ध्याय पद्मपद विष्णुके नर नरोत्तमहिं नौमि । बन्दि गिरा ब्यासहि रचत भारतभाषा सौमि ॥ मन अलभ्य तेहि लहनको हौं जु करेउ यहकाम । महिमा सीता रामकी हढ़बसाइ हियधाम ॥ सीताराम सुस्वामिप्रभु न्यामक बांछित दानि । अ-वशि करत सतकार्य्य सिधि सतपथ रत अनुमानि ॥ नीति निपुण प्रभुक्षमत नित शरणागत की खोरि । नाहिं निरखिहैं नेसुको लोलुपताई मोरि ॥ जासुनामलै तरत जन भव निधि अगम अपार । ते प्रभु करिहैं अवशिमोहिं अर्थार्णवके पार ॥ पारथके स्वारथभये सारथि परम अनूप । ते सारथि देहैं बिर-चि भारत भाषा रूप ॥ सोरठा ॥ बन्दौं कपिबरबीर रामपरमप्रिय पारषद । मंगल मूरति धीर भारत स्वस्थ ध्वजस्थभट ॥ ध्याय उच्छलनि अच्छ उदधि उलंघन समयकी । भारत समुद प्रतक्ष भाषाकरि चाहत तख्यो ॥ दोहा ॥ बैशम्पायनसों कहो जनमेजय क्षितिकन्त । कौरव पाण्डव किमिलरे सो कहिये बुधिवन्त ॥ चौपाई ॥ जनमेजय नृपकी यहबानी । सुनि बोले मु-निवर बिज्ञानी ॥ कुरुक्षेत्रमें कौरव राजा । हे पूरुब दिशि साहित

समाजा ॥ सहितसेन पश्चिमदिशि ताके । कियेबास पांडवसु
ताके ॥ शुचिसम्मत पंचक उत्तमथर । युद्धहेतु मधिमेंति
अन्तर ॥ पाण्डव नृपगण कर करिभाये । बासवेश्ममें बास क
राये ॥ भोज्यबस्तु अरुशय्यानीके । दीन्हें यथायोग्य सबहीके
दई भटनकहँ बिदित निशानी । जो निज परसूचक मनमानी
भोरहिदुर्योधन दलसाजे । चढ़ि पांडवके सम्मुखगाजे ॥ लखि
सरोषपांडव बलभारे । साजेदल बजवाइ नगारे ॥ सदल सुत
सह द्रुपद महीपा । युद्धहेतु पुलके कुलदीपा ॥ केशव अरुअ
र्जुन मुद्लीन्हें । परत्रासन शंखध्वनिकीन्हें । ताक्षण सबआ
बरबरणी । धूरिधारसों भईबिबरणी ॥ घनगण मांसरुधिर तेहि
क्षनमें । बरषतभे भविष्य गुणि मनमें ॥ मारुतशरकर कंप
डोले । अति जवसों भ्रमि इत उत ओले ॥ महाराज तेहि
मयामाहीं । रहे न सुभट अनत महिमाहीं ॥ बालवृद्ध तजि
युवा सोहाये । महिमण्डलके सबतहँआये ॥ दोहा ॥ रथकुंज
हय सुभट बिनु भयेहोत तेहिकाल । सर्बदेश तिनसर्बमें तोहि
देश विशाल ॥ युद्धहेतु सन्नद्धकै कौरव पाण्डवतत्र । धर्मयु
सिद्धान्तसों नियमैंवे ह्वैएकत्र ॥ चौपाई ॥ युद्धनिवृत्तभये स
कोई । मिलैंसप्रेम मित्रसम होई ॥ समबल बय भिरि संग
करहीं । समबाहन बारे भिरिलरहीं ॥ बिधनुबिरथ भागतन
तिनपै । तजैं न शस्त्रशस्त्रहैं जिनपै ॥ जोजोभिरै लरैसोसोई
भिरैनदूजो भटहित जोई ॥ एक सुभटसों द्वैभट कितहूं । त
न नीति निबाहैं नितहूं ॥ सूतशस्त्र पहुँचावन वारे । अरुजे
द्य बजावनहारे ॥ अन्य कार्य्यरत गाफिल जनपैं । तजैंनअ
युध गहिप्रणमनपैं ॥ यहनिबन्ध करिकैमनमाने । कौरवपांड
फिरि बिलगाने ॥ तेहिदिनमें बहुशकुन निरेखी । आय व्या
मुनिबर अवरेखी ॥ अति चिन्तित धृतराष्ट्रहि जानी । कह
भये सुबचन अनुमानी ॥ तजोशोचनृप धीरज आनो । नि





शत सुतन कालबशजानो ॥ नृपसमूह अरु सुभट घनेरे । जुरे
काल भावीकेप्रेरे ॥ ते अन्योन्य युद्धकरि मरिहैं । इर्षाभरे नेकु
नहिं टरिहैं ॥ यह भविष्य नृप टरिहिनटारे । अवशिहोतबिधि
जौन सुधारे ॥ तातेकाल कर्म्मकृत शोचौ । बढ़िशोचको त्याग
न रोचौ ॥ जो यहयुद्ध लखन अवरेखौ । तौचख दिव्यदेउँ
सबदेखौ ॥ दोहा ॥ महाराज यहसुनिकहे नृपलै ऊबि उसास ।
मुनिमैं नहिंचाहौं लखन पुत्रज्ञातिकोनास ॥ पृथक् पृथक् चा-
हतसुनो युद्धव्यवस्था सर्ब । करिदीजै ताकोयतन करिकै कृपा
अखर्ब ॥ जयकरी ॥ यह सुनिकै मुनिवर मतिमान । संजय कहँ
दीन्हों बरदान ॥ दिव्यचक्षु तुमहोहु महान । अश्रम अरु अ-
बध्य गुणवान ॥ युद्धव्यवस्था लखि अनुमानि । कहोनृपतिसों
आनँदखानि ॥ कौरवपांडव नृपतिसमूह । तासुकीर्त्ति हमकरब
सऊह ॥ नृपहम कहत इतोसिद्धान्त । लहतसुजय धार्मिकअरु
दान्त ॥ इमिकहिकै श्रीब्यासउदार । कहत भये फिरि शकुन
विचार ॥ शेनकंक गृद्ध अरुकाक । मोदैंचहुँदिशि जुरेनिशाक॥
सैनमध्य ह्वै काक समूह । दक्षिण दिशाजात करिऊह ॥ लोहि-
तकृष्ण इयाम परिवेष । शूरहि करत भयानक भेष ॥ कार्तिक
की राकाको चन्द । रक्तबर्णभो करता दन्द ॥ गृह शूकरसो
आखुभुक क्रुद्ध । झपटि उछलि फिरि बिरचत युद्ध ॥ प्रतिमा
सहित कँपति सबठौर । पतति बमति है रुधिर सगौर ॥ बिना
बजाये बाजति भेरि । चलै अहयरथ अनरथ हेरि ॥ कोकिल
केकीशुक सबकाल । बोलैं भीषन कृत दुखजाल ॥ अरुणोदय
में सलभ अनेक । उडैंपरम अशकुनके टेक ॥ उभैसन्धि मधि
में दिगदाह । होत करन अनरथको चाह ॥ दोहा ॥ अरुन्धती
पतिब्रतनकी सींवछोड़ि निजबानि । नभपैचलतिबशिष्ठके आ-
गे अनरथजानि ॥ बिना बलाहक होत है शब्द गगनमें घोर ।
होत सकल बाहननिके आंशू पतनअथोर ॥ प्रगटहोतहै गउन

में युगखुर एकहि बार । फूलेफरे अकालमें तरुकृत अनर अ
फार ॥ पांच चरण त्रयशृङ्ग द्वै पूंछचारि चखवन्त । वत्स हो
हैं पशुनके सूचक अशुभ अनन्त ॥ त्रिपद सदशन विषा
युत होत खगनके बार । अवशि होयगो भूमिपै नृपगण
संहार ॥ जनमें दुहिता तियनके पांच चारियकसंग । जनमत
ही निर्तहिं हँसहिं करहिं अनेकन रंग ॥ लोकबेद अरु शा
अरु बिरची बिधिकी रीति । ताहि खण्डि इमि प्रलयकर हो
बिबिध बिपरीति ॥ अर्क राहु अरु केतु ये हैं चित्रागत क्रू
ताते भरिहैं अवशि महि नर शोणितके पूर ॥ धूम्रकेतु है पु
पै भौम मघागत बक्र । लखि जीवहि श्रवणस्थ भो गहत
लबर चक्र ॥ उभै फालगुण पै करै अमल शनैश्चर देव । हो
महत उतपात निज भूपति याको भेव ॥ पूर्बभाद्रपद पै बिहि
परहि लखत भृगुदक्ष । ताते लहिहैं खेदबहु नृपसमूह युतपक्ष
धूम्रकेतु प्रज्वलित ह्वै बिलसहि ज्येष्ठामाहिं । नृपताते उतपा
आति ह्वैहै पुहुमीपाहिं ॥ शशि सूरहि स्वातिस्थ कहँ पीड़ि
हुगत तत्र । भेदि चक्र तिमि रोहिणिहि पीड़त नाशक छत्र
चक्र सर्बतोभद्रमें बिलसि मघा मधि भौम । पीड़त गुरु
श्रवनकहँ करता प्रलय असौम ॥ गुरु शनि साम्बतसरिक गी
गहि सुचक्र आसीन । बेधि बिशाखहि मुदित है करत अ
गुन पीन ॥ शशि सूरज यकबारही भये राहुसों ग्रस्त । ल
पक्षान्त त्रयोदशी मधिकृत प्रलय समस्त ॥ चित्रा स्वाती
सुमधि बसिकै राहु अमन्द । पीड़त कृतकहि भूपसो दा
दुःसह दन्द ॥ चारु त्रिछत्र सुचक्रमें प्रबल क्रूरग्रह सर्ब । पा
ग्रह कलशस्थहैं करता प्रलय अखर्ब ॥ चन्द्र सूर्य्यको ग्रह
भो एक मास में भूप । अवशि भयो चाहै बिघन असगुन
अनुरूप ॥ सोरठा ॥ दीरघ उलकापात तड़ितपात सम होतहै
छारवृष्टि कृतबात भूरिभयद डोलत अमित ॥ इमि बहुबिधि





घोर होत चण्ड असगुन सकल । ताते प्रलय अथोर होइहि
महिपै सुनहु नृप ॥ चौपाई ॥ इमि द्वैपायन मुनिसों सुनिकै । नृप
धृतराष्ट्र कहत भे गुनिकै ॥ तात कहे तुम शकुन निहारी । सो
हम राखे प्रथम बिचारी ॥ बन्धुबिरोध नाशको कारण । है सब
दिन सबर्ग संहारण ॥ पर इतनो गुणि साहस धरहीं । जेनर
लरि आयुधसों मरहीं ॥ ते ध्रुवबास स्वर्गको पावैं । कीर्त्तितासु
इत जगजन गावैं ॥ सुनि यह आत्मज नृपकी बानी । कहे बि-
चारि सो मुनि बिज्ञानी ॥ निजहित ज्ञाति वृन्दको मरिबो । है
जगमें अपयशको भरिबो ॥ निजकर सम्बन्धिनको बधिबो ।
है अमोघपातकको वृधिबो ॥ भयो तुम्हैं अनरथको करता ।
नृप यह राज्य धर्मयश हरता ॥ कालरूप भे सुवन तिहारे ।
कुलनाशक अवगुणसों भारे ॥ ताते कुलको रक्षणईछौ । शुचि
सुधर्म पुत्रन कहँ सीछौ ॥ राज्य युधिष्ठिर नृप कहँ देहु । जो वै
कटकादि सम सबजग हमसों व्याप्त । हैं ममस्थ सब भूतसुनु
भूतस्थन हमआप्त ॥ नाहिं ममस्थहै भूतहे निरखे निर्गुणभाव।
भूत भृतौ भूपस्थ नहिं भूतवृन्द करछाव ॥ सबथर गत मारुत
यथा है नभस्थ हेतात । तिमि ममस्थ सबभूत हैं अमबीज बि-
ख्यात ॥ सर्वभूत कल्पान्तमें ममसुप्रकृतिमें लीन । होततिन्हैं
कल्पादि में सिरजि करत हम पीन ॥ ह्वै निज प्रकृताधीनजग
रचियतु बारम्बार । मोहिं न बाधत कर्मकृत अरत अराग बि-
हार ॥ मैंजो नाथ प्रवर्त्तकसु तेहिसों प्रकृति पुरानि । बिरचति
जगतेहि हेतु जगसाक्षितिलीजे जानि ॥ जेभावज्ञ न मूढ़तेभ्रमि
माया भ्रम माहिं । गहे मानुषी देहमोहिं ईश्वर जानतनाहिं ॥
व्यर्थाशाअरु कर्मते व्यर्थज्ञान अरुचेत । गहेराक्षसी आसुरी
प्रकृति तमसरजहेत ॥ जामेंहिंसाहोयबहु प्रकृतिराक्षसीतौन ।
जामें होयमदादि बहुसो आसुरिमतिभौन ॥ जे महान दैवीप्र-
कृति आश्रित सत्वप्रधान । ते अनन्यमन भजहि मोहिं गुणि
अव्ययमतिमान ॥ भजनस्वरूप कहियतु हैं ॥ सन्तत कीर्तत मोहिं ते
दृढ़व्रत मनजित स्वक्ष । प्रणमत नवधा भक्तियुत गहिउपास-
नादक्ष ॥ ज्ञानी भजत अभेद गुणि गुणि कोउ सेवकस्वामि ।
भजत कोऊ गुणि सर्वगत कोउ त्रिमूर्तिको गामि ॥ हम मख
स्वाहा स्वधाहबि अग्निआज्य द्विजमंत्र । हम माता धाता
पिता बेद्य प्रणव अरु तंत्र ॥ भर्त्तागति साक्षी शरण सुहित
निवास निधान । प्रभव प्रलय प्रभु बीजहम हैं अव्यय मति-
मान ॥ हम बरषत हम तपत हमकरत अवर्षणरूप । हम अमृ-
तु हममृत्यु हम सत अरुअसत अनूप ॥ जे सुयज्ञकरि इष्टि
मोहिं चहैं स्वर्गमें ओक । पाय पुण्यफल ते बसत सुरनायककै
लोक ॥ भोगि स्वर्गगत पुण्यह्वै पतत भूमिपै फेरि । वेद निष्ठ

कामी इबिधि लहत गतागतहेरि ॥ जे अनन्य चितभक्त मम
भजत मोहिंयुतभक्ति । तिनके रहति अधीन नित सर्बयोग की
पंक्ति ॥ औरहि पूजत भक्तियुत जेऊतेऊ भक्त । मोहीं पूजत
पार्थ पै अबिधि पूरबकशक्त ॥ हमहीं हैं सबयज्ञके भोक्ता ईश
महान । मोहिं न जानत तत्त्वसों ताते तपत न दान ॥ जे ध्या-
वत हैं जिनहिं ते अवशि तासुढिगजात । जे ध्यावत हैं मोहि
ते मम ढिग आवत तात ॥ पत्र पुष्पफल तोय जो अरपत
हमहिं सभक्ति । ह्वै प्रसन्न हम लेतसो तस्योपरिअनुरक्ति ॥
अशन हवनदानादि जो करहुकर्म ब्यापार । करौ ममार्पणतौन
सब यह मत मंजुलसार ॥ इमि संन्यास सुयोगसो युक्तात्मा ते
तात । कर्मबन्ध शुभ अशुभफल सो छुटि ममढिगजात ॥ हम
सबमें समभाव अरु है मोहिं प्रियनाहिं कोइ । ढिगबर्त्ती ऐकी
अगिनि शीत देति है खोइ ॥ यदपि दुराचारी महत मोहिंभजै
जोउ सोउ। साधुमानिबे योग तेहि कहौ असाधुन कोउ ॥ शीघ्र
होतधरमात्मा लहत शांति सोदास । ध्रुवतुम जानो नशत नहिं
ममजन लहत सुपास ॥ बैश्यशूद्र तियआदि दै पापयोनि हैं
जेउ । मम आश्रित ह्वै परमगति ध्रुवपावत हैं तेउ ॥ ममसु
भक्त जो पुण्यजन अकथनीयहै तौन । लोक अनित्य असुख
हिलहि मोहिं भजै पटुतौन ॥ ममपूजक ममभक्त जे मोमें रत
मतिमान । लहत परमपद तेसुबुधिपापशान्ति बिज्ञान ॥

इतिभीष्मपर्बणिकृष्णार्जुनसंबादेराजबिद्यागुह्यबर्णनोत्रयोदशोऽध्यायः ॥१३॥

श्रीभगवानुबाच ॥ दोहा ॥ तव हितार्थ फिरि कहत हौं बचनप
रमसुदान । सुनो धनंजय तौनतुम तासु पूर्ण प्रियमान ॥ नहिं
जानत ऋषि सुमनगण ममसुप्रभवहेतात । सबऋषिगण अरु
सुमनके हम हैं आदि बिभात ॥ अजअब्यय अरु लोक को
ईश्वर जानत मोहि । जेते सब मानवन में असम्मूढ़ बिधिजो
हि ॥ असम्मोह बुधिज्ञानसम क्षमासत्य दमदान । सुख दुख





भाव अभावभय अभय अहिंसामान ॥ समता तपयशअयश
अरु तुष्टिभावजो होत । पृथक् पृथक् ते भूतमें मोसों करत उ-
दोत ॥ सनकादिक ऋषिचारि अरु भृगुआदिक ऋषिसात ।
चौदह मनु मानस सम तिनसों सबजग जात ॥ मम बिभूति
अरु योग यह लखत तत्त्वसों जौन । निस्संदेह सुयोगते युक्त
होत है तौन ॥ हम सबके हैं प्रभवअरु न्यामक सुनो यथार्थ ।
भावयुक्त बुधमानिइमि भजत मोहिं हे पार्थ ॥ जासु चित्तमेंहम
बसत शतधा ते मतिमान । कथत मोहिं मोमें रमत तोषतमो-
सों न्यान ॥ तिनभक्तनकहँ देतहम बुद्धियोग सो तात । जातेमो
ढिगप्राप्तिते अमलअनन्यबिभात ॥ नित्यप्रकाशित चारुअति
ज्ञानदीपसों तासु । हमनाशतअज्ञानतम करिअनुकम्पाआसु ॥
अर्जुनउबाच ॥ परब्रह्म परधाम अज अब्यय पुरुषपुरान । आदि-
देव तुमकहँ चहत नारदादि मतिमान ॥ आपहु कहोसो सर्ब
सति नहिंसंशयहै नेक। जानत हैं न स्वरूपतव सुरअरुअसुर
अनेक ॥ आपुहि अपने रूपको जानतहौ तुमनाथ । यातेमो-
को जानिकै निज चरणनकेसाथ ॥ फिरिअशेषतेकहौप्रभु निज
बिभूति ब्यारूयान । जासों ब्यापि समस्त जग बर्त्तितहो मति
मान ॥ किमिजानै केहिभाव में चिन्त्यमान तुमतात । बिस्तर
सों सो कहहु प्रभु सुनिमोमन न अघात ॥ श्रीभगवानुबाच ॥ आ-
पनि दिब्य बिभूतिहम पारथ तुमसों भन्त । कहिप्रधानताता
सुनहिं बिस्तरसों मम अन्त ॥ सब भूताशय आतमा हैं हम
मतिमान । आदिमध्यअरु अन्त हम सबकेसुनहु निदान ॥
आदित्यनमें बिष्णु रबि ज्योतिमानमें भात । शशिनक्षत्र में
मरुतगणमें मरीचिहमतात ॥ कबित्त ॥ वेदनमें सामवेद देवनमें
बासव औ इंद्रिनमें मनचेत भूतनमें हमहैं। रुद्रनमें शङ्कर अ-
क्षनमें धनपति बसुनमें अग्नि सिखरीमें अरुहम हैं । गुरुसु-
राधनमें सिन्धुसरिता गनमें सबसेनापतिनमें कार्त्तिकेयहमहैं-

ऋषिनमें भृगुबरबाणीमें एकाक्षरयज्ञनमेंजपतरुमें अश्वस्थहम
हैं ॥ अपरं ॥ ऋषिनमेंनारदहिमालयथावरनमें औसिगरेगन्धर्बनमें
हमचित्ररथहैं । सिद्धनमेंकपिलऔ उच्चैश्रवा अश्वनमें गजन
में सुरगज बीरज अकथहैं । अस्त्रनमें बज्रकाम धेनु धेनुगनमें
औ सर्पनमें बासुकि प्रजन मनमथ हैं । नरनमें नरनाह सा
शस्त्रधारिनमें ध्यायबेके योगनमें हमदाशरथहैं ॥ दोहा ॥ दैत्यन
में प्रहलादहम गणक गणनमें काल । मृगगणमें मृगराजहम
गरुड़ खगनमें आल ॥ गवन कृतनमें पवनहम मकर भखनमें
तात । सुरसरि हम स्रोतसनमें मुनिमें ब्यास बिभात ॥ पितर
में हम अर्यमा हम नागनमें शेष । नियम कृतनमें यम बरु
जलचरमें सबिशेष ॥ कवित्त ॥ आदिअन्त मध्यहम सब सृ
वाननमें अध्यात्मबिद्या सबबिधन में हमख्यात । हमबाद
कतनमें अक्षरनिमें अकारहमहैं अक्षय काल हममृत्युअबद
त ॥ द्वन्दहै समासन में हम कामफलप्रद हमहीं वृहत सा
साम वेदमें बिभात । हमऐश्वर्य हमस्मृतिमेधा धृतिक्षमा कीर्ति
बाणीश्रीहैं सबनारिनमेंहमतात ॥ अपरं ॥ छन्दनमें गायत्री मास
में मार्गशीर्ष तेजतेजवाननमें ऋतुन में ऋतुराज । छलन
जुवाव्यवसायन में जय हम तेजनमें तेजवान सत्वनमें सा
साज । वृष्णिनमें बासुदेव पाण्डवमें पारथ औदण्ड दण्ड
तनमेंकबिनमेंकबिराज । नीतिजीति चाहकमें मौनगुह्य मंत्रन
ज्ञानज्ञानवाननमें राजानिमें सम्राज ॥ दोहा ॥ सर्बभूतको बीज
सो हमहैं हेपार्थ । हमैंबिना जो भूतसो नाहिं कछु सुनहुयथार्थ
हैनदिव्य ममभूतको अन्तसुनो हेआर्य । एकदेशसों एकहैं
बिभूति कृतकार्य ॥ ज्ञानबुद्धिबल रूपधन बिद्याआदि समस्त
कीउतकृता जहँलखौ तहँममभूतप्रशस्त ॥ ज्ञानवानतुमहौ क
कहैअधिक हेतात । एकअंशसों सर्बजग मेंहमब्यापि बिभात
इतिभीष्मपर्बणिश्रीकृष्णार्जुनसम्बादेबिभूतियोगवर्णनोचतुर्दशोऽध्यायः





अर्जुनउवाच ॥ दोहा ॥ नाथकृपाकरि जो कहे परमगुह्य ब्या-
ख्यान । सो सुनिभो ममभ्रम शमन दमन मोहअज्ञान ॥ भू-
तनको भवनाशकृत सुनो सबिस्तर तात । लखोचहत तवरूप
प्रभु जोपर परम बिभात ॥ जो तेहि लखिजे योगमोहिं जानौ
तत्वनिकेत । तौदरशावहु रूपनिज सानँदकृपा समेत ॥ श्रीभग-
वानुवाच ॥ लखहु पार्थ ममरूपसो शतसहस्र सहभेष । बिधि
गिरिसागर आदिजग तनमें लखौ अशेष ॥ नहिंलखि सकि
हौ पार्थयहि चखतेसी ममरूप । दिव्यचक्षु हम देतहैं निरखौ
प्रभाअनूप ॥ इमिकहि दरशावतभये प्रभु परमेश्वररूप ॥ चख
मुख पगभुज अनगिने अदभुत दरश अनूप ॥ दिव्यगन्ध
स्रकआभरण आयुधधरे अनन्त । सर्बआचरणसों भये केशव
कमलाकन्त ॥ एककालमें सहसरबि दिपैंगगनपै आय । तऊ
नतहँ प्रभुकी प्रभा कीसमताकहि जाय ॥ पृथक् पृथक् तहँसर्ब
जग प्रभुकेतन मधिदेखि । करिप्रणाम पारथकहे बिस्मय सों
हियभेखि ॥ प्रभु निरख्यों तुव देहमें सर्बभूत समुदाय । शिव
बिरंचि सुरसिद्ध ऋषि उरगबिहँग खगराय ॥ निरखिपरे अग-
णित उदर चखमुख ऊरू हाथ । आदि अन्त अरु मध्य तुव
लखि न परत हेनाथ ॥ चारुकिरीटी अरुगदी चक्री बर्चसधा-
म । लखततुम्हैं ज्वलनार्कसम दुरनिरीक्षअभिराम ॥ वेदितव्य
अक्षरपरम तुमप्रभु बिश्वनिधान । साश्वत रक्षकधर्म्मके पुरु-
षोत्तमभगवान ॥ शशिरबिनेत्र अनन्तप्रभु नित्यअनादि अ-
नन्त । दीप्तहुताशन बदनजग लहि तुवतेज तपन्त ॥ नभमाहि
सबदिशिमें भये पूरित एकअनूप । ब्यथितभयो त्रैलोकप्रभु
लखितुम उग्रस्वरूप ॥ रोला ॥ कितेअसुर समूहशरणे होततब
तजिदर्प । कितप्रणत सिद्ध ऋषिगण करत अस्तुतिअर्प ॥
रुद्रबसु गन्धर्ब आश्विनि साध्यमारुत यक्ष । पितरसुर साचरज
निरखतकरे अचपल अक्ष ॥ उग्ररूप निरेखि यहभे ब्यथित

सिगरेलोक । ब्यथित कैहम सधृति नहिंलहि दीप्तिको अव-
लोक ॥ दशन बिकट कराल कालानल सदृश तब आस्य
देखिदिग भ्रमभयो मोहिं प्रसीद लखिमम दास्य ॥ पुत्रस
धृतराष्ट्रके सहसैन नृपति समूह । औरजेमम संगके महिपाल
अरु भटजूह ॥ सर्बतेतव मुखेप्राबिशत शलभअगिनि समान।
परेदशनान्तरनि चूर्णित उत्तमांग महान ॥ बेगसों जल नदिन
को जिमि उदधिमाधि चलिजात । तथा प्रविशत सकलये तुव
बदनमें हेतात ॥ दीहरसना करत चालन जगतग्रसत समान।
करेप्रतपित लोकत्रयकरि तेजपरम प्रधान ॥ कहौप्रभु करिकृपा
को तुम उग्ररूप अमान । चहत जान्यो भेदतुव नहिंलहतकरि
अनुमान ॥ श्रीभगवानुबाच ॥ लोकक्षयकृतकालपरम प्रबुद्धहम पर
वान॥बिनापाण्डव सर्बसुभटन करब शीघ्र अप्रान ॥ लरौताते
लहौशत्रुन जीति सुयश अमन्द । हतेहमसों सकलयेतुव ब्याज
मात्र स्वछन्द ॥ संजयउबाच ॥ कृष्णकेये बचन सुनिकै पार्थयुग
करजोरि । कम्पिगदगद ह्वैरोमांचित कहेनौमि बहोरि ॥ सत्य
प्रभु तुवप्रकृतिसों जगलहत त्रयबिधि जौन । बिश्वतुमसों
ब्याप्त तुम परधाम आनँद भौन ॥ आदिकर्त्ता आपु कर्त्ता के
अनादि अनंत । अग्निरबि शशि दिशपलोकप तुमहिं श्रुति
स्मृतिभंत ॥ बिश्वकरता बिश्वपालक बिश्वमें भगवान । बार
बार प्रणाम सब दिशि सों तुम्हहिं मनमान ॥ क्षमेहुप्रभु मम
अज्ञताके भावसिगरे तौन । कृष्ण हे हे सखायादव कहतहैं हम
जौन ॥ दोहा ॥ यहतुव महिमा महततेहि बिनु जाने हे नाथ।
वाप्रमाद वाप्रेमसों वासहास रहिसाथ ॥ शयन अहार बिहार
में अनुचित भाष्यो जौन । पिता पुत्रको क्षमततिमि क्षमहुँकृपा
करि तौन ॥ लखेअगोचर रूपयह ब्यथव्रतहै मोहिंत्रास । चा-
रुसउम्य स्वरूप गहि दीजै नाथ सुपास ॥ श्रीभगवानुबाच ॥ मम
प्रसन्नता ते लखेहु तुमममरूप सगौर । जपतप मख दानादि





करिलख्यो न कबहूं और ॥ तजौ भीति अब लखहुमम पूर्ब
स्वरूपउदार । इमिकहि दरशावत भये रूपमदनमदगार ॥ कहै
पार्थ यहरूपलखि मोसप्रकृति ममचेत । सुनिप्रसन्नह्वै कहत
मे केशव कृपानिकेत ॥ ममस्वरूप दुरदर्श है लखेहु पार्थ तुम
ताहि । लखिबे को बांछित रहत नित्य सुमनगण चाहि ॥ वेद
यज्ञ तप दानसों नहिंस्वरूपसों दृश्य । है शुचि भक्ति अनन्य
सों ज्ञातदृश्य अस्पृश्य ॥ नित्य समर्पण कर्मकृत परम भक्त
ममजौन । बर्जित संग ममत्व बिनु प्राप्त होत मोहिंतौन ॥
इतिभीष्म पर्बणिश्रीकृष्णार्जुनसंबादे बिश्वरूपदर्शनबर्णनोपंचदशोऽध्यायः
अर्जुनउबाच ॥ दोहा ॥ सगुण स्वरूपी तुमहिंजे ध्यावत है सर्ब-
ज्ञ। ध्यावत निर्गुण जे तिनमधि प्रभुके योगज्ञ ॥ श्रीभगवानुबाच ॥
नित्यलग्न श्रद्धा सहित मोमें मन आवेशि । ध्यावत जे मम
भक्तते हैं मोहिंयुक्त बिशेशि ॥ ध्यावत इन्द्रिन नियमि जे अगुण
अचिंत्य स्वरूप । प्राप्तहोत मोमें तेऊ पाय सुसिद्धि अनूप ॥
पै अचिंत्य अब्यक्त में करि अशक्त नितिचेत । लहत क्लेश
अतिही सुनो पारथ बुद्धिनिकेत ॥ जे मम बिषे समर्पि कै सर्ब
कर्म कृतजात । मोहिंजपत हमतासुहैं उद्धरता हे तात ॥ मोमें
मनथापित करें बुद्धि प्रवेशनकार्य । देहत्यागके अन्तसों निव-
सत मोमें आर्य ॥ जो मोमें नहिं करिसकै थिरचंचल मनताहि ।
तौ अभ्यास सुयोगसों करै आप्त मोहिंचाहि ॥ जो अभ्यास में
अक्षम तौ करिये ममहितकर्म । ममहित करिकै कर्मनर लह-
त सिद्धि तजिभर्म ॥ ममहित कर्मन करिसकै जो मम आश्रित
अक्ष । कर्मनके फल पक्षको करैत्यागतौ दक्ष ॥ श्रेय ज्ञान अ-
भ्यास सों ध्यान ज्ञानसों श्रेय । ताहूसों फल त्याग अरु तासों
शांति अमेय ॥ निर्द्वेषी शुचि कारुणिक निर्मम योगी तुष्ट ।

कुलनाथात्मज गोपीनाथकबिने शान्तिपर्बके मोक्षधर्म के छः अध्यायतक व दानधर्म के प्रारंभ से रिबंशतक बनाया ॥

मनबुधि मोमें आर्पिमम भक्तमोहिं प्रियपुष्ट ॥ अनहित का
न आपुनहिं होतकबहुं उदबिग्न । जोभय हर्ष अमर्ष बिनु
प्रियमोहिं अबिघ्न ॥ अनपेक्षी दृढ़ निश्चयी उदासीन स
भाव । तजेसर्ब आरम्भ सो ममप्रिय भक्तसचाव ॥ मुदितहो
नाहिं पायप्रिय दुखित न अप्रिय पाय । समसुखदुख अरिमि
में सो ममभक्त बनाय ॥ निन्दा अस्तुति तुल्यजो अपटुमौ
अनिकेत । तुष्टलहैजो ताहिमें थिरमति भक्तसहेत ॥ तजे स
अरु शुभअशुभ तजे दोषजे सर्ब । तुल्यमान अपमानसु
दुखमों भक्त अखर्ब ॥ धर्म्यामृतयह परम हित यथाउक्त तौ
जौन । चाहि उपासत साराधिक भक्त मोहिं प्रियतौन ॥
इतिभीष्मपर्बणिश्रीकृष्णार्जुनसंबादेभक्तियोगबर्णनोनामषोडशोऽध्याय

अर्जुनउवाच ॥ दोहा ॥ क्षेत्र और क्षेत्रज्ञऔ ज्ञानज्ञेयहैं जौन
प्रकृति पुरुषके येकहौ जान्यो चाहततौन ॥ श्रीभगवानुवाच ॥
शरीर है क्षेत्र है सुनो बुद्धिमत पार्थ । चित आत्मा क्षेत्रज्ञ
जानत याहि यथार्थ ॥ सर्बक्षेत्रमें पार्थ मोहिं जानहु प्रभुक्षेत्रज्ञ
क्षेत्र और क्षेत्रज्ञको ज्ञान ज्ञान सर्बज्ञ ॥ जो अरुजैसे क्षेत्र
जासु बिकार बिभात । जैसो तासु प्रभाव सो सुनो सबिस
तात ॥ ऋषिगणसों अरुवेदमें ब्रह्मसूत्रपद माह । पृथक् पृ
है कथित सो सुनो पार्थ नरनाह ॥ अहंकार बुधिभूत अरु
न्द्री मन शब्दादि । इनमें क्षेत्र प्रसिद्ध है कहत वेद विद नादि
इच्छासुखदुखद्वेषधृति अरुचेतनाउदार । मनइन्द्रीअरुआत
ये हैं क्षेत्र बिकार ॥ अथज्ञानलक्षणम् ॥ कवित्त ॥ कोमलता शांति
अदंभता सुअमानित्व शुचिता औ थिरता अहिंसानिरहंका
बैराग्य इन्द्रियार्थ बिषे आत्म निग्रह आचार्यको उपासना
चित्तत्व ब्यवहार । इष्ट औ अनिष्ट बिषे समचित्त गोपीना
जन्ममृत्यु जरा ब्याधि दोष दुःखकोबिचार । पुत्रदारऔ गृ
दिमेंअशक्तता सदैवमो मधिअनन्य भक्तिकीबो ज्ञानहैउदा





दोहा ॥ जो निर्जन सेवित्व अरु जनगण बिषे अप्रीति । नि-
ति शास्त्रज्ञ सुज्ञानमें कीबो निष्ठा नीति ॥ चारु तत्व ज्ञानार्थको
दरशन हैमतिमान । इनको कहिये ज्ञान अरु इनते इतर अज्ञा-
न ॥ अब कहियतुहैं ज्ञेय जो सुनो तासु ब्याख्यान । नशत न
असतअनादि जो परब्रह्मभगवान ॥ पाणिपाद शिर नेत्रमुख
श्रुतिसबदिशि में जासु । बिलसत सबथर ब्यापि सो बेदबदत
गुणतासु ॥ सर्बेन्द्रिय के गुणनिको ग्राहक बिस्वेबीश । बर्जित
सब इन्द्रियनसों अनाशक्त जगदीश ॥ बाहेर अन्तःभूतगण
चर अचरसुजान । अबिज्ञेयसूक्ष्मत्वते निकटदूर थितवान ॥
है अभिन्न सब भूतसों बिलसत भिन्नसमान । भरता हरता
भूतगणको प्रभु ज्ञापक ज्ञान ॥ सबज्योतिनके ज्योतिकृत तमते
परे बिहार । ज्ञेयज्ञानसों गम्य हम सर्ब हृदिस्थ उदार ॥ क्षेत्र
ज्ञान अरु ज्ञेय कहि प्रगट सुनायेतात । जाहि जानि मम भक्त
मम भाव हेतु लपटात ॥ प्रकृति पुरुषये जगतके जननी जनक
अनादि । सोबिस्तर सों प्रगट करि कहैं वेद बिदनादि ॥ कार-
ण कार्य कर्तृत्वमें हेतु प्रकृती दक्ष । सुख अरु दुख भोक्तृत्वमें
हेतु पुरुष परतक्ष ॥ कारणहै इन्द्रिय सकल अरु शरीर है का-
र्य । लगीरहतिहै बिषयमें याते जानत आर्य्य ॥ करत पुरुष
प्रकृतिस्थि ह्वै प्रकृतिज गुणको भोग । कारण सद सद योनि
को त्रयगुणको संयोग ॥ दर्शक न्यामक नित्य जो भर्त्ता भोक्ता
तात । परमात्मा प्रभु ख्यातसो तनमधि पुरुष बिभात ॥ प्रकृ-
ति पुरुषकहँ गुणनिसह इमि जानतहैं जौन । बर्त्तमान सबमें
तऊ फेरि न जन्मत तौन ॥ देखत आतमहि आपुमें कोउ करि
आपुहिध्यान । कोउ सांख्य बिधियोगते कोउ करिकर्मबिधान ॥
जे अजान इन बिधिन मधि तेसुनि गुरु के बैन । ध्यावत आ-
त्महि नेम सों तेऊ तरत सचैन ॥ थावरसंगमहैं जिते तेसिगरे
हैं तात । क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ के संगम सोहैं जात ॥ परमेश्वरसब

भूत में सम बिलसत है पार्थ। नहिं बिनशे बिलसत लखत य
सो लखत यथार्थ ॥ सब थर सम इस्थित प्रभुहि सबथर ल
खतसमान । पुष्ट करतसब भांति निज कारय तौन सयान
प्रकृतिहिसों क्रियमाण है तिते जिते सबकर्म । लखत अकर्त
आतमहि लखत लखत सो पर्म ॥ पृथक् भावसबभूतको ज
निरखै एकस्थ । लखै बिस्तरित एकसों लहै ब्रह्मसों स्वस्थ
अनादित्व अगुणत्वसों प्रभुदेहस्थ प्रशस्त। करत न कछु ता
ते नहीं होत दोषसों ग्रस्त ॥ तथा सर्वगत आतमहि कर्मन
लिप्त करोत । यथा सर्वगत सुष्णतासों नभ लिप्त न होत
यथा प्रकाशत सकलजग कहँ रबि एकअमन्द । तथाप्रकाश
त क्षेत्रसब क्षेत्री परमस्वछन्द ॥ लखतक्षेत्र क्षेत्रज्ञको ज्ञानच
क्षुसों बीच । भूतप्रकृतिपर मोक्षबरते नरलहत निभीच ॥
इतिभीष्मपर्वणिश्रीकृष्णार्जुनसंबादेप्रकृतिगुणबर्णनोनामसप्तदशोऽध्याय

भगवानुवाच ॥ दोहा ॥ उत्तमासिगरे ज्ञानसों फिरि कहियतुप
ज्ञान । परम सिद्धि मुनिगण लहत जाहि जानि सबिधान
यह शुभज्ञान उपासिकै लहि मम रूपहि तात । कल्पादि सुक
ल्पान्त में कबहुँनशत नहिंजात ॥ सत्वरजस तम त्रिगुण ये प्र
कृतिज सुनु कैस्वस्थ। बरधिबाधि ते करत है देहिनको देहस्थ
एकएकये बराधि जिमि बाधत करि जे कार्य । सो सबक्रमसों
कहत हैं सुनो धनंजय आर्य ॥ बढ़त सत्वतबहोत है निर्मल ह
दय सज्ञान । तासोंसुख संगमाहि लहि बँधत जीव मतिमान
बढ़े रजो गुणके बढ़ति तृष्णा महत अमान । कर्मसंग लहि
बँधत तासों जीवसुजान ॥ तामस बढ़े अज्ञानबढ़ि करत ह
यको अन्ध । लहि प्रमाद आलस्य तब जीव होतहै बन्ध
सत्व प्रकाशक सुख जनकरजस करावत कर्म । ज्ञानगोपित
मस करत प्रगट प्रमाद अधर्म ॥ सोरठा ॥ सत्वरजतमाहिगोपि
रजतमसत्वहिद्वाबिकै । सत्वरजाहितमलोपि प्रगटकरत निज





धरम ॥ दोहा ॥ ज्ञानशर्म्मकर सत्वरज ज्ञापक कर्मसलोभ । ता-
मसकरत प्रमाद अरु क्रोध मोहमदक्षोभ ॥ बढ़े सत्वके करत
तन त्यागन जो तनवान। सोसोलोक लहैलहैजेतत्वज्ञसुजान ॥
बढ़े रजसतन त्याग जो करत होतनर तौन । पावत कुत्सित
योनितन तजत बढ़े तम जौन ॥ सात्विकिको फल ज्ञानसुख रज
को फल दुखपर्म । तामस को अज्ञानफल बरणत ज्ञातामर्म ॥
होत सत्वसों ज्ञानअरु रजसों लोभ महान । तमसों मोह प्र-
मादअरु होत अज्ञान अमान ॥ गच्छत ऊर्ध सतोगुणी राजस
तिष्ठत मध्य । अधोगच्छत हैं तामसी असत्कार्य आराध्य ॥ क-
र्ता जानत गुणिहिजो नहिं आपुहि युतचाव । निजकहँ गुणि
तम गुणन ते परे लहतममभाव ॥ जब देहीइन त्रिगुणकहँ जी-
तत सहित बिधान । जन्ममृत्यु दुखसों तबहिं मुक्तहोत मति-
मान ॥ अर्जुनउवाच ॥ त्रिगुणहि जीते को कहा चिह्नकहो सो
तात। काअचार केहिभांति प्रभुअनघत्रिगुणतरिजात ॥ श्रीभग-
वानुवाच ॥ सत्वप्रवृत्ति बारजतमस कियोकरैनिजकर्म । इमिगुणि
मोमेंलीन नितरहत तौन बिदमर्म ॥ उदासीनवत रहतसो अ-
नालिप्त सर्बत्र । गुण प्रगटत निज गुणनि इमि अचल गुणत
सर्वत्र ॥ सुखदुख कंचन उपल प्रिय अप्रिय तेहि सम पार्थ ।
त्यागीसबके यतनको जीतेगुणनि यथार्थ ॥ सोरठा ॥ जपतमोहिं
तजिओत गहि अनन्य शुचिभक्ति जो । जीतिगुणनिकहँहोत
ब्रह्मभावके योगसों ॥ दोहा ॥ तातपर्यते ब्रह्मको हम सुप्रतिष्ठा
स्थान । अरु साश्वत शुचिधर्मको अरु परसुखको स्थान ॥
इतिभीष्मपर्वणिश्रीकृष्णार्जुनसंवादेप्रकृतिगुणभेदबर्णनोअष्टादशोऽध्याय :

दोहा ॥ ऊर्द्ध मूल अधशाख अरु परण छन्दमय यज्ञ । तरु
अश्वत्थ जग ताहिजे जानतते वेदज्ञ ॥ सोरठा ॥ सबके ऊरध
स्वक्ष ईश्वर अव्यय परम है । ताते अधसुनु दक्ष जीवतौन
शाखा बपुष ॥ कबित ॥ बढ़ो गुण जलसों सुबिषय प्रबालयुत

शाखा अधऊरधको परसे लसत तासु । अध मूल लसैंते मैं करमानुबन्धीकृत ऊरधसों क्रमतेत्यों अधसोंकरेप्रकासु । आदि अन्त ध्रुवरूप दीसै ताहि तरुकोण ताहिसंग त्यागदृढ़आयुध सों छेदि आसु । शोधै तेहि पदकी सुगैल जाहिआपिफेरि परसै न भूमिमोदैपाय सरसै सुपासु ॥ दोहा ॥ मैं शरणागत नाथइमि आरत बचनसुनाय । प्रकृति पुरातनको प्रभव पुरुषहि लहत सचाय ॥ निर्मानी निर्मोह जित संगअदोष अकाम । ध्यानाव-स्थित चितलहै परमसुपद अभिराम ॥ यहां न दीपत सूर्यशशि नाहिं पावक शुचिरूप । जहां जाइ नाहिं फिरत फिरि सोममधाम अनूप ॥ शुद्ध सनातन अंशमम जीवभूत अबिभंग । सो मन सह ज्ञानेन्द्रियन कहँ नित राखतसंग । तिन प्रकृतिस्थन कहँ लये गहत तजत तनतौन । गहेरहत तिनकहँ तथा यथागन्ध कहँ पौन ॥ कबित ॥ रसनाकरण चक्षुघ्राण परसनमन इन्हैं मय तनुतन तामैं नित्य बासकरि । बिबिध बिधाननके थूलदेह मैं बिलसिभोग बिषयानको करत महामोदभरि । कहैं कबि गो-पीनाथ यह जो वृत्तान्त ताहि जानत न मूढ़ जाने ज्ञानवान ध्यानभरि । ऐसे मनसह पंचतत्त्वन सखानसम सब थर रहै संग लीन्हेंजीवमायाकरि ॥ दोहा ॥ तेजअग्निशशिसूरमें सोमम तेज अमन्द । हमपोषतसब औषधिन कहँ ह्वै सोम स्वछन्द ॥ धारत भूतसमूह हम महिमें प्रविशि बिचारि । हम पचवत जठराग्नि ह्वै अन्नजौन बिधि चारि ॥ हम सबके हृदयस्थहैं हमरो सोस्मृति ज्ञान । सबदेवनमेंवेद्यहम करतावेद बिधान ॥ कबित ॥ लोकमें पुरुषदोय क्षर औक्षर सुनो क्षर प्रतिबिम्बवत होतनाशमानजौन । अबिकारी अचल सोअक्षर अमन्द औरै तिनसों इतरपरमात्मा प्रसिद्ध तौन । धारे सब लोकन जो अ-क्षरसों परे ताते ख्यात पुरुषोत्तम न प्रकृति तियाको रौन । यहि बिधि जानतजे मोहिं पुरुषोत्तम ते मोहिंको भजततासों





सरवज्ञ दूजो कौन ॥ सोरठा ॥ परम गुह्य यह शास्त्र कहे पार्थ जेहिजानिकै । कृत्यकृत्य सतपात्र बुद्धिमान नरहोत है ॥

इतिभीष्मपर्बणिश्रीकृष्णार्जुनसंवादेपुरुषोत्तमंयोगबर्णनोएकोनविंशोध्यायः

श्रीभगवानुबाच ॥कबित्त॥ राजसीतेहोतनरतिन्हैंदोयसम्पदहैदैवी अरुआसुरीते सत्यतमकेनिदान । मृदुताअहिंसाक्षमातप यज्ञ सत्यशांतिअभयअलोलुपतादयाशमदमदान । ज्ञानकोसंयोग औस्वध्यायकरुणो अद्रोहतजत्याग धीरज सुशौचकीबो जप ध्यान । इन्हैंआदिसतकाज दैवीसम्पदातात सेवतसप्रेम तिन्हैं सत्वमयमतिमान॥ अपर॥दम्भदर्पअभिमानक्रोधरुच्छताअज्ञान आदिकलिखेजे गणेकारजअसतहैं । सम्पदाते आसुरीहैबन्ध करताइन सेवैं सदा तामसीते अधकोखसतहैं । त्रातासबथर मैंसुदाता मंजुसुकृतिकी गोपीनाथदीह दैवीसम्पदा लखतहैं । दैवी शुचि सम्पदामें प्रगटभये हौ तुम शोच मतिकरो शोचें शोच सों ग्रसतहैं ॥ दोहा ॥ दोयभूत यहि लोकमें आसुर दैव प्रधान । कहे देव अब कहतहैं आसुर को ब्याख्यान ॥ आसुर जन मानत नहीं प्रवृतिनिवृति ब्यवहार । शौच सत्यजानतन तेनहिं जानत आचार ॥ कहतअनीश्वर जगतकहँ कहि अ-सत्यउपखान । रजबीरज संभव सकलनाहिंकछु आनविधान ॥ यहि बिचारमें दृष्टि करि नष्टात्मा अज्ञान । उग्रकर्मकर जगत केनाशक होत अमान ॥ काममये अतिदम्भ युत मानमदा-न्वित मूढ़ । असतग्रहण करि मोह ते चरत अशुचि ब्रतगूढ़ ॥ मरणावधि चिन्तित रहत योग क्षेमके हेत । कामभोग उतकृष्ट यह निश्चय करत अचेत ॥ आशापाश सहस्रसों बद्धभरेरिसि काम । मदनभोग हितधन सचतकरि करि कुतसितकाम ॥ यह भोमोकहँ लब्ध यह ममपौरुष सों प्राप्त । निरखिअन्य धनक-हत यह ह्वैहैं ममहैआप्त ॥ मैं मार्‍यों यह शत्रुकहँ हतिहौं और अनेक । हम ईश्वर भोगी सुखी बलीसिद्ध सबिबेक ॥ हमकु-

लीन जनवान हम नहिं मोसमकोउअन्य । इमि मोहितअज्ञा
न सों गुणत आपु कहँधन्य ॥ थरअनेकमें लायाचित भ्रम
मोहकेजाल । कामभोगरतते पतत जहँअतिनरककराल ॥ आ
पुहि जानत आपुबर सधन भये अभिमान । करतयज्ञसो दं
सोनाम हेतु अविधान ॥ अहङ्कार बलदर्पअरु युतकामादि
सर्ब । निज परदेहस्थहि सुमोहिं द्वेषत ईर्षत खर्ब ॥ परेआसु
योनिमें अमोकरत तेमूढ़ । मोहिं लहे बिनु लहतहैं क्रूर अध
गतिमूढ़ ॥ तीनि नरकके द्वारहैं काम लोभ अरु क्रोध । इ
त्यागि आचरतते करत परम गतिशोध ॥ करिउल्लंघन शा
स्त्रबिधि चरत स्वइच्छा जौन । सिद्धि परमगति सुख शुभहि
नहिं पावतहैं तौन ॥ ताते शास्त्र प्रमाण सो कारज कृत्यअकृ
त्य । शास्त्र उक्त्य बिधि जानिकै है गुणि करिबो नित्य ॥

भीष्मपर्बणिश्रीकृष्णार्जुनसंवादेदैवासुरुसम्पदबिभागबर्णनोबिंशोऽध्याय

अरजुनउबाच ॥ सोरठा ॥ जेकै श्रद्धावान त्यागि शास्त्र बिधिमख
यजत । सत्वरजसतमन्यानकहा तासुनिष्ठाकहौ ॥ श्रीभगवानुबाच ॥
दोहा ॥ देहिनकी श्रद्धात्रिधा पूर्बकर्म परभाव । सात्वकि राज
सि तामसीहोति सुनो गहिराव ॥ श्रद्धासबको होतिहै शुद्धसत्व
अनुसार । जेहिजासिश्रद्धाहोतितेहितैसोपदनिरधार ॥ सात्विक
ध्यावत सुरनकहँ राजसराक्षसयक्ष । भूतप्रेतगण कहँयजत
तामस भ्रम प्रतक्ष ॥ जेअशास्त्रमत गहि तपत दम्भ युक्तत
घोर । रागरतेते बिनुलखे ममआज्ञाकीओर ॥ भूतग्राम देहस्थ
अरु हम हृदयस्थस्वछन्द । तेहि कृश करजानौतिन्हैं असुर
निश्चयीमन्द ॥ कबित्त ॥ आहारयज्ञ तपदानये त्रिबिधहोत ति
नको कहत जौन भेद ब्यवहारहै । आयुसत्वबलसुख प्रीतिऔ
अरोग्यकार धृत सिता क्षीरयुत सात्वकि अहारहै । अतिकटु
आमल लवण अति अति ऊष्णराजसीको प्रिय शोक दुखद
अहारहै । अशुचिउच्छिष्ट गतरस कांचो औअसद्य तामसअ





हारसोअनाछो अनाचारहै ॥ अपरं ॥ यज्ञहैं त्रिबिधतामें सात्व-
किकी सुनो रीति फलमें अईहा ताको प्रथमबिधानहै । वेदउक्त
ईश्वरकी आज्ञा जानि करतब्य बिधिवत की खोजी यज्ञसात्व-
कि महानहै । फलचाहि दम्भयुत नामकाम हेत जौन कय्यो
जातयज्ञ तौन राजस अमानहै । मंत्रहीन बिधिहीन श्रद्धा द-
क्षिणा बिहीन अन्न दान हीनयज्ञ तामस मलानहै ॥ अपरं ॥
कायिक औ बाचिक औमानस त्रिबिधतापपूजन सुमनगुरुप्रा-
ज्ञद्विजगनको । तीरथ परयटनस्नान ब्रह्मचर्य्य मृदुता औ
शुचिता अहिंसा तपकायिक सुजनको । अनुद्वेगकर सत्यप्रिय
हित बोलिबो औपुण्य पाठवाक्तप मोदकश्रवनको । शुचिमन
परहित हेतिबो औ भावशुद्धि मौन आत्मनिग्रह अरागतपमन
को ॥ अपरं ॥ श्रद्धासों तपित तप होतहै त्रिबिध सुनोफलआ-
शा त्यागि कियो सात्वकि परमहै । सतकार मानपूज्य ह्वै हेत
दम्भयुत कय्यो जात तप तौन राजस करमहै । कार्य सिद्धिदे-
हनाशाबधि हठि कीबो और साधिबो मशानजामें जाहिर भ-
रमहै । परनाश हेत हेति करै उग्रतपतौन तामसतपस्या ताको
तीक्षण मरमहै ॥ अपरं ॥ देशकाल देखिदीबो अन उपकारीबर
पात्रनको जानि तौन सात्वकि सुदान है । प्रति उपकार हेतदी-
बो दीबो फलचाहि क्लेशित ह्वै दीबो तौन राजसबिधानहै । दी-
बो जो अपात्रको अदेशकालमाधिक असतकार दान तौन ता
मस मलान है । ताते यह बूझि कीबो सात्वकि को साधन सो
मतिमान जनताका सरससयानहै ॥ दोहा ॥ ॐतत्सत् ये त्रि-
बिध हैं शुभद ब्रह्मकेनाम । प्रथमतिन्हैं उच्चार बिधि करैं वेद
मखग्राम ॥ तातेॐ तत्सतइति उचारि वेदविददक्ष । तपमख
दानादिक क्रियाकरै सुबिधिवतस्वक्ष ॥ तपमखदानादिकक्रिय-
हि शुचि मतितत इतिमानि । करत मुमुक्षु फलार्थबिनुवेद उक्त
अनुमानि ॥ साधुभाव सतभावमें अरु सुकर्म में पार्थ । सतशा-

ब्दहि योजितकरत वकताशुद्ध यथार्थ ॥ दानयज्ञ तपमेंसुरी
सोंसतहै मतिमान । असतअश्रद्धासोंकरत जौनयज्ञतपदान
इतिभीष्मपर्बणिश्रीकृष्णार्जुनसंबादेश्रद्धाबिबेकयोगबर्णनोएकबिंशोध्याय

अरजुनउवाच ॥ दोहा ॥ नाथतत्त्व संन्यासको अरुसुत्यागकोतत्व
पृथक् पृथक् चाहतसुन्यो कहौ सहितभिनत्व ॥ श्रीभगवानुवाच
काम्यकर्म को न्यासतेहि कहत सुकबि संन्यास । सर्ब कर्मफ
त्यागको कहत त्यागबुधिरास ॥ त्याजकर्म जेदोषवत कहतप
मतिमान । कहत अपर मख दान तप कर्मन त्याज बिधान
तामेंमम निश्चय सुनो त्यागत्रिबिध हेआर्य्य । सात्वकि राज
स तामस सुकारण अनुगतकार्य्य ॥ यज्ञदान तपकर्म ये हैं
त्याज्य हैं कृत्य । चित्तशुद्ध करियेसकल पावनकरता नित्य
तजि ममत्व अरु त्यागिकै सर्बफलाशा स्वार्थ । शुद्धकर्म क
तब्यनिति यहमम निश्चयपार्थ ॥ शतधा कृत्यसुकर्मको त्या
न उचित अराग । करत मोहसों त्यागजो सो है तामस त्याग
दुख स्वरूप गुणि कर्मजो तजत क्लेशभय मानि । सो है राज
त्यागनाहिं तौनत्याग फलदानि ॥ वेदउक्त करतब्य गुणि कर
कर्म सबिधान । करतफलाशा त्यागसो सात्वकि त्यागमहान
कबित्त ॥ कर्मजे दुखद तिन्हें निन्दत हैं जेन औ न सुखद क
जानि इष्टकरि लेत हैं । सत्वसमाबिष्टते प्रविष्ट तत्त्व ज्ञापन
उतकृष्ट मतिह्वै फलाशा त्यागिदेतहैं ॥ देहवान त्यागिन
कत हैं अशेषकर्म ताते कर्मफल त्यागी त्यागी ते सहेतहैं । इ
औ अनिष्ट मिश्र तीन कर्मफल तेवै त्यागी कौन लभ्य
अत्यागी के निकेत हैं ॥ अपरं ॥ सिगरे करम ताके सिद्धि है
सुनो पार्थ सांख्य शास्त्रबिषे पांचकारण बिख्यात हैं । देह
अधार अरुकर्त्ता ममत्व बुधि करण जे इन्द्रिमन आदिक
भात हैं । चलनादि चेष्टाअरुदैव जौन प्रारब्ध तीनौं बिधि
इनहींसों कीन्हेंजात हैं । तामधि अकेले आतमा को मानैं





ताते दुर्मतिअज्ञात हैं न पटुअवदातहैं ॥ दोहा ॥ नहिंहम करता
जाहि हैं अतिशय दृढ़यहभाव । सोयाहिलोकहि हतेहुनाहिं होत
बद्ध तजिचाव ॥ ज्ञानज्ञेयज्ञातात्रिबिध कर्म कथनमधिख्यात ।
करण कर्म करता त्रिबिध कर्म ग्रहण मधितात ॥ कबित्त ॥ ज्ञान
कर्म करता येत्रिबिध गुणभेद सो है सांख्यमें कथितहैसो जानै
ज्ञानी मुनिये । भिन्न भिन्न भये सर्बभूतमें अभिन्नभाव मानि-
बो जोज्ञान तौन शुद्ध सातौ गुनिये । न्यारेन्यारे देखिन्यारे न्यारे
भाव मानिबो जो न्यायमत ज्ञानहि गुणैरजो गुनिये । दूहैं सर्ब-
मयआत्मा कै जानिबोसो ज्ञानै तामस प्रधान बोधकोसो मतौ
सुनिये ॥ अथत्रिबिधकर्म ॥ रागद्वेषफल चाहत्यागि करतब्यगुणि
कृतजौन कर्मतौन सात्विक बिहारहै । फलहेत दंभसो प्रयास
करि कियोकर्म जौनतौन राजसको असदअचारहै । परपीड़ा
हिंसा और अयुक्त द्रब्य ब्ययवान मोह सों कियो सो कर्म
तामस असारहै । सोई सावधान तत्त्वबिद जे बिचारि करिसा-
त्विक करम मुक्तिपदजो उदारहै ॥ अथ त्रिबिधकरता लक्षणम् ॥ धीर
उतसाह युत अहंकार रागबिनु सिद्धऔ असिद्ध समसात्विक
तेकरता । रागी सफलाशा लुब्ध हिंसात्मक औ अशुचि हर्ष
शोकवान कर्त्ता राजसअचरता । आलसी अयोग्य शठ दीर्घ-
सूत्री औ अनम्र अबिबेकी कर्त्ता तामसी जे अनादरता । सा-
त्विक फलाशा त्यागि पावत अचलते जे दोयतिन सों न छूटै
भाव क्षरता ॥ छप्पै ॥ गुण प्रभावसों बुद्धि त्रिबिध है सुनिये
सुधि सों । बन्ध मोक्षयुत हेतु गुणति है सात्विकबुधि सों ॥
कृत्यअकृत्य अधर्म धर्म अयथा बिधि जानत । सोहै राजसबु-
द्धि सदा असतै बिधि हानत ॥ धर्महि अधरम गुणति धर्म
अधर्महिं गुणि चरति । सर्ब अर्थ बिपरीत इमि गुणि तामस
बुधिअघभरति ॥ अपरं ॥ त्रिबिधहोतिधृति जौनि प्राणइन्द्रीमन
गनकी । गतिजोजासों रुकैतौनि सात्विक धृतिजनकी ॥ अर्थ

धर्म अरुकाम हेतुकीबांछाभावनि । तेहिगहिजो थिररहतितौनि
राजसिधृतिबावनि ॥ जोशोकस्वप्नभयमोहमद अरुबिषादगहि
नहितजति । तौनितामसी धृतिअहितनितिअघगतिकीमतिस
जाति ॥ छप्पै ॥ त्रिबिध होतसुख सुनौजौन सुखप्रथम जहरसम
अन्तअमीसम होत तौन सुख सात्विकअनुपम ॥ इन्द्रीबिष
सँयोग आदि अमृतसमजोसुख । बिषसमलहि परिणाम तौन
राजसदायक दुख ॥ अरु आदिहु अन्तहु बिषसदश आल
को मोहन असत । जौन प्रमादज तौनसुख तामसतासों स
नशत ॥ दोहा ॥ पृथिवी दिव देवन बिषे ऐसो कछूनपार्थ । प्रकृ
तिज गुण सो हीनजो जानहु इतो यथार्थ ॥ महिखरी ॥ भेवि
क्षत्री बैश्यशूद्र स्वधर्म अनुगतगुणमये । सोधर्म गुणअनुस
र तिनके कहत जे त्यागित नये ॥ शमशान्ति दम बिज्ञान शु
चिताकाजजे सतपरमहैं । आस्तिक्य मृदुता ज्ञानतेसबविप्र
शुभकरमहैं ॥ धृतितेज आयुधमें कुशलताशूरता सानँदगहै
अरुदान ईश्वरता स्वभावज क्षत्रिके येकरमहैं ॥ बाणिज्य गो
पालन कृषीये बैश्यके निति धर्म हैं । ये तीन तिनकी करबसेव
शूद्रको कृत मर्महैं ॥ नहिं निज करमरत रहत जेते लहतसि
यह ध्रुवगुनो । निजकर्म करिकै ईश्वरहि नितअरचि सिधि
वत सुनो ॥ निजधर्म बिगतो अंगपरकेसांगमोंहैश्रेष्ठहे । नहिं
होत किल्विष कबहुंकीन्हे नियतधर्मयथेष्ठहे ॥ निजधर्मस्व
भाविक न त्याज्य सदोष तदपि महानहैं । आरंभ सिगरे दो
युत नितिधूम अग्नि समानहैं ॥ नहिं होत कितहूं शक्त निस्पृ
रहत सबथर सबिधि जो । फल त्यागते सो लहतअतिबर नि
ष्टति पथकी सिद्धिजो ॥ दोहा ॥ सिद्धि मिलै जिमि मिलतहैब्रह्म
सुनो मतिमान । कहत सबिधिसो ज्ञानकी निष्ठापरअमलान
त्यागे शब्दादिक बिषय तजे द्वेष अरुराग । आत्महि निश्च
धैर्यसों करे द्वन्दको त्याग ॥ शुचि सुबुद्धि सों युक्त अरुध्या





योग परदक्ष । निर्जनबल सेवीकरै कायबाक मनस्वक्ष ॥ बैरा-
गी लघु भोजनी निर्मम निरहंकार । काम क्रोध तजिशान्तते
पावत ब्रह्मउदार ॥ ब्रह्मज्ञानी मोदमें कांक्षा शोच बिहाय । सब
में सममति लहतहै मम सुभक्ति सुखदाय ॥ जानत सोममभ-
क्ति सो ममस्वरूपको भेद । जानि भेद सो मम बिषे प्रविशत
तजि निर्वेद ॥ मम जपको आश्रय गहे करै जऊ सब कर्म ।
मम प्रसादसों लहतसो जो शाश्वत पदपर्म ॥ लहि बिवेक बु-
धि अरपिमोहिं कर्मनित्यनैमित्य । ममशरणागत होतपटुबुद्धि
योग आश्रित्य ॥ ममप्रसादसों दुर्गसब तरतममाश्रितजौन ।
अहंकारसों नहिं सुनत यह मत बिनशत तौन ॥ ज्ञानगर्व सों
जो कहौ लरब न तौ सुनिलेहु । सोमिथ्याकै प्रकृति वश लरि-
हौ हैं ध्रुव येहु ॥ कर्मज सगुण स्वभावसों परबश परे समान ।
मोह त्यागि लरिहौ सुनत कटुपर बचनअमान ॥ ईश्वर निति
सब भूतगणको हृदयस्थ यथार्थ । गुणीदारुदारा सदृशसबहि
भ्रमावतपार्थ ॥ होहु तासु शरणागतै शुभबिधिसों मतिमान ।
ताके शुभद प्रसादसों लहिहो पर सुस्थान ॥ पारथ हम तुमसों
कह्यो परमगुह्ययहज्ञान । तेहिबिचारि सोईकरौ इछौ जो मति-
मान ॥ परमबचनममसुनहुफिरिसर्बगुह्यतमजौन । हौअतिदृढ़
ममइष्टतुम तातेकहियततौन ॥ मदाकार मनभक्तमम ममहित
करताकर्म । ममसुप्रणामीलहत मोहिंहैप्रिययहदृढ़मर्म ॥ कबित्त ॥
ममसुप्रणामी मदाकारमन ममभक्तहोहु हेतिहोहुमम हेतकरता
सुकर्म । मोहिंप्राप्तह्वैहौ प्रिय जानिकै कहत सत्यकरिकै प्रति-
ज्ञा यह निज भेदको सुमर्म ॥ और एककहत सुनोसो मनदैके
गहौएक मेरो ईश्वर न त्यागिकैसकलधर्म । सिगरे जे पाप ता-
ते तुम्हैं मोचिहौं मैं तात शोच मतिआनोसांचमानो मों बच-
नपर्म ॥ दोहा ॥ जे न शुश्रूषा कराहिं जे अतप अभक्तमलान ।
ममद्वेषी तिनसों कबहुं हैन बाच्ययहज्ञान ॥ करियोजित मम

भक्ति में परमगुह्य यह जौन । परमभक्ति मम बिषे कहि प्राप्त
होतमोहिंतौन ॥ मम प्रियकृत तिनके सदृश हैनभूमिपैआन
कहत सांच नाहिं अन्यथा सुनोपार्थ मतिमान ॥ सुनहिं पढ़हिं
पढ़ि गुणहिं जे यह मम तुव सम्बाद । क्रमसे सो उतकृष्टपद
लहहिं सहित अहलाद ॥ ह्वै यकाग्रचित सुनेहु सो जो हम
कही यथार्थ । सुने मोह अज्ञान तुव मिट्यो कहौ हे पार्थ ॥
अर्जुनउवाच ॥ नश्यो मोह प्रगटीसुस्मृति तुव प्रसादसों ईश ।
त सन्देह निदेश तुव करिहौंबिस्वेबीश ॥ संजयउवाच ॥ परमपु
रुष हरि पार्थको यह अद्भुत सम्बाद । ज्ञानयोग प्रद हम सुने
लहिकै ब्यास प्रसाद ॥ सुमिरि सुमिरि सम्बादसो अनुक्षण
प्रगटत हर्ष । नृपति सुमिरिसो रूपभो बिस्मय मुद उतकर्ष ।
जहँ योगेश्वर कृष्णप्रभु पार्थ धनुर्द्धर यत्र । श्रीमति नीति बि
भूति जय ममसत है ध्रुवतत्र ॥

इतिश्रीकृष्णार्जुनसंबादेसंन्यासादितत्त्वनिर्णययोगबर्णनोद्वादिंशोऽध्यायः

संजयउवाच ॥ दोहा ॥ मोह त्यागि यह तत्त्वसुनि गुणि करतब्य
स्वधर्म । रणहित भे सन्नद्धगहि शरधनु पार्थ अभर्म ॥ शरधनु
धारे पारथहि निरखि महारथ सर्ब । बीर बचन कहि कहि
उमहिं गरजे गहि गहि गर्ब ॥ चौपाई ॥ पाण्डव आदिक सबभट
रूरे । शंखबजावत भे मुदपूरे ॥ भेरी आदि बजे बहु बाजे
धीर धुरीण बीरबर गाजे ॥ सुर गंधर्ब पितर गण मोदत । ऋ
षिगण सुरपति संग बिनोदत ॥ युद्धलखन हित हुलसे मनमें
नभपै थिरे आइ तेहि क्षनमें ॥ तात्क्षण धर्मराज बिधि ज्ञाता
तजि शर धनुष कवच तनत्राता ॥ रथते उतरि अकेले सादे
शत्रुसेन मुखचले पयादे ॥ यहिबिधि भूपहि जात निरेखी
पारथ हिय संशयसों भेखी ॥ रथते उतरि पयादे धाये । भाइन
सहित भूपपै आये ॥ गेतहँ बासुदेव सब जानत । नृपगण गर्व
आचरज मानत ॥ नृप सों कहे धनञ्जय ऐसो । अब तुम करत





काज यहकैसो ॥ इबिधि जुरे दल तजि उतसाहू । का गुणि
शत्रुसेन मधि जाहू ॥ भीमसेन आदिक सबभाई । यहिबिधि
कहत भये समुझाई ॥ चलेजात नृप सुनियह बानी । दिये न
कछु उत्तर अनुमानी ॥ कहो कृष्ण हँसि हमसों जानी । जो नृप
धर्म नीति उरआनी ॥ बन्दि गुरुनकहँ कारज करई । सो जय
लहै न टारे टरई ॥ सर्बशास्त्रबिद नृप नयगामी । जात गुरुन
ढिग जययश कामी ॥ दोहा ॥ नृपति धर्मकहँ भीष्मपै यहि बिधि
आवत देखि । दुर्योधनके सुभट सब कहत भये अवरेखि ॥
लखौ युधिष्ठिर भूप डरि मेलकरन के हेत । जात भीष्मढिग
लाज तजि कुलहि कालिमा देत ॥ चौपाई ॥ लखे बिना सेना लखि
हारो । ऐसो कहूंन निलज डरारो ॥ जाके ऐसो पक्ष सुभाई ।
सो कस शत्रुन देखि डराई ॥ अल्प पराक्रम अति भयसाने ।
नृपतियुधिष्ठिर नितिके जाने ॥ इबिधिपरस्पर कहि सुनि सि-
गरे । हरषित भये भूप मति बिगरे ॥ हँसिबोले अब सुनो चुपा-
ई । का ये कहत भीष्मसों जाई ॥ भो संशय दुहुँ दलमधि
राजा । जात भीष्मपै नृप केहिकाजा ॥ जाइ भीष्मपै नृप मुद
माचे । बन्दिचरण करजोरि उबाचे ॥ तात न करत बनत स-
माषन । चाहत युद्धअर्थ अनुशासन ॥ देहुकृपाकरि आशिष
आला । जासों मिलै बिजयकीमाला ॥ कहोभीष्म सुत मोढिग
आयहु । बर अनरथकर मूल नशायहु ॥ नातरु लखि अनुचित
सुत पापा । देइत दुसह अजयकर शापा ॥ अब प्रसन्न हम
सुत मुदपागौ । तजि संशय बांछित बर मांगौ ॥ दास अर्थ के
पुरुष सबहू । अर्थ न दास पुरुषके कबहू ॥ ताते दुर्योधन बिधि
बाधे । है मोहिं अर्थ सुगुणसों बांधे ॥ निज दिशिह्वै लरिबेसों
आना । मांगौ निज हितकर बरदाना ॥ युधिष्ठिरउवाच ॥ कहेयुधि-
ष्ठिर इतहीं रहहू । ममहित होइ मंत्रसो कहहू ॥ दोहा ॥ कहे
भीष्मतुव अर्थको साधन कहो न जाय । कौरव की दिशि त्यागि

छल लरब धर्म मम न्याय ॥ मोसों लरि जय जोलहै ऐसो
महिपाहिं । नरपति नरकी को कहै सुरनायकऊ नाहिं ॥ युधि
उवाच ॥ योहींसों करजोरि मैं मांगों कृपानिकेत । कहि औरन
आपुसों जय लहिबेके हेत ॥ भीष्मउवाच ॥ सोरठा ॥ सुनोपार्थ आ
रेखि निजदलमें अबजाहु फिरि । मृत्यु कालमम देखि आ
फिरिममपास तुम ॥ जयकरी ॥ तबह्वै बिदा भीष्मसों भूप । ग
द्रोणपै आनँदरूप ॥ करि परदक्षिण करि परणाम । जोरिपा
करि बिनय सकाम ॥ कहोरहो भीषम सों जौन । कहो द्रोण
तेहिबिधि तौन ॥ सोई कहो द्रोण मतिमान । प्रथम कहो
भीष्म सुजान ॥ सोकहि कहो द्रोण सज्ञात । हम प्रसन्न मां
बर तात ॥ कहे भूप हम पावैंजीति । सो बिधान साधैंकरि प्रीति
कहे द्रोणहै ममध्रुवधर्म । कौरवके हित लरिबो पर्म ॥ लरि ह
सों जयपावै जौन । ऐसोतीनिलोकमें कौन ॥ तुव ईछितके
धिकीबात । लखि निदानकछु कहो न जात ॥ कहभूप तुवबिक्र
जानि । हम इमि कहे जोरियुगपानि ॥ तुम ज्ञाताकाकहौं बुझ
य । निज बधकीबिधि देहु बताय ॥ कहोद्रोण नहिं असको
बीर । मोहिं हतै जो धनुधर धीर ॥ जब हम मरण आ
ठानि । होहिं अचेत अचलकरि पानि ॥ शस्त्र बिहीन निरा
तब आय । बधै बधैसो लाजभुलाय ॥ अतिसति बकता
सबिधान । सुनि दृढ़ अप्रिय बचन अमान ॥ त्यागैंगे हम
धनु बान । सुनोभूप यहसत्य महान ॥ दोहा ॥ द्रोणाचार
बचन सुनि नृपभरेहुलास । करिप्रणाम ह्वैबिदागे कृपाचार्
पास ॥ सबिधिबन्दिपगकहतभे कहेभीष्मतेजौंन । सुनिआ
सोईकहो कहोभीष्महैतौन ॥ सोकहिकृप नृपसोंकहे निजदि
थितिसोंआन । चाहौसोमांगौनृपतिधर्मशीलमतिमान ॥ सोर
मम जयहेतु अचार्यनिज बधकी बिधिदेहुकहि । यह कहि
गुणिआर्य कहि न सके मोहित भये ॥ नृपके चितकीचाह गुणि





गौतमनृपसों कहे । हम अबध्य नरनाह ममबधको न उपाय
कछु ॥ युद्ध ब्यवस्था देखि हम रणतजि जैहैं अनत । तुम जय
लहौ बिशेखि सत्यकहत संशयतजौ ॥ रोला ॥ कृपायुत कृप के
बचन सुनि नृपतिपूरि अनन्द । जायमातुल शल्यपै करिउचित
कृत्य अमन्द ॥ कहो है जो भीष्मसों सो कह्यो सो सुनिशल्य ।
कहे भीषम प्रथम जो हो कहे बचन अशल्य ॥ भूप कौरव त-
रफ ह्वै हम लरब अब ममधर्म । याहि तजिजो और चाहो
कहो तौन सुकर्म ॥ कहे पांडव सूत सुतको तेजनाश सनेम ।
युद्धमें तुम कीजियो मम सुजय हेत सप्रेम ॥ माद्रपतितबकहे
करिहैं अवशि हमयहकाज । जाय अब निज सैनमें तुम करो
युद्ध समाज ॥ सहित बन्धुन निजसैन प्रति गये नृपअभिराम ।
सूतसुतके पासगे तब कृष्णआनँदधाम ॥ जायतासों कहो प्रभु
हम सुने यह हमकर्ण । भीष्मसों करि द्वेषत्यागो युद्धकरि दृढ़
पर्ण ॥ लरैं जौलौं भीष्म तौलौं चलौ उनकी ओर । आइयो
फिरि इतै जूझे भीष्मके लहि भोर ॥ कहो करण कहौ कहातुम
कृष्ण कैसे बैन । भूमिपति को अप्रिय करिबो उचित हमको
है न ॥ बचन यहसुनि गये केशव जहां पांडुनरेश । हैं युधिष्ठिर
करे निजदल सौंवपै शुभभेश ॥ धर्मनृप तहँ पुलतु स्वरसों क-
हो बांह उठाय । करैआय सहाय ममजो गुणे धर्म सुन्याय ॥
बचनयह सुनि रहे चुपह्वै सुभटसिगरे धीर । कहो टेरियुयुत्स
हमहैं तुव सहायकबीर ॥ भाषि इमिसो भेरिदुन्दुभि कौरवीदल
त्यागि । आय पांडव भूपसों भो मिलत अति अनुरागि ॥ राज
पुत्र युयुत्सको नृपकरि उचित सतकार । कवचभूषण शस्त्रधारे
चाहि युद्ध बिहार ॥ आदिनृपते सर्व निजानिज बाहननपैजाय ।
ब्यूहढिगकरि पूर्ववत भे लसत सुखमाछाय ॥ बजे बाजे दुहूं
दिशिगो शब्द दशादिशिपूरि । लगे हींसन तुरगगाजन लगे
मंगल भूरि ॥ धृतराष्ट्रउवाच ॥ दोहा ॥ संशय यहिबिधि दर्पयुत जुटे

उभयदल तत्र । चल्योशस्त्र कितसोंप्रथम कहौतौन अवअ
संजयउवाच ॥ दुर्योधनके बचनसुनि दुःशासन बरबीर । भीष्म
आगे करि बढ़े सह सेना रणधीर ॥ भीमहिं आगे करि प्रब
पांडव सब सहसैन । इच्छियुद्धबर भीष्मसों सन्मुखचले सो
न ॥ चौपाई ॥ हयहींसनि गज गर्जनिभारी । रथ घण्टनकी
बिकरारी ॥ अगणितबाद्य भेद श्रुतिमर्दन । अरुभट गण
भूरिनिनर्दन ॥ भो अति दुसह शब्द तेहि क्षनमें । पूरि र
गुणवान गगनमें ॥ ह्वै सरोषतब भीम भयंकर । गरजत
अरिदल प्रलयंकर ॥ सो गर्जनिसबधुनिसों बर्द्धित । कै कीन
पर भट हिय मर्दित ॥ भीमहि गरजित आवत देखी । तुवसु
सिगरे अतिशयतेखी ॥ सत्वरशर धनुयोजित कीन्हे । भीम
शर छादित करिदीन्हे ॥ जिमि निहार मधिसूर बिराजत । 
मिकरिभीमहिं भे सबगाजत ॥ तबसपुत्र पांडव बलभारे । 
वरतुव पुत्रनपै मारे ॥ बीरअभीर धीरभरिरिससों । मारनल
बाण दुहुँ दिशिसों ॥ चल कोदण्ड न युतते कोहे । बिजुलि
सहित घननिसमसोहे ॥ शरसों बन्धु समागमसाजा । कलुक्ष
देखिरहे सबराजा ॥ चढ़ेचाव फिरिभिरि बलबाढ़े । लगे ल
रण कर्कश गाढ़े ॥ अतिशय तुमुल युद्ध भोमण्डित । हांकि
कि भटभिरे प्रचण्डित ॥ धूरधारमें तरणिछपाने । काहूनिज
नहिं अनुमाने ॥ को आयोको गो केहिमारो । इतोन काहूत
निहारो ॥ दोहा ॥ शोणित सों पूरित धरणि बिरजभई हे भू
ऊरध रज छाई घनी सुखमासनी अनूप ॥ चारु अमल पाव
विषद अध बिषतरित बिभात । रहै धूम ऊपर घुमड़ि यथा
निरबात ॥ तब भीषम तकि पारथहि निजरथ शीघ्र चला
हांकिबाण मारतभये अति उदण्ड दृढ़धाय ॥ चौपाई ॥ पार्थबा
भीषमपै मारे । कोपिभीष्म पारथहिप्रहारे ॥ प्रबल बीर दो
धनुधारी । दोऊरण कर्कश रणचारी ॥ दोऊ दोउनकोबधई





आगेबढ़ैं हटैं नाहिंपीछे ॥ कठिनयुद्ध नृपतिनसों माच्यो । रण
महिमें भीषमताराच्यो ॥ सात्वकि कृतबरमासों भिरिकै । उद्ध
युद्धकीन्हें तहँ थिरिकै ॥ रथचलाय अभिमन्युप्रबीरा । भिरो
वृहद्बलसों रणधीरा ॥ भीमसेन भट भरिरिस अतिसों । भिरो
हांकिनृप कौरव पतिसों ॥ भरोगर्व दुःशासन पुलको । देत भ-
यो भिरि जो रणकुलको ॥ तो सुतजो दुर्मुख भटभारी । तासों
सहदेव भिरे प्रचारी ॥ भिरे शल्यसों पांडवनायक । नृपतिधर्म
जयलहिबे लायक ॥ धृष्टद्युम्न वृत्तान्तबिचारी । चाहि द्रोणसों
भिरो प्रचारी ॥ भूरिश्रवा भूपसहसाजा । भिरोशंख नृपसोंजय-
काजा ॥ जो बाह्लीक भूपवरतासों । अभिरे धृष्टकेतु भरि
भासों ॥ राक्षसबीर अलम्बु सुक्रोधा । तासों भिरो घटोत्कच
योधा ॥ भिरे शिखण्डी अश्वत्थामा । कठिन युद्धकरता जय
कामा ॥ भिरि भगदत्त बिराटमहीपति । लरे चाहि कीरतिअ-
तिदीपति ॥ दोहा ॥ वृहतक्षत्र भिरि करतभो कृपाचार्यसोंयुद्ध ।
तजेशस्त्र प्रति शस्त्रते बध बिचारि अतिक्रुद्ध ॥ द्रुपद जयद्रथ
भिरिभये विरचित युद्ध अमान । तजिअन्योन्य अनन्त शर
किये कठिन घमसान ॥ लरे जूटिसुत सोम अरु तुवसुत बीर
बिकर्ण । हनत परस्पर बाणबर चाहि चाहि परमर्ण ॥ चौपाई ॥
चेकितानअरुसुभट सुशरमा । भिरि भे करत युद्धभरि परमा ॥
भिरे शकुनि प्रति बिन्ध्यअधर्षन । बारिद बाणबूंदके बर्षन ॥
भिरे सुदाक्षिण अरु सुतबरमा । तजै बाण तन तरु के बरमा ॥
इरावाण अर्जुनसुत सोई । लरयो श्रुतायुषसों रिसभोई ॥ नृ-
पति बिन्द अनुबिन्दसुधीरा । सुतसह कुंतिभोज रणधीरा ॥
भिरिभे करत युद्ध अतिभारी । परबध निज निज सुजय बि-
चारी ॥ पांचभाय नृपकेकय थरके । पांचभूपगान्धार बगरके ॥
ते सर्वगभिरि आनँद लीन्हे । कठिन कराल युद्धअति कीन्हे ॥
तोसुत बीरबाहु धनुधारी । लरो उत्तरा सों रणचारी ॥ अर्जुन

सुत अतिशय रण कर्कस। चेदिराटसों भिरो अधर्कस॥ यहि
बिधि द्वन्दसहस्रनि जूटे। रथगजहयसादी जय ऊटे॥ भिं
पदाती भट अनगिनते। शस्त्रअसंख्य चले तहँ तिनते॥ ध्व
ज धनु कवचपरस्पर काटैं। हनेबाणसहि हनि हनि डाटैं॥
हे पूरिशार इतहूं उतहूं। रह्यो न रथ बाकी कहुं कितहूं॥ बढ़ि
बढ़िबीर गर्वगहि गाढ़ो। हनै बाणकहि अब रहु ठाढ़ो॥ प्रबल
प्रकर्ष पराक्रम सगरे। पृथक् पृथक् कहिजातनानिगरे॥ दोहा॥
मच्यो युद्ध तहँ अति तुमुलकहत होत निरवेद। भूपति रह्यो
मुहूर्तभरि प्रगटद्वन्दको भेद॥ तदनन्तर उनमत्तह्वै रह्योनक
छू बिवेक। युगसमुद्रसम उमड़ि मिलिलागे लरन सटेक॥ म
हाराज तेहि क्षण कटे हयगज पुरुष अनेक। घनेघाय घा
सुभटजुरैंमुरैं नाहिं नेक॥ कटि शरसों अभिमन्युके होतहि ध्वज
पपात। भीम मुदित ह्वै करत भे भीमनाद हे तात॥ लखिप्र
पितामह भीष्मतब ह्वै सरोष अनखाय। छाय देतभे कुंवर
बाण असंख्य चलाय॥ चौपाई॥ यहलखि महारथी दशधाये
अभिमन्युहि रक्षण हित आये॥ भीमबिराट द्रुपद धनुधारी
श्वेत उत्तरा अरिमदगारी॥ पांचभायकेकय पतिराजा। आ
ये दश सहित समाजा॥ तिन्हैं देखि भीषम रिसिधारे। तीनि
बाणबरद्रुपदहि मारे॥ एक एक शर सब कहँदीन्हें। तब क्षु
प्रशरकरमें लीन्हें॥ ध्वजा भीमकी काटी तासों। पुरुषसिं
भरि क्रोध महासों॥ तीनि बाणभीषम के तनमें। हनेभीमगर्वि
त ह्वै मनमें॥ एक बाण कृप के तनमारे। कृतबरमा पै बसुश
डारे॥ उत्तर कुंवर गजस्थ सक्रोधा। चल्यो शल्यपै लखि
योधा॥ अति जवसों गज रथ पै आवत। देखि शल्य शरभ
चलावत॥ लगे बाण गज अति रिस धारी। हतेसिचारि हय
नृप रथचारी॥ तब नृप शल्य क्रोध अति कीन्हें। शक्ति अ
मोघ पाणि मेंलीन्हें॥ तजी ताहि उत्तर पै पविसी। नृपसुत





तन मधिमों प्रविसी॥ नृपसुत मुरछि गिरोमहिपाहीं। रह्यो न
जीव क्षणौतन माहीं॥ तब गहि गङ्गगजहि नृपडाटे। रथतेतु-
रित कूदिकर काटे॥ दोहा॥ कटेपाणिगज गिरतभो करि धुनि
मेघसमान। घरी न तनमधि थिरतभो गोपायन करि प्रान॥
ऐसो अद्भुत कर्म करि शल्य भूप हरषाय। कृतबरमाके सुरथ पै
भयो बिराजत जाय॥ बन्धु मरणलखि श्वेत तब अतिसक्रोध
ह्वैडाटि। शल्यआदि भटसातके तुरित दयेधनुकाटि॥ सोरठा॥
तब तेते धनु डारि और और धनु गहतभे। श्वेतक्रोध बिस्ता-
रिकाटि दये तेऊ तुरित॥ सबते गहिगहि शक्ति तजे श्वेत पै
मरण हित। श्वेत शक्तिकी पंक्ति शरसों काटीबीचही॥ तोमर॥
तब श्वेत अतिशय क्रोधि। ध्रुवमरण परकोशोधि॥ नृपरुका
रथके काय। शर हने अति दृढ़घाय॥ शरलगे नृपमुरछाय।
गिरिपरो चेत गँवाय॥ लखि नृपहि मुरछित सूत। रथ दूरि
लागो धूत॥ तब श्वेत करि अति गोर। जेरहैं पटभट और॥
हय सूत धनुध्वजतासु। शरमारि काटे आसु॥ फिरि शल्य पै
करिकोप। भो चलत गहि बध चोप॥ तब भयो हाहाकार। तो
सैन मध्य अपार॥ दोहा॥ शल्य भूप पै रिस भरो श्वेतहि आ-
वत देखि। भयो मरण निजु शल्यको यह तोसुत अवरेखि॥
तब आगेकरि भीष्म कहँशल्यहि पीछे डारि। लरत भये सब
शल्यकहँ यमके मुखते वारि॥ सोरठा॥ नृप ताक्षण तेहि खर्ब
भयो युद्ध अतिशयतुमुल। तोसुतसर्व सगर्ब पाण्डव सर्बसबर्ग
सों॥ धृतराष्ट्रउवाच॥ यहि बिधि जूटि अधर्मीकिये युद्ध जिमि दे
सकल। सोसबयुद्ध सुकर्म पृथक्पृथक् संजयकहो॥ संजयउवाच॥
चौपाई॥ शत सहस्रक्षत्री भयत्यागे। सेनापति श्वेतहि करिआगे॥
भरे बीररस आनँद पागे। तौसुतको बल देखनलागे॥ भिरे
हांकि दुहुँदिशि के योधा। करि मारुत की गति अवरोधा॥
भीष्म श्वेत भिरि गौरव कीन्हें। अगणित रथ भटबिनु करि

दीन्हें ॥ शिर असंख्य शत्रुनके काटे । रण मण्डल रुण्डन सों
पाटे ॥ अगणित गजहय रथ बिनुभटके । ब्याकुल फिरैं चहुं
दिशि भटके ॥ लगेबाण कितने भट गिरहीं । उठैं सँभारि हांफि
फिरि भिरहीं ॥ लगेबाण भट गिरैं गजनते । जिमि कपिके गा
गिरे कुजनते ॥ बिनाशीश के बहुभट बांके । इत उत फिरैं बी
रसछाके ॥ बाहुकटे भट कितने डोलैं । हटैं न नेकु सामुहेबोलैं
गजते गिरत सांकरनि अटके । इत उत फिरैं बीरबहु लटके
कटैंबाजि गज रथ भट केते । महिपै खरे लरे जयहेते ॥ रहे
बिनुक्षतके भट एकौ । बच्योन शोणित सों थरनेको ॥ कितेबा
धनु ध्वज दुहुंदलके । कटेकटे गज हयके हलके ॥ महाराज
निये दुहुं दलमें । सुभट असंख्य कटे तेहि पलमें ॥ अद्भुत यु
भयो तहँ राजा । कहँ कहांलों सकल समाजा ॥ दोहा ॥ इत भी
षम उत श्वेत ये दोऊ प्रबल अमान । उभय सैन मधिसेशरा
रोपे प्रलय महान ॥ बीरश्वेतके शरन सों ह्वै ब्याकुल भयपाय
हमहिं आदि कितने रहे शरके बाहरजाय ॥ तिनके जीवन दा
निभे भीषम अचल उतंग । उतके ऐसे भटनको श्वेतशैल
अविभंग ॥ गुरुतोमर ॥ बर धनुषके सन्धानसों । नभ छायदीन्हें
बानसों ॥ रबिपरे देखि न दूरलों । घिरि मघाके घनघेरलों
अति शब्दमढ़ि धनु बानके । पथ पूरिदीन्हे कानके ॥ तहँश्वे
बो रण ठानको । नहिं परो सुनि निज आनको ॥ दोहा ॥ पाण्डव
के हित श्वेत अरु कौरव के हितभीष्म । किये युद्ध अतिशय
तुमुल जो देखे अति भीष्म ॥ भीषम मारत तेहि दिवस पांडव
की सबसैन । श्वेत जौन बारण करत महाबीर गजजैन ॥ चौपाई
निज दलमर्दत श्वेतहि देखी । पिता तुम्हारभीष्म अतितेखी
बाण बिशाल श्वेतपैडारे । जे तरु पाहन बेधन हारे ॥ तब भी
ष्महिं भटश्वेत प्रचारे । बाण अमान अनगिने मारे ॥ भीष्महि
श्वेत श्वेत कहँ भीषम । हने असंख्य बाण बरभीषम ॥ दोऊ





बिधिवत धनुबिधि सीखे । दोऊ बर धनुधर मैंलीखे ॥ दोऊ
धनु बिधि सिधि के शीक्षक । दोऊ निज निज जयके ईक्षक ॥
दोऊ अस्त्र अमोघ प्रहारैं । दोऊ अस्त्र अस्त्र सों वारैं ॥ दोऊ
बीर सिंहसम गरजें । लगे अनेक बाणनहिं लरजें ॥ अस्त्र
अमोघ भीष्म के चीन्हें । तिनकहँ श्वेत ब्यर्थ करि दीन्हे ॥ यह
गुणितौ सुत नृपदुर्योधन । गर्वितआय भिरो लैयोधन ॥ तब
वाजि भीष्महि तिनसों लरिकै । तिन्हैं पराजितकरि मुदभरिकै ॥
फिरि भट श्वेत भीष्मसों भिरिकै । लाग्यो लरन पूर्ववत थिरि
कै ॥ वृत्रबिडौजा समते दोऊ । लरत भये नहिं हारैकोऊ ॥
श्वेत सात शर अतिअनियारे । कोपि भीष्मके तनमधि मारे ॥
तबतौ पिताभीष्म अतिरोखे । मारेताहि बाण दश चोखे ॥
श्वेत हने तब गाहिप्रण मनमें । बाण पचीस भीष्म के तनमें ॥
दोहा ॥ अतिअद्भुत यहकर्मकरि बिहँसि श्वेतभट चण्ड । दश
शरसों दशधा कियो भीषमको कोदण्ड ॥ काटिधनुष फिरि शी-
घ्रगहि अन्यबाण उद्दण्ड । तालध्वज बर भीष्मको करतभयो
द्वैखण्ड ॥ केतुपतत लखितौ तनय करतभये अनुमान । करि
निजबश अब भीषमहिं बधत श्वेत बलवान ॥ शंख बजावत
भेमुदित पांडवभट समुदाय । निज सुभटन सों कहत भे दुर्यो-
धन अनखाय ॥ कुरुकुल को रबि भीष्म अब होन चहत है
अस्त । शिथिल पराक्रम ह्वै भये श्वेतदाहसों ग्रस्त ॥ चौपाई ॥
दुर्योधन नृपकी सुनिबानी । भिरे आइ योधा अभिमानी ॥ कृत-
बरमा बाह्लीक नरेशा । चित्रसेन अरुशल्य सुभेशा ॥ जरा-
सन्धको सुत भटभारी । अरुतौ सुतबिकर्ण धनुधारी ॥ अरु
शाल बीरधीर बलवाना । भिरिभे हनतअनेक बिधाना ॥ तिन
सों भिरोश्वेत तब तैसे । भिरैंबायु घन बनसों जैसे ॥ क्षणमें
तिन्हैं बिमुख करियोधा । बहुरि भीष्मसों भिरो सक्रोधा ॥ अ-
तिकर लाघव कीबिधि ठाटे । शरसों धनुष भीष्मको काटे ॥

तब भीषम अतिरिस बिस्तारी। सोधनु त्यागि और धनुधारी
ब्रहुशर हनेश्वेतके तनमें। तब भटश्वेत कोपि अतिमनमें
बाणवृष्टि भीषमपै कीन्हे। कुरुपति कहँशंकित करिदीन्हे॥
भये भीषम यहजाने। पाण्डव गर्ब सर्ब हरषाने॥ सो लखिकै
षम अतिरोखे। तजेश्वेतपै बहुशर चोखे॥ भीषम जितने
चलाये। शरसोंतेसबश्वेतबराये॥ फिरिभीषमकोबरधनुसोऊ
काटोश्वेतलखोसबकोऊ॥ तुरतहिभीषमसोधनुत्यागो। लैय
और महारिसपागो॥ सावधानशर योजित करिकै। भयेतज
धनु बिधि अनुसरिकै॥ दोहा॥ चारौंहय शरचारिसों द्वैशर
ध्वजतासु। एकबाण सों सारथिहि भीषम काटो आसु॥
सूत हय तब प्रबल योधा श्वेत अधर्ष। रथतें कूदिखरो भ
महिपै भरोअमर्ष॥ महा रथिन को श्रेष्ठतिहि भीषम बि
निरेखि। तीक्ष्णबाणअनेकसों हनतभये अवरेखि॥ महिखरो
तब श्वेतकरिअति क्रोधनिज धनुबाण रथपै डारिकै। मणिहे
मण्डित शक्तिबर यमदण्ड समतेहि धारिकै॥ इमिहांकि बोल
भीष्मसों अबजाहु मतिकहुँ भागिकै। बपु खिन्न तनसों भि
प्राणहिं करति यह उरलागिकै॥ यहिभांति कहिसो शक्तिमा
भीष्मपै बलभूरिकै। लखि सुवनतौ सबकिये हाहाकार अति
भय पूरिकै॥ तेहिज्वलत उलका सदृश आवत देखिवेग मह
नसों। हनिबीचही नवटूक कीन्हों भीष्मबर बसुबानसों॥ नि
शक्ति ब्यर्थनिरेखि श्वेत समर्थ भट अतिक्रोधिकै। लैगदाब
समान घनसम गरजि बढ़ि बिधि शोधिकै॥ सो भीष्मपै
तजत तासुप्रभाव बिदते भीतिकै। रथत्यागि महिपै गयेश
प्रभाव ताको रीतिकै॥ सोगदा रथपै परतरथ ध्वजसूत ह
भस्मित भये। तबधाय तौसुत भूपभीष्महि और रथपर क
लये॥ चढ़िऔर रथपै भीष्मधनु टंकारकरि सुखमामये। च
मन्दमन्द अनन्दयुत बढ़िश्वेतके सम्मुख गये॥ दोहा॥ ताक्ष





नभबाणी भई ऐसेमें अबयाहि। करिउपाय भीषमबधै यहक्षण
निर्मित चाहि॥ तहांबिरथ श्वेतहि निरखि पार्षत सात्वकिभी-
म। धृष्टद्युम्न अभिमन्युअरु केकय पतिभटभीम॥ धृष्टकेतुयें
महारथ चलेश्वेतपैधाय। बीचहि तिनसों भिरतभे द्रोणशल्य
कृपआय॥ इमिआड़ेतेतिन्हैं जिमि बायुबेगकोशैल। महतयुद्ध
भिरिकरतभे जीति तरुणिकेछैल॥ सोरठा॥ लखिइनकोअवरोध
श्वेत खड्ग गहिगर्वयुत। अतिप्रगल्भ करिक्रोध काटिदयो
धनुभीष्मको॥ चौपाई॥ तबभीषम अतिरिसबिस्तारे। गहिधनु
बाणचढ़ायसुधारे॥ भीमादिकसुभटनकेतनमें। बहुशरहनेपकारि
रणमनमें॥ तबप्रचण्ड शरकरमें लीन्हों। ब्रह्ममन्त्रसों मंत्रित
कीन्हों॥ ताकोहने श्वेतपै कैसे। बज्रहिदण्ड वृत्तपै जैसे॥ सो
शर कवच भेदहिय भेदी। गोधरणी मधिपर दलखेदी॥ अरि
दल तमको शूरअमाना। श्वेतगिरो तबह्वै गतप्राना॥ सो
लखि पांडव अतिशयशोचे। तोसुत सिगरे चिन्तामोचे॥ दु-
शासन आनँद सों छाये। जङ्गमजय दुन्दुभी बजाये॥ पांडव
अति अमरष सों पागे। थिरिभिरि युद्धकरनफिरिलागे॥ श्वेत
मरणकी अति प्रियबानी। सुनि धृतराष्ट्र कहो अनुमानी॥ जब
मरि परोश्वेत रणधीरा। तबपांडव पांचाल प्रबीरा॥ कियेकहा
सो सञ्जयभाषो। सुनिबेको मममन अभिलाषो॥ पांडवरहि
बिराटके घरमें। लहेबहुत सुखकहिये धरमें॥ ताके दोयतनय
मरवाये। सञ्जयकहो लाज कछुपाये॥ हम अनुमानि कहैंतुम
मानो। अब अनरथको मूल मिटानो॥ पारथ भीमकोपि यहि
कारण। भरिहैं महिशोणित केधारण॥ दोहा॥ हम गान्धारी
कृपाकृप भीष्म द्रोण बलराम। बिदुरब्यास को कहोनहिं मानो
तोसुत क्षाम॥ सब पांडवको मनरह्यो राखैं रीतिसदैव। दुर्यो-
धन हठिरण रचे करैकहा अबदैव॥ संजयउवाच॥ महाराज तेहि
दिवसको तब बीतो युगयाम। भयेप्राप्त तीजोपहर भिरे फेरि

बलधाम ॥ कृतबरमा सहशल्य कहँ देखिशंख बरबीर। सोमि
सुरथ समूहसों भरोकोप रणधीर ॥ दण्डपाणि समचण्ड
टंकारत कोदण्ड । चलोशल्यपै बेगसों गुणिकीबो द्वैखण्ड
इमि शंखहि आवत निरखि जानिशल्यको घात। सातभूप
सिमिटिकै जुटत भये हेतात॥ जयत्सेन अरु वृहद्बल अरु
शल्य नरेश । बिन्दभूप अनुबिन्दये महारथी भटवेश ॥ भू
शल्यको तनय अरुबीर जयद्रथ भूप । एकसाथ भिरिशंख
कीन्हों युद्धअनूप ॥ चौपाई ॥ घूमिघने घनगिरिपै जैसे। बरष
बारिबूंदते तैसे ॥ बाण अनेक शंखपै मारैं । सुभट शंखलखि
रिस बिस्तारैं ॥ तिन सबके धनु सुखमापाटे । सात क्षुरप्रबा
सों काटे ॥ धनुष समूह काटिभो गरजत । परदल भटगण
हियदरजत ॥ सोलखि भीषमअति रिस धरिकै। ताल सह
धनुशब्दितकरिकै ॥ चलेशंखपैघनरवकीन्हें । लखिसब पां
अनरथ चीन्हें ॥ तब सत्वर अर्जुनबढ़ि आगे। भीषमसों
बिरचनलागे॥भिरेसिंहद्वैरणकाननके। कुशलप्रहारकनखबा
नके ॥ परमप्रचण्ड प्रगलभप्रचारैं । मारैंशर शरशरसेवारैं
माच्योकठिन युद्धतेहिपलमें। हाहाकार मच्योदुहुँदलमें॥ तौ
क्षण शल्यगदालैकरमें। रथतेउतरिशीघ्रचलिफरमें॥बधेति
जेमरदनपथके। घोरेचारिशंखकेरथके ॥ असिगहिशंख स्व
परित्यागी । गेजहँपारथरणअनुरागी ॥ गुडाकेशसोंयुद्धविहा
भीषम भिरेद्रुपदसों जाई ॥ अगणितबाण द्रुपदपरडारे । ह
गज सुभट असंख्यसँहारे ॥ केरलमत्स्यदेशकेयोधा । सहस
हतेभीष्मकरिक्रोधा ॥ दोहा ॥ दहैघनेबनको यथालागिदवा
अमान। तथा पांडवीसैन कहँ हती भीष्मके बान॥ तरुणत
णिकहँ ग्रीष्ममें जिमि न सकै लखिकोइ । तिमि ताक्षण त
भीष्मकहँ सक्यो न कोऊ जोइ ॥ ब्याकुल पांडवके सुभटत्रा
लहो न तत्र। ऐसे थरनाहिं हौन हे भीषमके शरयत्र॥ भीष





को धनु देरलों रह्यो मण्डलाकार । हय गज भट कितनेकटेको
करिसकै शुमार ॥ इतनेमें सन्ध्याभई भीषम युद्धबिहाय। कुरु-
पतिकहँ मोदितकिये घनरव शंखबजाय ॥ तदनन्तर ते उभय
नृप निजनिज डेरन जाय। किये अहारादिक क्रिया सहितसैन
समुदाय ॥

इतिमहाभारतदर्पणेभीष्मपर्वणिप्रथमयुद्धबर्णनोनामत्रयोविंशोऽध्यायः ॥

दोहा ॥ निज सैनिक नृपभटन कहँ देसुअहार सुपास । धर्म
नृपति बन्धुन सहित गयेकृष्णके पास ॥ रोला ॥ भीष्मकोलखि
कर्म चिन्तित धर्म प्रभुपै जाय । सुजयपैबो जानि दुरलभ क-
हतभे बिलखाय ॥ कृष्णदेखौ भीमबिक्रम भीष्ममममदल भूरि ।
दहत कच्छहि अग्निजिमि तिमि दहत बाणन पूरि ॥ सुभट
मम रणधीर सम्मुख भीष्मके जे जात । ज्वलनते प्रज्वलितके
ढिग शलभ सदृश लखात ॥ बधे लाखन रथी भीषम दिव्य
अस्त्रचलाय । परमउग्र प्रभावसों नहिं बचतभट समुहाय ॥
इन्द्र बरुण कुबेर यमनहिं सकैंभीष्महिं जीति । ताहिजीतै कौन
महिपै जोरि जयसों प्रीति ॥ भीष्म जाकेओर तासों युद्धको
प्रणठानि । होन चाहत सृष्टिमेंहम अनय अघकी खानि॥ सु-
भट सम्बन्धी सुहित ममअर्थ मारेजात । ताततातहू अर्थको न
समर्थलाभ लखात ॥ उदधि बिक्रम भीष्मको तेहिमध्य परि-
हरिसर्व । अवशि ह्वैहैं मग्नअब नहिं बाचिहैं यहिपर्व ॥ भीष्म
केसम अस्त्रबिद तौ सखासों रणकर्म । लखत हैं मध्यस्थ सम
नहिंजानिये केहिमर्म ॥ करतकोमल युद्धयासों शत्रुपावतहारि ।
द्रोण भीषम करण कृपहैं जासुदिशि प्रणधारि ॥ एकभीम सु-
बीर भुज बलसों लरत गहिचाव । हतैचौबिधि सैनबहुदै ग-
दनके गुरुघाव ॥ एकभटके लरेऐसे मिलिहि कैसेजीति । भीष्म
द्रोणादिकन सों जय अन्य दलकी ईति ॥ आपु निरखौ गौर
करि ममसैनमें भटतौन । जलददावहि जिमिकरैं तिमिशान्त

भीष्महिंजौन ॥ कृपाकरि अबकरहु प्रभु निज कृपाको फलव्य
क्त । राज्यलहि हमसबजाते करैंचिन्ता त्यक्त ॥ भाषि यहिविधि
कृष्णसों चुपरहे भूपति धर्म । कहतभे तबधर्म नृपसों कृष्ण
ज्ञाता मर्म ॥ भरत कुलमणि शोचत्यागो होहु धीरजधाम । अ
वशिलहिहौ राज्यअरि हति जीतिकै संग्राम ॥ दोहा ॥ धृष्टद्युम्न
तब प्रीतिरत सेनानाथ अनूप । हतिहि शिखण्डी भीष्मकौं
निश्चय मानौभूप ॥ यह सुनि धर्म नृपालमणि बोलेबचन गँ
भीर । मम सेनापतिहौ सुतुम धृष्टद्युम्न रणधीर ॥ यह सम्मत
है कृष्णको जीतौशत्रु समस्त । हम सबर्ग हैं तुव अनुग लेहौ
सुयश प्रशस्त ॥ चौपाई ॥ सो सुनिधृष्टद्युम्न हरषाने । बोलेब
चन बीररस साने ॥ सुद्विज द्रोणके नाशन हेतू । निर्मितमोहि
किये वृषकेतू ॥ भीष्मशल्य कृप आदिक जेते । ह्वैहैं कालि
ब्यथित सबतेते ॥ कालिह सैनपै जययश लेहौं । सुभटन समा
सिखापन देहौं ॥ धृष्टद्युम्नकी बाणी सुनिकै । भूप युधिष्ठिरबोले
गुनिकै ॥ बिरचौ क्रौंच ब्यूह मनभायो । जो सुरगुरु सुरपतिहि
बतायो ॥ सो सुनि धृष्टद्युम्न मुदलीन्हें । क्रौंच ब्यूहकी रचना
कीन्हें ॥ चोंचतासु अर्जुन धनुधरता । परदल प्रबल बिदीरण
करता ॥ लैसँग रथीलाखदश साजे । द्रुपद भूप शिरकेथर रा
जे ॥ कुन्तिभोज अरुचैद्य ससाजा । राजेचारु चक्षुह्वै राजा ॥
सत्तरिसहस लाखदशभाये । योधाभये ग्रीवछबि जाये ॥ एका
र्बुद अरु बीससहसभट । सहहैंधर्मपीठिथर परगट ॥ सुवनद्रौ
पदीके रणधीरा । अरु सात्वकि अभिमन्यु सुबीरा ॥ वाहलीक
देशकेर धनुधारी । रथी अयुतसह भीम सुखारी ॥ दक्षिणपक्ष
भये अरिमर्दन । गदा प्रहारक घनसम नर्दन ॥ नकुल और
सहदेवहि आदिक । अयुतरथी रणधीर प्रमादिक ॥ सहबरवा
म पक्षह्वै सोहे । धृष्टद्युम्न सेनापतिकोहे ॥ दोहा ॥ केकयसैन्य
बिराटये जघनपालिहैं भूप । तीससहस्र रथीनसह आयुधगहे





अनूप ॥ उभयपक्ष अरुपुच्छकहँ करिआवृतबरबीर । गजसादी
योधारहेधनुधारीरणधीर ॥ क्रौंचब्यूहयहिबिधिबिरचिधृष्टद्युम्न
मतिमान । सूर्योदय निरखतरहे खरेधरे धनुबान ॥ चौपाई ॥ क्रौंच
ब्यूह बिरचित लखिराजा । दुर्योधननृप सहित समाजा ॥ द्रो-
णाचारयके ढिग जाई । भरेमोद इमिकहे बुझाई ॥ ये सिगरे
ममभट भटनायक । सदल पांडवन जीतन लायक ॥ तिन्हैं
सहित तुममम जयहेतन । रक्षहु निति भीष्महिं रहिजेतन ॥
जयउवाच ॥ तदनु सुभीष्म द्रोणसह चावन । बिरचे महाब्यूह
मनभावन ॥ सुभटअसंख्य रथिनसह भीषम । आगेचलतभये
प्रतिभीषम ॥ भीष्महिं रक्षत द्रोणाचारय । चले अनेकरथिन
सह आरय ॥ सुभट समूह सहित बलभारे । शकुनि द्रोणके हैं
रखवारे ॥ भूरिश्रवा शल्यसह राजा । अरु भगदत्त बिन्दुसह
साजा ॥ अरु अनुबिन्दु आदिभट जाने । रहे बामदिशि आ-
नँदसाने ॥ सोमदत्त अरुबीर सुशरमा । अरुकाम्बोज अधर्ष
अमरमा ॥ अरु अयुतायुश्रुतायु सुदक्षिण । अगणित भटन
सहित हे दक्षिण ॥ कृप कृतबरमा अश्वत्थामा । सात्वत आदि
भूपबर सामा ॥ सुभट असंख्यन सह धनुधारी । रहेपीठिरक्षक
रणचारी ॥ यहि बिधि बिधिवत ब्यूह बनाई । दुर्योधननृप ओ-
जबढ़ाई ॥ सुभटबन्धुगण सहितसोहाते । शंखबजावतभे मुद-
राते ॥ दोहा ॥ सोसुनि पारथ कृष्णप्रभु सहित सुभट समुदाय ।
शंख बजावतभे मुदित सरस शुभद सुखदाय ॥ बाजे बाजन
गहगहे दुहूंओर तहँभूप । नभमहिलौं पूरितभयो शब्दअसह्य
अनूप ॥ तबनिज सुभटनसों कहे दुर्योधन बलधाम । लरहु
शीघ्र हतिपाण्डवन लेहुसुजय अभिराम ॥ सोरठा ॥ सो सुनि
सुभट अमान तजे पाण्डवनपै बिशिख । चलन लगेतब बान
दुहूंओरसों भूपमणि ॥ चौपाई ॥ लागे चलनबाण अनियारे ।
सर्पसदर्प सदृशभयभारे ॥ बीर बिरत्वलखावन लागे । परदल

दन्द मचावनलागे ॥ बाढ़ि बाढ़ि इत उत डाटनलागे । रथ हय
धनुध्वज काटनलागे ॥ शरवर इत उत फरकन लागे । लगि
कुण्डलपै ठरकन लागे ॥ बहुशिर कटिभुज छेदन लागे । बहु
हिय उदर बिभेदन लागे ॥ बहु हययूथ विदारन लागे । बहु
गज गरट सचारन लागे ॥ बहुभट महिपै लोटन लागे । बहु
गिरि भूमि खरोटन लागे ॥ बहु भटघायल ऊबन लागे । बहु
शोणित मधि डूबन लागे ॥ बहुभट घायल घूमनलागे । बहुत
खरे कै झूमन लागे ॥ बहुभट भटन प्रचारन लागे । तकि
तकि बाणन मारन लागे ॥ ऐसो भीषम युद्ध निहारी । धनु टं
कारि भीष्म धनुधारी ॥ भीमादिक सुभटन पैरोखे । तजत भये
अगणित शरचोखे ॥ यहिबिधिवरकर लाघवकीन्हें । ब्यूहभेद
भेदितकरिदीन्हें ॥ अर्जुन निजदल अर्दितदेखी । कहेकृष्णसों
अतिशयतेखी ॥ तातभीष्म ममब्यूह बिमर्दत । गहेगर्व बारिद
ष्मकहँ बेधित कीन्हों ॥ भीष्मको तन शर सों मढ़िकै । शर
रि कियो शिखण्डी बढ़िकै ॥ हनि क्षुरप्रशरपारथ तबहीं । का-

ट्यो धनुष लख्यो सो सबहीं ॥ सो साहिसके न शल कृतवर्मा
द्रोण जयद्रथ शल्य सुपर्मा ॥ भूरिश्रवा कठिन रणचारी। अ
भगदत्त बिदित धनुधारी ॥ दिव्यशरनकी वर्षा करि करि
भिरे पार्थसों अति रिस धरिधरि ॥ मारुमारुधरु मारु पुकारत
गे परदलमधि अतिभय भारत ॥ दोहा ॥ सो लखि सात्यकि
भीम अरु द्रुपद बिराटनरेश । अरु अभिमन्यु घटोत्कचधृष्ट
द्युम्न शय बेश ॥ द्रोणादिक भटसातसों भिरिये सातौ बीर
घोर युद्ध कीन्हों तहां सबदुर्मद रणधीर ॥ रक्षित पारथसुम
सों अभय शिखण्डीतत्र । अधनु भीष्मपहँ बराषेशर ध्वजका
ट्यो हनि पत्र ॥ गहोभीष्म तब और धनु सोऊकाटो पार्थ। ग
हत मात्रइमि बहुत धनु काटे गुणिकै स्वार्थ ॥ सोरठा ॥ सुनु
भूप तेहिकाल भीषम अतिशय क्रोधकरि । मारीशक्तिबिशाल
तेहिकाट्यो शरपांच हनि ॥ महिबर्री ॥ तहँकटे बहुनिजधनुषपा
बल शक्तिब्यर्थ निहारिकै । इमिभये मनमें गुणतभीषम शो
अति बिस्तारिकै ॥ हमएक धनु सों पांडवन कहँ बधन शक्ति
अमान हैं। परमैं वै किमि जासुरक्षक कृष्णप्रभु भगवानहैं
यहि हेतु वे सब अबधहैं अरु द्रुपद सुत तिय भाव सों। नहिं
लहब उनसों जीति नाहक लहब दुखशर घावसों ॥ पितुदय
जो बरदान मोहिं स्वच्छन्द मरण सुतोषिकै। अबआजुआय
समय सो अबमरें हम मन मोषिकै ॥ यह समुझि आशयभी
ष्म की गगनस्थ बसुऋषि कहतभे । तुम सुने सोमत श्रेष्ठय
सुनि भीष्म आनँद गहतभे ॥ यह सुनो भीषम सुबुधिकै ह
सुनो सुमुनि प्रभाव सों । तब बजी दुन्दुभि गगनमें सुरभ
सुमन सुचावसों ॥ तेहि समय भीषम ज्ञानबर तहँ भये मृदु
रिस त्यागिकै । लखि सह शिखण्डी पार्थ भे अति प्रबलरिस
सों पागिकै ॥ बहुशर शिखण्डी हने भीषम तिन्हैं मृदु त
समगने । तब पार्थधनु गांडीवकहँ टंकारि बहुशायक हने॥





दोहा ॥ तिहि क्षण बहुभट बज्रसम हनेअनगिने बान । तिनपै
शर बर्षत भयो भीषमबीर अमान ॥ द्रुपद तनयके शरनसों
भीष्महिं अब्यथित देखि । बज्रसदृश अगणित बिशिख हने ध-
नंजय तेखि ॥ फिरि काटत भो भीष्म को धनु क्षुरप्र शरमारि ।
काटि धनुष अगणित बिशिख मारेमरण बिचारि ॥ सोरठा ॥ तब
भीषम धनुआन गहितिहि मारे तीनिशर । हनि क्षुरप्र बरबान
पारथकाटो सोउधनु ॥ चौपाई ॥ इमि जेजेधनु भीषम धारे ।तेते
पारथ द्वैकरिडारे ॥ काटिकाटि धनु अगणितबाना । हन्योभीष्म
कहँपार्थअमाना ॥अतिबेधितभीषमतेहिक्षनमें । कहोदुशासन
सों गुणि मनमें ॥ अमर असुरकहँ जीतनलायक । पारथ हनत
बज्रसम शायक ॥ बाणसहस्रनसो ममगातहि । बेधत उपल-
पात जिमि पातहि ॥ पारथहने बाणतहँ जिमिजिमि । कहतभये
भीषमइमि तिमितिमि ॥ पारथ केयेशर अनियारे । हैं नशिखण्डी
भटके मारे ॥ बज्र सारसम गरुतापूरे । ममगातहि बेधतजेरूरे ॥
तेयेशर अर्जुनके डारे । हैं नशिखण्डी भट के मारे ॥ जेमम गा-
तहि बेधत तैसे । बरमाधमाहिं सेंगवाजैसे ॥ अतितीक्षण अर्जु-
नके येहैं । नाहिं नाहिंबाण शिखण्डी केहैं ॥ कालदण्ड समला-
गत जेते । नाहिं शिखंडिके अर्जुनके ते ॥ रुद्र शूलसम जेशर
चोखे। अरु कोपित फणिपति समजोखे ॥ अतिअबिरल मम
तनमेंलागत । जिनके लागत धीरज भागत ॥ तेयेशर अर्जुन
के सिगरे । नाहिं शिखंडि के लागतनिगरे ॥ जेयेलागि ममजी-
वहि करषत । तेयेबाण धनंजयबरषत ॥ दोहा ॥ आयुध सिगरे
भटनके तिमिनाहिं ब्यथवत तात । जिमि पारथके बज्रसम बर
बाणनकेघात ॥ इमिकहि भीषमपार्थकहँ मारीशक्तिकराल ।
तीनि बाणसों पार्थतेहि काटिदयो क्षितिपाल ॥ तिहिक्षण इत
के भटनसों उतके सबभट जूटि । लरतरहे नाहिं भीष्मपहँ जाय
सक्यो कोउछूटि ॥ सोरठा ॥ तबतहँ भीषम कोपि खड्ग चर्मबर

गहतभे । मनमें ध्रुवप्रणरोपि मरिबेको जयलहनको ॥ लखिहीनि
अगणित बाण बिदित धनुर्द्धर पार्थभट । काटिचर्म तनुत्राण
शतधा कीन्हो निमिष में ॥ चौपाई ॥ नृपति युधिष्ठिर यहगति
देखी । अति प्रसन्नता सों हियभेखी ॥ कहोभटनसों अनतन
थिरहू । सादर बाढ़ि भीषमसों भिरहू ॥ सोसुनिकै सबभट धनु
करषत । चले भीष्मपर आयुधबरषत ॥ जिमि सुरपति कोशा
सन लहिकै । ब्रजपैचले मेघमुद गहिकै ॥ तिमि इतके स
योधा फिरिफिरि । सिमिटि लरेफिरितिनसों भिरिभिरि ॥ घो
युद्धमाचो तेहिथलमें । कटी असंख्य बाहिनीपलमें ॥ पूरिमां
शोणित सों धरणी । भई भयावनि बिशद बिवरणी ॥ तिहिथ
पार्थ बिदित धनुधारी । करिअद्भुत बिक्रम रणचारी ॥ मारि
असंख्यनभट जगजेना । दई बिडारि तावकी सेना ॥ जे इतके
बरणेबर योधा । तिन न तजेतहँ को अवरोधा ॥ पतित मतंगन
समबल आगर । बिहरेलहि अनुपम रणसागर ॥ मारुमारुधुनि
अति शय घोरा । रह्योपूरि तेहिक्षण चहुंओरा ॥ सहितशिख
डिपार्थभट लायक । बर्षतभयो भीष्मपहँ शायक ॥ तेहि क्षण
भीषम सुभट सुमेधा । रह्यो न कहुंतिलभरि बिनुबेधा ॥ भिदिभे
भीषमको तनतैसो । लसत कुम्भ झिझियाको जैसो ॥ भीष्म
सुबुधिहे ताहू क्षनमें । भूपति रह्योन बिक्रम तनमें ॥ दोहा ॥ इमि
बेधितह्वै भीष्मके भयेशिथिल सबगात । मूंदिगयेचष तपित
ह्वै छूटिपरो धनुतात ॥ रहे कछूदिन भीष्मतब व्यथित दश
यह पाय । प्राचीदिशि शुचि शीशकरि गिरे ईश्वरहि ध्याय ॥
पतत भीष्मके होतभो हाहा धुनिसबठौर । गिरोकेतु सबभट
को सुबुधिनको शिरमौर ॥ इते लगेहे भीष्मके तनमाधि दीरघ
बान । जिनपैरहिनाहिं भूमिकहँ परस्यो भीष्मसुजान ॥ तेहिक्षण
कीन्होंभीष्ममहँ दिव्यभाव आवेश । भई प्रकम्पित मेदिनीध
नबरषे तेहिदेश ॥ सोरठा ॥ रहि मूर्च्छित क्षणएक फिरि सचेत





ह्वै भीष्मतहँ । ज्ञाता शास्त्र बिवेक सुने सुरनके बचनये ॥ दक्षि-
णायन सुभान शुचि न कालतन तजनको । यहसुनि भीष्म
सुजान कहोनकछुदिनतजब तन ॥ रोला ॥ जानिभीषमकोपतन
सुरसरितकरि अनुमान । तहांपठयेऋषिनकहँ तेचले हंसस-
मान ॥ हंसरूपी आयते ऋषिदेखि भीष्महिंतत्र । करिप्रदक्षिण
चलत ऐसे कहनलागे तत्र ॥ दक्षिणायन भानुहं याहि समय
नाहिं सुजान । भीष्मकैसे देहतजिहैं बीरबर बलवान ॥ भीष्म
आशय समुझितिनको कहतभे इमितात । दक्षिणायन सूर्य्य
लौलगि तजब नाहिं हमगात ॥ पिता हमको दयोबर स्वच्छन्द
मरण अबाध । समय लहि तन तजबकरि तेहि बचनको
अवराध ॥ भीष्मको लखि पतन पाण्डव सैनसह हरषाय ।
कियो पूरित शंखधुनि जयदुन्दुभी बजवाय ॥ भये अतिशय
व्यथित सब तो तनयसैन समेत । रहे ठगि नाहिं सके करि
करतव्य कछु जयहेत ॥ बचन यह सुनि कहतभेधृतराष्ट्र नृप-
ति सशोक । तबहिं हम यहगुणो अबहति गयो बलबूतओ-
क ॥ जबहिं भीषमकहो युवति शिखंडि सों न कदापि । लरब
हम तजिहियो अतिधृत बिशद ब्रतहि उथापि ॥ भीष्मकोसु-
नि मरण मोहिय बज्रसदृश कठोर । नहीं दरकत हाय यासों
कौनकष्ट अथोर ॥ रामसों लरि बहुत दिन नाहिंगयो हति जो
बीर । ताहि मास्यो द्रुपद सुत हनि होति अतिशयपीर ॥ भीष्म
जब शर तल्पपरपरि लसे तदुपरि जौन । भयो सहित बिधान
सबइत कहोसंजय तौन ॥ भूप के ये बचन सुनिकै कहेसंजय
बैन । गिरत भीष्महिं देखिइतको भयो चूरणचैन ॥ उतैपूरो
मोद सों थरलसो तेहिक्षणतात । कुमुद कंजन सहितशरजिमि
होत लहि परभात ॥ धाय कौरव सकल पांडव आय भीष्महिं
घेरि । तजत चषजल भये ठाढ़े शोकसों मनमेरि ॥ सिद्धचारण
ऋषय मानव गहे शोच महान । करीअस्तुति भीष्मको करि

कर्मब्रत गुणगान ॥ भीम आदिक भटनसों कर्णादि भटमनमो-
रि । धारि तीक्षण लाज तहँ नहिं सकेइक्षणजोरि ॥ पायशासन
भूपको तेहि समयसुरथ चलाय । गयो दुश्शासन रहेजहँ द्रोण
लरत सचाय ॥ द्रोणसों भो कहतनिपतन भीष्मकोसुनिताहि ।
शोच क्षणक अचेत रहि फिरि चेति इतउत चाहि ॥ युद्धकरिबो
बारि भटन समेत आयुध त्यागि । द्रोणआये भीष्मके ढिगम-
हत दुखसों पागि ॥ दूत सबथर पठै पांडवकियो युद्ध निवृत्त ।
सकल पुरुषप्रधान आये तहां शोच प्रवृत्त ॥ प्रजापति के नि-
कट सुरगण सदृश भट समुदाय । लसे शरशय्यास्थ योगी
भीष्मके ढिग आय ॥ देखि प्रांजलि खरेकुरु पाण्डवनकहँबि-
लखात । भीष्मबूझो कुशल सब सों बचन कहि अवदात ॥
कह्योफिरि मम शीश अधको लंबि अति दुखदेत । देहु शुचि
उपधान तिहि अवलम्ब ताके हेत ॥ सुनत तोसुत दीर्घमृदु उप-
धान शुचिमँगवाय । देन चाह्यो भीष्मतेहि लखि कहतभे अन-
खाय ॥ सुनो ऐसी बीरशय्याको न यह उपधान । भाषिइमितहँ
देखि पार्थहि कह्योकंहि अनुमान ॥ देहु तुम उपधान पारथ उ-
चित जैसोअत्र । बचनयहसुनि पार्थ शरधनु पाणिमेंकरितत्र ॥
गरो गद्गदकरें जल सों पूरि आयत नैन । देहु आज्ञा करों
सोमैं कहेऐसे बैन ॥ बहुरिआज्ञा भीष्मकी लै मंत्रि तीनिसुबा-
न । थोजि धनुमें त्यागि दीन्हीं बिरचि शुचिउपधान ॥ तूलके
समपायकै उपधानभीषममोदि । कहेबहुतप्रशंसि पार्थहिनिरखि
कै सबकोदि ॥ जोन देते पार्थ तुम उपधान शय्यारूप । पावते
तौ शापहमसों हरण सत्वअनूप ॥ नृपन सों फिरिकहे हमइमि
रहबजौं लगिसूर । जाइहैं नाहिं दिशाउत्तर शुभद आनँदपूर ॥
इतेमें बहु भिषजआये शल्य उधरण हार । लिये निजहथियार
औषध जासुसगुण उदार ॥ तिन्हें लखि तो तनय नृप सोंकहे
भीषम बैन । इन्हें धन दै मुदित करिकै बिदा करहुसचैन ॥ पाइ





[illegible]सी दशा अबकछुभिषजको नाहिं काम । पालिक्षात्र सुधर्म
[illegible]ब हम लही गति अभिराम ॥ खोदि परिखा चहूँदिशि इत
[illegible]तरक्षक राखि । जाहुनिज निज सिबिर प्रति सब मोहमनको
[illegible]खि ॥ शरन सह मम दग्धकरियो भूप सुनि यह बात । किये
[illegible]न दै बिदा सिगरे भिषज गणको तात ॥ आदि परिखायतन
[illegible]ब करवाय नृपति अखर्ब । तीनि तीनि प्रदक्षिणा करि नौमि
[illegible]धिवतसर्ब ॥ भीष्मकीसुमहानताको करत बर्णनमोहि । जाय
[illegible]जनिज सिबिरप्रति करतब्यकीन्हेंजोहि ॥ भीष्मभटकेपतन
[illegible]अति मुदितपाण्डवयत्र । रहेकेशवकहोतिन सोंजायनिशिमें
[illegible]॥ सुरासुरहू सों अजेयसुबीर योधापर्म । भीष्मजूझे आजु
[illegible]तो तेजसों हैधर्म ॥ कहेतबनृपधर्म प्रभु तो कृपासोंसबहोत ।
[illegible]त भवनिधि जपतजेतो नाम करण उदोत ॥ जगतउतपति
[illegible]ण पालन हार कृत संहार । होति मम हित चरत महिहि
[illegible] यह उपचार ॥ सत्यजो तुम कहेऐसो भाषि प्रभु सुखदाय ।
[illegible]तभे निज सिबिर कहँ सब भांति सुख सरसाय ॥ रजनिबीते
[illegible]य नृप अरु सकल पुरुषप्रधान । गये जहँ शर तलपपै है
[illegible]म धारे ध्यान ॥ नारि नरजन नगरसों तहँ आय लहि दु-
[illegible]र । भये बरषत भीष्मपहँ स्रक लाज चन्दन चूर ॥ शस्त्र
[illegible]न बिहीन नृप अरु भटनको समुदाय । बन्दि भीष्महि भ-
[illegible]ठत महत दुखसों छाय ॥ भीष्म तब शरघात बेदन ग्रहण
[illegible]रि चषखोलि । देहु पानी पियनको इमिकहे धीरे बोलि ॥ बा-
[illegible]शीतल भोज्य अनुपम तनय तो मँगवाय । देन चाहे भीष्म
[illegible]इमि कहतभे अनखाय ॥ बाणशय्या प्राप्त हमहिं न उचित
[illegible]नृप भोग । देन चाहतल्याय जोबिनु लखे उचितप्रयोग ॥
[illegible]षि इमितहँकह्यो भीषम कहां अर्जुन ख्यात । पार्थ उठिकर
[illegible]रि बोले देहुआज्ञा तात ॥ भीष्म बोले पार्थतो शरघातसों
[illegible]गात । तापित बेदन दुसह पूरित बेदन सूखतजात ॥ देहु

पानी यथा बिधिसुनि पार्थ धनुष चढ़ाय । सुरथपै चढ़ि
प्रदक्षिण दाहिनी दिशिजाय ॥ धनुष कहँ टंकारिकै परज
अस्त्र लगाय । तानिश्रुतिलों त्यागिबेध्यो भूमिकहँ दृढ़घाय
प्रगटितासों भीष्मके मुख परो अमलउदार । सौरभित
परम शीतल अमृत सम जलधार ॥ पार्थको यहअति
नुष कर्म अद्भुत जोय । साचरज ह्वै ह्वै रोमांचित त्रसे
सबकोय ॥ अमृत सम जलपान करिकै तृप्तह्वै गांगेय ।
प्रशंसा पार्थकी इमिकहे बचन अमेय ॥ पार्थतुमसों कौन
गमें धनुर्द्धर तपधाम । नार्दसों हम सुनेतो व्याख्यान सर्ब
लाम ॥ तेजवतमें श्रेष्ठरबि जिमि बिहँगमें बिहगेश। धनुष
में तथा होतुम श्रेष्ठबीर बिशेश ॥ रामहम कृपव्यास संज
बिदुर द्रोणाचार्य । कहे बहुबिधि सुनोनहिं धृतराष्ट्र सुवन
नार्य ॥ कछूदिनमें तौनभटसह बन्धुनृप समुदाय। सुनहुपा
समर महिमधि गिरीह्वैहतकाय ॥ भाषिइमिदुर्योधनहिंल
दुखित बिबरण रूप । कहेतासों भीष्मत्यागो क्रोध हेकुरु
करत पारथ धनुष बिधिमें जौन अद्भुतकर्म । तासुकर्ता
जगमें गहेक्षात्र सुधर्म ॥ जितेदिव्य सुअस्त्रहैं तिन सबैको
तार । एकपारथ जगतमें कैकृष्ण जगकरतार ॥ सर्बबिधि
ज्ञ पारथ सर्बथा जगजैन । सुरासुर गंधर्बहूसों जेयकबहूँहैन
सुनोताते ताततासों मिलौतजि सबबैर । निरखि इनको
त्यागो गर्बगुरताघैर ॥ बन्धुनृपहतशेष सबनहिं जाहिजौल
मारि । करौतौलगि पांडवनसों मेलनीति बिचारि ॥ हाइ
मम मरणलों यहियुद्ध बरकोअन्त । बचे अबतक बचेजेते
दल सबक्षितिकन्त ॥ हमैंयहमत रुचतहै कल्याणकोकरता
औशि करिबे योगहै गुणिशुद्ध शुभउपचार ॥ देहुआधोरा
उनको इन्द्रप्रस्थ सुधाम । हस्तिनापुर रहौतुमसब पूर्बवत
आम ॥ भाषिऐसे बचन भीष्म शल्य प्रतापिलगात । मूंदि





रहे चुपह्वै योगबिधिगहितात ॥ परमसुखद सनीति ऐसे
मकेयेबैन । रुचेनाहिं तोसुतहि जिमि म्रियमानपथ्यगहेन॥
व्य योगी भीष्मकहँ तब निरखि ध्यानावस्थ । गयेसब दुहुं
र निजनिज सिबिर स्वस्थ अस्वस्थ ॥ दोहा ॥ तबभीषमको
न्तिकै अनुपम दिब्य प्रभाव । कछुशंकितह्वैकै तहां आयो
ण अचाव ॥ भीषम के ढिगभो खरो महत मोहसों मोहि ।
रजन्न शय्यास्थप्रभु कार्त्तिकेय समजोहि ॥ महाबाहुहे भी-
हे योगीकुरुश्रेष्ट । प्रभु निरखो राधेयमैं कीजैकृपायथेष्ट॥
सुनि भीषम नेहयुत एक सुपाणि पसारि । कर्णहि अंकल-
इकै कहो रक्षकन टारि ॥ सोरठा ॥ वत्सन तुम राधेय नार्द
यहहै कहे । सूर्य सुवन कौन्तेय तुम सुवननसुत सूतके॥
॥ होतुमदान शीलमतिमान। क्षात्रधर्ममहँ प्रौढ़महान॥
र्जुन सदृश धनुर्द्धरबीर । सर्ब अस्त्र ज्ञाता बरबीर ॥ काशी-
नृप समुदाय । तुमजीते धनुबिधि शरसाय ॥ जरासंध
अतिशय बलवान । भयो न रणमें तुम्हैंसमान ॥ होतुम सर्ब
ति गुणवान । इतोदोषहो करताम्लान ॥ कौरवअरु पांडव
बीच । तुमजातन हेगहिमतनीच ॥ मंत्र करत हेबर्द्धन बैर ।
हतरहे कटुबचन सघैर ॥ सोयह सूतसंगकोदोष। होतोमधि
अवगुणको कोष ॥ ताते हम निदरतहैं तोहि । कुलभेदन कृत
तरथजोहि ॥ अबतुम जो इतआये हाल । ताते हमप्रसन्न
हिकाल ॥ हम अबकहैं सुनो तुमतौन । करौकाज कुलरक्षक
तौन ॥ पांडव अरु तुम सोदरभाय। मिलोप्रेमसों बैरबिहाय॥
न्हें मिलतमिलैंगे सर्ब । मिटिहिनाशको कारणखर्ब ॥ मम
प्रभृत भारतीयुद्ध । राखिप्रसिद्ध मिलोह्वैशुद्ध ॥ यहसुनि
यो कर्णप्रणवान । तातकहे तुमसत्यनआन॥ वृद्धव्रतीयोगी
तिमान। कस न कहौ अस सहित बिधान ॥ दोहा ॥ पर यह
नियेत्यागमम कुन्तीकीन्होतात । बर्द्धितकीन्हो सूतनृप दियो

मोद अवदात ॥ यथा पाण्डवनके परम हितकेशव बिख्यात तिमि हम हित कौरवनके हैप्रसिद्ध यहबात ॥ महिवरी ॥ य बात पालन हेत हमकहँ श्रौशि करिबो उचितहै । धन पु तन लिय त्यागिसों कुरुनाथकहँ जो रुचितहै ॥ प्रभु होत भवितब्यसो नहिं टरतटारे होतहै । सबचरितसो अनुक्रम गहि भवितब्य करजो सोतहै ॥ हमगुणत पाण्डव सर्व सब समरमध्य अजेयहै । है एक हमसों जेय जगमें यदपि प्र अमेयहै ॥ अब बैर करब निवृत्त नहिं ममसुबश हमसति हतहैं । ध्रुवभयो तिनको चहै फल जे होत असगुण महतहै हमकरब संगर पार्थसों तुम देहुशासन मोदिकै । तो कृपाते यलहब अरिदल मध्यप्रबिशिबिनोदिकै ॥ कटुबचन बहु अ नबश हम कहे तुमकहँ तातजे । तेक्षमहु सब पितु क्षमत जि शिशु कहत अनुचित बातजे ॥ सुनि कहे भीषम कर्णसों इ सत्य जो यह तुमकहे । नहिं टरति भावी लरौ ताते स्वर्ग हि प्रणकरि अहे ॥ तजिशङ्क सम्मुख समरमें लरि मरबसोग पर्म है । लरिकरौ बिक्रम यथारुचि यह क्षत्रियनको धर्महै दोहा ॥ इमिकहि भीषममूंदि चष भे फिरि ध्यानावस्थ । नौ कर्णरथ चढ़िगये जहँ कुरुनाथ अस्वस्थ ॥ भीष्मपर्वमेंनृप यो यहिबिधिदशदिन युद्ध । पढ़िहिसुनिहि जो याहिसो लहि चारुपदशुद्ध ॥ सोरठा ॥ मूको बांचै बेद पंगु तरै गिरि ध्याय हि । अगमजासु शुचिभेद तासु कृपालहि इमि कहे ॥

स्वस्तिश्रीकाशीराजमहाराजाधिराजश्रीउदितनारायणस्याज्ञाभिगामिनाश्रबिंदीजनकाशीबासिगोकुलनाथात्मजेनगोपीनाथेनकविनाविरचितेभाषायां महाभारतदर्पणेभीष्मपर्वणिदशमदिन युद्धवर्णनोनामत्रयस्त्रिंशोध्यायः ॥ ३३ ॥

भीष्मपर्वसमाप्तः ॥

# महाभारतदर्पणो ॥

## द्रोणपर्वदर्पणः ॥

दोहा ॥ नमस्कार नारायणहि करि नरोत्तमहि नौमि । बन्दि गिराब्यासहि रचत भारतभाषा सौमि ॥ जयकरी ॥ रामचन्द्र के पद जलजात । मधि बसायमन अलिअवदात ॥ पाय अ- त महिमा मकरन्द । करतगान भारत शुभछन्द ॥ जोश्रुति पर- त सबसुखदान । करनहार सर्वज्ञ सुजान ॥ प्रभु सर्वज्ञ सर्ब त जौन । सबथर सोइदूजो कौन ॥ जोइछितजो सोई होत । औरन करताकछू उदोत ॥ यह बिचारि तजिसंशय सर्ब । बिर- त भाषा भारत पर्ब ॥ ताकी ईहाकी अनुसार । लहब भार्त अर्णव कोपार ॥ श्रीश्री सीतापति श्रीराम । सिद्ध करत निज नको काम ॥ दोहा ॥ पारथ के स्वारथभये सारथि परम अनूप। सारथ देहैं बिरचि भारत भाषारूप ॥ सोरठा ॥ बन्दौं कपिबर ीर राम परमपद पारषद । मंगल मूरति धीर पारथ स्वरथ जरथ बर ॥ सुमिरि उच्छलनि अक्ष उदधि उलंघन समयकी। भारतसमुद प्रतक्ष भाषाकरि चाहत तर्यो ॥ जनमेजयउवाच ॥ चौपाई ॥ जब प्रभु परमासाधि मनमोये । भीषम शरशय्यापर सोये ॥ किये महातब सहित समाजा । निज निज शिविर जाइ सबराजा ॥

बैशम्पायन मुनि यह सुनिकै। कहतभये भूपातिसों गुनिकै ॥ ति
हिदिन संजय दलमधि आई। संध्याभये भूपपहँ जाई ॥ करि
प्रणाम शोकाकुल भूपहि। बैठे ध्याय श्यामघन रूपहि ॥ तैं
उसास लै शोक महासों। भूपति कहत भये इमि तासों ॥ तात
भयो तदनन्तर जैसो। पृथक्पृथक् अब कहु सबतैसो ॥ सुनि
संजय बोलेताजि अनदै। भूपति सब सुनियेसो मनदै ॥ फिरि
लरिबे कहँ अमरष भारे। उभय भूमिपति सैन सँवारे ॥ घने
निशान गहगहे बाजे। बने निशान बहबहे राजे ॥ नृपतेहि सम
यतावकी सेना। भई बिना भीषम जगजेना ॥ जिमि अजयुत
वृकनसों घेरित। रक्षक बिना होइ भयमेरित ॥ बलि बिन
भयो असुरदल जैसो। भयोभीष्म बिनुतोदल तैसो ॥ तहँइत
के सबभट गुणि मनमें। करण करण कीन्हें तेहिक्षनमें ॥ भीषम
सदृश बिदित धनुधारी। करण बीर कर्कश रणचारी ॥ परशु
राम सों धनुबिधि सीखो। सब धनु धरके पहिलेलीखो ॥ दोहा
महारथी मणिकरण तेहि कहे अर्द्धरथियत्र। भीषम सो सुनि
करण कियो प्रतिज्ञा तत्र ॥ जौलगि भिरि पाण्डवनसों भीषम
करिहैं युद्ध। हम तबलगि नहिंधनुगहब पालि प्रतिज्ञाशुद्ध
भीष्म जीतिहैं पाण्डवन कहँ तोभूति बिहाय। हम भूपतिस
ह्वै बिदा बसब बिपिन मधि जाय ॥ पाण्डव बधिहैंभीष्मक
जोतौ लरि हमएक। मारि पाण्डवन भूपकहँ देबराज्य गहि
टेक ॥ करि ऐसो प्रण दश दिवस लरोनहीं रणधीर। अबलरि
यहि सैनको रक्षणकरो सुबीर ॥ रोला ॥ समुझि बिक्रम पार्थके
गहि भूरिभीति अपार। भीष्म भटके गिरे नृपसब भये बि
त्रातार ॥ भाषिऐसे बोलि करणहि कहेन्नृपति समस्त। भीष
पारथ के सदृश तुम करणबीर प्रशस्त ॥ सिन्धु बिक्रम पा
कोतेहिमध्य परिहमसर्ब। होनचाहत मगन रक्षण करोतुम यहि
पर्ब ॥ नृपनकी यहदशा सुनि धृतराष्ट्र नृपति अचैन। कहो यह





सुनि करणतिहि थर कहे कैसेबैन ॥ कहो संजय नृपनके ये बचन
सुनि रणधीर। करण धीर अभीतवत इमिकह्यो बचन गँभीर॥
बुद्धि बिक्रम शक्ति स्मृति धृतिधर्म तेज असेग। दिव्य अस्त्रन
की कुशलता आदि सुगुण अनेग ॥ जासुमाधिसो भीष्मरण
में गयोबधिजौं तात। तौन इतभट एकको अब बाचिबो लखि
तात ॥ ब्रतीदेव समान कुरुकुल वृद्ध भीषमबीर। गिरो रणमें
समुझियह नहिं गहत मोमनधीर ॥ भाषि ऐसो करण लागे
रुदनकरण सक्षोह। तदनु नृपसब उच्चस्वर सों किये रुदन
समोह ॥ बहुरिधीरजधारि ऐसो कह्यो करण सुजान। सत्य
जगत अनित्य जोगिरि परो भीष्म अमान ॥ बध्यो भीष्महि
पार्थ तासों भिरैगो भटकौन। सहैकिमि तेहि वृक्षउलटै गिरि-
नकहँ ज्यों पौन ॥ रहे जिमि यहि दलहि रक्षत भीष्म उनसों
जूटि। तथाअब हम करब रक्षण लरब उनसों ऊटि ॥ शरन
सों बधि पाण्डवन कहँ देउँगो यम लोक। बधिहि हमकहँ
समरमें कै पार्थ बिक्रम ओक ॥ सर्ब पाण्डव कृष्ण सात्यकि
बहुत बिक्रम भौन। जूटि तिनसों युद्ध करिकै बचिहि दूजो कौन॥
तपहि बांधत बृहत तप अरु बलहि बल नाहिं आन। जीति
उनसों लहब हम मन होत उत्सववान ॥ मित्रसो जो करैसङ्कट
समयमें उपकार। बूझिसो हमहोब उत्रिण भूप सों यहिबार ॥
भाषि यहि बिधि करणबीर सुबीर रससों छाय। बस्त्रभूषणक-
वच नूतन गहत भे मँगवाय ॥ भयो धारत अस्त्रधनुष तुणीर
आदि अशेष। चपल अश्वन लायरथमें लस्यो अनुपम भेष॥
पूर्ण दधि सों पात्र लखिकै दुन्दुभी बजवाय। कहतभो इमिजो-
रियुगकर भीष्मके ढिगजाय ॥ करण हमहैं देवब्रत करिकृपाहेरो
मोहि। कहौमंगलप्रद बचन कल्याण कारण जोहि ॥ कोप अर्जुन
करणमंत्री ब्यूहबितरनहार। भूप के अबकौन तुमसों अरिनको
हन्तार ॥ मृगनको क्षयकरत जिमि मृगराज तिमि अरितास।

तुम्हैं बिनु सब कौरवनको कियो चाहत नास ॥ बज्रसदृशश्र-
मोघ धनु गाण्डीवको शरपात । समुझि शङ्कित कौरवी दल
तुम्हें बिनु है तात ॥ पार्थ के रथनेमिकी धुनि धनुषकी टंकार।
शरनकी झरसहै ऐसो और कौन उदार ॥ लहे जय भृगुराम
सों तुम ताहि जीत्यो जौन । पार्थ तासों सकैलरि असबीर तु-
जो कौन ॥ कृपा लहिकै आपुकी हमचहत जीतन ताहि। देहु
शासन सुजय हित चित चावयुतकरिचाहि ॥ कर्णके सुनिबच-
न भीषमदेशकाल बिचारि। करि प्रशंसा तासुतासों कहेसरुचि
निहारि ॥ सर्ब दिशिके नृपन कहँ तुम जीति करि रणघोर। दये
करि कुरुनाथ के बशमारि सुभटअथोर ॥ बंधुसम बन्धीन सोहे
मित्र जगमें श्रेष्ठ । कहतहैं हम मुदित ह्वै तुमकरो युद्ध यथेष्ठ॥
यथाकौरव पौत्र मम तुम तथाहौ प्रिय मोहि। होइहितकुरुनाथ
को तिमि करोबिक्रम जोहि ॥ भीष्मके ये बचन सुनिकै नौमि
कर्ण सचाय । गयो योधन सहित जेहि थर रहे कुरुकुलराय॥
देखि कर्णहि युद्ध हित सन्नद्ध तो सुतसर्ब । सहित योधनभये
मोदित बहुरि गहि बरगर्ब ॥ कह्यो दुर्योधन नृपति इमि कर्ण
सों सबिचार । लरैं केहिबिधि शत्रुसों अब कहौ सो उपचार॥
कर्णयहं सुनिकह्यो नृपतुम सकल भांति सुजान । आपुकहिये
समुझि अब करतब्य जौन बिधान ॥ कर्णके ये बचन सुनि कै
कह्यो कुरुकुल भूप । सैनपति ह्वै भीष्म दशदिनकियो युद्ध अ-
नूप ॥ परोसो शरतल्प पर अब सैनपति करिकाहि । लरैंताहि
बताय दीजै तेजबल बुधि चाहि ॥ बिना सेनापति सयनजिमि
बिना करिया नाव । सकति नहिं करतब्य करि बिन सूतरथजे-
हि भाव॥ भूप के ये बचन सुनिकै कह्यो बचन सुबीर ।सैनपति
के योग्यहैं इतसकल नृप रणधीर ॥ बुद्धि बिक्रम धैर्य्य युत हैं
सकल सब कुलवान । रुचै ताकहँ करो सेनाधिपति सहित
बिधान ॥ मान्यसब कहँ वृद्धगुरु है द्रोणधीर धुरीन । रुचै





तौ तेहि करो सेनाधिपति यह मतपीन ॥ और ह्वै है सैनप-
ति तौ बढ़िहि इर्षा दोष । द्रोणह्वै है सैनपति तौ सबन के
सन्तोष ॥ मंत्र यह सिद्धांत करिकै भूपनृपन समेत । करि
प्रशंसा द्रोण सों इमिकह्यो निजजय हेत ॥ तात ह्वै सैनाधिपति
तुम करहु रक्षण सैन । पाय तुमकहँ अधिप ह्वै है सैनममजग
जैन॥ भूप के ये बचन सुनिकै कह्यो द्रोणाचार्य्य। होब हमसे-
नाधिपति तो सुयश हित है आर्य्य॥ सर्ब बिद्या शस्त्र बिधिअ-
भ्यसित सब व्यवसाव । करबहमभिरि पाण्डवनसों गहे अनु-
भाव ॥ मारि सुभटन पाण्डवनकहँ देउँगो करि मौन । धृष्ट-
द्युम्न न बध्य हमसों प्रगट कारणतौन ॥ बचन यह सुनिमुदित
ह्वै सह नृपन सहित बिबेक । भूप द्रोणहि कियो सैनाधिपति
को अभिषेक ॥ बजे अगणित बाद्यभे उत्साहयुत सबबीर । क-
हत सबके बदन सों इतजयति शब्द गँभीर ॥ सैनपति ह्वैद्रोण
रच्यो शकटब्यूह अभेद । राखि सबथर सुभट ज्ञाताशस्त्रसं-
चारा भेद ॥ भूप सैन्धवकालिंगको अरु भट बिकर्ण ससैन । अरु
जयद्रथ रहे दक्षिण ओर दायकचैन ॥ सहित हयदल शकुनिसब
गन्धारभटन समेत । रह्यो तिनकोपक्ष रक्षसचाव चपलसचेत ॥
चित्रसेन ससेन कृप कृतबर्म कृत रणउद्ध । भट दुशासन अरु
बिविंशित लये योधा शुद्ध ॥ बामदिशि हेरहे तिनके पक्षरक्षक
बीर। यवन सककाम्बोज गणसह नृपसुदक्षिण धीर ॥ शिवय
मद्र त्रिगर्त्त मद्रु अम्बष्ट आदिकसर्ब। भटनसहतोतनय भूपति
गहेगुरुतागर्ब ॥ सहित द्रोणाचार्य्य कर्णहि किये आगे भूप ।
पृष्ठरक्षक लसो मधिमें समर मखको जूप ॥ शकटब्यूहअभेद्य
लखितको धर्मभूप निहारि । रचोनिजदल मध्यअनुपम क्रौंचब्यूह
बिचारि॥ ब्यूहमुखमेंरहो अर्जुन बिदितधीरधुरीन।रहेसबथरपूर्ब-
कृत सबसुभट योधापीन ॥ बिरचियहि बिधिब्यूह अगणितदुन्दु-
भी बजवाय। युद्धहित बढ़िचले दोऊ भूप सदल सचाय॥ घोर

असगुनहोतभे तेहि समय सुनिये तात । तुरगगज नर नृपनके
जे नाश करणविख्यात ॥ घोर संगर कियो तेहिदिन सुभ
सिगरे जूटि । द्रोण पारो प्रलय परदल मध्यजय यशऊटि
पांचदिन अतियुद्ध करिकै भटनको शिरताज । द्रोण हति अ
क्षौहिणीसों अधिक सैनसमाज ॥ धृष्टद्युम्न सुधीरसोंलहि नाश
तनतजि जाय । भयो निवसत जहां बिलमत शूर शुचि प
पाय ॥ परम आनँद लहे पाण्डव पायजय अभिराम । सैनस
तोसुवन सबभे दुसह दुख लहि छाम ॥ मढ़त हाहाकार धु
तारि बिसत बेलाधीर । भरत भो तोसैन महिं मधि शोकसि
गँभीर ॥ दोहा ॥ द्रोणाचारयको मरण सुनि धृतराष्ट्र सुभूप
कुलिशपातसों हत सदृश भेभयरत गतरूप ॥ जकि अबोल
रहि घरिकलों फिरिलै ऊबिउसांश । संजयसों बूझतभये तजि
निज जयकी आश ॥ सिगरे दिव्य सुअस्त्रको शीक्षक द्रोण
चार्य्य । धृष्टद्युम्न ताको बध्यो करिकै सोरणकार्य्य ॥ भयो बि
रथकै बिधुनकै कैभो मोहित धीर । जाते रणमें बधिगयो प
शुराम समधीर ॥ जयकरी ॥ मरणद्रोणको सुनि हे तात । अ
मोसों कछुकहो न जात ॥ चाहत दैवहोतसो अर्थ । सिगरो पु
रुष पराक्रम ब्यर्थ ॥ कुलिशहुते मम हृदय कठोर । फटत
सुनिऐ सोदुखघोर ॥ द्रोणहि रक्षतहे तेहिकाल । केके इत
सुभट बिशाल ॥ केकै सुभट उतैसोंऊटि । लरद्रोणसों सम्मु
जूटि ॥ लहि पाण्डव भटको शरजाल । केइतकिये स्वर्गपथ
चाल ॥ केके भगे द्रोणकहँ त्यागि । केके लरे बीररसपागि
किहि किहि बधे द्रोण वहिओर । किन्हें भगायो करिशर जोर
कैसोसंगर भोतेहिठौर । जूझो जहां सुभट शिरमौर ॥ रण
सुभट द्रोणको पात । कबहूंरहो न जानोजात ॥ तौन अनर्थ भ
यो यह हाय । अब मोसों कछुकहो न जाय ॥ करिप्रलाप यहि
बिधि बहुबार । गिरोभूप लहिशोक अपार ॥ भूपहि मुरछित ल





लहि त्रास । दौरि उठाये दासी दास ॥ अतिशीतल जल
मुखधोय । अँगमें अतर गुलाबसमोय ॥ गतमुरछा लखिकै
वपाय । सिंहासनपरधरे उठाय ॥ शोकाकुलह्वै ब्याकुलफेरि ।
कतभे नृपदुखहि बखेरि ॥ दोहा ॥ एकधनुर्द्धर बिदितजो सब
को जेतार । धृष्टद्युम्न तेहि किमि बध्यो कहो तौनउपचार ॥
वन दाहत अगिनि जिमि तिमिमरदत परसैन । द्रोणहि
रिद सदृश केहि कियो शमित गहिचैन ॥ बरणि बरणिगुण
णके अरु बिक्रम ब्यवहार । बार बार बूझो नृपति भोजिमि
बिहार ॥ सोरठा ॥ मोहित भये अचैन नृपलहि दशाप्रलाप
। भरोशोकसों ऐन बूझेकहे अनेक बिधि ॥ जासु सहाई
णु उतपति पालन नाशकृत । सकल भांतिसों जिष्णु कहि
भावप्रभुके कहे ॥ दोहा ॥ ब्रजमथुरा द्वारावती सोजे अद्भुत
। कियेकृष्ण सोसकलकहि कहे भूप गुणिमर्म ॥ चौपाई ॥
जो जोकृत चाहै मनमें । प्रगटहोइ सोसो सबक्षनमें ॥ सो
रथी धनंजय सुरथी । जीतै ताहि कौन जयअरथी ॥ येयुग
नारायण जाने । दुर्योधन तिनसों रणठाने ॥ किमि कल्याण
इ मम सुतको । कसन होइ हित ईछित उतको ॥ भयोकाल
तृप दुर्योधन । करत न प्रभु महिमाकोशोधन ॥ जगजेतार
बध्य सुआरय । बिदितभीष्म अरु द्रोणाचारय ॥ ते जूझे
वि अजों नचेतत । नहिं हठतजि कुलरक्षण हेतत ॥ जौ बि-
ति तव लखि ये माखे । पाण्डव तासु द्विगुण अभिलाखे ॥
हहि सिद्धि अवशि सोकारय । जोजूझेये युगभट आरय ॥
य युधिष्ठिर जाहित कारण । इमि बिचरत जगभार निवा-
ण ॥ मरण द्रोण अरु भीषम केरो । संजयसहि न सकत मन
रो ॥ कढ़त न प्राण गहत निठुराई । अब मोसों कछुकहो न
ाई ॥ होत चहत है धरमी जोई । चहत अधरमीसो नहिंहोई ॥
मसुतके जय हेतुअरूझो । कैसो बिक्रम करिद्विज जूझो ॥

किमि उतके योधाभट नायक । चले द्रोणपहँ बरषत शायक ॥ जनवरकरि अनुमान बोले बरबाधक बचन ॥ करि अङ्कुतरण
किमिशर बरषत इतके योधा । बाढ़ि तिनको कीन्हों अवरोधा ॥ तब हम भूपहि सकबगहि। जोरहि नृपके संगलरिनाहिं पाहै
दोहा ॥ कहो पांचदिन तहँ भयो केहिप्रकारको युद्ध । लरे समर्थ भट ॥ चौपाई ॥ रणमें पाहत पारथ जाही । पकरिनसकैइन्द्र
किमि किमि चरे केके योधाउद्ध ॥ वृद्ध भूपके ये बचन सुनि सम ताही ॥ भूपसुबीर पार्थयुत जबलों । रबिसमलखिबोयोगन
जय सतिमान । कहे सुबौ मनदै कहत हमसब सहित बिधान बलों ॥ मम सुशिष्य अरु तरुणउजागर । धर्म शील बिक्रम
सोरठा ॥ लहि अभिषेक अमंद सेना अधिपतिको सविधि। गुणसागर ॥ दिव्य अस्त्रदेवनसों लहिकै। हम सों अधिकभयो
परम अनंद ह्वै प्रसन्न नृपसों कह्यो ॥ जयकरी ॥ भीषमके पीत गहिकै ॥ तापै केशव तासु सहाई । ताढिगधर्महि सकबन
हित जोहि । तुम कीन्हों सेनापति मोहि ॥ तातें हम प्रसन्नई ॥ तातें तुम सब सम्मत करिकै । रचिउपचार चाव सोंच-
यहिकाल । मांगो ईछित सुबर रसाल ॥ सुनिभूपति हरषे जकै ॥ पार्थहिकीन्हेंउ नृपसोंन्यारे । नृपहिदेवहमहाथतुम्हारे ॥
हेत । दुःशासन अरु करण समेत ॥ करिकै मंत्र कहेहरषाय ह सुनि तो सुतअति हरषाने । धर्म भूपकहँ निजकर जाने ॥
जीवत पकरि धर्मकहँ ल्याय ॥ देहु मोहिं मांगों बरयेहु । यथो द्रोणसों जो सम्भाषन । तेहिको दृढ़ करिबे हितशासन ॥
सुनिबोले द्रोणसनेहु ॥ धन्ययुधिष्ठिरनृपतुम जासु । चाहेयह दलमें बजवाइ नगारे । सब सुभटनके श्रुतिमधिडारे ॥ इत
नचधकुलनासु ॥ निरखिधर्मको धर्मअनूप । अहितौ चरत सुहि सबयोधा सोसुनिकै । हरषितभे सहजाहिजय गुनि कै ॥ सु-
अनुरूप ॥ अथवापाय सुजयगहिचैन । रक्षणहेतु सुहित यह सब वृत्तान्त सोहाये । चारधर्म कहँ जायसुनाये ॥ सुनि
सैन ॥ आधोराज्य देन अनुमानि । मांगे तुम यहबरनयजानि वाणी निज चारनकी । नृपगुणि बिधि सों बिधि टारनकी ॥
द्रोणाचारय के येबैन । सुनिदुर्योधन भूप सचैन ॥ सके छपाय बन्धुनकहँ निकट बोलाये । सबसों यह वृत्तान्त सुनाये ॥
हियकी बात । कहेद्रोणसों गुणि अवदात ॥ कपट न छपत यो धनंजय सो तुमतैसे । रहे हुन लहै मोहिं द्विजजैसे ॥ द्रो-
पाये तात । आपुहि प्रगटि होत बिख्यात ॥ कह्योभूप सुनि चारय मम हित कारण । कीन्हेंयह अन्तर बरबारण ॥ दोहा ॥
यह नीति । धर्महि मारिन पाइब जीति ॥ नृपति युधिष्ठिर ते तुम रक्षत रहेहु मोहिं सदासबठौर । जाते नहिं ईक्षितल-
बध देखि । सबकहँ बधी पार्थ भट तेखि ॥ सब पाण्डव क दुर्योधन यहिडौर ॥ भूपतिकेये बचन सुनि पार्थ कहेभवित-
मारेजौन । ऐसोबीर सुरासुर कौन ॥ बचिहि पांचमें जो भ। त्याग आपुको द्रोणको बनन हमैं करतब्य ॥ मम जीवत
एक । नाशिहि सबकहँ सोगहिटेक ॥ दोहा ॥ तातेयह मत ज नाथको सिद्ध न यहअनुमान । तुम्हैं गहनको जो लहैशक्र-
दहै धर्म नृपति गहिल्याय । खेलिद्यूत फिरिजीतिकै बनकहँ सों बरदान ॥ सोरठा ॥ अर्जुन के ये बैन सुनि पाण्डवनृपचैन
पठाय ॥ सत्य प्रतिज्ञा धर्म जब बसिहैं बनमें जाय । भीमआहि । उमँगि चलाई सैन बजवावतदुन्दुभिघने ॥ चौपाई ॥ दुं-
सब तासु सँगजैहैं तजिव्यवसाय ॥ करि निबन्ध बहुदिबस भिशंख आदि सब बाजे । अगणित दहुँओरसों गाजे ॥ भरो
रचि जूवाजयपाय । होब बहुत दिनकहँ सुचित यह मम रसबके मनमें । लागोहोन युद्धतेहि क्षनमें ॥ माचतभयो
सुखदाय ॥ सोरठा ॥ कपटभरे दुखदान नृपके ऐसे बचन सुनि द्ध अति घोरा । पूरि रहे आयुध दुहुँओरा ॥ बाढ़ि बढ़ि योधा

भरि भरि रिस सों । डारनलगे अस्त्रदुहुं दिशिसों ॥ थिररहुखरे
देखु बाकि बाकि कै । मारन लगे बाण तकितकि कै ॥ मारुबचार
आउकहि कहिकै । झेलनलगे शक्तिगहि गहिकै ॥ बरषतश
बढ़ि द्रोणाचारय । भो प्रविशत परदल मधि आरय ॥ क्षणद
समजहँ तहँ दुहुंदलमें । बिचरतभयो द्रोणतेहिपलमें ॥ अति
शय चपल धनुषरथ करिकै । लसो अनेक सदृश रणचरिकै
ज्वलित कृशानुचरै जिमि बनमें । तिमि बलसों परदल मधि
रनमें ॥ रथीपदाती भटहयसादी । मारिअसंख्य गजस्थप्रमा
दी ॥ बरंधित कियो रुधिर को सागर । बिशद बिक्रमी द्रोणउ
जागर ॥ निज दलमर दत द्रोणहिदेखी । सुभटन सहितयुधि
ष्ठिर तेखी ॥ चले द्रोण पहँ बरषत शायक । सो लखिकै कौर
कुलनायक ॥ सुभटन सहित शरासनकरषत । तिनसों भिर
भये शर बरषत ॥ शकुनि सुभट सहदेवहि तकिकै । भिरोबी
रस बरसों छकिकै ॥ दोहा ॥ शर क्षुरप्रसों काटिध्वजबंधि सू
को गात । माद्री सुतके गात पै करतभयो शरपात ॥ तासुसू
धनुध्वज तुरगबन्धि शरनसों बीर । शकुनिहि मार्यो साठिश
माद्री सुत रणधीर ॥ सोरठा ॥ शकुनिबीर उद्दण्ड कूदिसुरथस
गहिगदा । भट सह देव प्रचण्डके देखत सूत हिबध्यो ॥ चौपाई
लखिसह देव बिदित रणचारी । गहि गुरुगदात्यागिरथभारी
फेरत दण्ड दण्ड के डौराणि । गहत पैंतरे के सब ठौ रणि
झपटत करत उदावद पटिकै । दारुण दण्ड पाणिसम दृटिकै
चाहि चटकता सों चढ़ि अड़दै । मार्यो गदागदापै धड़दै ॥
टतजुटत छूटिकैछावन । लगेलरनलखि चषलल चावन ॥ थि
थिरिउचटिउचटिफिरि फिरिफिरि । घनेघाव घालेघिरि घि
घिरि ॥ खरेखलारबली भट दोऊ । कोपित गणेन गोपितकोऊ
धृष्टद्युम्न भटवर सों भिरिकै । लागे लरन द्रोण तहँ थिरिकै
भिरो बिबिंशतिभीम प्रबलसों । धनु करषत शरबरषत बल





॥ शायक बीस परम अनियारे । भीम बिबिंशतिके तनमारे ॥
र बिबिंशति हनिशरचोखे । बधेभीमके तुरग अनोखे ॥ धनु
जकाटि गरब गहितोखो । तदनु वृकोदर भट अतिरोखो ॥
पाणिह्वै कूदि झपटिकै । बधेतासु सबतुरग दपटिकै ॥
हिअसि चर्म बिबिंशतियोधा । सुभट भीमसों भिरो सक्रोधा ॥
ल्य नकुलसों भिरिकै चावन । लखो पराक्रमभय सरसावन ॥
ष्टकेतु सों भिरि कृपआरय । कीन्हों घोरयुद्ध जयकारय ॥
॥ भिरे सात्वकी सोंगरजि कृतबरमा रणधीर । घोरयुद्ध
हां तहां तेदोऊ बरबीर ॥ सुभट सुशरमा सभापति भिरि
हीं अतियुद्ध । ससयनकरण बिराट भिरि कीन्हों संगरउद्ध ॥
द्रुपद भगदत्त नृप कलित कराल कठोर । बारि बारि शर
रि शरकीन्हों संगरघोर ॥ भिरोशिखण्डी बीरसों भूरिश्रवा
मान । शक्तिभल्ल तोमरबरसि कियो कठिनघमसान ॥ चौपाई ॥
स प्रबल अलम्बुष बीरा । भिरो घटोत्कचसों रणधीरा ॥
माया बिदरणचारी । दोऊबली बिदित भटभारी ॥ गुप्त
ट कैह्वै बहु बिधिसों । कीन्होंयुद्ध राक्षसी सिधिसों ॥ ल-
कुँवरक्रोधसों मढ़िकै । अभिरो क्षत्रदेवसों बढ़िकै ॥ नृप
नुबिन्द महारिसकीन्हों । चेकितानसों भिरिरणलीन्हों ॥ ल-
सौभद्रहि प्रबलबिचारी । ढूँढ़ो नृप हार्दिक्य प्रचारी ॥ तेहि
भिमन्यु जानि रणकरकश । कीन्हों बाणवृष्टि करि बरकश ॥
व बरषि बाणवर चीन्हें । तापहँ शरपंजर करिदीन्हें ॥ अ-
नको सुतरचि शरसेतू । काटेतासु क्षत्रधनु केतू ॥ बहुशर
नि पौरव केतनमें । बेधेतुरग सारथिहि क्षनमें ॥ फिरिअमोघ
योजितकरिकै । गरजो अरिबधको प्रणधरिकै ॥ लखिपौ-
करिलाघव करसों । काट्यो तासुधनुष युगशरसों ॥ तब
भिमन्यु तौन धनुतजिकै । खड्ग चर्म गहि कूदि गरजिकै ॥
चल चरत पैंतर पथपै । गो हार्दिक्य भूप के रथपै ॥ करिपद

घात सूतके उरमें । दयो गिराय सुरथते तुरमें ॥ असिसों काटि
ध्वजामणि भूषित । गहेभूपके चिकुर अदूषित ॥ दोहा ॥ प
सिंह बराद्विरद सम नृपहार्दिक्यहि देखि । गहि असि च
चलो गरजि नृपति जयद्रथ लखि ॥ आवत देखि जयद्रथ
तजिहार्दिक्यहि बीर । कूदिगर्जितापै चलो अर्जुन सुतर
धीर ॥ तेहिक्षण इतके भटहने तोमर पट्टिश बान । तिन्हैंका
नृपसोंभिरो भटअभिमन्यु अमान ॥ सोरठा ॥ क्रुद्धिक्रुद्धि भटउ
जूटिछूटिजुटि छूटिजुटि । खड्गयुद्ध बिधियुद्धशुद्धबीररस ग
करो ॥ रोला ॥ ढालमें अभिमन्यु केलगि भूपकी तरवारि । टू
आधी गिरीसोनृप सिन्धुनाथ निहारि ॥ चपलतासों तुरितप
पद कूदिपीछू जाय । बेगसों फिरिबीर आयो सुरथपै अनखाय
मत्तगजहि भजाय गरजत करतचालनशुण्ड । लसैजिमि गज
राज तृणसम गुणत करिवर झुण्ड ॥ करतचालन खड्गग
जत लखत लसत निशङ्क । खरोतिमि अभिमन्यु कहँल
शल्यअरिगज पङ्क ॥ शक्तिडारत भयोतहँ अभिमन्यु आव
देखि । कूदि गहिकै बध्योतासों तासु सूतहि लेखि ॥ देखि
अभिमन्यु कोयह अतुल बिक्रमभूरि । सकल पाण्डव तेप्र
सत महामुदसों पूरि ॥ पांडवनको हरषलखि तोतनयसबदु
पाय । बाण बरषत भयेतापै गर्बसों सरसाय ॥ पार्थसुतको त
खि बिक्रम शल्यधीर धुरीन । कूदिरथसों चलोगहिकै गद
अतिशय पीन ॥ दोहा ॥ इमि शल्यहि आवत निरखि दण
पाणिसमचण्ड । कालदण्डसम गदागहिसो चलोभीमउदण्ड
आउशीघ्र भाषतखरो पार्थतनय कहँबारि । आउइतै इमिभू
सों भाषत भयोप्रचारि ॥ सोसुनिकै अभिमन्यु पहँगयो न नृ
रणधीर । रहु उतहीं रहुउतहि इमि कहि बढ़िभिरो सुबीर
सोरठा ॥ दोऊखरे खलार दोऊ बरणे बिक्रमी । दोऊ रणजेत
गदायुद्ध कीन्हों तहां ॥ चौपाई ॥ अद्भुतयुद्ध कियो तहँ दोऊ





दोऊप्रबल कहैं सबकोऊ ॥ दोऊघूमि चक्रसम झपटैं । घालैं
व चावसों दपटैं ॥ दोऊदटि दटि दुहुँन प्रचारैं । कूदिकूदि
ठिबढ़ि बाढ़िमारैं ॥ दोऊमन ममतासों माड़ैं । सहैंघाव नहिं
धीरज छाड़ैं ॥ दोऊ घालैं गदा उकाढ़ैं । दोऊ गदा गदासों
ाढ़ैं ॥ लागैगदागदा पहँजबहीं । कढ़ैं फुलंग दुहुनसों तबहीं ॥
ऊलसे रजनि महँजैसे । युगतरु वर जुगुनू युत तैसे ॥ दोऊ
ात दुहुँनके थूरे । दोऊरुधिर धारसों पूरे ॥ दोऊ कूदि कूदि
रिजितिसों । टूटिटूटि अभिरैं बलअतिसों ॥ दोऊगदा हनैं
तिबलसों । दोऊगात बचावैं कलसों ॥ दोऊभट रणदुन्द
ावहिं । अरदित भयेगदाके घावहिं ॥ इमिदोऊ लरि थिरि
रिथिरिकै । मुरछिपरे महिपैगिरि गिरिकै ॥ लखि कृतबरमा
ाता करिकै । नृप शल्यहि निजरथपै धरिकै ॥ पांडवगणसों
कित मनमें । रथचलाय दुरिगो भटगनमें ॥ क्षणमें चेति
ाम रसपागो । बहुरिखरोह्वै गरजन लागो ॥ माचो घोरयु-
तेहिपलमें । कटेअसंख्य सुभट दुहुंदल में ॥ दोहा ॥ ह्वैमर-
त पांडवनसों बिमुखभई मम सैन । बजवाये जय दुन्दुभीधर्म
ूप जगजैन ॥ सोलखिकै वृषसेन भट सुवन कर्णकोबीर । मर-
तभो दल पांडवीकरिशर झररणधीर ॥ बधिसहसनहयगज
भट बरधित करि यम लोक । कुपित कालसम लसतभो रण
हिमधि बलओक ॥ सोरठा ॥ नकुलतनय रणधीर शतानीक
सों भिरो । दोऊभट बरबीरघोरयुद्ध कीन्हों तहां ॥ गुरुतोमर ॥
हँ करणको सुतकोपिकै । तिहि बाण बरषो तोपिकै ॥ बरभटन
विधिठाटिकै । भो मुदित धनुध्वज काटिकै ॥ सोतासु सोदर
खिकै । भिरिकरणसुतसोंताखिकै ॥ भटप्रबल धनुषबिधानसों ।
हि छायदीन्हों बानसों ॥ वृषसेनकहँशर धारमें । लखि मगन
हि रणगारमें ॥ भट द्रोण सुवनहिं आँदिकै । भेभिरत तिनसों
दिकै ॥ सोदेखिभट वहि ओरके । बल बुद्धिसैन अथोरके ॥

बढ़िभिरेइनसोंहांकिकै । येभिरेउनसोंदांकिकै ॥ तेहिसमयसंग
घोरभो॥थिर मारु मास्यो शोरभो ॥ भीमादि भट तेहि कालमें
चरिकालसमभटजालमें ॥ इतप्रलयपूरपसारिकै। बहुसुभटगज
हय मारिकै ॥ शर शक्तिपट्टिश छायकै । भे नदतदल बिचलाय
कै ॥ निज भटन बिचलत हेरिकै । जनियुद्धत्यागहु टेरिकै ॥
धीर तिनकहँ फेरिकै । भट द्रोण क्रोध बखेरिकै ॥ करिदुसहदु
दिनबान सों । बढ़िबितरिबिधि घमसानसों ॥ गोप्रत्रिशिपरदल
बीचमें । बधिकरत बहुभट कीचमें ॥ <sup>दोहा</sup> ॥ बरषतशर मरदत
भटन चलो भूपकीओर। हने युधिष्ठिर द्रोणकहँ तीक्षणबाणअ
थोर ॥ काटि बाण सबभूप के काटि कठिन कोदण्ड । चलोबेग
सों गहनको द्रोणाचार्य प्रचण्ड ॥ सोरठा ॥ धृष्टद्युम्नरणधीरतेहि
क्षण बढ़िआवत भयो । भयो युद्ध गम्भीर धृष्टद्युम्न अरुद्रोण
सों ॥ चौपाई ॥ तहां द्रोण अति बिक्रम कीन्हों । सब दिशि श
पंजर करि दीन्हों ॥ द्वादश बाण शिखण्डिहि मारे। उत मौज
पहँ बीश प्रहारे ॥ हने पांच शर नकुल सुबीरहि । हने पांच
सात्वकि रणधीरहि ॥ द्वादश बाण भूप के तनमें । हन्योसात
सहदेवहि क्षनमें ॥ द्रौपदेय गण कहँ गनिनोखे । मारेतीनितीं
नि शर चोखे ॥ दशशर मारि मत्स्यपति राजहि । व्यथितकिय
परसैन दराजहि ॥ इमि हनि सबकहँ मोहित करिकै । चलो
भूप पहँ प्रणअनुसरिकै ॥ तेहिक्षण हांकि जुगन्धर राजा । भि
रत भयो बढ़ि सहित समाजा ॥ भल्लप्रहारितातिहि बधिआरय
बहुरिभूप पहँ चलो अचारय ॥ तबफिरिबढ़ि कीन्हों अवरोधा
पांचभायकेकयपतियोधा ॥ द्रुपदबिराट सात्वकीबीरा । सिंहसेन
शिविभट रणधीरा ॥ व्याघ्रदत्त येसबभटनायक । भिरेद्रोण सों
बरषतशायक ॥ तहँअतिबिक्रम करिरणचारी । सबपैअगणित
बाणप्रहारी ॥काटिअसंख्यन शरसबहीके । द्वैद्वैकरि सबके धनु
नीके ॥ बधिकै व्याघ्रदत्तबलओकहि । भेजिसिंहसेनहिंयमलो





कहि॥सबदिशिसेतुशरनकोजोरे । गयोधर्मकेरथकेधोरे ॥ दोहा॥
तेहि क्षणमें वहिसैनमें भयोशोर हे आर्य्य। गहिभूपहि लैजान
अब चाहत द्रोणाचार्य्य ॥ यहि दलमें आनँद भयो भयोशब्द
गम्भीर । भूपहिगहि ल्यावत अवशि भटआचार्य रणधीर ॥
ताही क्षणमें पार्थभट प्रबल बायुसम आय । बाणबेगबशकरि
राजहि देत भयो बिचलाय ॥ लखि पार्थहि आचार्यतजि नृप-
गहनकी आस । युद्धत्यागि रथहांकिकै आये नृपके पास ॥
तेतने में सन्ध्याभई तजितजि रण उपधार । आय जाय निज
निज शिविर किये अहार बिहार ॥
इतिमहाभारतदर्पणेद्रोणपर्बणिप्रथमदिनयुद्धसमाप्तिर्नामप्रथमोऽध्यायः १
दोहा ॥ निज सुपर्बके प्रथम दिन कीनिशिमध्य बिचारि ।
द्रोण कहत भे भूप सों बिहित बचन निरधारि ॥ रोला ॥ भूप तुम
प्रथमही हम कहे करि अनुमान । धर्मके ढिगरहिहि जब
तहिं पार्थ सुभट अमान ॥ तबहि हमगहि धर्म नृप कहँदेब तुम
पहँ ल्याय । रहे पार्थहि भूप कहँनाहिं सकिहि सुरपति पाय ॥
यातेताते कहैं हम जो करौ तौन उपाय । युद्धहित कोउ उठै
पार्थहि अनतकहुं लैजाय ॥ इतैतब हम जीति सबकहँ पकरि
ल्यापहि भूप । देब तुमकहँ लहेहु जय निज मंत्रके अनुरूप ॥
द्रोण को सुनि बचन भूप त्रिगर्त्त पति गहि शोष । कहोनृपसों
पार्थको कहिपूर्ब रण कृत दोष ॥ पार्थ कीन्होंपूर्ब हठकरिबहुत
हम अपकार । करत प्रति अपकार तेहिलै अनत लरिय-
बार ॥ भाषियहि बिधि सत्यरथ अरु सत्य बरमहि आदि ।
पांच भाय त्रिगर्त्त पतिरथ अयुत सहित प्रमादि ॥ तंडकर
मालवहिके बीरधीर धुरीन । तीन सहस रथीनसह तिमि
ललितभे प्रणपीन ॥ सुभट माबेल्लकललिस्थन युतअयुत रथ-
वानें। नृप सुशर्म्मा प्रस्थलापति कियोतिमि प्रणठान ॥ और
बहु देशीय भूपति अयुत सुरथीबीर । किये सम्मतसर्ब साठि

हजार योधाधीर ॥ द्विजनकहँ देदान बिधिवत पूजिसुर समु
दाय। ज्वलनकहँ तहँ ज्वलितकरि सबकिये शपथ सचाय
हरैजो परदत्तबा निजदत्त जो ऋतुकाल। रमैनहिं निजतरु
सों रहिस्वस्थ कुमति कराल ॥ तजै जो शरलाग तनकहँ कौ
द्विजको द्वेष। करैजो अपकार दाहैग्राम जौनकुभेष ॥ श्राद्ध
दिनकरै मैथुन जौन अरुजे मूढ़। देहिपिण्डा जीव गणकहँ कौ
ममतारूढ़ ॥ औरपाप अनेक करिकरि लहै नरगति जौन
तजैरण बिनुबधे पार्थहि लहै सोगति तौन ॥ शपथकरि यहि
भांति भाषो पार्थसों भटउद्ध। चलौ दक्षिणओर काढ़िकै करहु
हमसोंयुद्ध ॥ पार्थतिनके बचनसुनि गहिक्रोध रणउत्साह। धर्म
नृपसों कहतभे करिशत्रुबध की चाह ॥ सर्ब संसप्तक करत हैं
युद्धहित आह्वान। जात हैं हमलरन तिनसों करहु शासन
दान ॥ पार्थसों इमिकहे भूपति कियोजो प्रणद्रोन। सुनेहौतुम
तौनकीजै होइजात सोन ॥ कहो पारथ सत्यजितहै परमभट
रणधीर। जियतताके तुम्हैंगहिनहिं सकिहि कोऊबीर ॥ सत्य
जित रणसिंह बिधिबश जायजब हतिअत्र। युद्धतजि तबशीघ्र
आयहु रहैंहम नृपयत्र ॥ भाषिइमि पदबन्दि नृपके पार्थ आ
शिषपाय। गयेतहँ जहँरहेभूप त्रिगर्त्तके समुदाय ॥ देखिपार्थहि
जातउतकुरुनाथ अतिहरषाय। सैनसहबढ़िभिरे नृपसों दुन्दु
भी बजवाय ॥ उतैपार्थहि देखि संसप्तक सुयोधा सर्ब। भि
दुन्दुभि कियेअतिशय घोरधुनि गहिगर्ब ॥ देखितिनकहँ मुदु
बश गुणिपार्थ शंखबजाय। कियेशंकित सहित बाहन सकल
भटन अचाय ॥ धीरधरि तेभये बरषत बाण धनुबिधिठाटि
सहस पन्द्रह बाणसों सबपार्थ दीन्हेकाटि ॥ बाणदशदश हने
पार्थहि सुभटसब तेहिठौर। पार्थतिनके हनेशायक तीनितीनि
सडौर ॥ पांच पांच सुबाणते सबहने पार्थहिफेरि। पार्थतिनके
गात द्वैद्वै बाणदीन्हें मेरि ॥ पूरिदीन्हों पार्थकोरथ डारितेशर





पूरि। यथाबारिद बारिधारन देतसरवरपूरि ॥ कृष्णपारथ सुर-
पर इमिपरे शायकघोर। यथा पुष्पित तरुनपै अलिवृन्द बि-
ततशोर ॥ काटि तिनके बाण अगणित पार्थधीर धुरीन। हने
के गातमधि बहुबाण तीक्ष्णपीन ॥ पार्थके सुकिरीट मध्य
बाहु हनिशर तीस। भयो गरजत मेघसम जयजानि बिस्वे
स ॥ काटिताको धनुष पारथ हनेतेहि बहुबान। भूपतहँ तेहि
समय तिनसों भयोअति घमसान ॥ भटसुशर्म्मा सुधनु सुरथ
धर्म्म गहिगहि टेक। हनेपार्थहि पार्थ तिनकहँ हने बाणअ-
नेक ॥ काटिधनुध्वज मारिसूतहि बिधिसुधन्वहि बीर। कियो
तिनकहँ ब्यथित तेहिक्षण पार्थ भट रणधीर ॥ लखिसुधन्वहि
आरत रथसों भरे अनुचरतासु। रहेजहँ कुरुनाथ दलसह गये
हैं सबत्रासु ॥ पार्थके शरजालसों ह्वै ब्यथित तजि उत्साह।
चहैं भट संसप्तकन तहँ भागिबे की चाह ॥ कह्यो तबहिं त्रिगर्त्त
तिकरि शपथको अनुमान। लरौंधीरज धारि जैहैं एकदिन
है प्रान ॥ बचन यह सुनि सुभट सिगरे बहुरि धीरजधारि।
लगे बरषण बाण बधबाधि जायबो निरधारि ॥ मढ़ोसंगर घोर
पारथ दिव्य अस्त्रचलाय। दियेभरि सबपर भटनके आपने
काय ॥ सूतरथ ध्वज धनुष भूषण बसन देखि अभेद। लगे
हनन परस्पर सबजानि पार्थ अखेद ॥ जानिकै सबपार्थ निज
मारिगहि गहिमोद। दुन्दुभी बजवाय बहुनृप लगेकरन
मोद ॥ सुभट अगणित पार्थ सों भिरिदये शरसों छाय।
पारथ तुरँग तहँनहिं परेनेकु लखाय ॥ कहे तेहिक्षणपार्थ
यदुनाथ ह्वै अतिखिन्न। जियतहौ कै नहीं कै तुमभये रथ
भिन्न ॥ कृष्णके ये बचन सुनिकै पार्थ अतिअनखाय। अस्त्र
वायव्य तजिकै दयेमारुतछाय ॥ उड़ेशर संसप्तकनके पर-
सब ओर। तुरँग गज रथ सुभट लागे भ्रमण सभय
शोर ॥ बाहुपग कटिशीश जानूभटन को तेहिकाल। भयो

काटत शरनसों तहँपार्थ भटबिकराल ॥ धनुष ध्वजकर गजन
के अरुहयन केशिरपाय । काटि दीन्हींपाटि महिशर रुधिरको
सरसाय ॥ इतैद्रोणाचार्य्य बिरचे बिशद गारुड़ब्यूह । राखि
बिधिवत अंगप्रति अति रथी योधा जूह ॥ लसे गारुड़ ब्यूह
को मुख आपु द्रोणाचार्य्य । लसेबन्धुन सहित शिरह्वै भूप
गुणि जयकार्य्य ॥ कृपाचार्य्य सुबीर अरु कृतबर्म भूपसुभेश ।
लसेयोधन सहित गारुड़ ब्यूह के चखदेश ॥ भूत शर्माक्षेम-
शर्माअरु नृपति करकर्ष । यवनसक कम्बोजसिंहलअरुकालिंग
सहर्ष ॥ शूरसेन अभीर कैकय दरदभट समुदाय । लसे गारुड़
ब्यूहको ह्वैग्रीव धनुषचढ़ाय ॥ शल्य भूरिश्रवा बाह्लीक सो-
मदत्त नरेश । एक अक्षौहिणि सैनसह लसेदहिने देश ॥ नृप
सुदक्षिण बेद अरु अनुबिन्दु नृप सहसैन । बामदिशि होद्रोण
को सुतबिदित भट जगजैन ॥ मद्रमागध पौंड्र अरु सांबष्ट अरु
गान्धार । पार्बती भट पीड़ि थरमधि लसेरण करतार । कर्ण
बैकर्त्तन सपुत्र सज्ञातिसैनसमेत । लसे गारुड़ब्यूहको ह्वै पुच्छ
गर्बनिकेत ॥ जयद्रथसम्पाति भोजअरु भीमरथवृषपर्ब । क्रा-
थनैषध भूमिजय उरभये सदल सगर्ब ॥ देखि गारुड़ब्यूह इत
सेनाबिपति करिऊह । रचोबिधिवत अर्द्धचन्द्राकार अनुपम
ब्यूह ॥ देखिगारुड़ ब्यूह इतको धर्मनृपति सशंक । गहे धृष्ट-
द्युम्न सुबीरसों इमि कहे तत्रसशंक ॥ गहैहमाहिं न द्रोण जाते
करेहुसो उपचार । बचन यहसुनि कह्यो नृपसों धृष्टद्युम्न उदार ॥
हमहिं जीवत तुम्हहिं गहिनाहिं सकिहि द्रोण कदापि । आजु
महिमा द्रोणकी करियुद्ध देउँ उथापि ॥ भाषिइमि बजवाइ
दुन्दुभि सैनसह बढ़िबीर । द्रोणसों भिरिलरन लागो द्रुपदसुत
रणधीर ॥ दुहूं दिशिसों चलनलागेशक्तिशरदुहुँओर । दुहूंदि-
शिके भटनसों तहँमचोसंगरघोर ॥ दोहा ॥ धृष्टद्युम्नकहँद्रोणसों
युद्धकरत तहँदेखि । धृष्टद्युम्नसों भिरतभो तासुतदुर्मुखतेखि ॥





तेयुग योधा उद्भट कियेतहां अतियुद्ध । जीति दुर्मुखहि द्रोण
सों भिरोद्रुपद सुतक्रुद्ध ॥ फिरि दुर्मुख अतिक्रोधकरि बरषि
बज्रसम बान । धृष्टद्युम्न सों भिरिगयो करत कठिन घमसान ॥
चौपाई ॥ द्रोणाचार्य्य कोपि तेहि पल में । पारे प्रलय पाण्डवी
दलमें ॥ भिरेपदातिनसों पदचारी । भिरेरथिनसों रथी प्रचारी ॥
भिरे हयस्थनसों हय सादी । भिरे गजस्थ गजस्थ प्रमादी ॥
हांकिहांकि बढ़िबढ़ि भिरिभिरिकै । लागेकरनयुद्धथिरिथिरिकै ॥
तोमर शक्ति भल्ल अनियारे । भिन्दिपाल आदिक भयहारे ॥
आयुध बिबिध बिबिध बिधि मारण । लगे बीरपर ब्यूह बिदा-
रण ॥ कितने द्विरदअभट ह्वैह्वैकै । लगेलरन सम्मुख ज्वैज्वै
कै ॥ जुटै कुम्भ कुम्भनसों गरजें । हटि हटाय अतिबल सों
तरजें ॥ गहिगहि करन करनसों झटकैं । मारैं रदन रदनसों
हटकैं ॥ अभिरैं रदन रदनसों जबहीं । प्रगटै अगिनि रदनसों
तबहीं ॥ रदक्षत युत कितने गज कोहे । झरना सहित शैल
समसोहे ॥ कितने हटिडरि चिघरत भागे । गरजत किते जात
सँग लागे ॥ इमि निज निज अधिपनके बैरण । लरे अनेक
तुरँग मद मैरण ॥ यहिबिधि मचेयुद्ध हे आरय । चलो धर्मकहँ
गहन अचारय ॥ बाणवृष्टि करि ब्यूह बिदारण । मरदत भटन
भूरिभय भारण ॥ मण्डल समको दण्डहि कीन्हें । फिरत चक्र
सम गुरुता लीन्हें ॥ दोहा ॥ इमि बिप्रहि आवत निरखि नृपति
युधिष्ठिर कोपि । बाणवृष्टिकरि द्रोणकहँ दयेनिमिष में तोपि ॥
काटिशरन सों सकल शर भयो भयानकरूप । चलो द्रोण तेहि
क्षण उतै हाहाधुनि भोभूप ॥ सोरठा ॥ तेहि क्षणह्वै अतिचण्ड
सुभट सत्यजित बेगसों । टंकारतको दण्ड भिरत भयो बरषत
बिशिख ॥ चौपाई ॥ भिरो सत्यजित द्विजसों तैसे । भिरो वृत्र
बासवसों जैसे ॥ दोऊ बीरबांकुरे गाये । मत्तमतंग सरिस रिस
छाये ॥ धीर धुरीणधनुषबिधिचरिचारि । तोमरभल्लनकी झरि

करिकरि ॥ भरे गर्ब भिरि सहित समाजा । घोर युद्ध कीन्हों
सुनुराजा ॥ बरषि सत्यजित शरबर धरके । काटि अनगिने शर
द्विज बरके ॥ पांचसुबाण सूतकहँ मारे । दशदश शर सब हयन
प्रहारे ॥ उभय पार्श्व रक्षित के तनमें । दशदश शर मारे तेहि
क्षनमें ॥ बहुरि बिरचि बाणन के सेतुहि । काटतभयोद्रोणके
केतुहि ॥ सोलखि द्रोण महारिस लीन्हें । शरसों तासु धनुष
द्वै कीन्हें ॥ भिरि दश बाण परम अनियारे । बीर सत्यजित के
तनमारे ॥ सोधनु त्यागि औरधनु गहिकै । नृप शरतीस हन्यो
थिरुकहिकै ॥ तेहिक्षण एकभट उतसों बढ़िकै । भिरो द्रोणसों
इतलखु पढ़िकै॥ अतिशयबाण वृष्टिकरितुरमें । हन्योसाठिशर
द्विजके उरमें ॥ तेहिक्षण रिसकरि द्रोणाचारय । भयोकाल सम
ताबध कारय ॥ तिनदूनौं भटके धनुनोखे । काटतभयो मारि
शर चोखे ॥ फिरिहनि एकबाण मजबूतहि । भेज्यो यमपुर वृक
के सूतहि ॥ दोहा ॥ करि अतिशय करलाघवै बधिसब हयबल
ओक । शरक्षुरप्रसों वृकहिबधि देतभयोसुरलोक ॥ तुरितसत्य-
जित और धनुगहिहनि अगणितबान । तुरँगसूतसह द्रोणकहँ
बेधतभोबलवान॥ तोमर ॥ तेहिसमयद्रोणाचार्य्य । बधतासुगुणि
जय कार्य्य ॥ शरभल्लको समुदाय । हनिदियेतापैछाय ॥ फिरि
धनुषताकोकाटि ।मोहनतबहुशरडाटि ॥ गहिसत्यजितधनुऔर।
मोहनतबाणसडौर ॥ तबद्रोणकरि अतिकोप । गहितासु बधको
चोप ॥ शरअर्द्धचंद्राकार । हनिबधेतेहितेहिबार ॥ जबसत्यजित
रणधीर । मरिगिरो महिपैबीर ॥ तेहिसमय सबपांचाल । भेव्य-
थित बिकल बेहाल ॥ दोहा ॥ सत्य जितहि निपतत निरखि
कै नृपधर्म बिरूप । बैठियामिनी तुरँग पहँ गयेदूरिकढ़ि भूप ॥
चेदि मत्स्य कारूषपति अरु केकय पांचाल । अरु कोशलपति
द्रोणसों भिरतभये तेहिकाल ॥ तिनसबके माधि नृपतहां लसो
द्रोण भटनाह । लसत प्रज्वलित ज्वलन जिमि महागहन बन





ह ॥ चौपाई ॥ मत्स्यराज को अनुज सुबीर । शतानीक अनु-
न रणधीर ॥ सूत तुरँग अरु द्विजके तनमें । हनत भयो षट
र तेहिक्षनमें ॥ फिरिसगर्बकै घनसम नादित । द्रोणहिकीन्हों
तासों छादित ॥ सबशरकाटि द्रोणअति रोखो । बध्योताहि
तिशर अतिचोखो ॥ भगे मत्स्यपतिके भटसिगरे । गणे रहे
बली अदिगरे ॥ पुरुषसिंह द्विजबरकी दपटैं । दावानलसम
की लपटैं ॥ सहि न सके उतके भटएकौ । थिरनसके धरि
रज नेकौ ॥ प्रलयकालके रुद्रसमाना । लसतभयो तहँ द्रोण
माना ॥ हय गज रथ भट अगणित काटे । रुण्डमुण्ड सों
महि पाटे ॥ बरधित कियो रुधिरकी सरिता । निज बिक्रम
रिवरकी चरिता ॥ निज बिक्रमकी गुरुतालीन्हें । सबथरपर
गुधरसटकीन्हें ॥ यहिबिधि निजदल मरदित देखी । सदल
न्धु धर्मनृप तेखी ॥ घनसमूह समबढ़ि अतिबलसों । भिरे
ह द्विजराज सदलसों ॥ घोरयुद्ध माचो नृपतिनसों । पृथक्
क् कहि निबैरेकिनसों ॥ पांचबाण अतिशयअनियारे । बीर
लण्डी द्रोणहिमारे ॥ पांचबाणबसुदानप्रहारे । सात्वकि शत
मारिप्रचारे ॥ दोहा ॥ उतमौजाशरतीनि अरुयुधांमन्युबसुबान ।
बाण मारतभयो क्षात्रधर्म बलवान ॥ धृष्टद्युम्न दशबाण
क्षत्रदेव शरसात । तीनि बाण मारतभयो चेकितान दृढ़
त ॥ द्वादशशर मारतभयो धर्मभूप कैचण्ड । काटे तिनके
बिशिख द्रोण कर्षिको दण्ड ॥ सोरठा ॥ बिरचि शरनको सेतु
बीरनपहँ द्रोणतहँ । भटदृढ़सेन सचेतु ताहिबधो हनिवर
शिख ॥ सबके अगणितबान काटिकाटि सबकहँ बिशिख ।
निवबाण अमान बधतभयो भट क्षेमकहँ ॥ महिबरी ॥ हनि
खंडिहि बाणद्वादश बीस उतमौजहि हने । नृप क्षत्रधर्महि
तमो शर असी अतिअनुपम बने ॥ बसुदान कहँ हनिभल्ल
क्षण बधितुरित यमपुर दयो । बधिक्षत्रदेवहि भल्लशरसों

गरजि घनसम मुदलयो ॥ नृपभट सुदक्षिण बीरतेहि तकिवा
छब्बिस हनतभो । हनियुधा मन्युहि बाण चौंसठि सेतु शर
तनतभो ॥ भट सात्वकिहि हनि तीसशर द्विजराज घनस
गरजिकै । सब भटनपहँ इमिबाण बरषत चलो नृपपहँ तर
कै ॥ दोहा ॥ इमिद्रोणहि आवत निरखि भूपभूरि भयपाय।
दूरि कढ़िबेगसों चंचल तुरँगचलाय ॥ तेहिक्षण नृप पांचा
को सुवन सुरथहि बढ़ाय । भिरोद्रोणसों हांकिकै बरषत बा
सचाय ॥ हतिताके सूतहि तहां काटिधनुष बधिताहि । मर्द
भो सब भटन कहँ द्रोणसुभट जयचाहि ॥ चौपाई ॥ उड़ैबायुब
ह्वै तृणजैसे । भयेपराजित परभटतैसे ॥ द्विजके शरभर
तेहि पलमें । हाहाकार मचो परदलमें ॥ यहसुनि वृद्धभूप ल
आनँद । संजयसों बूझै सुनुमानद ॥ इविधिरुद्र समद्रोण
देखी । केभट तहां थिरे अवरेखी ॥ कुरुपति लसो मोदल
कैसो । अबकहु शीघ्र सूतसुत तैसो ॥ संजय कह्यो सुनो ते
क्षनमें । कुरुपति ह्वै अतिमोदित मनमें ॥ कह्यो कर्णसों य
पलमाहीं । द्विजसों जूटिसकत कोउनाहीं ॥ अगिनि अल
अनगिने देखी । भगेंकरिनि जिमि भयसों भेखी ॥ तिमिल
बाणजाल द्विजवरके । थिरि न सकत अबयोधा परके ॥ जि
सिंहहि लखि मृगगण भाजत । भगेजात तिमिभयसों पागत
थिरिहैं ये लहि निजनिज ठीहा । नहिंफिरिहैं गाहिरणकीईह
सगरब भीम क्रोधगहि गाढ़ो । है अबलरत अकेलो ठाढ़ो
देखियाहि मोमन मुदरांचत । बधोजात अबयह नहिंबांचत
यहसुनि कर्णकहो सुनुराजा । भीम बधिहि सबसेन समाजा
बधै भीमकहँ को असयोधा । करिहि भीमकर को अवरोध
पाण्डव सब अजेय अनुमानो । बिचलित लखिमति निज
जानो ॥ दोहा ॥ सुनिगरजनि भट भीमकी क्षणमेंफिरि सबवी
तोदलमें चाहत प्रलय पारण सबरणधीर ॥ परन चहततैं द्रो





दुसह युद्धकोभार । तातेढिगचलि द्रोणको रक्षणकरो सवार ॥
सुनिकर्णके बचनये दुर्योधनसहसैन । शीघ्रद्रोणके ढिगगये
दुभिभोरिसचैन ॥ चौपाई ॥ इतनेमें पांडवकीसेना । फिरतभई दु-
द जगजेना ॥ सात्वकिआदि बीरभटरूरे । चलेद्रोण पहँ
मरषपूरे ॥ इतकेसब योधाजयऊटे । पृथक्पृथक तिनसों इमि
टे।तो सुत दुर्मुख भट रणचारी । भिरो भीमसों धनुटंकारी ॥
त्वकि सों कृतबरमा भिरिकै । घोरयुद्ध कीन्हों तहँ थिरिकै ॥
रो क्षत्रधर्मा सों राजा । नृपति जयद्रथ सहित समाजा ॥
खि युयुत्सुकहँ भिरो प्रचारी । तोसुत भट सुबाहु धनुधारी ॥
रि अतियुद्ध युयुत्सु अखेदे । शर सों तासु उभयभुजछेदे ॥
रो युधिष्ठिर सों रण कर्कस । सल्लभूप रणधीर अधोर्कस ॥
बाह्लीक सदलबढ़ि हदसों । भिरो ससैन महीप द्रुपदसों ॥
बिन्द अनु बिन्दरिसारे । भिरि बिराटसों रणबिस्तारे ॥ श-
तीकजोसुवन नकुलको । तासों भूतकर्म भिरि पुलको ॥ शता-
कताको बध करिकै । मर्दतभो मम दल रणचरिकै ॥ जोसुत
मबिदित भट तासों । भिरो बिबिंशति क्रोध महासों ॥ श्रुति-
मासों भिरि रिस लीन्हे । चित्रसेन अति संगर कीन्हे ॥ नृप
ति बिन्ध्य विदित जयकामा । तासों अभिरो अश्वत्थामा ॥
॥ अर्जुन सुत श्रुतिकीर्त्ति जो तासों भिरोप्रचारि । दुःशा-
नको सुत बरषि शायक धनुटंकारि ॥ तासु सूत ध्वज धनुष
हँ तीनि बाण सों काटि । अर्जुनको सुत द्रोणपहँ चलो बीर
धि ठाटि ॥ सोरठा ॥ तब लक्ष्मण रणधीर बढ़ि ताकहँ आड़त
सो । लरिकाट्यो बर बीर लक्ष्मणको ध्वजअरुधनुष ॥ तब
क्ष्मण बलवान आन धनुष गहिक्रोधकरि । कियो कठिन घम-
सान श्रुति करमा रणधीरसों ॥ चौपाई ॥ मारु मारु धरु मार्‍यो
रसों । भिरो बिकर्ण शिखंडी भटसों ॥ अंगदबीर भिरोअति
लसों । उत मौजा नरनाह सदलसों ॥ पनी पुहुमिपालक पुर-

जितसों । भिरो दर्पटि दुर्मुखभट इतसों ॥ दुर्मुखके भूमधिहि
शायक । कियो सनाल कमलमुख लायक ॥ पांचभाय नृपके
य पति सों । भिरो ससैन कर्ण अतिबलसों ॥ तिन्हैंकरण करण
हि ते चीन्हे । शर घनमें गोपित करि दीन्हे ॥ दुर्जय भिरोनी
सों राजा । जयत्सेनसों बिजयसमाजा ॥ तोसुतजयभटअनुप
योधा । कियो काशिपतिको अवरोधा ॥ क्षेमधूर्ति अरु वृह
सुबाई । सात्वकिसों भिरि कियो लराई ॥ भिरो अम्बष्ट भूप स
चावन । चेदिराज रणद्वन्द मचावन ॥ चेदिराज सों लरिअ
जिदिकै । गिरो अम्बष्ट शरन सों भिदिकै ॥ बार्धक्षेमसों भि
प्रचारी । कृपाचार्य्य अनुपम रणचारी ॥ भिरोभूप मणिमन
बलीसों । भूरिश्रवा नृप भांति भलीसों ॥ भूरिश्रवाकाटि धनु
तासू । काटत भयो छत्रध्वज आसू ॥ काटि पताकहि घनस
गरज्यो । बधि सूतहि तड़ितासम तरज्यो ॥ तब मणिमन्तभू
असिगहिकै । कूदो रथसों थिरु थिरुकहिकै ॥ दोहा ॥ असिल
बध्यो तुरंगसब अरु सूतहि नरनाह । तबहिंकूदि भूरिश्रवागय
और रथमाह ॥ पांडवभूपसों भिरतभो भट वृषसेन ससैन।घो
युद्ध कीन्हों तहां ते दोऊ दलजैन ॥ भिरो घटोत्कच असुरसों
असुर अलम्बुषबीर । घोरयुद्ध कीन्हों तहां ते दोऊ रणधीर
यहि बिधि द्वन्दहजार जुटि कीन्हों युद्धअपार । पृथक्पृथक्
सो सब बरणिसकै भूप कोपार ॥ सोरठा ॥ यहसुनि वृद्धनरेशसों
जय सों बूझतभये । इबिधि जूटि तेहि देश कीन्हों कैसो युद्ध
सब ॥ संजयउवाच ॥ चौपाई॥ यहि बिधि जूझे सुभट समाजा।भग
जानीक सह बढ़ि कुरुराजा ॥ सगरब चलो भीमपहँ तैसे।चले
जलद जुरिबृज पहँ जैसे ॥ भूपहि निरखि भीम धनुकरषत
सम्मुख भयो भूरि शर बरषत ॥ भीमसेनकी शरकी बरषा
सहिनसको गजदलगहि धरषा ॥ बहुगज भागिचलेभय पूरे
जिमि मारुत बश ह्वै घनरूरे ॥ गजदल बिचलत लखिदु





धन। अतिरिस गहिकरि धनु बिधि शोधन ॥ भीमसेनकहँबहु
शर मारे । जेतरु पाहनबेधनहारे ॥ भीमसेन तब अति रिस
कीन्हे । नृपहि शरनसों छादित कीन्हे ॥ काटि धनुष ध्वजछत्र-
हिक्षनमें । बहुशर हने भूपके तनमें ॥ दुर्योधनहि बिकलतहँ
देखी । बंगाधिपतिभूप अति लेखी ॥ मैगलमत्तबढ़ायप्रचारत ।
भिरो भीमसों धनु टंकारत ॥ तेहि लखि भीम बिशिख अनि-
वारे । तोसु द्विरदके शिरमधि मारे ॥ लागेबाण द्विरदशिरधुनि
कै । गिरोभूमिपै आरत धुनिकै ॥ मैगलगिरो भूमिपहँ जबलों ।
भीमबधे तेहि भूपहितबलों ॥ नृपहि मरतलखि नृपके अंगी ।
भागिचलेमरदत निजसंगी ॥ भूपहि तेहिक्षण भीमप्रमाथी ।
बधे असंख्यन भट हय हाथी ॥ दोहा ॥ गजानीक बिचलतनि-
लखि असुर राज भगदत । चलो गरजिकै भीमपहँ चंचलकरि
गजमत्त॥कसि मस्तकहि बितुंडसोगरजत शुंडउठाय। धायजाय
[...]पायसों बध्यो तुरग समुदाय ॥ बधि तुरंग महिरथ मरदि
तब गरजो गजघोर । तबहिं भीमगे द्विरद के पिछिले पगकी
ओर ॥ चौपाई ॥ लगो पिछौंहे मूक प्रहारण। घूमन लगो द्विरद
[...]धारण ॥ फिरो चक्र सम मैगल जिमि जिमि । तासँग
फिरो वृकोदर तिमि तिमि ॥ यहिबिधि घारिकघूमि रणकर्कश।
कूदि सामने गयो अधर्कश ॥ तबकर कुण्डलमधि तेहि करि
कै । पगसों हनन लगो गज अरिकै॥ तब गहि शुण्ड घूमि सो
भटवर । गयो मत्त मैगल के उत्तर ॥ तेहिक्षण शोरभयो वहि
दलमें । भीमहिं बध्यो द्विरद यहिपलमें ॥ सो सुनि धर्म शोच
सों बाढ़िकै । घेरयो गजहि रथिन सह बढ़िकै ॥ सहसन बीर
[...]यो उतकरषे । सगज भूप पहँ शायक बरषे ॥ तेहिक्षण नृप
अंकुशकेचारण । किये असंख्य शरनकेबाण ॥ चलोबढ़ाय
द्विरद भयछावन । पगसों चाहि रथिनमरदावन ॥ तब निज
द्विरद बढ़ाय सुबीरा । भिरो दशार्णाधिप रणधीरा ॥ प्राग्ज्यो-

तिष बरबलसों पूरण । बधै अरिहि जो रणमें तूरण ॥ भिरि
भे लरत द्विरदते तैसे । लरैं सपक्ष शैल युग जैसे ॥ गजप्रमत्त
भगदत्त असुरको । ताके गजहि बध्यो बल पुरको ॥ हनि भग-
दत्त सातशर रूरे । बधि दशार्णपति कहँ मुद पूरे ॥ उतके म-
हारथी सब दिसिसों । हने असंख्यन शरभरि रिसिसों ॥ लगे
शरन सहनृप गज कोहे । लघु तरुबन सह गिरिसम सोहे ॥
दोहा ॥ पाय इशारा भूपको बढ़ि सो गजबल भूरि । सहय सा-
त्वकी के रथहि फेंकि देत भो दूरि ॥ तुरित कूदि तेहि सुरथसों
सात्वकिबीर उदण्ड । राजि और रथपै भयो टंकारतकोदण्ड ॥
जेहि भटकी दिशि लखत भो नृप सो गजतेहिकाल । रथचला-
यसो दूरगो जानिकाल बिकराल ॥ रोला ॥ मारि बहुगज मर्दि
अगणित सुभट हय रथसाज । प्रलय पारतभयो परदल मध्य
सो गजराज ॥ सुभट भीम रथस्थ ह्वै तेहि समय सुरथ बढ़ा-
य । चलत भो भगदत्त नृपपहँ तजतशर दृढ़घाय ॥ देखि भी-
माहिं बली बारण शुंडमधिभरि बारि । दूरहीं सों भयो बरषत
भीमपहँ बहुधारि ॥ लगे सो जलधार ताके सुरथके हय सर्व ।
सकै नाहिं समुहायरथलै दूरि गे तजिगर्ब ॥ देखि सो रुचिपर्व
नृपरथहांकि धनुटंकारि । बिशिखबरषत भिरतभो भगदत्तसों
ललकारि ॥ रोंकितांहि सुपर्बभूपहि बज्रसम हनिबान । बेधि
हिय बधिलस्यो वृत्रहि मारि जिमि मघवान ॥ देखिसो सौभद्र
अरुसुत द्रौपदी के बीर । धृष्टकेतु युयुत्सु अरुनृप चेकितान
सुधीर ॥ भये बरषत बाण तबबढ़ि गरजिसो गजराज । गहि
युयुत्सु सुबीरको रथ कियो चूर्ण ससाज ॥ कूदि बीर युयुत्सुतब
गो औररथपहँधाय । बाणबरषतभये सबभट द्विरदपहँ भय
पाय ॥ क्रोधसों युत उग्रउन्नत करेरदशिरशुंड । चपल सब
दिशि घुमड़ि गरजत काल सदृश बितुंड ॥ सुभट उतके भीति
गहि गहि दूरिरहिफरकोल । रहे बरषत प्रबलगजपहँ बरशा-





नके गोल ॥ देखिबन मांजार कहँ जिमि करे पक्षी शोर । तथ-
उतके रथी सबरव किये रहि चहुँओर ॥ भीति पूरित निज भा-
टनको शब्द सुनि यहि ओर । अरु नृपति भगदत्त को गज
गरजकी धुनिघोर ॥ कह्यो पारथ कृष्णसों उत शब्द भीषण
होत । जानियत भगदत्त ममदल मध्य प्रलय तनोत ॥ इन्द्र
के गजराजके कुल जनित तासु मतंग । जानियतु यहि समय
मरदत सैन के सब अंग ॥ भूप वह अतिप्रबल अरु अति प्र-
बल वह गजराज । तुम्हैं बिनुउत तिन्हैं जीतै कौन सुभट स-
माज ॥ दोहा ॥ बेगि उतैअब चलहुप्रभु नातरु वह जगजैन ।
प्रलय पारियहि दिवस में बधिहि सकल ममसैन ॥ यह सुनि
केशव हांकिरथ शीघ्र चले वहिओर । लखि पीछू टेरत चले
संसप्तक भटघोर ॥ चौपाई ॥ चौदह सहस रथी बलभारे । फिर-
हुफिरहु इमि टेरिप्रचारे ॥ सो सुनि अर्जुन इत उत गुनिकै ।
रथफिरवाय भिरो धुनि धुनिकै ॥ चौदह सहस रथी अति हर-
षै । बाण असंख्य पार्थपहँ वरषै ॥ तहां पार्थ अतिकोपप्रकाशे ।
ब्रह्म अस्त्रसों सब कहँ नाशे ॥ क्षणमें तिन्हैं जीति रणजेता ।
बहुरिचलो अति सुबल निकेता ॥ तदनु सुबन्धु सुशरमाराजा ।
चलो प्रचारत सहित समाजा ॥ तब पारथ अति चिन्तित
ह्वैकै । फिरि भो भिरत धर्म निज ज्वैकै ॥ बेधि सुशरमहि सात
शरनसों । धनुध्वज काटि क्षुरप्रबरनसों ॥ बन्धुसुशरमा को
रणधीरा । सहय ससूत बध्यो तेहिबीरा ॥ देखि सुशरमा अति
रिस गहिकै । मार्यो शक्ति खरोरहु कहिकै ॥ पारथ निरखि
बाण बिधि ठाटी । तीनिबाण सों बीचहिकाटी ॥ तोमर तज्यो
कृष्ण कहँ देखी । काटो ताहि पार्थअवरेखी ॥ बहुरिअसंख्यन
शर परिहरिकै । नृपति सुशरमहि मोहित करिकै ॥ नृप आयो
ममदल कहँ कैसे । बन बरषत घन गिरिपहँ जैसे ॥ लखितेहि
साहस गहि भटएकौ । बढ़ि भिरि आड़ि सको नहिं नेकौ ॥

निपतै बाज लवा पहँ जैसे । भिरो असुर भूपति सों तैसे ॥
दोहा ॥ बज्र सदृश शरवृष्टि करि सिगरो दल बिचलाय । नृप
प्रमत्तभगदत्त पहँ देतभयो शरछाय ॥ दशहजार धनुधररथी
नृप तेहि क्षण धरिधीर । भिरि बरषेशर पार्थ पहँ घनजिमि
गिरिपहँ नीर ॥ भिरि तिनसों पारथ तहां शरदुरदिनताछाय ।
बधे असंख्यन सुभटभट अगणित दयेभगाय ॥ चौपाई ॥ लखि
भगदत्त क्रोधकरि मनमें । द्विरद बढ़ायचलो तेहि क्षनमें ॥
पारथ लखि शरपंजर कीन्हों । द्विरद प्रमत्तहि बढ़नन दीन्हों ॥
ण सात्वकि भट बर धानुष। भूपति कीन्हों काजअमानुष ॥
रि सबके बहुशायक भगनित। मारत सब कहँ शायक
गनित ॥ दुर्योधन भूपतिके तनमें। हन्यो अनगिने शर
णि मनमें ॥ ते युगबीर क्रोधसों भरिकै। कीन्हों घोरयुद्ध
भरिकै ॥ सात्वकिमारि बाण बरभाको। दीन्होंकाटि शरा-
सनताको ॥ जौलगिभूप और धनुलीन्हें। तौं लागिहने बाण
चीन्हें ॥ दोहा ॥ हन्यो सात्वकिहि बहुविशिख भूपति गहि
आन। भूपहि पीड़ित करतभो सात्वकिहनि बहुबान ॥ भू-
हि पीड़ित देखिकै सब तोसुत अनखाय। भटसात्वकि रण-
र पै देतभये शरछाय ॥ रचि सब पै शरसेत तहँ अगणित
यक काटि। सात्वकि सबकहँ हनतभो पांचपांच शरडाटि ॥
ति तुरंताकरि नृपतिको धनुध्वज काटि सुबीर। बधिघोरन
ताहि बध्यो हनिक्षुरप्र बहुतीर ॥ सोरठा ॥ बिरथ बिधनु करि
हि हनत भयो अगणित बिशिख। इमि भूपतिकहँ चाहि
हा धुनिभो सैनमधि ॥ तब अति भयसों पागि दुर्योधन तो
ननृप। गो तुरिताकरिभागि चित्रसेनके सुरथ पै ॥ चौपाई ॥
हाहाधुनि सुनिसुनु आरज। कृतबरमा नृप गुणिजयका-

रज ॥ रथ हकवाइ सुधनु टंकारी । भिरोसात्वकीसोंरणचारी
बार्षिअसंख्यन शर अनियारे । छब्बिसबाण सात्वकिहिमारे
सात्वकि अगणित बाण बरषिकै । अगणित शायक काटिहर
शिकै ॥ दीरघ कठिनबाण अति तुरमें । माऱ्यो कृतबरमाकेउ
में ॥ ताके लगे भूपभो तैसो । क्षितिके कँप होत गिरिजैसो
साठिबाण घोरन कहँ हनिकै । सूतहिं हन्योसातशर गनिकै
फिरियमदण्ड सरिसशरमारी । कृतबरमा कहँहन्यो बिचारी
बेधि हियो सो शायक कढ़िगो । दश ब्यामहुँ के आगेबढ़िगो
इमि बेधित ह्वै भटकृतबर्मा । भो मुरछित धनु रहो न कर्मा
रथपर परो मृतक समह्वैकै । सात्वकि तब तेहिहन्योनज्वैकै
काटत गदा शक्तिअसि शायक । बेधतबधतभटनभटनायक
मर्दत सैन चलो जहँ पारथ । सोलखिद्रोण बूझि तोस्वारथ
जानि सात्वकिहि अति रणकरकश । भिरोकरत धनुबिधि क
रिसरकश ॥ चेतिजाय भूपति कृतबरमा । भिरो पांडवन सो
गहि मरमा ॥ भिरि सात्वकिसों द्विजरिस लीन्हें । बाणनकोदु
रदिन करिदीन्हें ॥ दोहा ॥ द्रोण सात्वकी करत भे घोरयुद्धतेहि
काल । बिरचिकाटि रचि काटिरचि काटि शरनके जाल ॥ द्रो
णहिं सात्वकि सात्वकिहि द्रोण हने शरभूरि । तुरँग सूत के
तनदये अगणित शायक पूरि ॥ सोरठा ॥ द्रोण मारि बरबान
काट्यो सात्वकि को धनुष । तब सात्वकिबलवान त्यागि धनुष
झेल्यो गदा ॥ तोमर ॥ द्विज ताहि शरसों काटिकै । तेहि हन्यो
शायक डाटिकै ॥ तब सात्वकी अनुमानिकै । गहि और धनु
सन्धानिकै ॥ बहुबाण द्विजके गातमें । हनि हन्यो ध्वज अव
दातमें ॥ भटद्रोणशक्ति सुधारिकै । परसारथी पै डारिकै ॥ क
रि दिये मोहित तेखिकै । भट सात्वकी सों देखिकै ॥ कारिआ
कारज सूतको । हनि बाणसार अकूतको ॥ हो द्रोणको जो सा
रथी । तेहि बध्यो गहि गति पारथी ॥ तबसूतबिनु हयबिप्रके





भ्रमत अति गति क्षिप्रके ॥ जहँ भ्रमे हयभय पागिकै । तहँ
पै भट सँग लागिकै ॥ यहदशा द्विजकी पेखिकै । तेहिकाल
म अवरेखिकै ॥ बहुबीर साहस त्यागिकै । कढ़िगये इतउत
भागिकै ॥ हयब्यूह द्वारे जायकै । भे रुकत साहसपायकै ॥ तहँ
और सूत चढ़ायकै । द्विज फिरो ओज बढ़ायकै ॥ तबसात्वकी
ठानसों । इमि कह्यो सूत सुजानसों ॥ अब चलो रथ लै
पासों । चलि मिलैं पार्थ असेगसों ॥ सुनि सूतबीर बिशाल
सों । तहँ चलो अद्भुत चालसों ॥ दोहा ॥ ग्रीषमकेदिन मध्यगत
मार्तण्डसम चण्ड । शरकर पूरित करततहँ चलोबीरउद्दण्ड ॥
बरषत मरदत भटन सो सात्वकिहि देखि । बीर सुदर्शन
भूमिपति भिरतभयो अवरेखि ॥ अरिदलगरसम सात्वकी भट
लपन अरिप्राण । ताहि सुदर्शन हनत भो अतिदुख दरशन
बाण ॥ तेहि सात्वकिसों सात्वकिहि शरजालनसों गोपि । बा-
णमारि शरमारिशर दीन्हों प्रलय अरोपि ॥ सोरठा ॥ नृपकेअनुग
अनेक हैं मारत अगणित बिशिख । तिन्हैं काटिगहिटेक सा-
त्वकि बहुयोधन बध्यो ॥ चौपाई ॥ नृपबहुशर सात्वकिकहँमारे ।
सात्वकि तेहि बहुबाण प्रहारे ॥ भूपतिकोपि अरुणकरिईक्षण ।
हन्योताहि तीनिशर तीक्षण ॥ कवच छेदिते तनमधिधसिकै ।
अतिदुख देत भये तहँ बसिकै ॥ तब सात्वकि अतिशय रिस
करिकै । बध्योतासु तुरगन प्रणधरिकै ॥ हनिबरभल्ल सूतकहँ
बधिकै । बाणक्षुरप्र शरासन मधिकै ॥ करिकसीश तजिध्यावत
ताहि । काटतभयो भूपके शीशहि ॥ बधिभूपति तजि सुभट
घनेरे । चलो बीर पारथके नेरे ॥ पुरुषसिंह अनुपम रणचारी ।
सारथि सों तहँकह्यो बिचारी ॥ द्विजदल अरणव अगम अ-
गाधा । नांघो ताहि न अब कछुबाधा ॥ अब सब सैनलगत
मोहिं तैसो । पक्षिहि लगै अल्पशर जैसो ॥ म्लेच्छनकीयह
सेना गाढ़ी । मोहिं दहनकहँ सम्मुख ठाढ़ी ॥ सादरतासुमध्य

चलि आरज । देखहु ममअद्भुत रणकारज ॥ सादरसु
सुवचन अतिबलके। सादर निकट गयो तेहि दलके॥ ली
सात्वकिहि निकट सब योधा । बरषत बाण किये अवरोधा
सात्वकि काटत शायक तिनके। काट्यो शिरभुज सुभट अ
नके॥ बरषि सुमंत्रित शायक चीन्हें। प्रलयकाल आरोपि
कीन्हें ॥ दोहा ॥ मण्डलसम कोदण्डकरि सात्वकिबीरअमान
अगणित योधन बधतभो भूपतिप्रति सन्धान ॥ बर्बरसक
म्बोज अरु दस्युसबर किरात । म्लेच्छ असंख्यन निमिष
बधेबीर अवदात ॥ रचि शर पंजर सकलदिशि सबके आयु
बारि। रुण्ड मुण्डमय मेदिनी कियो भटन संहारि ॥ सोरठा
अनुपम रणविधि ठाटि निरमित करिसर रुधिरको । रथ ह
भट गज काटि पूरिदयो जलयादसम ॥ चौपाई ॥ दावानलस
दलबन जारत। लखि हतशेष सुभट ह्वै आरत ॥ भये प
जित साहस तजिकै। तब सात्वकि भटचलो गरजिकै॥
सो सैन जातजगजेना। चलोबीर मरदत ममसेना ॥ अगणि
त भटन बेधिबांधि डारत। बेधिबेधि बहुभटन बिडारत॥जा
बिभात सात्वकी तैसे। मृगगण मध्यकेशरी जैसे ॥ नृप ते
क्षण दुर्योधन राजा। जाय बेगसों सहित समाजा॥ तेहिपी
सो भयपुकारत। सुनि फिरिभिरो बीरशर डारत ॥ तिमि अ
ड़ेउ सुभटनकी रेला। जिमि आड़त अरणवकहँ बेला ॥
तिशय अद्भुत बिक्रम सचिकै। सात्वकि सेतु शरनकोरचिकै
बध्यो तीनिशत घोरे क्षनमें। हन्योचारिशत गजगुणि मनमें
सबकेबाण असंख्यनकाटत। सबकहँ शायक हनिहनिडाटत
रथ गज तुरंग सवार अनेगण । बध्तभयो सैनेय गहेप्रण
भूपति तहँ बिचित्रगति देखे । ईश्वरकी महिमा अवरेखे
ब्यर्थ होहिं सब शायक इतके। अति अमोघजे जाने नितके
जितेतज्यो सात्वकि दृढ़घायक। ब्यर्थ न भे ते एकौ शायक





हांतासु बिक्रम अनुमाने। पारथसों अधिकीकरिजाने ॥ दोहा ॥
तासु सूत अरु हयनकहँ पांचबाण हनि भूप। सात्वकि केतन
तभो ग्यारहबाण अनूप ॥ दुःशासन षोड़श बिशिख चित्र-
न शरपांच। शकुनिभूप मारतभयो तकि पचीस नाराच ॥
सहि मारे सात्वकिहि पांच बाण अवदात। तीनि तीनिशा-
क हन्यो सात्वकि सबके गात ॥ सोरठा ॥ सौबलको धनुकाटि
पहि मार्‍यो तीनि शर । चित्रसेन कहँडाटि तीक्षण शतशर
तभो ॥ चौपाई ॥ दशशर दुःसहके तनमारे। दुःशासनकहँबीस
हारे ॥ गहि धनु आन शकुनि क्षितिपाला। मार्‍यो तेरहबाण
शाला ॥ दशशर मारतभो दुःशासन। तीनि बाण दुस्सहदृढ़
आसन ॥ तीस बाण हनि भूपति गरजो । दुर्मुख द्वादश शर
नि तरजो ॥ बरषि असंख्यनशरबर फबके। काटि असंख्यन
ायक सबके ॥ पांच पांच शायक अनियारे । सात्वकि सब
हँ मारि प्रचारे ॥ फिरि हनि एक बाण मजबूतहि । बधिडा-
भूपहि के सूतहि ॥ बिना सूत हय ह्वै निज सबके। सा-
कि के सम्मुख सों खसके ॥ गये दूरि निज मन के पथलै।
तउत भ्रमत भये सो रथलै ॥ दुःशासन आदिकभटरूरे। गये
पके सँग भयपूरे ॥ सौबल जीति धनुष टंकारत । सात्वकि
लो भटन संहारत ॥ सात्वकि को इमि बिक्रम सुनिकै। नृप
तराष्ट्र कहतभे गुनिकै ॥ द्रोण आदि सुभटन कहँ जीतत।
त्वकि जात सैनमम रीतत ॥ पाण्डवके भाग्यनकी गुरता।
ह श्री कृष्ण दयाकी पुरता ॥ मन्दभाग्य सब सुवन हमारे।
जीति लहैं अघभारे ॥ अब कहु सूत भयो फिरि जैसो।
ख दुख दायक नीक अनैसो ॥ दोहा ॥ यह सुनि संजयकहत
मन दै सुनु नृपतौन । तो सम्मत कृतकर्मको मिलत भयो
ल जौन ॥ दुर्योधन क्षितिपालको लहि अनुशासनफेरि ।
शासन भट सुदल फिरिलिये सात्वकिहिघेरि ॥ पारथसकबा-

ह्लीक गण अरु कुनिन्द अम्बष्ट । पार्बतीय पैशाचजे सीखे
युद्धसपष्ट ॥ महारथी शतरथ सहस सहसतुरंग सवार । रण
कोबिद अति प्रबलभट द्विरद सवार हजार ॥ सोरठा ॥ दुःशास
न रणधीर तिनकहँ शासन देतभो । तुम सब अनुपमबीर बेगि
सात्यकिहि बधहु अब ॥ चौपाई ॥ बहुबिधि के आयुध समुदाय ।
दीन्हें सब सात्यकिपै छाय ॥ धनुटंकारि प्रचारि प्रचारि । बरषे
बाण सिहारि सिहारि ॥ तेहिक्षण तहँ सात्यकि रणधीर । कियो
अमानुष कर्मगँभीर ॥ इमि बिरच्यो शरपंजर आसु । लहे न
एकौ शर तन तासु ॥ सब सुभटनके आयुध सर्ब । काटिबाणि
करि ब्यर्थ सगर्ब ॥ सब सुभटनपै रचि शरसेत । बेध्यो बध्यो
कियोगतचेत ॥ हय गजसूत सुभट सरदार । बध्यो निमिषमें
कइकहजार ॥ रथके अंगधनुषध्वजछत्र । अगणितकाटिगिराये
तत्र ॥ यथाहोत अबिरलजलघात । भयेप्रचण्ड बातउतपात ॥
होतअजनको यूथअचैन । नृपतिमिबिकल भईतोसैन ॥ दुःशा
सन सोदशा निहारि । पार्बतिनसों कह्योबिचारि ॥ तुम सबशू
सुभटममपक्ष । उपलयुद्धमें हौअतिदक्ष ॥ सात्यकि नहिंजानत
सोयुद्ध । ताहि बधौ तुम सबभटउद्ध ॥ सुनि शतपांचबीर बल-
वाना । गजशिरके समभूरि पषाना ॥ डारनलगे सात्वकीपाह ।
तब सात्वकी धनुर्द्धर पाह ॥ करत भयो तिमि युद्ध ललाम ।
खरदल मध्य कियो जिमि राम ॥ दोहा ॥ प्रति पषाणमें कइक
शर हनि हनिबीर अचूक । दियो फेरि ममसैन मुख करि करि
अगणित टूक ॥ तासु शरन के घातसों टूटिटूटि पाषाण । पलटि
पलटि लगि लागि करे अगणित भटन अप्राण ॥ तेहिक्षण बाण
पषाणसों कै मरदित तो सैन । ह्वै आरत हाहाकरतबिचलत
भई अचैन ॥ सोरठा ॥ फिरि दशशत रणधीर जूटि उपलबरषन
लगे । सात्वकि अनुपमबीर फिरि कीन्होसो दक्षता ॥ चौपाई ॥
तोरितोरि सब शिला सोहाये । प्रति योधनके शीशगिराये ॥





मारैं शिला सुभटरिस पागिपागि । तिनमें अगणित शायक ल-
गिलगि ॥ फेरि फेरि सुभटनपै झेलैं । महि अहिदानव कन्दुक
खेलैं ॥ अबिरल शिलापात के घातन । भई सैन नृपसों कहि
जातन ॥ अगणित मरेपरे बहु घायल । चले भागि अगणित
भट चायल ॥ तासु शरनसों इतके पाहन । लगिलगितथाकिये
दलदाहन ॥ जिमि नदान निज सुहित अमेइ । मिलिसुजान
अरिसों दुख देइ ॥ हाहाकार भूप तेहि पलमें । होतभयो तेहि
पल मम दलमें ॥ घोरशोर तेहि थलको सुनिकै । द्रोणकह्यो
सारथिसों गुनिकै ॥ दावानल सम ह्वै यहिक्षण में । सात्वकि
बिहरतकुरुदल बनमें ॥ हाहाकार होत जहँभारी । तहँ ममरथ
लै चलु रथचारी ॥ द्रोणाचारय सो सुनि येहु । सूत कहतभो
सहित सनेहु ॥ इतपाण्डवपांचाल सोहाये । बलसों चहतब्यूह
मधि आये ॥ जबतुम उतहि चलहुगे स्वामी । आड़िहि उन्हें
कौन जयकामी ॥ भटन मरदि दलमाधि धसिऐहैं । नृपसात्वकि
सम प्रलय मचै हैं ॥ यहबिचारि मम संशय खोई । शासनकरौ
करैं हम सोई ॥ दोहा ॥ नृप इतनेमें तो तनय दुःशासन भयपा-
गि । रणतजि मर्दित भटनसह गो द्विजके ढिग भागि ॥ अति
ब्याकुल तेहि तो सुतहि लखि भय पूरित क्षीण । उचितबचन
इमि कहतभो द्रोणाचार्य्य प्रबीण ॥ रोला ॥ कहो नृपहैं कुशल
अरहैं कुशल सब तो भाय । सिन्धुपति है कुशल अरुहै कु-
शल भटसमुदाय ॥ महारथ युवराज नृपके बन्धु तुम मतिमान ।
युद्ध तजि कतभगे डरिकै त्यागि बल अभिमान ॥ द्रौपदी को
बसनगहिकै सभामधि तुमल्याय । पाण्डवनके सुनत तुम जो
कहे ओज बढ़ाय ॥ जुवामें तूगई जीतीभई अब मम चेरि ।
कर्मदासिनिको करहुसो कर्म अपनो हेरि ॥ संगये सब सुपति
तेरे त्यागि इनको गर्ब । उदर पालन करहु करिकै काज खर्ब
अखर्ब ॥ पूर्ब ऐसो कहो तुमहीं आजु तौन भुलाय । सात्वकी

सों सकतनाहिं लरिभजतगर्ब गँवाय ॥ भीमसों अरु पार्थ सों
जब मचिहि संगर घोर । करोगे तब कहा भगिकाढ़ि जाहुगेके
हि ओर ॥ जीवलै जो भजत रणसों सकत नहिं मरि जीति
करौ जैसो कहत हम जो जौनि नृपकी नीति ॥ जानि आपुहि
निबल उनसों मानि आपनि खोरि । चहैं वे महि जिती तितनौ
देहु मिलि करजोरि ॥ मारि नृपहि सबन्धु जौलगिलेहिं नहिं
वेभूमि । देहु तौ लगि आपुसों मिलि चरण मुखसों चूमि ॥ न
तरु शंक बिहाय उनसों लरो थिरि धरिधीर । युद्धमें मरिलहत
उत्तमठौर क्षत्रीबीर ॥ बचन सुनि तो तनय नहिं कछु दयोउत्तर
ताहि । सदल चलिगो सात्वकी सों लरन जययशचाहि ॥ द्रो
ण धसि पांचाल के दलमध्य बर्षत बाण । तुरंग गजबधि धनुष
ध्वजरथ छत्र शर तनु त्राण ॥ गदा पट्टिश शक्ति आदिककाटि
आयुध भूरि । मारि अगणित भटन क्षणमें दियो परलै पूरि ॥
देखिइमि निज सैन बरदत बीरकेतु कुमार । भिरो सादर द्रोण
सों करि धनुषको टंकार ॥ काटि अगणित बाण द्विजके बीरकेतु
अमान । द्रोणके तनहने दीरघ पांच तीक्षणबान ॥ दोहा ॥ अग
णितशायक द्रोणके काटिकाटि गहिटेक । सातबाणसूतहि हन्यो
ध्वजमाधि मारो एक ॥ बीरकेतु रणधीरके काटि अनगिने बान
द्रोणतासु हिय मधिहन्यो शायक बज्रसमान ॥ फोरिशिला सम
तासुउरकाढ़िगो शायकचंड । ह्वैअप्राण रथसों गिरो नृप सुत
बीर उदंड ॥ सोरठा ॥ मरि निपततलखिताहि तासु सहोदरचारि
भट । द्रोणहि मारण चाहि भिरेशरनको जाल रचि ॥ चित्रकेतु
रणधीर सुभट सुधन्वा चित्ररथ । बरषत बिशिख गँभीर भिरो
चित्रबर्मा बली ॥ चौपाई ॥ तेसब सुभट बिदित भटनायक । तजे
द्रोण पहँ अगणित शायक ॥ कछुक्षण तिनसों लरिरिस लीन्
न्हें । द्विज तिनको शिर छेदनकीन्हें ॥ निजबंधुन कोमरण निरे
खी ॥ धृष्टद्युम्न सेनापति लेखी ॥ शोचतबारि चखनसों मोचत





ो अचारयसों बधरोचत ॥ रचिशरजाल हन्यो तेहिक्षनमें ।
बाण द्रोणके तनमें ॥ अति दृढ़बान लगे सुनि आरय ।
छित भोभट द्रोणाचारय ॥ द्रोणहि मुरछित लखि अनुमानी ।
तजि धृष्टद्युम्न अभिमानी ॥ गहिअसि चर्मकूदि चरिपथपै ।
द्रोणाचारय केरथपै ॥ इतनेमें द्विजचेतित ह्वैकै । धृष्टद्युम्न
निजढिगज्वैकै ॥ अतिलघु लघुशायक अनियारे । अबिर-
तु बिरचि तेहि मारे ॥ नहिंबढ़िसको पाय अवरोधा । पल-
पो निजरथपै योधा ॥ धनुटंकारिगहो उतकरषा । करतभयो
नकी बरषा ॥ ताहिप्रचारि द्रोणलरि तेहिक्षिन । करत
ो बाणनको दुरदिन ॥ दोऊ अतुलबिक्रमीगाये । अद्भुत
कियो मनभाये ॥ अद्भुतभांति शरासन करषे । अद्भुत बिधि
आयुध बरषे ॥ अद्भुत बिधिसों आयुधकाटो । अद्भुतबिधि
हनिहनि डाटो ॥ दोहा ॥ धृष्टद्युम्नके सूतकहँ मारि बज्रसम
। बधिगिराय गरजतभयो द्रोणाचार्य्य अमान ॥ बिना
मक तुरँगसब रथलैगये पराय । अगणित भट तेहिक्षण
ा द्रोणबीर दृढ़घाय ॥ इबिधिजीति पांचाल दल फिरि निज
माधि आय । ब्यूहद्वारपै लसतभो द्रोणाचार्य्य सचाय ॥
॥ दुःशासन तो पुत्र सदलजाइ उतबेगसों । गहे जीति
पुत्र भयो प्रचारत सात्वकिहि ॥ चौपाई ॥ सुनि प्रचारि सा-
कि रणचारी । फिरो सिंहसम धनुटंकारी ॥ तो सुत साठि
तेहिक्षनमें । मारतभो सात्वकिके तनमें ॥ भटसबतो सुत
अनुगामी । बरषेभूरि बिशिख जयकामी ॥ नृप तेहिक्षण सा-
कि धनुधारी । करतभयो बिक्रम अतिभारी ॥ बरषि असं-
शरवर फबके । काटि असंख्यन शायक सबके ॥ प्रति
जालशरनको रचिकै । सिगरे दलमधि शायक खचिकै ॥
गणित हय गज भटबधि पलमें । प्रलय पसारतभो तेहि
में ॥ क्षणमें काहुहि बचत न जाने । आरतह्वै हतशेष

पराने ॥ तोसुत भगत देखि निजसेना । ईर्षाबश न टरो ज
ज़ेना ॥ शत शर सात्वकिके तनमारे । तुरँगन कहँशर चा
प्रहारे ॥ तब सात्वकि अति तुरतालीन्हें । ताहि शरनसों गो
पित कीन्हें ॥ दुःशासन कहँगोपित देखी । दुर्योधनभूपति अ
रेखी ॥ दल त्रिगर्त्तको तुरित पठाये । तीनि हजार रथी म
भाये ॥ चाहि सात्वकी को अवरोधा । पहुँचे निकट प्रबल
योधा ॥ सात्वकि बीरतिन्हें लखि आवत । बढ़ि तिनसों अभि
शर छावत ॥ ह्वैसब सुभट कालमुख गतसे । भये अधीर
बिक्रम हतसे ॥ दोहा ॥ तिनमें योधा पांचशत हेअगरे गहिप
क्षणमहँ तिनकहँ बधत भो सात्वकि सुभट अखर्ब ॥ ती
तिनको बधबिकल ह्वै भगिगे भट तजिदर्प । दुखमुख उ
द्विजपतिहि लखिजिमि बिलमुखसर्प ॥ सोदल बिचलितक
गरजि चलोपार्थकी ओर । तबप्रचारि नवशरहने दुःशास
करिजोर ॥ सोरठा ॥ सात्वकि बीरउदण्ड पलटि खिस्याये अ
सम । पांच बाणअतिचण्ड दुःशासन के तनहन्यो ॥ चौपा
फिरि तोतनय तीनि शर मारे । सात्वकि तेहिशर पांच प्रहारे
फिरिहनि शरक्षुरप्र अतिचोखो । काट्यो तोसुतको धनु नोखे
काटि तासुधनु निजधनु करषत । चलो पार्थकीदिशि शरब
षत ॥ तबतोसुत करिक्रोध अथोरा । मारतभयो शक्ति अति
घोरा ॥ हनिअनेक शायक मनभाये । सात्वकि ताकहँकाटि गि
राये ॥ तबतो तनय और धनुगहिकै । शतशर हन्यो खरो
कहिकै ॥ तो सुतके उरसों धनुधारी । हन्यो तीनि शायक अ
भारी ॥ तबमुरछित ह्वै तोसुत सोई । परोसुरथपै बिक्रम गो
तदनु सात्वकी हनिशर चारी । बधतभयो सबहय रथचारी
बधि सारथिहि मारि वर शायक । धनुध्वज काटिचलो भट
यक ॥ भीमसेनकोप्रण अनुमानी । बध्योन दुःशासनहि सुज
नी ॥ लखि त्रिगर्त्तपति मन निरभैकै । भगोताहि निजरथपै





॥ दुःशासनहि जीतियहि बिधिसों । चलो पार्थपहँ भरिजय
धिसों ॥ नृप तेहिसमय न कोऊबीरा । भयोतासु सम्मुख धरि
रा ॥ जेधरिधीर गयेढिगतासू । तेमहितजि यमपुरगे आसू ॥
पतंग ज्योतिढिग जाई । होत भये तितभट समुदाई ॥ दोहा ॥
जयसों यहसुनि कह्योवृद्धभूप दुखपाय । संजय चाहत दैवसो
त न रोकोजाय ॥ शक्रबरुण ममसैन मधिधसि जिमि सकतन
य । तथा अकेलो सात्वकी गोबाधिभट समुदाय ॥ तदनन्तर
सियुद्धभो सोकहु सूतसुजान । यहसुनि नृपसों कहतभो संजय
तिमति मान ॥ सोरठा ॥ महाराज तेहिकाल करिसम्मत पांडव
ल । रचत शरनको जालपैठन चाहे व्यूहमधि ॥ तेहिक्षणतो
भूप भिरि तिनसों बरषत बिशिख । बिक्रम कियो अनूप जो
वि बिस्मितभे सुमन ॥ निशाकर ॥ दल नलिन बनमाह । द्विरद
नरनाह ॥ धसि गहे उत्कर्ष । भयोदलत सहर्ष ॥ भटनको
दाय । बधतभो दृढ़घाय ॥ बाधिद्विरद हयभूरि । रुधिरकोसर
॥ सकल थरनि सचाय । शक्तिशर सरसाय ॥ चक्रके सम-
। कियो भीषम भूमि ॥ बिरचि शरके सेतु । काटि बहु धनु
॥ कियोअद्भुत युद्ध । भूमिपति भटशुद्ध ॥ दोहा ॥ ओजअख-
ल सरिसकरि मंडलसम कोदंड । परदलमधि पार्थ्योप्रलय
सुतबीर उदंड ॥ इमि दलमर्दत निरखितेहि भीमादिकभट
। भिरत भये अति बेगसों बरषत बाण सगर्ब ॥ भीमसेन
बाणदश धर्म नृपतिकहँ सात । द्रुपद बिराटहि बाणषट
तोसुत तात ॥ शतशर हन्यो शिखण्डिकहँ धृष्टद्युम्नकहँ
। सहदेवहि नकुलहि हन्यो षट शायक अवनीश ॥ हन्यो
दीके सुतन तीनि तीनि नाराच । सकल भटनकहँ हनतभे
दश बसुषट पांच ॥ सोरठा ॥ तहां युधिष्ठिरभूप हनि तीक्षण
भल्लबर । नृपको धनुष अनूप काटि हनतभे बाणदश ॥
गि लागिते बान धसे न बर्म अभेदमें । तब नृपगहि धनु

आन भिरो युधिष्ठिर भूपसों ॥ चौपाई ॥ सोलखि सब पाण्ड
भयपूरे । धर्महिं घेरि लये भटरूरे ॥ दुर्योधनपहँ चले प्रचारी
भट पाञ्चाल रथी धनुधारी ॥ सोलखि द्रोण धनुर्द्धर योधा
बढ़ि तिनको कीन्हों अवरोधा ॥ तेहिक्षण घोरयुद्धभो राजा
मरे असंख्यन सुभट समाजा ॥ भीषमशब्द भयो दुहुँदलमें
कटे असंख्यन हयगज पलमें ॥ जहँअर्जुन जहँ सात्वकिबीरा
तहां मचो अति शब्द गँभीरा ॥ द्रोण पार्थ सात्वकि तेहिदि
नमें । किये लोकक्षय बाणागिनमें ॥ द्रोणक्षात्रिआतंक ती
क्षणमें । तोसुत नृपको हित गुणि मनमें ॥ कोपित कालकरा
समाना । परदलमधि बिहरो बलवाना ॥ काटत अगणितश
सबहीके । बध्यो असंख्यनभट उनहीके ॥ इमिदल मर्दत ता
निहारी । वृहच्छत्र नृपभिरो प्रचारी ॥ सबकेकयन मध्य गु
भरता । महारथी अरिदलदर दरता ॥ तुरगनकरिअति चं
ल भूपर । बरष्यो बिशिख द्रोणके ऊपर ॥ द्रोण कोपकरिती
प्रहारे । बाण पंचदश अति अनियारे ॥ तिनमें पांच पांचश
हनि हनि । वृहच्छत्र काटतभो गनि गनि ॥ द्विजबर बहु
आठशर डारे । बसुशर मारि तिन्हैंनृपबारे ॥ दोहा ॥ ब्रह्मत्र
तब तजतभो कोपिबिप्र रणधीर । बृह्मअस्त्र तजितेहि समि
कीन्हों क्षितिप सुबीर ॥ अस्त्र अस्त्रसों वारि नृप हन्यो सा
शँर क्षिप्र । अति अनियारे बाणबहु भूपहि मार्यो बिप्र ॥ फि
नृप सत्तरि शरहन्यो तबभट द्रोण अमान । भूपहि व्याकु
करतभो बरषि बज्रसम बान ॥ बधिअश्वन अरु सूतकहँका
छत्र कोदण्ड । भूपतिको बध करतभो मारिबाण अतिचण्ड
सोरठा ॥ वृहच्छत्रको नास लखि परभट हाहाकरे । तबकरिक्रो
सहास वृद्धकेतु बढ़ि भिरतभो ॥ चौपाई ॥ अगणितकाटि बि
के शायक । हन्योसाठिशरसो भटनायक ॥ मारिक्षुरप्रबाण अ
तिचोखो । काट्योद्रोण तासुधनु नोखो ॥ धृष्टकेतु तब बर ध





हिकै । बरष्यो बिशिख खरोरहु काहिकै ॥ तबद्विज अति कर-
घव कीन्हें । सब हयसूत तासुबधि दीन्हें ॥ तब शिशुपाल
नयरथ तजिकै । डारतभो बरगदा गरजिकै ॥ मारि कइकै
ायक अनियारे । द्रोणकाटि तेहि महिपै डारे ॥ तबसो हन्यो
ाक्ति अतिभारी । काट्यो ताहि द्रोण धनुधारी ॥ शक्तिकाटि
जशर अतितीक्षण । मारतभयो अरुणकरि ईक्षण ॥ लखिसो
ण बेधि उरतासू । धसोजाइ धरणीमधि आसू ॥ भयो बि-
रण हियबलवाना । गिरो भूमिपै ह्वै गतप्राना ॥ तबसुत
ासु भिरो द्विजबरसों । बध्योताहि द्विजचरबरशरसों ॥ चेदि-
ज सुतको बध देखी । जरासन्धको सुत अतिलेखी ॥ बर्षि
संख्यन शर ह्वै कोपित । द्रोणहिं कियो निमिषमें गोपित ॥
णकाटि सिगरेशरताके । बध्योताहि हनिशर बरमाके ॥ क्षत्री
र्दन बीर अचारय । नृपतहँ कियो अमानुष कारय ॥ बधि
गणित हय गज भटरूरे । हाहाधुनि परदलमधि पूरे ॥ दोहा ॥
जय अरु पांचाल अरु पांडवके दलमाह । सुनि हाहाधुनि
रतभो क्षत्रधर्म भटनाह ॥ शर क्षुरप्रसों द्रोणको धनुषकाटि
धीर । हनि बहुशर बेधित कियो द्विजको चारु शरीर ॥ तु-
त और को दण्डगहि द्रोणाचार्य अमान । क्षत्रधर्मको बध
यो मारि बज्रसमबान ॥ धृष्टद्युम्नके सुवनको बधन निरखि
नखाय । चेकितान नृपबिप्रसों आभिरो ओज बढ़ाय ॥ सोरठा ॥
शर द्रोणहिंमारि चारिबाणसूतहिहन्यो । तबद्विजधनुटंकारि
ड़शशरभूपहिहन्यो ॥ फिरिहनिशायकएक बध्योभूपकेसारथि-
। बिनासूतगहिटेक तुरँगसुरथलैदूरिगे ॥ भुजंगप्रयात ॥ महावीर
ानको यूथदर्त्ता । अबीरानहू को बलीबीर कर्त्ता ॥ भरो गर्ब
ारको नाशचोप्यो । भलै कालसों ह्वैप्रलयकाल रोप्यो ॥
ी शुण्डसे चण्ड दोर्दंडचारी । करे मंडलाकार कोदण्डभा-
॥ करी बाजियोधा घने काटिडार्‍यो । मही रुण्ड औ मुण्ड

सों पाटिडाख्यो ॥ घने हांक दैकै घनेबाण ठाटे । घनेपाणि उ
घने शीशकाटे ॥ घनेभल्ल नाराचके जालपूरे । घनेघातलीन्हें
घने गातथूरे ॥ नता ठौर कोऊ सकोयूथ तासों । भगे भूरि
योधौ भरे भीति भासों ॥ भिरे बीर जे बीर तासों रँगेसे । भये
हालते काल केते गालगेसे ॥ दोहा ॥ ह्वै आरत जिमि शीत
लहि कम्पत गउनको जूह । द्रोणभीतिसों तिमिकँपो अरिदल
सुभट समूह ॥ द्रुपद बिराटादिक तहां कर्ण द्रोणको देखि । अ
ति बिस्मित ह्वै शोचि इमि कहतभये अवरेखि ॥ वृद्धपचासी
बर्षको करत युवा समयुद्ध । अतिगुरु तपकरि बिप्रयह लह्यो
बीरताशुद्ध ॥ सोरठा ॥ इमिकहि द्रुपद बिराट देसाहस लैभटन
सँग । द्विजहिजानि भटराट लरतभये रहि यतनसों ॥ महिबरी
यहिभांति उत्तम सैन जलनिधि मध्य अतिअनुपम बनो । भट
सुवन सिनिके सुवनको रणधीर अतिधनुधरगनो ॥ तहँरचत
अबिरल सेतुचारु सुशायकनके गरजिकै । रथतुरँग गज भट
दुसह लहरिन सबिधि मरदत बरजिकै ॥ जलजाद समजेभ
येसंमुख तिन्हैं मरदत मदमयो । भटपार्थ अकथिक कूलपर
तेहि पथिकसम निअरत भयो ॥ जिमि नाग हितनागान्त उ
दधिहि परनसों अरदत भयो । तिमि सिन्धुपति लगिपार्थमम
दल शरणसों अरदत भयो ॥ दोहा ॥ यहिप्रकार जननाशहित
नृप तो सम्मतपाय । पाण्डवसों तोसुतलरे नाहक बैरबढ़ाय ॥
इतिद्रोणपर्वणिचतुर्थदिनयुद्धचतुर्थयामारम्भेसात्वकिप्रवेशोसप्तमोध्यायः

दोहा ॥ सात्वकि कहँ ढिग पार्थके गयेदेर गुणिशोचि । धर्म
भूमिपति भीमकहँ उतै पठैबोरोचि ॥ कह्यो सूतसों सुरथ लै
चलो भीम है यत्र । सो सुनि सारथि सुरथलै शीघ्रजात भो
तत्र ॥ रोला ॥ भीमके ढिग जाय मोहित भयो धर्मनरेश । देखि
मोहित भूपको इमि कह्यो भीम सुभेश ॥ भूमिपतिसों कहो
मोहित भये हौ जेहि हेत । मोहिंआछत आपुप्रभुकत शोचि





हतअचेत ॥ करौंशासन शीशधरिसों करौं मैं यहिकाल । भी-
के ये बचन सुनिकै कहत भो क्षितिपाल ॥ पाञ्चजन्यसुशं-
खकी धुनि परतसुनिबहुबार । सुनो परत न मोहिं अबगांडिव
की टंकार ॥ जानि ताते परतनहिं है कुशल पार्थअमान । ल-
तकेशव करत ताते शंखको आह्वान ॥ बूझि यह उत प्रथम
ठ्यो सात्वकी कहँतात । गयो सोऊ भया कैसो शोचबाढ़त
जात ॥ जाहु ताते शीघ्रउत तुम बिदित भट शिरताज । कृष्ण
पारथ सात्वकी के कुशल रक्षण काज ॥ भूपके ये बचन सुनि
के कहो भीम सचाय । पार्थ को नहिं कछू संशय कृष्णजासुस-
हाय ॥ आपुआज्ञा करत हमउत अवशिजैहैं भूप । भाषिइमि
गो भीम जहँहो धृष्टद्युम्न अनूप ॥ कह्यो तासों मोहिं भेजत
भूप है जितपार्थ । भूपको तुम किहेहुरक्षण सदा सबिधि सदा-
र्थ ॥ भाषिइमि मधुपान करि सन्नाहधारि नवीन । देत बिधि-
वत दानअरुस्वस्त्ययन सुनतप्रवीन ॥ करिप्रदक्षिण भूपतिहि
टंकारि बर कोदण्ड । चलत भो ममब्यूह मुखदिशि पुरुषसिंह
उदण्ड ॥ दुन्दुभी बजवाइ सहदेव आदिसबभटजूह । चलेपीछू
तासु मम दिशि तजतबाण समूह ॥ ताहि आवत देखि यहि
बिधि इतैके भटसर्ब । भिरेबढ़िकै गरजि बरषतभूरिबाणसगर्ब ॥
भीम तिनपै बरषि शररथ बेगसों हँकवाय । ब्यूहमुख पै द्रोण
हो तहँ चलो शायकछाय ॥ द्विरददल तबभयो आड़त भीम
तहिं बिचलाय । द्रोणके ढिग गयो बरषत बाणभट दृढ़घाय ॥
भीमसों द्विज कह्यो अब इत बिनाजीते मोहि । ब्यूहमधिनहिं
पसन पैहौ फिरो मोकहँ जोहि ॥ ब्यूहमधिगो पार्थसो कछुकृपा
मेरीपाय । सुनौ ताते ब्यूहमधि तुमनहीं सकिहौजाय ॥ द्रोणके
ये बचन सुनिकै कह्यो भीमबुझाय । मान्य सब बिधि हमैं तुम
हौ पिता ममसुखदाय ॥ लागिअरिसँग करत हौ जो अरिन
के समकाज । सुनो तौ अरिसरिस ह्वैहम कहत हैं द्विजराज ॥

सुनो अर्जुन हैंन हम हम भीमसेन प्रसिद्ध। जाबदलमधि शो
ध्रू तुमकहँ जीति है द्विजवृद्ध ॥ भाषि इबिधि अमोघ गरुड़े
दामास्योभीम । देखितेहि गोकूदि रथसों द्रोणवीर अधीम
गदासों लगि तुरँगसूतहि मारिकरिरथ चूर्ण । धुन्यो अगणि
त भटनधुनिया धुनत जैसे ऊर्ण ॥ देखि द्विजकी दशा यह ते
सुवन कहि हाहाय । घेरिद्रोणहि और रथपै लये तुरितचढ़ाय
बीरदुःशासन तजत भो शक्तितापहँ डारि । भीमाफिरि हनिबा
तीक्षण कुंड भेदिहिमारि ॥हतिसुखेनाहिबधि सुनेत्रहिदियेमहि
डारि । मारिबाणनप्रलय रोप्यो लग्योनाहिं अबारि॥रौद्रकर्महि
मारिफिरि वृन्तारकहि बधिबीर । दुर्बिमोचन कहँबध्यो बधि
अभयकहँ रणधीर ॥ बध्योफेरिसुबर्मणहि तहँ बरषि अगणित
बाण । बाणमारिसुदर्शनहिं फिरिभयोकरत अप्राण ॥ बरवि
अबिरल बाण अगणित विविध आयुध काटि । बेधि बधि
बिचलाय अगणित भटनधनुबिधि ठाटि ॥ गरजि गरजि प्र
च्चारि यहि बिधि भीमसेन अमान । बधोबालिके पशुनसम ते
सुवन नव बलवान ॥ रहे जे हतशेष ते इमिबधत बन्धुनदेखि
बेगसों हँकवाइ रथगे दूरि कढ़ि अवरेखि ॥ सिंहके भयभगत
जैसे द्विरदको समुदाय । भगेतिमि तो तनय सिगरे देवपत
मनाय ॥ दोहा ॥ इबिधि जीति तो सुतन कहँ पांडव धनुटंकारि
द्रोणाचारयसों भिरो बरषत बाण प्रचारि ॥ तहांद्रोण अ
भीमसों भयोयुद्ध बिकराल । दोऊ दोऊ दिशिदये बिरचि शरन
के जाल ॥ चौपाई ॥ तेहिरथ भीमसेन बलवाना । करिनिज का
रजको अनुमाना ॥ रथ सोंकूदि द्रोणके सम्मुख । चलो सहत
शायक दायकदुख ॥ मैगल मत्त चलैसहि जैसे । जलके बूं
पवनमुख तैसे ॥ जायबेगसों गहिरथ भारी । फेंकत भयो बी
रणचारी ॥ तेहिसुजान सों कूदि अचारय । चढ़ो और रथपै
भट आरय ॥ फिरि न भीमसों भिरो बिचारी । थिरोब्यूह मुख





धनुधारी ॥ घनसम गरजि भीमभट नागर । चढ़ोसुरथपै बि-
म सागर ॥ योधन बेधत बधत ननरदत । चलोतुरँग रज
ज भटमरदत ॥ जीति भोजदल अरु काम्बोजहि । जीति
लेच्छ सेनाबर ओजहि ॥ जीतत सदल और बहुभूपन ।
रत पराजिन भीषम रूपन ॥ लरतरह्यो सात्वकि जेहिं थल
। तेहिथल जातभयो ममदल में ॥ तहँसो बढ़िमरदत मम
ना । लखो अर्जुनहिं अरिदल जेना ॥ तहँगरजतभो मेघ
माना । आयोभीम पार्थ सुनिजाना ॥ अति हर्षित कै केशव
रथ । गरजतभये पुष्टगुणि स्वारथ ॥ बार बारते गरजि गर-
कै । लरेमेघसम तरजि तरजिकै ॥ धर्मभूपसों गरजनि सुनि
। मोदित भये कुशल सब गुनिकै ॥ दोहा ॥ यहसुनिकै धृत-
राष्ट्र नृप ह्वै अतिबिकल बिहाल । संजयसों बूझै सुनो जन्मे-
य क्षितिपाल ॥ इबिधि मर्दिदल जाइ तहँ गरजो भीम सुबीर।
बवासों तेहिथरभिरो को योधा धरिधीर ॥ हयसों हय गजसों
रद रथरि प्रहारि प्रहारि । बधेभीम तासों भिरो को कहुसो
धारि ॥ सोरठा ॥ सुनि भूपतिके बैन संजय ऐसो कहतभो ।
खि भीमहि बलऐन कर्णडाटि बढ़ि भिरतभो ॥ चौपाई ॥ बढ़ि
हि उभय बीरबलपागे । अबिरल बाण प्रहारन लागे ॥ मारि
टि अगणित शररूरे । अगणित बाण दुहूंदिशिपूरे ॥ धनुटं-
रि प्रहारनि गरजनि । कोअति शब्द सुभटहिय दरजनि ॥
ति करिकरि गौरवलीन्हें । भटहय द्विरदन शंकित कीन्हें ॥
गुणो सुनिशब्द गँभीरा । भिरो भीमसों कर्णसुबीरा ॥ भी-
हि कर्ण बीस शर हनिकै । सूतहि हन्यो पांचशर गनिकै ॥
साठि बाण भीम तेहि मारे । तापहँ कर्ण चारिशर डारे ॥ तिन
हँ काटि भीम शरछाये । अतिशय करलाघव दरशाये ॥ अ-
पित काटिभीमके बाना । छाइदियोशरकर्ण अमाना ॥ भीम
को काटि शरासन । मार्यो दशशर अरिकुल नाशन ॥

रिस कारिकर्ण और धनु धरिकै । बेध्यो भीमहि शरपरिहरिकै
शायक तीनि कर्णके उरमें । मार्यो भीमसेन अतितुरमें ॥ बि
माधि अधप्रविशे अहिगनसे । तिन्हैं अधधसेलखि जन म
से ॥ इमि भिदिकैरहिक्षणक अचायक । कर्णभयो बर्षत ब
शायक ॥ भीमफेरि काट्यो धनुतासू । सूतहि बेधि बधत भ
आसू ॥ बाजिन मारिभेजि यमलोकहि । बहुशरहन्यो कर्णब
ओकहि ॥ दोहा ॥ तुरित कूदि तेहि सुरथसों कर्णबीर अनुमानि
जाय सुरथ वृषसेन के बैठो आनि गलानि ॥ इबिधि जीति
कर्ण कहँ गरजो भीम अमान । कर्णहि जीत्यो भीमसुनि ध
किये अनुमान ॥ अर्जुन सात्वकि भीमकहँ निजदल मर्दत है
खि । जाय द्रोणपहँ तो तनय कहत भयो अवरेखि ॥ सोरठा
तुम्हैं जीति हेतात सात्वकि अर्जुन भीमभट । मर्दिसैन अ
दात गये सिन्धुपतिके निकट ॥ तो जीतब बलभौन भयो सि
शोषण सरिस । अबहै करतब जौन तासु बचन कासों कहौं
जयकरी ॥ दुर्योधन नृपके सुनिबैन । कहो द्रोण यह मिथ्याहैन
हमैं जीति तेसुभट अमान । गेतो दलमाधि बरषत बान ॥ तु
कीन्हेंहौ अनरथ कर्म । जानो यह ताको फलपर्म ॥ कुलि
मंत्र शकुनिको मानि । तब जीते जूवाहित जानि ॥ सो जीत
नहिं जीतिललाम । युद्धजुवा जीतब अभिराम ॥ जामी
पाँसा आयुध सर्व । क्षेत्र चारु गृह निशिदिन पर्ब ॥ नर
चारि रँगकी सब सैन । दाव द्रब्य महिदायक चैन ॥ तु
अरु धर्म महीप खेलार । सोदर बन्धु मंत्रदातार ॥ यह जु
जो जीतै तात । सोई जीति जीति बिख्यात ॥ आजुखेलारध
नंजय बीर । दाव जयद्रथ भूपति धीर ॥ सात्वकि भीम सह
यी तासु । खेलि चहतहैं जीतनआसु ॥ तातेजायभटनलैसंग
खेलौ युद्ध जुवा बदरंग ॥ युद्ध जुवा यह भीषम रूप । हैन श
कुनि के बश हे भूप ॥ जीति हारि ईश्वरके हाथ । लरोजाय





भटन साथ ॥ हम इत आड़ि सुभट समुदाय । करबयुद्ध अ-
रल शर छाय ॥ यहसुनि दुर्योधन क्षितिपाल । चलो पार्थ
हँ लै भटमाल ॥ दोहा ॥ उतमौजा क्षितिपाल अरु युधामन्यु
रनाह । पृष्ठ रक्ष जे पार्थके हे आये दलमाह ॥ तिन्हैं लरत
ज भटनसों मगमें भूपति देखि । भिरतभयो अति कोपकरि
तनको बध अवरेखि ॥ सोरठा ॥ नृपहि निरखि तेबीर भिरे प्र-
चारि प्रचारि कै । तीक्षण तीस सुतीर युधामन्यु मारत भयो ॥
नि सूतहि शर बीश तुरगन मारे चारिशर । युगशर हनि अ-
तीश काट्यो तासु ध्वजा धनुष ॥ चौपाई ॥ उतमौजा हनि शर
जबूतहि । बधत भयो भूपति के सूतहि ॥ बधिताके सूतहि
र्योधन । बध्यो हयन हनि शर तन शोधन ॥ उतमौजा तेहि
सों काढ़िकै । युधामन्यु के रथपै चढ़िकै ॥ भूपतिके रथके सब
रे । बधत भयो हनि बाण अथोरे ॥ युधामन्यु हनि शायक
खो । काट्यो भूपतिको धनु नोखो ॥ तब हनि गदा भूपदृढ़
यक । बधि तिनके धोरन क्षितिनायक ॥ फिरि नृप मद्रनाथ
रथमें । चढ़िभो चलत पार्थ दिशि पथमें ॥ और रथनपैचढ़ि
अगरे । तेयुगभूप पार्थमुख डगरे ॥ तहँ धृतराष्ट्र भूपसुनि
सो । बूझे कियो कर्ण फिरि कैसो ॥ जब तेहि जीतिभीमरण
री । चलो पार्थपहँ धनुटंकारी ॥ भीषम द्रोण पार्थसमयोधा ।
कियो तब किमि अवरोधा ॥ सो सबिधानसूत सुतभाषो ।
निबे को ममसन अभिलाषो ॥ वृद्धभूप की सुनि यहबानी ।
त भयो संजय शुचिज्ञानी ॥ कर्णहि जीति भीमजबराजा ।
तो बधततो सुभट समाजा ॥ तब राधेय और रथ बरपे ।
हि टंकारि धनुष तेहि थरपै ॥ कहतभयो अतिरिससोंपागो ।
कितजात वृकोदर भागो ॥ दोहा ॥ कुन्ती पुत्रन उचित
अरिहि देखावब पीठि । फिरि मम सम्मुख युद्धकरुजोरि
ठिसोंडीठि ॥ ऐसोकरकशबचनसुनि भीमसेनबलवान । सादर

फिरिराधेयपै बरषो अबिरल बान ॥ सोरठा ॥ तासु शरनके जाल
काटि कर्णबरसों बिशिख। दोऊबीरबिशाल कियेभयानकयुद्धत
हँ ॥ चौपाई ॥ यथा अचारय शिष्यहिशीक्षत। कर्ण लरतहो तिमि
जय ईक्षत ॥ भीम सकल निज पौरुष करिकै। रह्यो लरत बध
को प्रण धरिकै ॥ करै बाण बिधि भीम सुबीरा । लखिसोहँसे
कर्ण रणधीरा ॥ देखि तासु हँसिबो अति रिसिकै। बाण जाल
मधि भीम प्रविसिकै ॥ बाण पचीस कर्ण के तनमें। मार्योबध
को प्रणकरिमनमें ॥ दोऊबीर शरनकी बरषा । कियो परस्प
गहि उतकर्षा ॥ दोऊ सेतु शरन के रचिरचि । काटि काटिब
शायक नचिनाचि ॥ दोउन कहँ अगणित शर दोऊ। मारतभ
लखै सब कोऊ ॥ हनि चौंसाठि शर कर्ण सुप्रनको । काट्योक
वच भीमके तनको ॥ काटि कवच करि करि शरपातहि। बेधत
भयो भीमके गातहि ॥ पुष्पित किंशुकसुतरु समाना । लस
भयोतहँ भीम अमाना ॥ भीमसहेताके शरतैसे। कामीबचनन
तियकेजैसे ॥ तिमिसहिबाण काजानिजगुनिकै। भीमबरषि शाय
क धनु धुनिकै ॥ काटि कर्णको धनु भटनायक । तुरगन बध्यो
मारि बहुशायक ॥ बधि सूतहि हनि शायक भारी । बेध्योसू
सुतहि रणचारी ॥ बिरथ बिधनुह्वै सो रथतजिकै । कर्ण औ
रथपै गो लजिकै ॥ दोहा ॥ इबिधि पराजय कर्णको सुनि धृत
राष्ट्र महीप। कहे कर्ण लहिहारिका कियो भाषु कुलदीप॥ य
सुनि संजय कहतभो चढ़ि रथबरपै फेरि। कर्ण भीमपै चल
भो धनुटंकारत टेरि ॥ सोरठा ॥ दोऊबीर अमान मत्त द्विरदस
जूटितहँ । करतभये घमसान करकोदण्डन चपल करि ॥ मं
कर्णकोपाय कियेकर्म तौ तनयके। समुझि भीम अनखाय ब
षो शायक कर्णपहँ ॥ चौपाई ॥ सूतज तासु धनुष बिधि देखी
हँसि अगणित शरताजि अवरेखी ॥ काटि अनगिने शाय
ताके। हनतभयो नवशर बरभाके ॥ तब अतिकोपि शरास





करषत। भीमसेन अबिरल शर बरषत ॥ काल कराल समान
करुख। गरजत चलो कर्णके सन्मुख ॥ सो लखिबरषतअग-
णित शायक । तापहँचलो कर्णभट नायक ॥ ऋक्षसमान कर्ण
के घोरे। हंससमान भीमकेघोरे ॥ श्यामसेत बारणसे भिरिकै।
शोभित होत भये तहँ थिरिकै ॥ दोऊ भट कोपित ह्वै मन
में। अद्भुत कर्म कियो तेहि क्षनमें ॥ मण्डलसम धनु करिकरि
शरसे। दुहुँ दिशि अबिरल शायक बरसे ॥ अगणित शायक
काटि गिराये । अगणितबाण दूरिलों छाये ॥ अहि सपक्षसे
शायक रूरे। अबिरल दोऊ दुहुँ दिशि पूरे ॥ अगणितशर
गातनमधि हनि हनि। गरजत भये खरोरहु भनि भनि ॥ टेरि
टेरि करि करि चषराते। बरषे बाण गर्बमदमाते ॥ दोऊ महा-
मोदसों चरि चरि। लरे शरनको दुरदिन करि करि ॥ शायक
तीस परम अनियारे । कर्ण भीमके तनमें मारे ॥ धनुष कर्ण
को हनिशर तीक्षण । काट्यो भीम अरुणकरिईक्षण ॥ दोहा ॥
बधि सूतहि हनिबाण बर दीन्हों महिपै डारि । तब सूतजबर
शक्तिगहि मारत भयो प्रचारि ॥ जौ लगि धाय्यो औरधनु तौ
लगि कैयकबान । हन्यो कर्णके गातमें भीमसेन बलवान ॥
तुरित कर्ण धनु और गहि बरष्योबाण अनेग । सोसबकाट्यो
शरनसों भीमसुबीर असेग ॥ फिरिक्षुरप्रशर मारिकै काटि
कर्णको चाप। बधि घोरन अरुवन बध्यो भीमभूरि परताप ॥
सोरठा ॥ बिरथ बिधनु करिताहि बेध्यो अगणित शरनसों।
सूतज इत उत चाहि रह्यो न तबकछु करिसको ॥ कर्णहि
पीड़ित देखि दुर्योधन भेज्यो तहां। दुर्जय कहँ अवरेखि जाय
भिरोसो भीमसों ॥ बहुकला ॥ भीमहि प्रचारि। नवबाण मारि ॥
हनिषट सुबान। सूतहि अमान ॥ ध्वजमधि नवीन। हनिबाण
तीन ॥ बहुबाणकाटि। पाण्डवहिडाटि ॥ फिरि तासुगात। शर
हने सात ॥ तबभीम कोपि। परलै अरोपि ॥ बधि सूततासु।

हतिहयनआसु ॥ दुर्जयहि मारि । भोदेतडारि ॥ बलबुधि नि-
धान्न । तोसुत अमान ॥ करितासुनास । पाण्डव सहास ॥ रथ
पर निहारि । कर्णहि प्रचारि ॥ तुरता बढ़ाय । शर दिये छाय ॥
बहुबार हारि । तोहित बिचारि ॥ नहिं टरो नेक । सूतज सटेक ॥
भोरचत हाल । शरसेतु जाल ॥ इमि उभयबीर । बरषे सुतीर ॥
दोहा ॥ भीमकर्णके तनहने शायक दशअरुबीश । कर्ण ताहि
नवशर हने बल करि हे अवनीश ॥ फेरि भीम तिरसठिबिशि-
ख हने कर्णके गात । कर्ण तासु तनमधि कियो अति तीक्षण
शरपात ॥ बेधिभीमकहँ सो बिशिख गयोपार काढ़ि भूप । भीम
कोपि तब हनतभो गदा भयानक रूप ॥ सोरठा ॥ हनि सो गदा
उदण्ड बध्यो कर्णके हयनकहँ । फिरिहनि शायक चण्ड बधि
सूतहि काट्यो ध्वजा ॥ तबतेहि सुरथहि त्यागि कर्ण भूमिमें ह्वै
खरो । महाक्रोधसों पागि बरषतभो अबिरल बिशिख ॥ चौपाई ॥
तेहिक्षण कर्ण महारिस लीन्हें । भूपति अति बिक्रम तहँकीन्हें ॥
बिरथी भीमसरथिसों भिरिकै । घोर युद्ध कीन्हों तहँ थिरिकै ॥
दुर्योधन सो लखि दुखपायो । दुर्मुख कहँतहँ तुरित पठायो ॥
लखि दुर्मुखहि भीमलहि आनँद । बरषि कर्णपै शरसरदानद ॥
भिरि दुर्मुखसों हनिनवशायक । बधिभेज्योयमपुर भटनायक ॥
सूतज तोसुतको बध देखी । चषजल तजत अनर अवरेखी ॥
मोहक्रोध गहिरथपर चढ़िकै । भिरो बृकोदर भटसों बढ़िकै ॥
तेहि अन्तरमें चौदह बाना । हन्यो कर्णकहँ भीमअमाना ॥ ते
शर तासुगात मधिधसिकै । शोणित पिये उरग सम बसिकै ॥
चौदहबाण भीमके तनमें । मारतभयो कर्ण तेहि क्षनमें ॥ तब
करिकोप भीम रणचारी । कर्णहि हने तीनिशर भारी ॥ सूतज
तिनसों बेधित ह्वैकै । ह्वै अतिपीड़ित इतउत ज्वैकै ॥ चढ़ि तुर-
की घोरेपर सादर । रणतजि भगो भगतजिमि कादर ॥ कर्णहि
जीति धनुषटंकारत । गरजत खरोरहो तहँभारत ॥ यह सुनि





वृद्धभूप दुखलहिकै । बूझत भयो शोचसों नहिकै ॥ संजय ई-
श्वर चाहतजोई । मिटत न कबहुँ होतहै सोई ॥ दोहा ॥ भीष्म
कर्ण समानजो सबजगको जेतार । कर्ण लहतसो भीमसों इ-
विधि हारिबहुबार ॥ अयुतनागको जासुतन बलतेहि भटसों
जूटि । हार्‍यो सूतज तबभिरो कौनबीर जयऊटि ॥ यह सुनिकै
संजय कह्यो तोमतको फलएहु । सहौताहि धरिधीरमति दोष
ईश्वरहि देहु ॥ निरखिपराजित कर्णकहँ तेहि गरजत लखि
तत्र । सहि न सके तौ पांचसुत गये भीमहोयत्र ॥ दुर्मुद दुर्धर
दुसहअरु दुर्मर्षण रणधीर । अरुदुर्जयये भिरतभे रचि शर
जाल गँभीर ॥ सोरठा ॥ भिरत भीमसों देखि तिनकहँ रथचढ़ि
कर्ण फिरि । हियोक्रोधसों भेखि भिरो भीम भटसोंगरजि ॥ तेहि
क्षण भीम अमान भूपति अति बिक्रम कियो । सबपर बरषत
बान काटे सबके सब बिशिख ॥ चौपाई ॥ कर्णहि आड़ि शरनके
जोरण । हनिपचीस शायक तन तोरण ॥ बधि सारथी तुरँगसब
तिनके । बधेतिन्हें जेमणिकुल दिनके ॥ बधि तो पांच सुतन रण-
चारी । गरजो भीम धनुषटंकारी ॥ आड़ि कर्णकहँ तिनकोबधि-
बो । लखिसब गुणे असधको सधिबो ॥ लखि राधेयग्लानिउर
आनो । कहो भीष्मको सतिकरिमानो ॥ गरजि पांचशर भीमहिं
हनिकै । फिरि मारे सत्तरि शर गनिकै ॥ कर्णहि मारि बाणषट
सोऊ । काट्यो धनुपलख्यो सब कोऊ ॥ तब राधेय और धनुग-
हिकै । बरषो बाणखरो रहुकाहिकै ॥ भीमकाटि सबशायक तासू ।
बध्योहयन अरु सूतहि आसू ॥ फेरि काटि धनुषहि दृढ़घायक ।
कर्णहि हनतभयो बहुशायक ॥ तब चढ़ि कर्ण और रथपाहीं ।
हन्यो गदाकहि बाचत नाहीं ॥ हनि बहुबाण काटि तेहिमगमें ।
गरजो भीम बिदित भट जगमें ॥ गदहि काटि परव्यूह बि-
दारण । भीमतजतभो बाण हजारण ॥ काटि सकल शर हनि
शर अगणित । हन्यो बीसशर सूतज भगणित ॥ हनि नव

बाण भीम भट दक्षिण । बेध्यो सूतज को भुजदक्षिण ॥ फेरि
गरजि अतिरिस सों शरसो । अगणित बाण कर्णपै बरसो ॥
दोहा ॥ तब सूतज अति बिकल ह्वै रहि न सकतभो तत्र । रण
तजि सादर जातभो शरन जातहो यत्र ॥ सुनि दुर्योधन भूप
को अनुशासन तब भूप । तुरित भीमसों भिरतभे तोसुतबीर
अनूप ॥ चित्रायुध उपचित्र अरु चित्रशरासनधीर । चारुचित्र
चित्राक्ष अरु चित्रबर्म रणधीर ॥ लरिसब तिनसों निमिषमें
एक एक शर मारि । बधि तिन सबकहँ भीमभट दीन्हों महिपै
डारि ॥ गिरत बायु बश अरुणसम निरखि तजत चषबारि ।
कर्ण भीमसों फिरि भिरो बरषत बाण प्रचारि ॥ सोरठा ॥ दोउ
बीर प्रचण्ड गरजि गरजि बरषे बिशिख । दोऊ धुनि कोदण्ड
काटि दिये अगणित बिशिख ॥ छत्तिस बाणकराल भीमहने
तन कर्णके । बाण पचास बिशाल कर्णभीमके तनहने ॥ तोमर ॥
भिदि उभय भट अवदात । ह्वै रुधिर पूरित गात ॥ अति
बीर दोऊ शुद्ध । तहँ कियो अद्भुत युद्ध ॥ भिरिमत्तद्विरदसमा-
न । करि परस्पर आह्वान ॥ ते उभयबीर बिशाल । रचिउभय
दिशि शर जाल ॥ फिरि गरजि गरजि प्रचारि । बहुबाणबाण-
नवारि ॥ अति कठिन धनुटंकारि । बहुबाण गातन मारि ॥ त-
जि दुहूंदिशि शरधार । करि दये अन्धाकार ॥ तहँ भीमअति-
शय कोपि । भेदेत कर्णहि गोपि ॥ तब बिकल कर्णहि देखि ।
तो तनय नृप अवरेखि ॥ तहँ दिये तुरित पठाय । भट पांच
सोदर भाय ॥ तेबीर सादर जाय । भेतजतशर समुदाय ॥ ल-
खि भीम तिनसों जूटि । निजदशा मनमें ऊटि ॥ हनिसातशर
दुखदाय । बधिदिये तिनहिं गिराय ॥ सो निरखिसबसरदार
इत किये हाहाकार ॥ तकि हनत कर्णहि बान । भोबधत तिन-
हिं अमान ॥ यह देखि सबनरनाह । जाकि रहेगुणि मनमाह ॥
दोहा ॥ शत्रुंजय अरु शत्रुसह दृढ़विचित्र रणधीर । चित्रसेन





[चित्र]ायुधौ अरु बिकर्ण बर बीर ॥ यकतिस भ्रातन को मरण
[दे]खि तेहि दिन दुखपाय । दुर्योधन गुणि बिदुरको बचनरह्यो
[पछ]ताय ॥ समुझि समुझि अपराध निज शोकाकुलह्वै भूप ।
[अश्रु]धार चषसों तजत मोहिं भयो गतरूप ॥ सोरठा ॥ कर्णबीर
[बि]काल बरषो शायक भीमपहँ । भीम सुबीर कराल बरषो
[शा]यक कर्णपहँ ॥ चौपाई ॥ हे क्षितिपालकछू कहिजातन । भीम
[कर्ण]के शरके घातन ॥ अगणित हय गजभट समदलमें । घा-
[यल] भये मरेतेहि पलमें ॥ सोलखि अगणित योधा डरिकै । गये
[भा]जि हाहाकरिकै ॥ दोऊ बिदित बीर बलवाना । दोउधनुर्द्धर
[बीर] अमाना ॥ गरजि गरजि बढ़ि बढ़ि थिरि थिरिकै । दपटि
[दप]टि दड़िदड़ि फिरि थिरिकै ॥ अबनहिं बचत भागुमतिभनि
[हनि]ते । अगणित बाण परस्पर हनिहनि ॥ भिदिभिदि भरे रुधिर
[सु]शोभित । भये उभयभट अनघ अक्षोभित ॥ सबदिशिजाल
[बा]नके पूरे । अगणित छत्र धनुष ध्वजतूरे ॥ काटि असंख्यन
[श]रगण सों । अगणित बाणहने भरि प्रणसों ॥ कुण्डल
[युत] कर्णकी श्रुतिको । काट्योभीमसेन अति द्युतिको ॥ कुण्डल
[बि]दिं भीमभट हँसिकैं । तजतभयो दश शायक कसिकैं ॥ ते
[शर] बाण भाल मधि लगिलागि । धसि धसि लसे रुधिर सों
[पा]गि ॥ तेहिक्षण सूतज मुर्छित ह्वैकै । ध्वजसों लागिरहो
[सो]ग्वैकै ॥ तुरितहि चेति क्रोधसों पागो । कर्ण कराल काल
[सम] जागो ॥ घनसम गरजि बाण बन बरसो । चहिअरिरबि-
[रा]हुसम गरसो ॥ तेहिक्षण भीमकाटि धनु ताको । गरजि
[शर]रस बरसों छाको ॥ दोहा ॥ तुरित कर्णधनु औरगहि करि
[अद्भ]ुत सन्धान । भीमसेन के सकल दिशि छाय देतभो बान ॥
[भी]म कर्ण तेहिक्षण किये अद्भुत बिक्रम भूप । पूरिदेतभोगगन
[ब]ाण भयानक रूप ॥ शरन शरनके भिरनसों नभमें कढ़त
[कृ]शान । जानिपरै मणिमय मनोतनो बिचित्र बितान ॥ सोरठा ॥

धनुटंकार कराल चलनि भिरानिसों शरनकी । अतिशय श
कराल मढ़त भयो तेहिक्षण तहां ॥ अति बरषनि शरजूह नि
खिभीमअरुकर्णकी।सुमनससुमनसमूह बरषे तिन्हैंप्रशंसित
चौपाई ॥ इमिमाचे भीषम संग्रामा । कर्णकियो तहँ अद्भुतकाम
हनि क्षुरप्र शायक रणचारी । काट्योतासु धनुष अतिभारी
फिरि बधि सब अश्वन हनि शायक । छत्रकेतु काट्योभटन
यक ॥ मारे पांच बाण तेहिक्षन में । बिदित बिशोक सूतके
में ॥ तजिअबाजि रथसों चलिपथपै । गोनृप युधामन्युके
पै ॥ तब अतिकोपि भीम अरिनासी । फेंकत भयोशक्तिति
तासी ॥ तेहि आवत लखिकर्ण अमाना । काटत भयोमारि
शबाना ॥ तब भटभीम चर्म असिलीन्हों । कर्ण काटि चर्म
युग कीन्हों ॥ तब असिफेंकिमारिसो सरुषा । काट्योसूतज
धनु परुषा ॥ तुरितहि करषि और धनु गहिकै । अब मतिभा
खरो रहुकहिकै ॥ अगणित शायक अति अनियारे । भीमसे
के तनमांधि मारे ॥ तब करि भीम क्रोधकी गुरुता । प्रगटक
बिक्रम की पुरुता ॥ हय गजरथ अर्जुन के काटे । परेरहे भी
मता ठाटे ॥ तहँ चलि रथ हय गज लैलै कै । डारतभयो
मन निरभय कै ॥ सोलखि कर्ण धनुर्द्धर आरज । करतभयोत
अद्भुत कारज ॥ मारिमारिअगणित शरमगमें । काटे सब की
बिक्रम अगमें ॥ दोहा ॥ तहां भीम अति क्रोधगहि करिमुष्टि
का प्रहार । बधन चाहि तेहि नहिं बध्यो करिकै पूर्ब बिचार
कर्णहिं बधिबेकी किये रहे प्रतिज्ञा पार्थ । तेहि पारथके बच
कहँ करिबो गुन्यो यथार्थ ॥ सोरठा ॥ अगणित तीक्षण बा
हन्यो भीमकहँ कर्णतहँ । ह्वै मुर्छित बलवान गिरो भूमिपै भी
तब ॥ चौपाई ॥ लखि भीमहिमुर्छित रणधीर । कूदि सुरथसे
कर्ण सुबीर ॥ मोहित परो निरायुध यत्र । होभट भीम जातभ
तत्र ॥ कुन्ती मांगेही बरपूर्ब । बधेहु न ममपुत्रन भटगूर्ब ॥ सो





समुझि पालनिज धर्म । बध्यो न ताहि धर्मबिदपर्म ॥ तासु
र्मं धनुष लगाय । खोदतभो अतिगर्ब बढ़ाय ॥ लागत
भीमअनखाय । कुपित सिंहसम उठो रिसाय ॥ बामपा-
धनुगहि तासु । मुष्टिक हन्यो शीशमें आसु ॥ हँसिकै कर्ण
तेहिकाल । नहिं तू युद्ध योगहे बाल ॥ भयोवृकोदर खाय
य । नहिंकर्त्तारणमें व्यवसाय॥ सादरबसौ बिपिनमेंजाय।
व्रत गहौ कन्दफलखाय ॥ नहिंममसम सुभटन के संग । हौ
लायक रणरंग ॥ सूत सुवनके सुनिये बैन । हँसिकै कह्यो
बलऐन ॥ कैयकबार आजुलहि हारि । निलजकहत इमि
बिसारि ॥ जोआपुहि जानत बलवान । तोकरु मल्ल युद्ध
ान ॥ यथाकीचकहि डार्यो मारि । तेहि बिधिबधिहौंतोहिं
रि॥ यहसुनि बूझि भीमकोभाव । रथचढ़ि तुरितकर्ण गहि
॥ रथहँकवाइ बेगसों जाय । भिरो धनंजयसो शर छाय॥
सेन तबगुणि मनमाहँ । चढ़ो सात्वकीके रथपाहँ ॥ सात्व-
भीम सुबीर अनूप । युधामन्यु उतमौजा भूप ॥ शर बरषत
त ममसैन । गये पार्थके पास सचैन ॥ दोहा ॥ कर्ण आरजुन
तहां कीन्ह्यो अद्भुत युद्ध । दोऊ धनुर्द्धर बिदितभट दोऊ
बिशुद्ध ॥ गरजि गरजि दुहुंदिशन सों दोऊ भयेकराल ।
दिशि दीन्हें छायशर दोऊबीर बिशाल ॥

तिश्रीद्रोणपर्बणिचतुर्थयामेभीमप्रवेशोनामअष्टमोऽध्यायः ८ ॥

दोहा ॥ कर्ण भीमको युद्धसुनि यहिबिधि चौथेयाम । संजय
मृत भयो वृद्ध नृपति ह्वै क्षाम ॥ क्षणक्षणछीजत सैनमम
दाममहारि । दैवचहतजो सोकरत पुरुष पराक्रमटारि ॥
॥ तदनंतर भो जौन सो अब संजय शीघ्रकहु। सुनि संजय
मौन कहत भयो इमि भूपसों॥ चौपाई ॥ अर्जुनकर्ण बिदित
ारी । कीन्हो तहां युद्ध अतिभारी ॥ बहुबिधि सेतु शरन
टे। क्षणमेंबाण असंख्यन काटे ॥ बढ़ि बढ़िअगणितबाण

प्रचारे । अगणितबाण परस्पर मारे ॥ बज्रसमान बाण
भायो । पारथ कर्णहिं टेरिचलायो ॥ ताहि चलत लखि अ
त्थामा । काटिदियो हनिशर अभिरामा ॥ पार्थहि प्रबलजा
तेहि क्षनमें । टेरिगो अनत कर्णदुरि मनमें ॥ चौंसठि शा
अति अनियारे । अश्वत्थामहि पार्थ प्रहारे ॥ तब द्विज
सुत पीड़ित ह्वैकै । गजनमध्य दुरिगो भय ग्वैकै ॥ महार
पारथ तेहि पलमें । प्रलयकाल रोप्यो ममदलमें ॥ हय
भटन बधत रणधीरा । चलो कर्णपहँ सात्वकिबीरा ॥ सोल
निजसेनासों कढ़िकै । भिरो अलम्बुष भूपति बढ़िकै ॥ ते
बीर बिदित धनुधारी । अतिरण कियो प्रचारि प्रचारी ॥ म
बज्रसम शर अतिभारी । बध्योताहि सात्वकि रथचारी ॥ ब
अलम्बुषहि मारतसेना । चलोपार्थपहँ अरिदलजेना ॥ सोल
भूरिश्रवा रणरंगी । भिरो सात्वकीसों सहसंगी ॥ ते युग
कठिनरण करकश । किये अबाण अनेकन तरकश ॥ दोहा
दोऊमारे दुहुँनकहँ क्षणमहँ अगणित बान । दोऊकाटे दुहुँन
अगणित शर सबिधान ॥ फेरि फेरिरथ सकलदिशि टेरि
सहगर्ब । हेरि हेरि बर्षे बिशिख घेरि घेरि दिशि सर्ब ॥ का
काटि गहि गहि धनुष कहि कहि जियत न जात । दोऊ दो
नपै किये अबिरल शायक पात ॥ चौपाई ॥ दोऊबधि दोउन
घोरे । बधि सूतन रथके अँगतोरे ॥ दोऊ दुहुँन बिधनु
करिकै । तीक्षण खड्ग चर्मधरि धरिकै ॥ करत पैतरबढ़ि भि
भिरिकै । लरतभये थिरि थिरि फिरि फिरिकै ॥ दोऊ खड
युद्धबिधि सीखे । सब सुभटनके पहिले लीखे ॥ अद्भुत खड
युद्ध तहँकीन्हें । जो लखि सबभट बिस्मय लीन्हें ॥ असिश्र
चर्म दुहुँनके क्षणमें । भंगभये तेहिबिधिके रणमें ॥ तबतें उ
बीर बलभारे । भिरि भिरि मल्लयुद्ध बिस्तारे ॥ कर अरुच
शीशके घातन । भेतहँ शब्द तौन कहिजातन ॥ मत्त द्विरद





धा दोऊ । कीन्होयुद्ध लखो सबकोऊ ॥ जूटैं छुटैं जुटैंफिरि
टैं । दैदै ताल सिंहसम टूटैं ॥ झपटि लपटि गिरि उलटि
लटिकै । उठि उठि लरैं न टरु रटि रटिकै ॥ अतिशय समित
त्वकी ताही । भयो पछारत नृप जयचाही ॥ बलसों सिनि
वहि पछारी । उरमें हन्यो लात अबिचारी ॥ बामपाणिसों
हिकच तासू । दक्षिण करमें गहि असिआसू ॥ चह्यो सात्वकी
शिरकाटन । सो लखिकहो कृष्ण जय आटन ॥ पारथ सु-
सात्वकिहि करिकै । भूरिश्रवा बधत कच धरिकै ॥ दोहा ॥
रिग्रीव इतउत घुमरि अबलों बाचोजात । बेगितासु रक्षण
हु करि तीक्षणशरपात ॥ सो सुनि पारथ बिनुलखे तजिक्षु-
शरचण्ड । काटो भूरिश्रवाको दक्षिणभुजा उदण्ड ॥ रोला ॥
दक्षिण पाणि भूरिश्रवा कुरुकुलराय । सात्वकिहि तजि
र्थसों इमि कहतभो अनखाय ॥ अरे पांडव बिदित भटह्वै
ये कुत्सित कर्म । करब ऐसो क्षत्रियन कहँ सदा अनुचित
॥ कबहुँ ऐसो कर्मकुत्सितकियो नहिं कुरुबंश । रह्योऐसो
कुत्सित वृष्णिकुलके अंश ॥ करै किमि नहिं कर्मकुत्सित
पमंत्री जासु । करत सँग असतीनको निजुबुद्धि बिगरति
सु ॥ लरतहे हम औरसों तुमकियो ममभुज भंग । कियोतुम
कर्म लहि बसुदेव सुतको संग ॥ बचनयहसुनि कह्योपारथ
नो कुरुकुल चन्द । सात्वकी ममशिष्य अतिप्रिय सखा दा-
नन्द ॥ करत दुस्तर कर्म ममहित निकट पहुँचो आय ।
नगति लहितासु मरिबो कहोकिमि सहिजाय ॥ एक भटसों
त अगणित बीरधीर अमान । कहो इतअब रह्यो केहिथल
युद्ध बिधान ॥ युद्धमें ममसबल दक्षिणबाहु सात्वकिबीर ।
सु रक्षण कियोहम सो अनयनहिं ममतीर ॥ गुणेतुम जोभई
बिधिब्यर्थ तुमतेहि हेत । रुचतसो हौ कहत रिसबश भये
गत चेत ॥ पार्थके ये बचन सुनिकै भूपकरि अनुमान ।

बाम करसों भूमिपै तहँडासि अबिरल बान ॥ बैठितापै योग
बिधिसों ब्रह्ममो मनलाय । मूंदि नयनन ग्रीव नतकरि रह्यो
अचल सचाय ॥ देखिसो सब नृपति इतके महादुखसों पूरि
लगे निन्दय पार्थकहँ कहिकियो अनुचितभूरि ॥ कहो पारथ
कहततुम सब भूलि अपनो कर्म । बधोतुम अभिमन्यु कहँत
कियेकौन सधर्म ॥ भाषिइमि करिनृपन लज्जित कृष्ण पा
सचैन । भूप भूरिश्रवासों भेकहत ऐसेबैन ॥ धर्मके अरु भी
के समभूप तुमप्रिय मोहि । जाहु तनतजि स्वर्गकहँ पदपर
उत्तम जाहि ॥ दोहा ॥ इतनेमें उठि क्रोधबश सात्वकि गहि त
वारि । बधन चलोतेहि भूपकहँ संशय हियसों टारि ॥ तब उत
मौजा भीमअरु युधामन्यु अरु पार्थ । अरु नृप इतके ता
भे बरजत गुणि अयथार्थ ॥ सुन्यो न काहू को बचन भय
क्रोधबश बीर । काट्यो भूरिश्रवाको शिर सात्वकि रणधीर
सोरठा ॥ तेहिक्षण इतके सर्ब सुभटताहि निन्दत भये । सुम
यक्ष गन्धर्ब भये प्रशंसत भूपतिहि ॥ चौपाई ॥ बधितेहि नृप
सकलदिशि देखी । कहत भयो सात्वकि अतितेखी ॥ मतिब
मतिबधु मतिबधु याही । कहतभये जोतुमसबचाही ॥ धर्मशी
तुमनहिं यहलीन्हें । बधत बालकहि धर्मनचीन्हें ॥ अबतुम स
निजहानि निहारी । बरजत यथा धर्मपथ चारी ॥ हमकीन्हें
यहप्रण भाई । ममतन हनिहि चरण जो आई ॥ बधब ता
हम संशय टारी । होइजऊ वहमुनि ब्रतधारी ॥ इन मार्यो प
ममउर माहीं । याहिबधे मोहिंपातक नाहीं ॥ जेहिबिधि जा
मरण जेहि जनसों । देत बिरचि बिधिजेहि सुयतनसों ॥ हो
अवशिसो यह गुणिलेई । अबमति हमहिं दोषकछु देई ॥ य
सुनि भये मौन सबयोधा । फिरि बढ़िबढ़ि कीन्हों अवरोधा
माच्यो घोरयुद्ध तेहिपलमें । कटे असंख्यन भट ममदलमें
यहसुनि वृद्धभूप अनुमानी । कहत भये सुनुसंजय ज्ञानी





ोण कर्ण आदिक भट जनसों । गो न जीति जो ममसुत गन
ो ॥ सो किमिह्वै बिक्रमसों रीतो । गो इमि भूरिश्रवासों जी-
ो ॥ यहसुनि संजय नृपसों भाषो । सुनो जौन सुनिबो अभि-
ाषो ॥ यामें कछू पूर्बको कारण । है कहियतुसो संशयवारण ॥
हा ॥ रच्यो स्वयम्बर देवकी को देवक क्षितिपाल । जायतहां
हि सभामधि रथचढ़ि सिनि तेहिकाल ॥ करि साहस हरि
वकिहि निजरथपै बैठाय । हेत भूप बसुदेवके लै तेहि चले
ाय ॥ सोरठा ॥ सोमदत्त कै चण्ड तब ताकहँ आइतभयो ।
ऊ भट उद्दण्ड बाहु युद्ध कीन्हों तहां ॥ चौपाई ॥ दोय पहर
रि युद्ध बिशाल । ताहि पछार्‌यो सिनि क्षितिपाल ॥ चरण
बसम उरमांधि मारि । गह्यो केश करगहि तरवारि ॥ लखत
नेक नृपनके भूप । कियो न बोधकरि कृपाअनूप ॥ तेहि अ-
प बश आनि गलानि । सोमदत्त भूपति अनुमानि ॥ शङ्कर
ो कीन्हों अवराध । ह्वै प्रसन्न शिव सत्य अगाध ॥ कह्यो
ागु भूपति बरदान । तब इमि कह्यो भूप मतिमान ॥ मोहिं
ेउ सुत बलबुधि भौन । सिनिके सुतहि पछारै जौन ॥ लखत
ानके लहि अवकासु । मारै चरण हिये में तासु ॥ यह सुनि
हि तथास्तु त्रिपुरारि । भे अदृश्य दायक फलचारि ॥ तेहि
ाके प्रभाव यहि याम । सोमदत्तको सुत अभिराम ॥ जीत्यो
हि सुनो क्षितिरौन । नहिं तेहि जीतन लायक कौन ॥ यह
नि सो संशय बिलगाय । बूझतभयो वृद्ध क्षितिराय ॥ फिरि
मि भयो युद्ध सो सर्ब । पृथक् पृथक् कहु सुमति अखर्ब ॥
पतिसों सुनिकै ये बैन । कहतभयो संजय मतिऐन ॥ भूरि-
वा को नाश निहारि । बीर धनंजय धनुटंकारि ॥ बर्षतशर
दंत ममसैन । चलो जयद्रथ पहँ जगजैन ॥ दोहा ॥ बधि अ-
ोणित हय गज तुरँग सुभटनको समुदाय । पारथ सारिता रु-
रकी दई तहां उमँगाय ॥ इमि निजदल मर्दत निरखि तो

सुत भूभरतार । कर्ण शल्य कृप द्विजतनय अरुवृषसेन उदार ॥
सोरठा ॥ बर्षत बिशिख सगर्ब भिरतभये सब पार्थसों । घोरयु
तेहि पर्व होतभयो तेहिक्षण तहां ॥ चौपाई कर्णादिक करि क्रोध
अपारा । तजतभये अस्त्रनकी धारा ॥ काटि सकल आयुध
तेहि क्षनमें । पार्थ हने शर सबके तनमें ॥ कृप दशबाण पार्थ
कहँ हनिकै । कृष्णहि हन्यो सातशर गनिकै ॥ करि अतिबे
पार्थ भटनायक । सबके काटि असंख्यन शायक ॥ नव नवश
सबके तनमारे । अगणित भटन मारि महिडारे ॥ शरपचीस
अतिशय अभिरामा । हन्यो पार्थ कहँ अश्वत्थामा ॥ सातबा
वृषसेन प्रहारे । शल्य तीनिशर मारि प्रचारे ॥ घेरि सकल
दिशि सहित समाजा । हन्यो बीसशर तो सुतराजा ॥ सिंधु
सुभट रोषसों पूरे । धनु धुनिधुनि बरषे शररूरे ॥ अगणित
दिव्य अस्त्र सबडारे । दिव्य अस्त्रसों पार्थ निवारे ॥ व्यर्थ क
रत आयुध भटगनके । रुधिर बहावत सबके तनके ॥ सबके
व्यथित करत अरु डारत । चलो सिन्धुपतिपै भयभारत ॥
लखि कर्ण शरासन करषत । भिरो पार्थसों शायक बरषत
दशशर हन्यो पार्थ तेहि देखी । हन्यो तीनि शर सात्वकि ते
खी ॥ मारयो भीम तीनिशर चोखे । पार्थहने शरसात अनोखे
साठि साठि शायक अनियारे । कर्ण तिन्हैं हनि धनुटंकारे
दोहा ॥ अति बिक्रमकरि कर्णतहँ तीनि भटनसों तत्र । लरत
भयो घनसम गरजि बर्षि बारिसम पत्र ॥ कैयकशत शायक
हन्यो पार्थ कर्णके गात । भरो रुधिरसों कर्ण तहँ अनुपम भय
बिभात ॥ सोरठा ॥ कर्ण पचास सुबान अर्जुनके तन हनतभो
पारथबीर अमान काटिदियो धनुकर्णको ॥ चौपाई ॥ काटि क
को धनु भटपारथ । हनतभयो नवशर गुणि स्वारथ ॥ तौलि
कर्ण और धनु गहिकै । बरषो बिशिख खरोरहु कहिकै ॥ ति
कहँ पार्थ बर्षिबहुबाना । कियो वायुबश शलभसमाना ॥ सूत





के बधको प्रण धरिकै । पार्थ तज्यो शर योजित करिकै ॥ हनि
प्रशर अश्वत्थामा । काटिदयो सोशर अभिरामा ॥ सूतज
तिकर लाघव लीन्हे । ताहि शरनसों गोपित कीन्हे ॥ अर्जुन
नुधरके धुरनादित । कर्णहिं कियो शरन सों छादित ॥ दोऊ
चि शरपंजर ओपित । कीन्हे दुहुँन शरनसों गोपित ॥ दोऊ
हाक्रोधसों नहि नहि । अब मतिभागु खरोरहु कहि कहि ॥
अगणित दिव्यअस्त्र परिहरि हरि । कियो युद्ध अति बिक्रम
रि करि ॥ दोऊ दिव्यअस्त्र बहुडारे । दिव्य दिव्य अस्त्रनसों
रे ॥ मैं अर्जुन तू बचत न मोसों । मैंहौं कर्ण लेत जय तोसों ॥
मि कहिकहि दोऊधनुधारी । कीन्हो युद्धभयानक भारी ॥ सो
खिसुरगण दुहुँन सराहे । कहे न ऐसे धनुधरचाहे ॥ इबिधि
र्णकहँलरत निरेखी । कह्यो भटनसों नृपअवरेखी ॥ बढ़िबढ़ि
मसब युद्ध बिचक्षण । सादरकरहु कर्णकोरक्षण ॥ दोहा ॥ आजु
चे बिनु अर्जुनहिं फिरहि न कर्ण सुबीर । यह हमसों है कहि
यो सूततनय रणधीर ॥ इतने में पारथ सुभट पांचबाण बर
रि । बधि तुरँगन अरु सारथिहि दीन्हों महिपैडारि ॥ इबिधि
रथकरि कर्णकहँ हन्यो अनगिने बान । मोहितह्वै नहिं करि
क्यो सूतज युद्धबिधान ॥ सोरठा ॥ सोलखि द्विजसुत बीर लै
र्णहि निज सुरथपै । बर्षत अबिरल तीर भिरो पार्थ रणधीर
॥ चौपाई ॥ कृप वृषसेन शल्य तेहिक्षनमें । बहुशरहने पार्थ
के तनमें ॥ तिन्हैं पार्थ अगणित शरमारे । तेबहुबाण पार्थपहँ
रे ॥ बढ़ि बढ़ि इतके सुभट समूहा । घेरि अर्जुनहिकरि अ-
तिहूहा ॥ अस्तहोब सूरयको चाहत । गर्बित मोदसिन्धु अव-
गाहत ॥ शक्ति शरनकी बर्षाकीन्हे । सरथ ताहि गोपित करि
लीन्हे ॥ तेहिक्षण पार्थ सुभटह्वै दारुण । प्रगटित कियो अस्त्र
रबारुण ॥ सबके शस्त्र व्यर्थकरि तासों । पूरिसबहि भयभूरि
हासों ॥ सबके गातकियो हनिबाना । बरझिझ्झियाके कुम्भ

समाना ॥ अगणितमरैं गिरैं बहुघायल । भगैंअनेक हयनकी
चायल ॥ अगणित योधा धीरज धरिधरि । भिरैंजाय शरकी
झरि करिकरि ॥ बननिवासको दुख गुणिमनमें । चलोसिन्धु
पतिपै तेहिक्षनमें ॥ रथी गजी हयसादीरूरे । बढ़ि बढ़ि भिरैं
रोषसोंपूरे ॥ तोमरशक्ति शरनकीबर्षा । करैंगहे अतिशय उत
कर्षा ॥ तिनमधि लसो पार्थ तहँकैसे । केशरि द्विरद यूथमधि
जैसे ॥ दोहा ॥ बिबिधभांतिके दिब्यशर तजितजि पारथबीर
लसो दवानल सम दहत मम दलबन गम्भीर ॥ हयगजभट
रथध्वज धनुष रुण्डमुण्ड पग पानि । काटिअसंख्यन देतभो
रुधिर.धार मधिसानि ॥ सोरठा ॥ मारतण्ड समचण्ड भयोपार्थ
तेहिक्षण तहां । दलघन घेरि घमण्ड बेधत नृप गिरिपैचलो
चौपाई ॥ कृप वृषसेन कर्णधनुधारी । अरुअश्वत्थामा रणचारी
दुर्योधन नृप सहित समाजा । मातुल मद्रदशको राजा ॥सहि
सहि पारथके शररूरे । आड़त भये क्रोधसोंपूरे ॥ रहि तिनके
आड़े तेहिक्षनमें । सिन्धु अधीश नृपति गुणि मनमें ॥ आठ
बाण घोरन कहँ हनिकै । कृष्णहिहन्यो तीनिशर गनिकै ॥ सो
लखि पार्थमारि शरआसू । दीन्हेंकाटि केतु रथतासू ॥ बधि
सूतहि यमलोक पठाये । अबिरल बाण भूपपहँ छाये ॥ लखि
षटरथी अनर पहिंचाने । कीन्हों अतिबिक्रम मनमाने ॥ अ
बिरल सेतु शरनके ठाटे । अगणित बाण पार्थकेकाटे ॥ सोल
खि कृष्णचन्द्र अनुमानी । पारथसों बोले हितबानी ॥ ये षट
रथी जियत हैं जौलौं । भूपहि बधन न पैहौतौलौं ॥ थोरोरहो
द्योस अबयाते । सोगुणिकरौ लहौ जयजाते ॥ रबिहि करतहम
तमसों छादित । निशिगुणिह्वैहैं शत्रुप्रमादित ॥ तबलहि घात
बधेहु तेहि भूपहि । निशिलखि गुणेहु न सुपन अनूपहि ॥इमि
कहि कृष्ण योगबिधिकीन्हें । तममधि रबि गोपित करिदीन्हें
सो लखिके इतके सबयोधा । ह्वैमोदिततत्यागे अवरोधा ॥दोहा





बिअथयो अब पार्थनिज जरिहै चिताबनाय । यहगुणि सब
भट सुचितह्वै निरखन लगेसचाय ॥ नृपति जयद्रथ ब्यूहके
बाहर कढ़िभय त्यागि । लखिसंध्या पार्थहि लखन लगो मोद
सों पागि ॥ सोरठा ॥ सोलखि कृष्ण सचैन पारथसों फिरिकहत
भो । अब न चूकु जग जैन शीघ्र मारु यहिभूपतिहि ॥जयकरी॥
यहि नृपके बधिबेको डौर । सुनु हमसों हेभट शिरमौर ॥ याको
भयो जन्म जेहिकाल । भो तेहिक्षण नभ शब्द रसाल ॥ हेनृप
वृद्धक्षेत्र तोपुत्र । ह्वैहै तो अन्वयके सुत्र ॥ दातायशी शूरमति-
मान । अतिधनुधर ह्वैहै बलवान ॥ पै याको कोऊ रणमाहँ ।
काटिशीश डारिहि महिपाहँ ॥ वृद्धक्षेत्र सुनि यह नभबैन । पुत्र
मरण गुणिभयो अचैन ॥ तबतप बलसों धीरजआनि । कह्यो
बन्धुनसों अनुमानि ॥ यह ममसुतको शिर अभिराम । जो
डारिहि महिपै जेहियाम ॥ ताहीठौर कठिनशिरतासु । शतधा
फटिहि मरहि सोआसु ॥ ऐसोबचन भाषि वहभूप । लगोतप-
आकरन अनूप ॥ अब स्यमन्तपंचकके पार । हैतप चरतभूमि
भरतार ॥ शीघ्रकाटि याको उतमंग । डारिदेहु वाकेउतसंग ॥
बचिहौ तुम हे मुदभौन । मरिहिडारि महिपै शिरतौन ॥ यह
गुनि दिब्यअस्त्र सन्धानि । मार्‍योपार्थ तासुबधजानि ॥ बज्र
सदृश सो शरछबि ठाटि । शीशजयद्रथ नृपकोकाटि ॥ तिमि
लै चलो बाज अवदात । जिमितरुसों पक्षिहि लैजात ॥ दोहा॥
बिक्रमसों अगणित बिशिख तेहि सुशीशमेंमारि । वृद्धक्षेत्रके
गोदमें देत भयो सोडारि ॥ वृद्धक्षेत्र संध्याकरत रहो ताहिक्षण
ईश । गिरो गोदमें तब झझकि उठत भयो अवनीश ॥ तासु
गोदसों भूमिपै गिरो शीश तेहिहेत । फटो शीशनृपको मरो नृप
तप तेज निकेत ॥ बधि जयद्रथहि पार्थ लहि प्रण सागर को
पार । शंख बजावतभो तदनु गरजो भीम उदार ॥ सो सुनि
जान्यो धर्मनृप बध्यो सैन्य वहि पार्थ । बजवायो जय दुन्दुभी

सिद्धि जानिकै स्वार्थ ॥ सोरठा ॥ आठ क्षौहिणी सैन तेहि दिन
लों तहँ बधिगयो । तो मतिअवगुण ऐन को यहफल प्रगटित
भयो ॥ महिखरी ॥ सुनिबध जयद्रथ नृपतिको धृतराष्ट्रनृप अति
दुखमये । इमि कहे नृप बधिगयो जब ममसुभट कैसे तबभये॥
सुनि कहे संजय मरो नृप तब द्रोणसुत कृप रिसभरे । भिरि
पार्थसों करि हस्तलाघव घने शरपंजर करे ॥ तहँ पार्थरचि
शरसेतु क्षणमें काटि तिनके शरघने । भो हनत सबके गातबहु
नाराच अति तीक्षण बने ॥ शर बज्रसम अतिघोर कृपकेहिये
मधि मारत भयो । कृप गिरे रथपै मृतकसम तबसूत रथलै
कढ़िगयो ॥ दोहा ॥ मृतक सदृश कृपकहँ निरखि पारथ आनि
गलानि । क्षात्रधर्म कहँ धिक्कहो अति दुरयश अनुमानि॥
अतिखेदित पार्थहि निरखि सूतजधनुटंकारि । रथ बढ़ाइकै
चलतभो शरपंजर बिस्तारि ॥ लखि सात्वकि टेरतभयो इतै
आउ कितजात । सुनि सात्यकिपहँ चलतभो कर्णबीरअवदा-
त ॥ सोरठा ॥ यहसुनि वृद्धमहीप कह्यो बिरथ ह्वै सात्वकी
कहँ रथलह्यो समीप जापै चढ़ि फिरि लरतभो ॥ चौपाई ॥ यह
सुनि संजय नृपसों भाखो । पहिले कृष्ण यतनकरिराखो ॥ जब
सात्वकिहि बिरथ लखि पाये । तब अमरष युतशंख बजाये ॥
दारुकसूत शब्दसो सुनिकै । कृष्णचन्द्रको शासन गुनिकै॥
गरुड़ केतुरथ सादर ल्यायो । सोरथलखि सात्वकि छबिछायो॥
चढ़ोपाइ प्रभुको अनुशासन । लगो शरनसों ममदल नाशा-
न ॥ नृपति जयद्रथके बधऊपर । भिरे कर्ण सात्वकि रण भूप-
र ॥ युधामन्यु उतमौजा राजा । हैं सात्वकि सँग रक्षणकाजा॥
सात्वकि कर्ण बिक्रमी चीन्हों । अद्भुत युद्धभूपतहँ कीन्हों॥ अ-
बिरल सेतु शरनके ठाटे । अगणित अस्त्र अस्त्रसों काटे॥ अ-
गणितशर गातनमें हनि हनि । अब मतिभागु खरोरहु भनि
भनि ॥ सब दिशि चक्रसदृश फिरिफिरिकै । तजे दिव्यआयुध





थिरिथिरिकै ॥ दिव्यअस्त्र दोउनके दोऊ । दूयेवारि निरखेसब
ोऊ ॥ सिंह सिंह गजगज भिरि जैसे । लरैं लरेतहँ युगभट
से ॥ तहँ दोऊकहँ लरिबो देखी । किये प्रशंसा सुमनबरेखी॥
हँ सात्वकि बिक्रम बिस्तारे । अगणितबाण कर्णकहँ मारे ॥
ति क्षुरप्र शायक अतिचोखो । काटतभयो शरासन नोखो ॥
हा ॥ हति सूतहि घोरन बध्यो केतुकाटि हनिबान । बहु शा-
क कर्णहिं हन्यो सात्वकि बीरअमान ॥ कर्णहिं बधिबेकीरह्यो
िये प्रतिज्ञापार्थ । सोगुणि कर्णहिं नहिं बध्यो सात्वकि गुणो
पार्थ ॥ तेहिक्षण हाहाकारभो ममदलमें सो देखि । दुर्योधन
सुरथपै गयो कर्ण अवरेखि ॥ सोरठा ॥ तब दुःशासनआदि
ासुत सात्वकि सों अभिरि । सब दिशि घेरिप्रमादि बर्षतभो
अविरल बिशिख ॥ चौपाई ॥ लरितिनसों अति रिसगहि मन
। सात्वकि बिरथ बिधनुकरि क्षनमें ॥ समुझि वृकोदर को
ण पूरे । बध्यो नहीं तजि दयो अधूरे ॥ सुनि धृतराष्ट्र शो-
सों नहिकै । फिरि बूझतभे धीरज गहिकै ॥ कृष्णचन्द्रके
ही रथपै । रहि सात्वकि बिचरो रणपथपै ॥ कै फिरि चढ़ो
और रथ गहिकै । सो समुझाउ सूतसुत कहिकै॥ संजयकह्यो
नो महित्राता । अति प्रवीण दारुकको भ्राता ॥ सुरथ सकल
आयुधसों भारो । सिंहकेतु युत सरस सवारो ॥ परम बेगसों
हँ लैआयो । चढ़ि तापै सात्वकि भट गायो ॥ अगणित हय
ज भट बधिडार्यो । प्रलयकाल ममदलमधि पार्यो ॥ तिमि
तजको सूत प्रवीना । आयो तहँले सुरथ नवीना ॥ चढ़ितापै
टकर्ण बिचक्षण । करतभयो निजदलको रक्षण ॥ भीमसेन
ति अमरष लीन्हे । पारथसों सम्भाषण कीन्हे ॥ कइकबार
म हनि शर चीन्हें । कर्णहिं बिरथ बिधनु करिदीन्हें ॥ भावी
राजब सूतज हमकहँ । बिरथ कियो तब गर्वितह्वै तहँ ॥ बहु
